वाराणसी, शनिवार 8 मार्च, 2025

फाल्गुन माह, शुक्ल पक्ष 9, वर्ष 14, अंक 31, पृष्ठ 16, मूल्य : 5 .00




परख सच की

# जनसंदेश टाइम्स

वाराणसी, लखनऊ, कानपुर, गोरखपुर एवं प्रयागराज से प्रकाशित

डाक/नगर संस्करण

E-paper : www.jansandeshtimes.net | Portal : www.jansandeshtimes.news



# तीन माह में सुलझाएंगे फर्जी वोटर आईडी की समस्या

## चुनाव आयोग डुप्लीकेट ईपीआईसी नंबरों का पहले ही संज्ञान ले चुका है

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने शुक्रवार को कहा कि वह दशकों पुरानी डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबरों की समस्या को अगले तीन महीने में हल कर लेगा। चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा कि भारत के चुनावी रजिस्टर दुनिया का सबसे बड़ा मतदाता डेटाबेस है, जिसमें 99 करोड़ से अधिक मतदाता पंजीकृत हैं।चुनाव आयोग ने एक बयान में कहा, डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबरों के मामले में आयोग ने पहले ही संज्ञान लिया है। ईपीआईसी नंबर चाहे जैसा भी हो, एक मतदाता जो एक विशेष मतदान केंद्र के चुनावी रजिस्टर से जुड़ा हुआ है, केवल उसी मतदान केंद्र पर मतदान

**सख्ती का संकेत**

**नया सिस्टम भविष्य के वोटरों के लिए भी लागू होगा**

कर सकता है, और कहीं नहीं। आयोग ने आगे कहा कि उसने इस लंबित मुद्दे को अगले तीन महीने में तकनीकी टीमों और संबंधित राज्य मुख्य चुनाव अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा के बाद हल करने का निर्णय लिया है।

इस प्रक्रिया के तहत डुप्लिकेट ईपीआईसी नंबर वाले मतदाताओं को एक विशेष राष्ट्रीय ईपीआईसी नंबर प्रदान किया जाएगा। नया सिस्टम भविष्य के मतदाताओं के लिए भी लागू




होगा। पश्चिम बंगाल में सत्ताधारी दल तृणमूल कांग्रेस ने कई राज्यों में डुप्लिकेट मतदाता पहचान पत्र नंबरों का मुद्दा उठाया और चुनाव आयोग पर कवर-अप का आरोप भी लगाया है। टीएमसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को कोलकाता में चुनाव आयोग के अधिकारियों से मुलाकात की और एक ही मतदाता फोटो पहचान पत्र (ईपीआईसी) नंबर के बारे में अपनी शिकायतें दर्ज कराईं। चुनाव आयोग के अधिकारियों के साथ बैठक के बाद पश्चिम बंगाल के मंत्री और कोलकाता मेयर फिरहाद हकीम ने पत्रकारों से कहा कि प्रत्येक मतदाता के पास एक विशिष्ट पहचान पत्र संख्या होनी चाहिए और उन्होंने इसे सुनिश्चित करने के लिए भौतिक सत्यापन की मांग की।

## वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर क्रैश

**पंचकूला।** हरियाणा के पंचकूला स्थित मोरनी के बालदवाला गांव के पास शुक्रवार को भारतीय वायुसेना का लड़ाकू विमान जगुआर दुर्घटनाग्रस्त हो गया। भारतीय वायुसेना के अधिकारी ने बताया कि विमान ने प्रशिक्षण उड़ान के लिए अंबाला एयरबेस से उड़ान भरी थी। पायलट पैराशूट से उतरकर अपनी जान बचाने में कामयाब रहा।

## मनमोहन सिंह स्मारक का रास्ता हुआ साफ

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह के परिवार ने राष्ट्रीय स्मृति स्थल पर उनके स्मारक के लिए सरकार द्वारा आवंटित भूमि को स्वीकार कर लिया है। यह स्मारक दिल्ली के राज घाट के पास समाधि परिसर में 900 वर्ग मीटर के भूखंड पर बनाया जाएगा। पिछले हफ्ते, सिंह की बेटियां उपिंदर सिंह और दमन सिंह अपने जीवनसाथी के साथ इस भूखंड का जायजा लेने गई थीं। इसके बाद, पूर्व प्रधानमंत्री की पत्नी गुरशरण कौर ने सरकार को एक औपचारिक स्वीकृति पत्र भेजा है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, समाधि परिसर में अब केवल दो खाली हिस्से बचे हैं।

# प्रदेश के 59 शहरों का होगा जीआईएस बेस्ड विकास

**लखनऊ।** योगी सरकार ने जीआईएस (ज्योग्राफिकल इंफॉर्मेशन सिस्टम) बेस्ड महायोजना का खाका तैयार किया है। इसके तहत प्रदेश के 59 शहरों का उन्नत तकनीक और हाईटेक सुविधाओं से विकास किया जाएगा। इस फैसले से प्रदेश के विभिन्न शहरों को शहरीकरण की सही दिशा मिलेगी और शहरों के बुनियादी ढांचे को और अधिक मजबूत किया जाएगा। सीएम योगी ने महायोजना के तहत 35 शहरों को आधुनिकीकरण के लिए मंजूरी दे दी है। वहीं शेष को जल्द ही हरी झंडी दे दी जाएगी। इन शहरों में अयोध्या, अलीगढ़, सहारनपुर, देवरिया, गोरखपुर, वाराणसी, मेरठ, मथुरा, आजमगढ़, प्रयागराज, बरेली, गाजीपुर, रामनगर, मुरादाबाद, फिरोजाबाद, शाहजहांपुर और मुजफ्फरनगर सहित अन्य शहर शामिल हैं। इन शहरों में उन्नत तकनीकी विकास और आधारभूत संरचनाओं को मजबूत करने पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। इस तरह होगी स्मार्ट



प्लानिंग और शहरी विकासः योगी सरकार जीआईएस तकनीक का उपयोग करके शहरों को वैज्ञानिक और डेटा-आधारित बनाएगी। इसके जरिये शहरों की सड़कों, जल निकासी प्रणाली, ग्रीन स्पेस, ट्रैफिक मैनेजमेंट, सार्वजनिक सुविधाओं और पर्यावरणीय मामलों को ध्यान में रखते हुए योजनाएं तैयार की जाएंगी।

इस तकनीक से शहरी क्षेत्रों में अव्यवस्थित विकास को रोकने और योजनाबद्ध तरीके से बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में मदद मिलेगी। महायोजना के तहत शहरों को अत्याधुनिक तकनीक से जोड़ा जाएगा, जिससे उन्हें स्मार्ट सिटी के रूप में विकसित किया जा सके। इन शहरों में ट्रैफिक जाम और अनियंत्रित वाहनों की समस्या को दूर करने के लिए आधुनिक ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लागू किया जाएगा। बारिश के पानी की निकासी और जलभराव से बचाव के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणालियों का निर्माण किया जाएगा। वहीं बसों, मेट्रो और अन्य सार्वजनिक परिवहन को अधिक सुगम और सुविधाजनक बनाया जाएगा। इसके साथ ही शहरों में ग्रीन बेल्ट विकसित किए जाएंगे और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए नए पौधे लगाए जाएंगे। विकास कार्यों से लोगों को मिलेगा रोजगारः योगी सरकार की महायोजना से न केवल शहरों के बुनियादी ढांचे का विकास होगा, बल्कि रोजगार के अवसर भी बढ़ेंगे। विभिन्न निर्माण कार्यों, स्मार्ट इंफ्रास्ट्रक्चर, ट्रांसपोर्ट सिस्टम और टेक्नोलॉजी आधारित सेवाओं से हजारों लोगों को प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार मिलेगा।

## सुप्रीम कोर्ट के जज होंगे जॉय माल्या बागची

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम ने कलकत्ता हाईकोर्ट के जस्टिस जॉयमाल्या बागची को सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश के रूप में नियुक्त करने की सिफारिश की है। यदि उनकी नियुक्ति मंजूर होती है, तो वे 2 अक्टूबर 2031 तक भारत के चीफ जस्टिस (सीजेआई) बनने की कतार में होंगे।

NARAYANDAS
नरायन दास सर्राफ ज्वेलर्स
(प्रा0लि0)
सोने, चाँदी, हीरे, प्लेटिनम एवं कुंदन के आभूषण
• 916 हॉलमार्क ज्वेलरी •
रथयात्रा : 8303173010
अर्दली बाजार : 9696470424
चौक(ठठेरी बाजार): 8318650589
चितईपुर(अवलेशपुर) :9696544217
SUNDAY OPEN
• रथयात्रा • अर्दली बाजार • चौक(ठठेरी बाजार) • चितईपुर(अवलेशपुर)वाराणसी
•पार्किंग की सुविधा उपलब्ध•

# होली से पहले कर्मचारियों को मिल सकता है तोहफा

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार अगले सप्ताह होली से पहले सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए महंगाई भत्ता और महंगाई राहत में बढ़ोतरी कर सकती है। अगर ऐलान होता है तो 1.2 करोड़ सेंट्रल गवर्नमेंट कर्मचारियों और पेंशनर्स को इसका लाभ मिलेगा। सरकार केंद्रीय कर्मचारियों और पेंशनर्स के लिए जनवरी और जुलाई दो बार महंगाई भत्ते में इजाफा करती है। होली से पहले महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी होती है तो यह जनवरी से लागू होगी। यह भी देखा गया है कि मार्च में होली के आसपास महंगाई भत्ते और महंगाई राहत में इजाफा किया जाता है ताकि त्योहार से पहले कर्मचारियों को राहत मिल सके। दूसरी ओर जुलाई में बढ़ोतरी की घोषणा आमतौर पर हर साल अक्टूबर या नवंबर में दीपावली के आसपास की जाती है। गौरतलब है कि 5 मार्च, 2025 को बैठक में मंत्रिमंडल ने केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में बढ़ोतरी पर चर्चा नहीं की

**उम्मीद**

**केंद्र सरकार डीए बढ़ाने के मूड में, जनवरी से लागू होगा**



थी। डीए में सबसे हालिया बढ़ोतरी जुलाई 2024 में हुई थी, जब यह 50 फीसदी से बढ़कर 53 फीसदी हो गया था। 7 मार्च 2024 को कैबिनेट ने डीए को 46 फीसदी की पिछली दर से बढ़ाकर मूल वेतन का 50 फीसदी कर दिया था। यह ऐलान होली से कुछ दिन पहले 25 मार्च 2024 को की थी। 16 अक्टूबर 2024 को कैबिनेट ने सातवें वेतन आयोग के तहत केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते और पेंशनर्स के लिए महंगाई राहत में 3 फीसदी की बढ़ोतरी की है।

## पंजाब पुलिस को नहीं मिली लजर मसीह की ट्रांजिट रिमांड

**कौशांबी।** जिले के कोखराज थाना इलाके से बब्बर खालसा के आतंकी लजर मसीह की गिरफ्तारी के बाद रिमांड को लेकर यूपी व पंजाब पुलिस के बीच खींचतान लगी रही। पंजाब पुलिस ने आतंकी को ले जाने के लिए ट्रांजिट रिमांड की मांग की थी, लेकिन कोर्ट ने खारिज कर दिया। इसके बाद आतंकी को 14 दिन की न्यायिक हिरासत में जिला कारागार भेज दिया गया, जहा इसे सेपरेट सेल में रखा गया है। कोखराज थाना क्षेत्र के सकाढ़ा तिराहा से गुरुवार की सुबह पकड़े गए आतंकी लजर मसीह को कोर्ट में पेश किए जाने के बाद पंजाब पुलिस ने ट्रांजिट रिमांड पर पंजाब ले जाने की भरपूर कोशिश की थी, लेकिन उन्हें नहीं मिल सकी। आतंकी पंजाब के अमृतसर जिला कोर्ट से पेशी के दौरान फरार हुआ था। यही कारण था कि गिरफ्तारी के बाद पंजाब पुलिस ने उसे अपने साथ ले जाने के लिए कोर्ट से ट्रांजिट रिमांड मांगी थी।

# बब्बर खालसा इंटरनेशनल के तीन आतंकी गिरफ्तार

**जालंधर।** पंजाब पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस यूनिट ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल (बीकेआई) से जुड़े तीन आतंकियों को गिरफ्तार कर टारगेट किलिंग की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार अत्याधुनिक हथियार और 15 से अधिक जिंदा कारतूस बरामद किए हैं।

पंजाब पुलिस के डीजीपी गौरव यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए

**साजिश नाकाम**

**आरोपियों के पास से चार आधुनिक हथियार मिले**

बताया कि बीकेआई समर्थित आतंकी मॉड्यूल द्वारा पंजाब में एक बड़ी हत्या की योजना बनाई गई थी, जिसे समय रहते विफल कर दिया गया। गिरफ्तार किए गए आतंकियों की पहचान जगरूप सिंह उर्फ जग्गा, सुखजीत सिंह उर्फ सुखा और नवप्रीत सिंह उर्फ नव के रूप में हुई है। प्रारंभिक जांच में खुलासा हुआ है कि यह मॉड्यूल अमेरिका स्थित गैंगस्टर गुरप्रीत सिंह उर्फ गोपी नवाशहरिया द्वारा संचालित किया जा रहा था।

गोपी, पाकिस्तान स्थित कुख्यात आतंकी हरविंदर सिंह रिंदा का करीबी सहयोगी है। इसके अलावा इस मॉड्यूल में ग्रीस में रह रहा गैंगस्टर लाडी बकापुरिया भी शामिल है। पुलिस ने आरोपियों के पास से चार अत्याधुनिक पिस्तौल बरामद की हैं। बरामद पिस्तौलों में ग्लॉक 9एमएम पिस्तौल (1 मैगजीन और 6 कारतूस), बेरेटा पीएक्स5 स्टॉर्म पिस्तौल (1 मैगजीन और 4 गोलियां), देशी 30 बोर पिस्तौल (1 मैगजीन और 4 कारतूस), देशी 32 बोर पिस्तौल (1 मैगजीन और 8 कारतूस) शामिल हैं। पुलिस ने आतंकियों के खिलाफ एसएसओसी अमृतसर में एफआईआर दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।




# आतंकी तहव्वुर की दलील खारिज

**वॉशिंगटन।** 2008 मुंबई हमलों के दोषी तहव्वुर राणा के भारत प्रत्यर्पण पर रोक लगाने की याचिका अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को खारिज कर दी। तहव्वुर ने भारत आने से बचने के लिए याचिका दायर की थी। इसमें उसने कहा था कि पाकिस्तानी मूल का मुस्लिम होने की वजह से उसे भारत में प्रताड़ित किया जाएगा।

राणा ने याचिका में कहा था कि वह कई बीमारियों से पीड़ित है, अगर उसका प्रत्यर्पण नहीं रोका गया तो वह भारत में सर्वाइव नहीं कर पाएगा। इसलिए उसके प्रत्यर्पण पर इमरजेंसी स्टे लगाया जाए। हालांकि सुप्रीम कोर्ट की जज एलेना कगान ने यह दलील नहीं मानी और याचिका खारिज कर दी। तहव्वुर राणा को 2009 में एफबीआई ने गिरफ्तार किया था। राणा को अमेरिका में लश्कर-ए-तैयबा का समर्थन करने

**भारत लाने का रास्ता साफ**

**अमेरिकी कोर्ट में प्रत्यर्पण रोकने की मांग की थी**

**कहा-पाकिस्तानी मुस्लिम हूं, भारत गया तो मारा जाऊंगा**



के लिए दोषी ठहराया गया था। फिलहाल वह लॉस एंजिल्स के एक हिरासत केंद्र में बंद हैं। 13 नवंबर 2024 को राणा ने निचली अदालत के प्रत्यर्पण के फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में अपील की थी, जिसे 21 जनवरी को खारिज कर दिया गया था। इससे पहले उसने सैन फ्रांसिस्को की एक अदालत में अपील की थी, जो खारिज कर दी गई थी। कोर्ट ने फैसले में कहा था कि दोनों देशों के बीच प्रत्यर्पण संधि के तहत उसे भारत भेजा जा सकता है। मुंबई हमले की 405 पन्नों की चार्जशीट में राणा का नाम भी आरोपी के तौर पर दर्ज है। इसके मुताबिक राणा क्रक और लश्कर-ए-तैयबा का मेंबर है। चार्जशीट के मुताबिक राणा हमले के मास्टरमाइंड मुख्य आरोपी डेविड कोलमैन हेडली की मदद कर रहा था।

**पाकिस्तानी मूल का बिजनेसमैन है तहव्वुर राणा**

64 साल का तहव्वुर हुसैन राणा पाकिस्तानी मूल का कनाडाई नागरिक है। उस पर पाकिस्तानी-अमेरिकी आतंकवादी डेविड कोलमैन हेडली की मदद करने का आरोप है। हेडली 26/11 मुंबई हमलों के मुख्य साजिशकर्ताओं में से एक है। तहव्वुर हुसैन पाकिस्तानी सेना में डॉक्टर के तौर पर काम करता था। इसके बाद वह 1997 में कनाडा चला गया और वहां इमिग्रेशन सर्विसेस देने वाले बिजनेसमैन के तौर पर काम शुरू किया। यहां से वह अमेरिका पहुंचा और शिकागो सहित कई लोकेशंस पर फर्स्ट वर्ल्ड इमिग्रेशन सर्विसेज नाम से कंसल्टेंसी फर्म खोली। अमेरिकी कोर्ट के दस्तावेजों के मुताबिक, राणा कई बार कनाडा, पाकिस्तान, जर्मनी और इंग्लैंड भी गया था। वह लगभग 7 भाषाएं बोल सकता है। पिछले साल कोर्ट में सुनवाई के दौरान सरकारी वकीलों ने तर्क दिया था कि तहव्वुर इस हमले के मास्टरमाइंड डेविड हेडली का बचपन का दोस्त है और उसे पता था कि हेडली लश्कर-ए-तैयबा के साथ मिलकर काम कर रहा है। हेडली की मदद करके और उसे आर्थिक मदद पहुंचाकर तहव्वुर आतंकी संस्था और उसके साथ आतंकियों को भी सपोर्ट कर रहा था।

# सरकार बदलते ही बदलने लगे सड़कों के नाम!

**नई दिल्ली।** दिल्ली में बीजेपी सरकार बनने के बाद कई मार्गों या चौराहों के नामों को बदलने की मांग तेज हो गई है। इस कड़ी में फरीदाबाद से सांसद कृष्णपाल गुर्जर, राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा और वाइस एडमिरल किरण देशमुख ने अपने आवास के बाहर लगी नेम प्लेट पर तुगलक लेन की जगह स्वामी विवेकानंद मार्ग लिखवा दिया है। वहीं नेम प्लेट में अभी भी छोटे अक्षरों में तुगलक लेन लिखा है। नाम बदलने की यह घोषणा सरकार की तरफ से नहीं की गई है। सांसद अपनी मर्जी से आवास के बाहर लगी नेम प्लेट पर मार्ग का नाम लिखवा दिया है। राज्यसभा सांसद दिनेश शर्मा को तुगलक लेन पर सरकारी आवास मिला है। इसकी तस्वीरें भी उन्होंने सोशल मीडिया एक्स पर साझा की। इन तस्वीरों

**यही हो रहा**

**दिल्ली में बीजेपी सांसदों ने नेम प्लेट पर तुगलक लेन की जगह लिखा स्वामी विवेकानंद मार्ग**

में वे अपने सरकारी आवास के बाहर खड़े दिख रहे हैं। उनके आवास पर नेम प्लेट दिख रहा है, जिसमें तुगलक लेन की जगह स्वामी विवेकानंद मार्ग लिखा है। उन्होंने अपने पोस्ट में कहा कि आज नई दिल्ली स्थित नए आवास स्वामी विवेकानंद मार्ग (तुगलक लेन) में सपरिवार गृह प्रवेश किया।

बता दें कि इससे पहले 27 फरवरी को बीजेपी विधायक नीलम पहलवान ने दिल्ली विधानसभा में नजफगढ़ का नाम बदलने का प्रस्ताव रखा था। उन्होंने सदन में कहा था कि नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ किया जाए। नीलम यहीं से विधायक हैं। नीलम का यह बयान उस समय आया था, जब दिल्ली विधानसभा में सत्र चल रहा था। उन्होंने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा था कि नजफगढ़ का नाम बदलकर नाहरगढ़ रखने से न केवल क्षेत्र की पहचान मजबूत होगी, बल्कि यह स्थान एक नई दिशा में तरक्की करेगा।

उन्होंने सदन में कहा था कि औरंगजेब ने इसका नाम नाहरगढ़ से बदलकर नजफगढ़ रखा था। 1857 की लड़ाई में राजा नाहर सिंह ने लड़ाई लड़कर नजफगढ़ क्षेत्र को दिल्ली प्रांत में शामिल करवाया था, लेकिन कई कागजी कार्रवाई होने के बावजूद भी आज तक नाम नहीं बदला गया। नजफगढ़ का नाम बदलने की हमने कई बार अपील की।

## निजी आजादी के मामलों में लंबी तारीख न दें

**नई दिल्ली।** लिबर्टी से जुड़े मामलों को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने अदालतों को स्पष्ट निर्देश दिया है। अदालत ने कहा, कि निजी स्वतंत्रता (लिबर्टी) से जुड़े मामलों में सुनवाई के लिए लंबी तारीखें नहीं दी जानी चाहिए। पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट द्वारा मेडिकल ग्राउंड पर अस्थायी जमानत की याचिका पर दो महीने बाद की तारीख तय करने पर सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी की। याचिकाकर्ता ने अस्थायी जमानत के लिए हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी, क्योंकि उसकी दो साल की बेटी को तत्काल सर्जरी की जरूरत थी। लेकिन हाईकोर्ट ने 21 फरवरी को सुनवाई की अगली तारीख 22 अप्रैल तय कर दी। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसे मामलों में इतनी लंबी तारीखें नहीं दी जानी चाहिए।

# रात में विवाह किया, विदाई से पूर्व गहने संग भागी दुल्हन

**लुटेरी दुल्हन**

### दुल्हन के फरार होने की जानकारी पर बारातियों ने हंगामा किया

**बड़ागांव।** लुटेरी दुल्हन का आतंक इन दिनों एक बार फिर से बढ़ने लगा है। ऐसा ही एक वाक्या बड़ागांव में हुआ, गुरुवार की रात आयी बारात में सभी रस्म रिवाज निभागा गया, सात फेरों के साथ सात जन्मों की कसमें भी खायी गयी, लेकिन जब विदाई का समय आया तो दुल्हा इंतजार करत रहा और दुल्हन चार लाख के गहने लेकर फरार हो गयी। इसकी भनक बारातियों को लगी तो सभी ने खूब हंगामा किया।

भदोही जिले के रतना गांव निवासी इंद्रजीत कहार ने अपने बेटे सिद्धार्थ कुमार की शादी बड़ागांव के हसनपुर निवासी कृपाशंकर की बेटी रीता से तय की थी। जनवरी में रिंग सेरेमनी के बाद शादी के लिए छह मार्च की तारीख तय हुई। गुरुवार की शाम सिद्धार्थ बारात लेकर वाराणसी पहुंचा। पूरे बारात का भव्य स्वागत किया गया। द्वार-चार के बाद दूल्हा-दुल्हन जयमाल के स्टेज पर पहुंचे। दोनों ने एक दूसरे को वरमाला पहनाई और फोटो सेशन हुआ। दोनों जोड़ों ने परिवार के साथ खाना



खाया और फिर शादी की रस्में शुरू हुई। सात फेरों के बाद ससुराल पक्ष ने दुल्हन को श्रृंगार और खानदानी जेवरात मंडप पर पहनाए। चार बजे के आसपास मंडप की रस्में पूरी हुई और विदाई के लिए आठ बजे का समय तय हुआ ।बराती भी आराम करने लगे और दूल्हा सो गया। शुक्रवार सुबह आठ बजे दूल्हे के पिता इंद्रजीत ने विदाई के लिए फोन किया तो कृपाशंकर ने कुछ और वक्त मांगा। जब काफी देर होने लगी तो दूल्हे के घर वालों ने रिश्तेदारों को छोड़कर बाकी बारातियों को विदा कर दिया। दूल्हे का भाई दुल्हन के घर गया, तो वहां दुल्हन नहीं दिखी। पूरी जानकारी ली तो पता चला कि दुल्हन फरार हो गई है और उसकी तलाश जारी है। आसपास भी खोजबीन की गई। लोगों ने बताया कि सुबह भाई के साथ दुल्हन रीता को बाइक से जाते देखा गया था। इसके बाद दूल्हे के पिता ने हंगामा कर दिया। पंचायत शुरू हो गई। पुलिस ने दोनों पक्षों से मामले की जानकारी ली। गहन पड़ताल की। इसके बाद दोनों पक्षों को थाने लाया गया। बताया कि दुल्हन घर से फरार है। दूल्हा पक्ष अपने बारातियों के साथ सुबह 10 बजे से 2 बजे तक इंतजार करते रहे, लेकिन दुल्हन नहीं मिली। दूल्हे के पिता ने पुलिस को तहरीर देकर शादी में चढ़ाए चार लाख के जेवरात ले जाने का आरोप भी लगाया।

# दो सहायक पुलिस आयुक्तों को नई तैनाती

**वाराणसी।** चार सहायक पुलिस आयुक्त को नियुक्त किया गया है। पुलिस आयुक्त मोहित अग्रवाल की ओर से इसको लेकर निर्देश जारी किए गए हैं। सहायक पुलिस आयुक्त चोतागंज/अपराध/साइबार अपराध/महिला अपराध/ आंकिक गौरव कुमार को सहायक पुलिस आयुक्त चेतगंज (अन्य दायित्वों से मुक्त) बनाया गया है। नवागंतुक सहायक पुलिस आयुक्त विजय प्रताप सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त अपराध/साइबर अपराध/ एएचटीयू/ प्रोटोकॉल/आंकिक/सुनवाई नियुक्त किया गया है। इसी तरह नवागंतुक सहायक पुलिस आयुक्त शुभम कुमार सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त मुख्यालय/महिला अपराध/ जनसुनवाई/जल पुलिस एवं पर्यटक पुलिस का पर्यवेक्षण की जिम्मेदारी सौंपी गई है। सहायक पुलिस आयुक्त (मुख्यालय/जल पुलिस एवं पर्यटक पुलिस का पर्यवेक्षण) सोमवीर सिंह को सहायक पुलिस आयुक्त यातायात द्वितीय बनाया गया है।

# सात फेरे लेकर एक-दूजे के हुए 68 जोड़े



**सामूहिक विवाह**

### पिंडरा विकास खंड परिसर में हुआ आयोजन

**वाराणसी।** पिंडरा ब्लॉक परिसर में शुक्रवार को मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत सात फेरे लेकर 68 जोड़े एक-दूजे के हुए। इसमें राजकीय पश्चात्वर्ती देखरेख संगठन रामनगर की 15 संवासियों का भी विवाह हुआ। विवाह समारोह में समाजसेवियों ने भी बढ़-चढ़कर योगदान दिया।

सामूहिक विवाह के दौरान बालिकाओं को आलमारी, ट्रॉली बैग, गैस चूल्हा, सिलिंडर, उपयोग के बर्तन, साड़ी-लहंगा, आभूषण, बिस्तर-चादर, बक्सा आदि सामग्री प्रदान किए गए। वर-वधू जोड़ों को जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्या व विधायक डॉ. अवधेश सिंह ने मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना का प्रमाण-पत्र प्रदान कर आशीर्वाद दिया। जिला प्रोबेशन अधिकारी सुधारक शरण पांडेय ने बताया कि अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिला कल्याण विभाग एवं जिला प्रशासन ने अनाथ श्रेणी की 15 बालिकाओं का विवाह कर उन्हें समाज के मुख्य धारा में पुर्नवासित किया है, जो अनूठा प्रयास है। इस अवसर पर जिला समाज कल्याण अधिकारी गिरीश चंद्र दूबे, निरुपमा सिंह, नम्रता श्रीवास्तव, रश्मि दुबे, रेखा श्रीवास्तव, रितु राजेश, पूनम पाल, नीता सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी से की मुलाकात



**वाराणसी।** पूर्वोत्तर रेलवे कर्मचारी संघ वाराणसी मंडल का प्रतिनिधि मंडल रमेश मिश्रा केंद्रीय कार्यकारी अध्यक्ष एवं जोनल सचिव के नेतृत्व में नए वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी अभिनव कुमार सिंह से मुलाकात कर उनका स्वागत किया। सभी ने आशा व्यक्त किया की कर्मचारी के हितों का पूरा ध्यान दिया जाएगा जिस पर सीनियर डीपीओ ने आश्वासन दिया कि कर्मचारियों के हितों की रक्षा निश्चित तौर पर की जाएगी, रमेश मिश्रा ने सभी विभागों के कर्मचारियों की पदोन्नति वरीयता सूची एवं संघ के कार्यशैली पर भी चर्चा की। संघ के प्रतिनिधिमंडल में रामप्यारी शर्मा, संजय तिवारी, सुजीत कुमार, विकास कुमार, अरविंद कुमार, सुनील कुमार, जितेंद्र कुमार, संतोष सिंह कुशवाहा, राजेश कुमार सिंह, रितेश तिवारी, आशीष कुमार, धनंजय यादव, जितेंद्र कुमार तिवारी आदि थे।

### महिलाओं की हीमोग्लोबिन की होगी जांच



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर प्रदेश में महिलाओं के स्वास्थ्य संबंधित आयोजित कार्यक्रम के तहत शनिवार को आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय में निःशुल्क हेमोग्लोबिन की जांच की जायेगी। चौकाघाट स्थित आयुर्वेद महाविद्यालय व चिकित्सालय की प्राचार्य प्रो.नीलम गुप्ता ने बताया कि महिलाओं में एनीमिया (खून की कमी) की बीमारी सबसे ज्यादा देखी जाती है। आयरन की कमी से होने वाली यह समस्या महिलाओं में आम है, विशेषकर मासिक धर्म और गर्भावस्था के दौरान। आठ मार्च 2025 को राजकीय आयुर्वेद महाविद्यालय एवं चिकित्सालय वाराणसी में प्राचार्य प्रोफेसर नीलम गुप्ता के मार्गदर्शन में निःशुल्क हेमोग्लोबिन जांच शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसमे कोई भी महिला अपने ब्लड टेस्ट के माध्यम से खून की कमी का पता लगा सकती है।

### चोरी के मामले में मुकदमा

**वाराणसी।** चितईपुर थाना के कंचनपुर स्थित इंद्रानगर कॉलोनी किराए की मकान में रहने वाला मोहित गुप्ता बीते 28 फरवरी को अपने गांव अयोध्या चले गए।इस बीच उनके घर के दरवाजे का ताला तोड़कर चोर घर में घुस गए। आलमारी तोड़कर भीतर रखा 60 हजार रुपए नकद दो लाख से ऊपर का सोने और चांदी की जेवरात चोर उठा ले गए। घर में चोरी होने की जानकारी मोहित के घर वापस लौटने के बाद 3 मार्च को हुई। चोरी की शिकायत पुलिस से मोहित ने किया। मौके पर पहुंची छानबीन करके वापस लौट गई थी।पुलिस ने चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज किया है।

# चोरी के 90 मोबाइल के साथ गिरफ्तार

**सफलता**

### जीआरपी ने जांच में युवक को पकड़ा, कुम्भ के दौरान युवक ने की थी चोरी

**वाराणसी।** प्रयागराज में सम्पन्न हुआ महाकुम्भ सभी के लिए लाभप्रद रहा, व्यापारियों ने जहां लाखों रुपये लाभ कमाया वहीं सरकार को विभागीय राजस्व भी प्राप्त हुआ। इसी महाकुम्भ में चोरों की भी चांदी दिखी इसका खुलासा शुक्रवार को जीआरपी वाराणसी कैंट स्टेशन की टीम ने तब किया जब जांच के दौरान एक युवक को टीम ने पकड़ उसके पास से महाकुम्भ के दौरान चुराए गये कुल 90 मोबाइल को बरामद किया। कैंट जीआरपी प्रभारी हेमंत सिंह ने बताया कि जीआरपी अपर पुलिस महानिदेशक रेलवे प्रकाश डी, पुलिस उपमहानिरीक्षक रेलवे प्रयागराज राहुल राज, पुलिस अधीक्षक रेलवे अनुभाग प्रयागराज अभिषेक यादव, पुलिस उपाधीक्षक रेलवे वाराणसी कुंवर प्रभात सिंह के रेलवे स्टेशन, प्लेटफार्मो व सर्कुलेटिंग एरिया में चोरी की घटनाओ की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे जांच अभियान के दौरान प्लेटफार्म नं-एक के पूर्वी छोर काशी साईड की ओर नाम पट्टिका के पास बैठे एक युवक को पूछताछ के लिए टीम पहुंची तो वह भागने लगा, टीम ने उसे पकड़ उसके बैग की तलाशी ली तो उसके पास से कुल 90 मोबाइल बरामद हुआ, उसने कबूल किया कि महाकुम्भ के दौरान सारे मोबाइल मेला क्षेत्र से चुराये गये हैं। युवक की पहचान रवि कुमार उर्फ गोलू (26)पुत्र स्व. दीपू गोप नि. रुसपाना गली नटराज गंज मीना बाजार पटना के रूप में की गयी। हेमंत सिंह ने बताया कि 90 मोबाइलों में कई एप्पल तो कई ऐसे मोबाइल हैं जो नये वर्जन के हैं जिनकी कीमत लाखों में है।

# सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**वाराणसी।** भेलूपुर क्षेत्र के मंडुवाडीह-महमूरगंज फ्लाईओवर पर शुक्रवार की सुबह सड़क दुर्घटना में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गयी। जानकारी के अनुसार मृतक विवेक आवास विकास में संविदा कर्मी के पद पर कार्यरत था और सुबह घर से बाइक लेकर निकला था। अभी वह मंडुवाडीह फ्लाईओवर पर पहुंचा तभी राहगीरों के अनुसार इनकी बाइक स्लिप हो गयी और विवेक बाइक में फंसकर घसीटते हुए दूसरी बाइक में जा भिड़े। जिससे उनके सिर में गंभीर चोटें आ गयी।

स्थानीय राहगीरों ने पुलिस को सूचना देकर दोनों बाइक सवारों को महमूरगंज स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया जहां इलाज के दौरान विवेक की दोपहर में मौत हो गयी। मौत की सूचना मिलते ही हॉस्पिटल पहुँचे। उनके आंसू नहीं रुक रहे थे। परिजनों ने बताया कि विवेक रोजाना हेलमेट पहनता था लेकिन आशंका व्यक्त की जा रही कि वह आज हेलमेट नही लगाए थे जिसके चलते उनके सिर में गंभीर चोट आयी।

# दुनिया का सबसे सस्ता इलाज देने वाला देश भारत

**बोलेआयुष मंत्री**

### डीडीयू में आयोजित भव्य कार्यक्रम में गूंजा दाम कम दवाई उत्तम का नारा



**वाराणसी।** सरकार द्वारा आम जनमानस को उच्च गुणवत्ता वाली जेनरिक दवाइयां बाजार मूल्य से कम कीमत पर उपलब्ध करने के लिए प्रत्येक वर्ष सात मार्च को देश भर में जन औषधि दिवस जन जागरूकता हेतु मनाया जाता है इस क्रम में शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय राजकीय चिकित्सालय में जनपद स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु की उपस्थिति में आयोजित किया गयो इसका मुख्य उद्देश्य जनपद के सभी नागरिकों को गुणवत्तापरक जेनरिक औषधियों के प्रति जागरुकता और विश्वास पैदा करना है सभी को उचित मूल्य पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक औषधियां उपलब्ध कराने के लिए प्रधानमंत्री जनऔषधि योजना प्रधानमंत्री द्वारा एक जुलाई 2015 को घोषित की गई थी इस वर्ष 7वें जन औषधि दिवस की थीम जन औषधि विरासत के साथ रखा गया है। इस अवसर पर आयुष मंत्री दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि दुनिया का सबसे सस्ता इलाज देने वाला देश भारत है। दाम कम, दवाई उत्तम के नारे को बुलंद करते हुये अधिक से अधिक जन सामान्य के बीच जन औषधि मित्र बनाकर लोगों को जागरूक किया जाये भारत सरकार समस्त जनों को सस्ती एवं सर्वसुलभ स्वास्थ्य सेवायें उपलब्ध्द करने के लिए कटिबद्ध है प्रदेश के चिकित्सालयों में निःशुल्क चिकित्सकीय सेवायें उपलब्ध्द कराई जा रही हैं, इसके बाद भी यदि किसी भी व्यक्ति को कोई भी दवा खरीदना पड़े तो जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ती व गुणवत्तापरक औषधियां मिले इसकी व्यवस्था की गई है। अपर निदेशक चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण डॉ नीता कुलश्रेष्ठ ने कहा कि इस समय देश में 15,000 जन औषधि केंद्र संचालित हो रहे हैं, वहीं वाराणसी में वर्तमान में लगभग 85 जन औषधि केंद्र चल रहे हैं जन औषधि केन्द्रों की दवायें मार्केट रेट की ब्रांडेड दवाओं से लगभग 80 फीसदी सस्ती हैं ये सभी दवायें नेशनल एक्रीडिटेशन बोर्ड फॉर टेस्टिंग एंड कैलिब्रेशन लेबोरेटरीज (एनएबीसीएल) द्वारा टेस्टेड हैं। प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र के उत्पाद समूह में 300 सर्जिकल उपकरण और 2047 दवाएं शामिल हैं।

# रमजान के पहले जुमे पर अमन चैन की मांगी दुआ

**पहला जुमा**

### वाराणसी के सभी मस्जिदों में अकीदतमंदों ने पढ़ी जुमे की नमाज

**वाराणसी।** पाक माह रमजान के पहले जुमा की नमाज शुक्रवार को वाराणसी के सभी मस्जिदों में अकीदत के साथ अदा की गई। जुमे की नमाज में उमड़े रोजेदारों ने मुल्क में अमन चैन के लिए दुआएं मांगी। इसके अलावा रोजेदारों ने अल्लाह से अपनी मगफरत के लिए दुआएं मांगी।

रमजान माह के पहले जुमे को नगर और ग्रामीण क्षेत्रों में अकीदत के साथ नमाज अदा की गई। इस मौके पर सभी मस्जिदों के इर्द-गिर्द कड़ी सुरक्षा व्यवस्था रही। नगर के सभी मस्जिदों में मौलाना ने जुमे की नमाज पढ़ाई। इस दौरान उन्होंने अपने खुतबे के दौरान रोजे के एहकाम और उसके एहतराम को लेकर सम्बोधित किया। उन्होंने कहा कि पाक माह रमजान में अल्लाह की रजा पाने के लिए रोजा रखा जाता है। इस महीने अल्लाह की रहमत अपने बंदों पर होती है और गुनाह माफ किए जाते हैं। उन्होंने कहा रमजान में केवल भूख प्यास का रोजा नहीं बल्कि अपने नफ्स का भी रोजा रखना चाहिए। उन्होंने आने वाले जुमे के दिन होली पर्व को लेकर भी नसीहत दी कि सभी सौहार्द के साथ पर्व मनाएं इसका खास ख्याल रखना होगा। कहीं से कोई भी विवाद नहीं होना चाहिए यही रमजान का संदेश भी है। वहीं जामा मस्जिद इमामबाड़ा में पेश इमाम जफर रजा आब्दी ने नमाज अदा कराई। उन्होंने भी अपन खुतबे के दौरान रमजान पाक में बरती जाने वाले अहकाम पर जोर दिया। इसके अलावा नगर की डेढ़ सौ समेत ग्रामीण क्षेत्रों की विभिन्न मस्जिदों में जुमे की नमाज अदा की गई।

### होली के दिन बढ़ सकता है नमाज का वक्त

आगामी 14 मार्च को होली के दिन रमजान का दूसरा जुमा पड़ रहा है। इसे लेकर मुस्लिम उलेमाओं द्वारा एक पहल की जा रही है। बताया जा रहा है कि उस दिन नमाज का वक्त दो घंटे आगे बढ़ाया जा सकता है। इस पर अभी विचार चल रहा जल्द ही बैठक कर फैसला लिया जाएगा। बता दे कि जुमे की नमाज सामान्य रूप से 12:30 बजे से शुरू होकर दो बजे तक तक चलती है। यह समय अलग-अलग मस्जिदों द्वारा निर्धारित है। इसी को लेकर विचार किया जा रहा है कि होली वाले दिन इसे दो घंटे आगे कर दिया जाए जिससे हिंदू समाज अपना होली का पर्व बेहतर ढंग से मना लें।

जनसंदेश टाइम्स
**वर्गीकृत**

**सूचना**

आधार कार्ड में मेरा नाम शकुन्तला अंकित है, जिसे संशोधित करके कवली देवी करना आवश्यक है। भारतीय स्टेट बैंक, यूपी बड़ौदा बैंक, पैन कार्ड, मतदाता पहचान पत्र एवं जमीन के खतौनी में मेरा नाम कवली अंकित है, जो सही है। कवली पत्नी श्याम नरायण चौहान, ग्राम-चितविसाव कलां, पोस्ट-सहतवार, जिला-बलिया, उप्र।

**आवश्यकता**

**आवश्यकता है-** अमरनाथ सोना देवी महाविद्यालय, भवनीपुर, तरांव, गाजीपुर (उ0 प्र0) सम्बद्ध (वी0बी0एस0पू0वि0वि0, जौनपुर) में स्ववित्तपोषित योजनान्तर्गत प्राचार्य व विज्ञान संकाय में स्नातक स्तर पर रसायन विज्ञान-03, वनस्पति विज्ञान-02, भौतिक विज्ञान-02, जन्तु विज्ञान-02, गणित-02 एवं स्नातक स्तर पर कला संकाय के अन्तर्गत हिन्दी-01, संस्कृत-01, गृहविज्ञान-01, शिक्षाशास्त्र-01, समाजशास्त्र-01, अंग्रेजी-01, भूगोल-01 विषयों में प्रवक्ता की आवश्यकता है। योग्यता एवं वेतनमान उ0 प्र0 शासन UGC एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार, इच्छुक अभ्यर्थी अपने समस्त अभिलेखों की छायाप्रति एवं पासपोर्ट साईज का 04 फोटो, आधार कार्ड, पैन कार्ड के साथ विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के अन्दर प्रबन्धक के पद नाम से महाविद्यालय के पते पर आवेदन करें। साक्षात्कार की सूचना डाक अथवा दूरभाष के द्वारा दी जायेगी।
प्रबंधक
मो0-9415970752, 9415305404

**आवश्यकता है**

सॉई दया लॉ कालेज, रसौरा, पहाड़ा, मीरजापुर सम्बद्ध माँ विन्ध्यवासिनी विश्वविद्यालय, मीरजापुर में स्ववित्तपोषित योजना के अन्तर्गत विधि संकाय में प्राचार्य एवं एल0 एल0 बी0 त्रिवर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवक्ताओं की। योग्यता व वेतनमान बी0 सी0 आई0 / यू0 जी0 सी0/विश्वविद्यालय, मीरजापुर परिनियमावली के अनुसार। नवीनतम फोटो, पूर्ण विवरण एवं शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छाया प्रति के साथ प्रथम विज्ञापन तिथि से 21 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक
मो0-9455397210, 7668838383

**आवश्यकता है**

माँ शारदा देवी महिला महाविद्यालय, कैथौली, बाबतपुर, वाराणसी (संबद्ध महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ वाराणसी) में स्नातक स्तर वाणिज्य संकाय में बी0 काम0 विषय प्रवक्ताओं की। अर्हता व वेतनमान यू0 जी0 सी0 उत्तर प्रदेश शासनादेश एवं विश्वविद्यालय परिनियमावली के अनुसार। योग्य अभ्यर्थी अंकपत्र, समस्त अभिलेख एवं 2 फोटो सहित 15 दिन के अन्दर आवेदन करें।
प्रबन्धक
मो0-9415835585

# तीन महीने में 96,555 बच्चों का टीकाकरण

**कार्यशाला**

### शहरी क्षेत्र में टीकाकरण को गति देने के लिए कार्यशाला का आयोजन



**वाराणसी।** शहरी क्षेत्र के बच्चों में टीकाकरण को गति देने के लिए शुक्रवार को पं. दीनदयाल उपाध्याय चिकित्सालय में राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय गुप्ता की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गयो इस अवसर पर बोलते हुये राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय गुप्ता ने कहा कि शहरी क्षेत्रों में टीकाकरण को बढ़ाने के लिए प्रयास किए जाने की आवश्यकता है, इसके लिए सरकारी एवं गैर सरकारी संस्थाओं एवं पार्टनर एजेंसी को साथ मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है इसे सिटी टास्क फोर्स के साथ समन्वय तथा बीडबल्यूआर रिव्यु के माध्यम से बढ़ाया जा रहा है इसके लिए शहरी क्षेत्र में जेएसआई संस्था द्वारा तकनीकी सहयोग दिया जा रहा है।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एके मौर्या ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग ने नियमित टीकाकरण की रफ्तार को और बढ़ा दिया है। वास्तव में शिशुओं और बच्चों को विभिन्न रोगों और बीमारियों से बचाने के लिए टीकाकरण जरूरी है। नियमित टीकाकरण को छोड़ना नवजात, शिशुओं और बच्चों के लिए जानलेवा हो सकता है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जच्चा-बच्चा को नियमित टीकाकरण के तहत ग्यारह तरह के टीके लगाए जाते हैं। आउट रीच सत्रों पर बुधवार और शनिवार को नियमित टीके लगाए जाते हैं। इस अवसर पर शहरी क्षेत्र के सभी एमओआईसी, आयुष्मान आरोग्य मंदिर के सभी सीएचओ, जेएसआई संस्था के स्टेट टीम लीड डॉ आशीष मौर्या, स्टेट मैनेजर डॉ रीतेश, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ रवि, दिल्ली आफिस से डॉ एलन, अर्बन कोऑर्डिनेटर मणिशंकर, डब्लूएचओ से डॉ चेल्सिया, डॉ सतरूपा सेन, रीजनल कोऑर्डिनेटर, प्रदीप विश्वकर्मा, यूनिसेफ से डॉ. शाहिद, अलोक राय, यूएनडीपी स्टेट से डॉ राहुल शर्मा, प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. आशुतोष मिश्रा, अरविन्द मिश्रा तथा वीसीसीएम रीना वर्मा उपस्थित रहीं।

# 47 समूह सखियों का आवासीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**वाराणसी।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत 47 समूह सखियों का चार दिनी आवासीय प्रशिक्षण हरहुआ स्थित एक लॉन में शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण में आराजीलाइन, बड़ागांव, चिरईगांव, चोलापुर, हरहुआ, पिंडरा व काशी विद्यापीठ ब्लॉक की समूह सखियों ने भाग लिया। रिसोर्स पर्सन चंदा देवी एवं सरिता ने महिलाओं को प्रशिक्षण दिया। उपायुक्त (स्वतः रोजगार) पवन कुमार सिंह ने महिलाओं को रोजगार से जोड़ने का निर्देश दिया। जिला मिशन प्रबंधक श्रवण कुमार सिंह ने समूह सखियों के कार्य, रजिस्टर के महत्व, ग्राम संगठन की उपसमितियों एवं फण्ड के बारे में जानकारी दी। प्रशिक्षण लेने वाली महिलाओं को प्रमाण-पत्र वितरित किया गया।

# एआई से शुगर, हार्ट और किडनी के इलाज पर मंथन

**कार्डिएबकान-2025**

### बीएचयू में तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का शुभारंभ



**वाराणसी।** बदलते परिवेश में एआई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) हृदय शुगर व किडनी के रोगों के रोकथाम के लिए काफी मददगार साबित हो सकता है। बल्कि इसके मदद से नए प्रयोग सामने लाया जा सकता है। जो मार्डन मेडिसिन के क्षेत्र में कारगर साबित हो सकता है।

शुक्रवार को स्वतंत्रता भवन के सारंगधर हाल में आयोजित तीन दिवसीय 14 वें नेशनल कांफ्रेंस कार्डियबकान-2025' में पहले दिन वक्ताओं ने कही। प्रथम दिन आयोजित कुल छह सत्रों में वक्ताओं ने कार्डियो किडनी मेटाबॉलिक सिंड्रोम का कारण उपचार और सुधार विषय पर कहा कि कार्डियोवैस्कुलर किडनी मेटाबॉलिक सिंड्रोम हृदय, गुर्दे व मधुमेह यह मोटापे से जुड़ा एक स्वास्थ विकार है, यह कई तरह से सेहत को नुकसान पहुंचा सकता है। यह तीनों एक ही सिक्के के पहलू है। इससे बचने के लिए जीवन शैली में बदलाव जरूरी है यह समाज में तेजी से बढ़ रहा है। नियमित दिनचर्या व भोजन में हरी सब्जी, फल व कम तेल की मात्रा का प्रयोग करके भी नियंत्रण पाया जा सकता है। इसके अलावा जेनेटिक टेस्टिंग के बारे में भी वक्ताओं ने अपने विचार रखें। उनका कहना था कि इस टेस्ट के माध्यम से व्यक्ति में कौन सा दवा ज्यादा हितकारी होगा और कौन सा दवा इनके लिए हितकर होगा, इसमें मदद मिल सकता है। जिन्हें कोई बीमारी ना हो और आगे वह कैसे स्वस्थ रह सकते हैं इसका भी पता लगा सकते हैं।

### एआई की उपयोगिता

सेमिनार के प्रथम दिन के प्रथम सत्र में यूएई के डॉ विनय तोष मिश्रा ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से संबोधित करते हुए एआई के उपयोगिता पर प्रकाश डाला। इस सत्र के समन्वयक डॉ रत्नेश श्रीवास्तव थे। दूसरे सत्र के समन्वयक डॉक्टर आशुतोष मिश्रा थे।सत्र की अध्यक्षता डॉ विनोद कुमार ने किया। जिसमें डॉक्टर विकास अग्रवाल, डॉ अमित भास्कर डॉ मुमताज डीआर निवेदिता पंडित ने अपने विचार रखें, तीसरे सत्र की अध्यक्षता डॉ संजीव सिंह ने किया। सत्र के संयोजक डॉक्टर जिज्ञासु सिंह थे। इस सत्र में डॉक्टर सुषमा तिवारी ने इंसुलिन प्रतिरोध और सीआरएम सिंड्रोम प्रगति पर इसका प्रभाव विषय पर अपने विचार रखें। इनके साथ ही डॉक्टर अभिजीत कुमार प्रोडक्टर धर्मेंद्र जैन ने भी अपने अपने विचार रखें। चौथे सत्र में डॉक्टर परमेश एस, डॉक्टर सौम्य रंजन मोहंती, व डॉक्टर अतुल कलहन ने अपने विचार रखें। पांचवें सत्र की अध्यक्षता एच के श्रीवास्तव, डॉक्टर दिवाकर सिंह और डॉक्टर आरसी त्रिवेदी ने किया। जिसमें हरियाणा के डॉक्टर संदीप सूरी फरीदाबाद के डॉक्टर संजय पांडेय, डॉक्टर इस शालीन अग्रवाल तथा डॉ अजय छाबड़ा ने अपने-अपने विषयों के बारे में विस्तार से बताया। पहले दिन के छठवें व अंतिम सत्र को डॉ अजय, डॉ विकास श्रीवास्तव, डॉ संजय सूद, डॉक्टर वीके जगनानी, डॉक्टर राहुल बक्शी व डॉक्टर मैरी डी क्रूज ने संबोधित किया। इस तीन दिवसीय सेमिनार में देश ही नहीं विदेशों में भी चिकित्सा के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पद्मश्री डॉ के के त्रिपाठी डॉक्टर अनूप मिश्रा सहित छः विद्वानों का ओरिजन भी आयोजित किया गया। जिसमें से प्रथम दिन पद्मश्री डॉक्टर के के त्रिपाठी व डॉ अनूप मिश्रा का व्याख्यान आयोजित किया गया।

# कार्यालय आदर्श नगर पालिका परिषद रसड़ा-बलिया

## स्वामित्व परिवर्तन की सूचना

निम्नलिखित भवनों के स्वामित्व परिवर्तन के सम्बन्ध में निम्न विवरण के साथ नाम परिवर्तन हेतु प्रार्थना पत्र प्राप्त है। नाम परिवर्तन कराने वाले व्यक्ति के सम्बन्ध में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो 35 दिन के अंदर अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में आपत्ति सबूत के साथ प्रस्तुत कर दें। अन्यथा तद्नुसार नाम परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी।

| क्र0 | वर्तमान स्वामी का नाम | वार्ड सं. | म0नं0 | नाम परिवर्तन कराने वाले का नाम व पता | कारण नाम परिवर्तन |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सविता अग्रवाल पत्नी प्रदीप कुमार अग्रवाल | 05 | 230/11 | हुस्न आरा पत्नी कुर्बान अहमद | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर |
| 2 | गुलाबी देवी उर्फ गुलबिया पत्नी स्व0 जगन्नाथ | 17 | 127 | गीता वर्मा पत्नी ओमकार नाथ मौर्या | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर |
| 3 | इंदू देवी पत्नी ओमप्रकाश | 12 | 84 | विवेक कुमार पुत्र श्री बब्बन प्रसाद व अविनाश कुमार पुत्र स्व0 सतीश चन्द | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर |
| 4 | नसीम अहमद पुत्र निसार अहमद | 08 | 125 | सुनीता देवी पत्नी प्रमोद कुमार रामा | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर |
| 5 | हाजरा खातून पत्नी स्व0 मुख्तार अहमद | 10 | 61 | निजामुद्दीन, मोहियुद्दीन, मैनुद्दीन, तैयब, रेयाज अहमद अंसारी पुत्रगण स्व0 मुख्तार अहमद व कुलसुम खातून, सोगरा खातून, कुबरा खातून, साबरा खातून, फहमीदा खातून पुत्रीगण स्व0 मुख्तार अहमद | वारिस प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 6 | राजकुमार गुप्ता पुत्र स्व0 बच्चन प्रसाद | 11 | 12/4 | नासरिन बानो पत्नी शाहआलम | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर |
| 7 | कृष्ण कुमार अग्रवाल पुत्र स्व0 गोपाल जी अग्रवाल | 22 | 237 | रामजी प्रसाद पुत्र स्व0 केदार | रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर |
| 8 | अली अकबर पुत्र स्व0 अली मोहम्मद | 25 | 100 | जेबा परवीन पुत्री स्व0 अली अकबर, अली असगर पुत्र स्व0 अली अकबर, फातिमा पत्नी स्व0 मो. आरिफ, मो. फुरकान अली पुत्र स्व0 मो0 आरिफ | वारिस प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 9 | मोहन राजभर पुत्र श्री राजभर | 01 | 191 | उर्मिला देवी पत्नी स्व0 मोहन राजभर व डब्लू राजभर, बाबू राम, निखिल कुमार राजभर, रोहित राजभर पुत्रगण स्व0 मोहन राजभर | वारिस प्रमाण पत्र के आधार पर |
| 10 | मीना देवी स्व0 मुन्ना प्रसाद सोनी | 09 | 141 | संदीप सोनी व हर्षित सोनी पुत्रगण स्व0 मुन्ना प्रसाद सोनी | रजिस्टर्ड दान पत्र के आधार पर |

पत्रांक मेमो दिनांक 07.03.2025

**अधिशासी अधिकारी**
आदर्श नगर पालिका परिषद
रसड़ा-बलिया

## वाराणसी सर्राफा भाव



सोना (RTGS 999.0)
89100/inc.GST



चांदी (99.50)
98300/- प्रति किलो



चांदी सिक्का
120000/- प्रति सैकड़ा

# वाराणसी



# उत्तर प्रदेश में अवैध तरीके से चल रहे 8991 ईंट-भट्ठे

## नियमों का उल्लंघन कर काशी में 270 ईंट-भट्ठों का संचालन

जनसंदेश न्यूज

**वाराणसी।** नेशनल ग्रीन ट्रिब्युनल (एनजीटी) एवं हाईकोर्ट के आदेश की अवहेलना करते हुए उत्तर प्रदेश में 8991 ईंट-भट्ठों का संचालन धड़ल्ले से किया जा रहा है। इसमें अकेले काशी में 270 ईंट-भट्ठों का संचालन हो रहा है। जिम्मेवारों का इस ओर ध्यान नहीं है या जान-बूझकर ध्यान देना नहीं चाहते हैं, यह तो वही जानें।

जानकार बताते हैं कि कुछ फिक्स चिमनी ईंट-भट्ठे ही सभी प्रमाण-पत्र और सरकारी गाइडलाइन के तहत चल रहे हैं। अधिकांश ईंट-भट्ठे सिर्फ

**वाह री व्यवस्था**

**वाराणसी रीजन में 1200 ईंट-भट्ठे चल रहे मानक के विपरीत**

प्राइमरी स्टेज का पर्यावरण प्रदूषण सर्टिफिकेट लेकर या चिमनी भट्ठा के संचालन के लिए जरूरी सर्टिफिकेट के लिए महज अप्लाई करने के बाद ही ईंट-भट्ठा शुरू कर देते हैं। संबंधित अधिकारी भी इस बात को कबूल करते हैं कि चंद ईंट-भट्ठे ही 2018 की नई गाइडलाइन के मुताबिक आईडी फैन लगाए हैं, बाकी ईंट-भट्ठे गाइडलाइन की अवहेलना कर रहे हैं। जानकारों के मुताबिक फिक्स चिमनी ईंट-भट्ठा संचालन के लिए सबसे पहले पर्यावरण प्रदूषण सर्टिफिकेट, फिर सीटीएस (कांस्टेंट टू स्टैबलिस्ट), सीटीओ (कांस्टेंट टू ऑपरेट) आदि प्रमाण-पत्र बनवाने की जरूरत पड़ती है। इसके लिए ईंट-भट् ?ठा संचालकों को लंबी प्रक्रिया के साथ जगह-जगह राशि भी जमा करनी पड़ती है। इसके अलावा तमाम अन्य गाइडलाइन है, जिसमें ईंट-भट्ठा संचालन के लिए नियम बनाए गए हैं। जानकारों की मानें तो कुछेक को छोड़ दिया जाए तो तमाम ईंट-भट्ठे नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए चलाए जा रहे हैं। जानकारों की मानें समूचे उत्तर प्रदेश में 19395 ईंट-भट्ठों में से 8991 का संचालन अवैध तरीके से हो रहा है। इसी प्रकार, वाराणसी रीजन में 1844 में से 1200 ईंट-भट्ठों का संचालन नियमों के विपरीत हो रहा है। ईंट निर्माता परिषद वाराणसी के अध्यक्ष कमलाकांत पांडेय ने बताया कि अवैध ईंट-भट्ठों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए कई बार जिला प्रशासन को पत्रक दिया गया। जिलाधिकारी ने आदेश करते हुए सभी एसडीएम को इसके लिए जिम्मेदारी सौंपी है। अब देखना यह है कि अवैध ईंट-भट्ठों के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

# आईजीआरएस रिपोर्ट की गुणवत्ता में लाएं सुधार

**निर्देश**

**वीडीए अपर सचिव ने की समीक्षा, दिया निर्देश, न्यायालय में विचाराधीन वाद संख्या का निस्तारण रिपोर्ट में करें उल्लेख**



**वाराणसी।** वीडीए ने आई.जी.आर.एस रिपोर्ट की गुणवत्ता में सुधार लाने और मा.न्यायालय में विचारधीन वाद संख्या का निस्तारण रिपोर्ट में उल्लेख करने का सभी जोनल अधिकारियो तथा अवर अभियंताओं को निर्देश दिया है। इसको लेकर वीडीए के अपर सचिव परमानन्द यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को जहां महत्वपूर्ण बैठक हुई,वही जीयोट्रिक्स साफ्टवेयर पर कार्यवाही और अवैध निर्माण के विरूद्ध दाखिल अभियोजन की समीक्षा भी किया गया। इस दौरान आई0जी0आर0एस प्रकरणों में अनिवार्य रूप से स्थलीय जांच कराकर उसके फोटोग्राफ निस्तारण रिपोर्ट में संलग्न करने और शिकायतकर्ता से भी वार्ता करते हुए उनके उल्लिखित बिन्दुओं के अनुक्रम में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण रिपोर्ट उपलब्ध करने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने मार्च-2025 में सर्वाधिक खराब फीडबैक आने पर जहां नाराजगी जाहिर की,वही जोन-1 के जोनल अधिकारी को प्रभावी कार्यवाही करते हुए निस्तारण की गुणवत्ता में सुधार लाने हेतु निर्देशित दिया। अपर सचिव ने मा.न्यायालय में विचारधीन वाद तथा याचिका संख्या का निस्तारण रिर्पोट में उल्लेख करने को कहा। इस दौरान उन्होंने अधिकारियो को निर्देशित किया कि इन्फोर्समेन्ट जियोट्रिक्स साफ्टवेयर द्वारा चिन्हित 500 वर्गमीटर से 1000 वर्ग मीटर एंव 1000 वर्गमीटर से अधिक बडे. नवनिमार्णो में निर्माणकर्ता को शमन मानचित्र एक सप्ताह में दाखिल करने का समय देते हुये अन्तिम नोटिस प्रेषित कर दी जाय। यदि एक सप्ताह में निर्माणकर्ता द्वारा शमन मानचित्र दाखिल नहीं किया जाता है तो प्रकरण में सील एंव अभियोजन की प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित की जाय। बैठक में अपर सचिव को जानकारी दी गई कि अवैध निर्माणकताओं के विरूद्ध 16 अभियोजन दाखिल है। जिसमें सर्वाधिक 08 अभियोजन जोन-4 (नगवां व भेलूपुर) द्वारा दाखिल किया गया है। बडे एवं अशमनीय निमार्णो के विरूद्ध प्राथमिकता पर अभियोजन दाखिल करने हेतु सभी जोनल अधिकारी को निर्देशित किया गया। इस अवसर पर समस्त जोनल अधिकारी ,अवर अभियन्ता एंव भवन लिपिक उपस्थित रहे।

## परीक्षा पूरी शुचिता के साथ कराएं पूर्ण : शिक्षा मंत्री



**वाराणसी।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के बीच प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने शुक्रवार को क्वींस कॉलेज में बने परीक्षा कंट्रोल सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने परीक्षा कक्षों का जायजा लिया और व्यवस्थाओं की जांच की। उनके साथ जेडी एजुकेशन, डीआईओएस और अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।

मंत्री गुलाबो देवी प्रथम पाली में राजकीय क्वींस कॉलेज, लहुराबीर पहुंचीं। वहां से पूरे जिले के 124 परीक्षा केंद्रों की मॉनिटरिंग का अवलोकन किया। वाराणसी में इस वर्ष 125 केंद्रों पर हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाएं आयोजित की जा रही हैं, जिसमें कुल 92,563 परीक्षार्थी शामिल हैं। मंत्री गुलाबो देवी ने कहा कि यूपी बोर्ड परीक्षाओं की शुचिता बनाए रखने के लिए पूरे प्रदेश में कड़ी सतर्कता बरती जा रही है। हर परीक्षा केंद्र पर सख्त पहरा है, साथ ही एसटीएफ, विजिलेंस और शिक्षा विभाग की उड़ाका टीम लगातार नकल करने वालों पर नजर रख रही है।

उन्होंने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का मानना है कि जहां अच्छी शिक्षा होती है, वहां अच्छा माहौल बनता है। इसी सोच के तहत प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था में सुधार किया गया है। बोर्ड परीक्षाएं व्यवस्थित रूप से संचालित हो रही हैं, जो अधिकारियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है।

**निर्देश**

**शिक्षा मंत्री गुलाबो देवी ने क्वींस कॉलेज में कंट्रोल सेंटर का किया निरीक्षण**

**92 हजार से अधिक परीक्षार्थी दे रहे परीक्षा**

जिला विद्यालय निरीक्षक के अनुसार, वाराणसी में इस वर्ष हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षा में कुल 92,563 छात्र-छात्राएं पंजीकृत हैं। इनमें हाईस्कूल में 45,493 और इंटरमीडिएट में 47,070 विद्यार्थी शामिल हैं। जिले के 125 परीक्षा केंद्रों पर दो पालियों में परीक्षाएं संपन्न कराई जा रही हैं।

## काशी में निरंजनी अखाड़े की परिक्रमा निरस्त

**वाराणसी।** निरंजनी अखाड़े के साधु संत पंचक्रोशी परिक्रमा नहीं करेंगे। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि 9 मार्च की तिथि सुनिश्चित हुई थी लेकिन होलाष्टक लगने की वजह से इस बार की परिक्रमा को स्थगित कर दिया गया है। अध्यक्ष बोले-होलाष्टक में नहीं नहीं होता है । काशी में निरंजनी अखाड़े की परिक्रमा निरस्त हो गई है। 14 मार्च से खरमास शुरू होगा। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रविंद्रपुरी महाराज ने बताया कि 9 मार्च की तिथि सुनिश्चित हुई थी लेकिन होलाष्टक लगने की वजह से इस बार की परिक्रमा को स्थगित कर दिया गया है। अध्यक्ष ने कहा कि होलाष्टक में कोई भी शुभ कार्य नहीं होता है। 14 मार्च से खरवास शुरू होगा।

**फैसला**

**अध्यक्ष बोले-होलाष्टक में नहीं होता है शुभ काम,14 मार्च से शुरू होगा खरमास**

# भाजपा महिला मोर्चा ने उत्कृष्ट कार्य के लिए महिलाओं को किया सम्मानित

**सम्मान समारोह**

**इस दौरान 50 महिलाओं ने लिया नेत्रदान करने का संकल्प**

जनसंदेश न्यूज



**वाराणसी।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर भाजपा महिला मोर्चा ने विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाली 100 से अधिक महिलाओं को सम्मानित किया। गुलाब बाग स्थित पार्टी कार्यालय में शुक्रवार को आयोजित सम्मान समारोह में महिलाओं ने नेत्रदान का भी संकल्प लिया।

मुख्य वक्ता प्रदेश मंत्री मीना चौबे ने कहा कि यदि हम किसी समाज को मजबूत बनाना चाहते हैं, तो सबसे पहले हमें महिलाओं को सशक्त बनाना होगा। महिला सशक्तिकरण का अर्थ है महिलाओं को उनके अधिकार, शिक्षा, रोजगार और स्वतंत्रता, ताकि वे अपने जीवन को अपनी शर्तों पर जी सकें और आत्मनिर्भर बनकर सशक्त राष्ट्र का निर्माण कर सकें। मुख्य अतिथि बाल आयोग की सदस्य निर्मला पटेल ने कहा कि अंतरास्ट्रीय महिला दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य है महिलाओं की उपलब्धियों और योगदान को याद कर लोगों तक पहुंचाना। इस अवसर पर निर्मला पटेल, सुशीला शर्मा, तरुणा चतुर्वेदी, वंदना श्रीवास्तव, सुधा सिंह, जयंती, सुमित्रा देवी, निधि यादव, रजनी, खुशबू राय, प्रतिमा पांडेय, सुनीता पांडे, रचना सिंह समेत 50 महिलाओं ने नेत्रदान का संकल्प लिया। कार्यक्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष नम्रता चौरसिया, महानगर अध्यक्ष कुसुम पटेल, नेहा कक्कड़, पूजा दीक्षित, रचना सिंह, ममता, साधना पांडे, पूजा पांडेय, सुरेखा सिंह, गीता शास्त्री, मंजू सिंह, आरती पाठक, सोना मौर्या, सारिका गुप्ता, ऊषा सिंह, अनीशा शाही, साधना सिंह, पूजा सिंह आदि थीं।

## सड़क मरम्मत, चौड़ीकरण उच्चीकरण पर लगाई गुहार

जनसंदेश न्यूज

**चौबेपुर।** क्षेत्र के मोकलपुर से लेकर गोबरहॉ, रामपुर, रामचन्दीपुर, मुस्तफाबाद, चाँदपुर, बभनपुरा रिंग रोड तक व चाँदपुर से जाल्हूपुर तक क्षतिग्रस्त सड़क की मरम्मत और मोकलपुर से चाँदपुर तक सड़क चौड़ीकरण, उच्चीकरण के लिए सीएम पोर्टल पर गुहार लगाई गई है।रामचन्दीपुर के सामाजिक कार्यकर्ता सुनील उर्फ बबलू यादव ने सीएम पोर्टल पर गुहार लगाते हुए लिखा है कि मोकलपुर ग्राम सभा से लेकर बभनपुरा रिंग रोड तक और चाँदपुर से लेकर जाल्हूपुर तक की सड़क काफी क्षतिग्रस्त हो गई है जिससे आवागमन करना काफी कठिनाइयों भरा हो गया है।सड़क पर जगह-जगह गड्ढे हो गए हैं और सड़क टूट गई है।शहर जाने में गांव वालो का अधिक समय और अधिक ईंधन की बबार्दी हो रही है।मार्ग पर चलने वाली सवारी गाड़ियों में अधिक ईंधन लगने से आमलोगो पर किराए का बोझ बढ़ गया है।उन्होंने यह भी लिखा है की ग्राम सभा मोकलपुर से चाँदपुर तक सड़क चौड़ीकरण और उच्चीकरण कराया जाना अतिआवश्यक है।क्योंकि बाढ़ के दौरान सड़क मार्ग डूब जाता है जिससे लोगो का शहर से सम्पर्क टूट जाता है।जिससे ग्रामीणो को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है।क्षेत्रीय विधायक और सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल राजभर ने भी बाढ़ के दौरान ढाब के लोगो से वादा किया था की बाढ़ का पानी उतरने के बाद जहाँ-जहाँ सड़क डूब जाती है वहा सड़क का उच्चीकरण और मोकलपुर से लेकर बभनपुरा व जाल्हूपुर तक सड़क का चौड़ीकरण भी कराया जाएगा।

## टूल किट्स का वितरण आज

**वाराणसी।** उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड एवं उत्तर प्रदेश खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड वाराणसी के संयुक्त बैनर तले शनिवार को एक दिवसीय माटीकला सेमिनार का आयोजन किया गया है। इसमें 32 विद्युत चालित चाक और 10 मोटराइज्ड दोना पत्तल मशीन का निःशुल्क वितरण किया जाएगा। परिक्षेत्रीय ग्रामोद्योग अधिकारी यूपी सिंह ने बताया कि ग्राम प्रधानों ने अपने विकास खंड में विभाग से संचालित योजनाओं में अधिक से अधिक इकाईयों की स्थापना करायी है। प्रत्येक ब्लॉक से दो-दो ग्राम प्रधान का चयन जिला स्तरीय चयन कमेटी ने किया है। चयनित ग्राम प्रधानों को दो हजार रुपये नकद, अंगवस्त्रम एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। निःशुल्क टूल किट्स का वितरण जिला उद्योग केन्द्र लहरतारा के प्रांगण किया जाएगा।

# होली के दिन शहर में 24 घंटे होगी पेयजलापूर्ति

**वाराणसी।** शहर में होली के दिन 24 घंटे जहां पेयजलापूर्ति होगी,वही काशीवासियो को हर समय पानी मिलता रहेंगा। नगर निगम ने निर्बाध आपूर्ति के लिए संबधित अधिकारियो को तैनात रहने को कहा है, त्योहार के दिन व्यवस्था का बेहतर संचालन करने और होलीका दहन स्थल पर 24 घंटे के भीतर सफाई कार्य पूर्ण किए जाने का निर्देश दिया है। इसको लेकर महापौर अशोक कुमार तिवारी ने शुक्रवार को अधिकारियों संग नगर निगम कार्यकारिणी कक्ष में होली पर्व की तैयारी को लेकर महत्वपूर्ण बैठक की और अधिकारियो को निर्देश दिया। जिसमें नगर निगम और जलकल के अधिकारी शामिल रहे। महापौर ने सभी जोनल अधिकारियो से जोन स्तर पर होलिका दहन के स्थानों को चिंह्ति करने, सभी स्वास्थ्य निरीक्षकों एवं अवर अभियन्ताओं को उन सभी स्थानों के आस-पास बेहतर सफाई व्यवस्था कराने गलियों का तत्काल पैच वर्क कराने के निर्देश दिया है।

**महापौर की बैठक**

**त्योहार के दिन कार्य करेंगे निगमकर्मी**

**होलीका दहन स्थल पर 24 घंटे में होगी सफाई**

उन्होंने नगर स्वास्थ्य अधिकारी एवं मुख्य अभियन्ता को होलिका स्थानों पर दहन के पश्चात चौबीस घंटे में उक्त सलि पर मलवा हटवाने और पूरे दिन 24 घंटे निर्बाध पेयजलापूर्ति किए जाने का जलकल महाप्रबंधक को निर्देश देते हुए कर्मचारियों को मुस्तैद रहने को कहा है। इस समबन्ध में महाप्रबन्धक जलकल के द्वारा अवगत कराया गया कि उनकी तैयारी पूरी है। इस दौरान महापौर ने रामनगर, सूजाबाद एवं नव विस्तारित क्षेत्रों में भी पेयजल उपलब्ध कराने की व्यवस्था के निर्देश दिये। उन्होंने होली पर कहीं भी सीवर सड़कों पर ओवर फ्लो न होने पाये इसके लिए होली के दिन भी सीवर सफाईकर्मियो



एवं सफाई कर्मी को कार्य करने को जहां निर्देशित किया है,वही गोदौलिया से दशाश्वमेध घाट तक पटरियों पर लगे अवैध दुकानों से हो रहे अतिक्रमण को हटवाने हेतु इस मार्ग पर लगातार अतिक्रमण अभियान चलाए जाने,दशाश्वमेध और अस्सी घाटो पर सम्पर्क मार्गो की विशेष रूप से सफाई कराने के साथ ही जलनिगम को निर्देशित किया कि मणिकर्णिका घाट पर होली को देखते हुये सीवर ओवर फ्लो की समस्या उत्पन्न नही हो इसे घ्यान रखे जाने का निर्देश दिया है। मुख्य अभियन्ता से मार्च माह से ही नाला सफाई का कार्य प्रारम्भ करा देने,सभी मार्गो पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित कराए जाने को कहा है।

इस अवसर पर अपर नगर आयुक्त सविता यादव, राजीव कुमार राय, संगम लाल, मुख्य अभियन्ता मोईनुद्दीन, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. सुरेन्द्र कुमार चौधरी, महाप्रबन्धक जलकल अनूप सिंह, सचिव जलकल ओ.पी. सिंह, सहायक नगर आयुक्त मृत्युजंय नारायण मिश्र, कर निर्धारण अधिकारी अनुपम त्रिपाठी, अधिशासी अभियन्ता आलोक अजय कुमार सक्सेना, पी.आर.ओ. संदीप श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

# मौजूदा सरकार में गरीबों, पिछड़ों का कोई पुरसाहाल नही

**पीडीए चर्चा**

**सपा जिला व महानगर इकाई की बैठक सम्पन्न**






**वाराणसी।** समाजवादी पार्टी जिला एवं महानगर इकाई की शुक्रवार को अलग-अलग हुई बैठक में पीडीए चर्चा का आयोजन हुआ। वक्ताओं ने कहा कि मौजूदा सरकार में गरीबों, पिछड़ों का कोई पुरसाहाल नहीं है।

अर्दली बाजार स्थित संगठन कार्यालय में हुई बैठक में जिलाध्यक्ष सुजीत यादव लक्कड़ ने पदाधिकारियों को बूथ स्तर पर संगठन को मजबूत करने की अपील की। कहा कि आज गरीबों, पिछड़ों का कोई पुरसाहाल करने वाला नहीं है। बेरोजगार व नौजवान आत्महत्या कर रहे हैं। इसके उलट भाजपा सरकार अपनी झूठी प्रशंसा करने में व्यस्त है। संचालन करते हुए जिला प्रवक्ता संतोष यादव बबलू एडवोकेट ने कहा कि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने समाज के किसानों, महिलाओं, युवाओं, वंचित समाज के लोगों व अल्पसंख्यकों को एकजुट करने का संकल्प लिया है। ऐसे में हम सभी लोगों की जिम्मेदारी है कि पीडीए समाज के लोगों को एकजुट रखकर संविधान के माध्यम से उनको मिल रहे अधिकारों की सुरक्षा करने में मदद करें। धन्यवाद जिला महासचिव आनंद मौर्या ने दिया। बैठक में डॉ. उमाशंकर यादव, पूर्व विधायक उदयलाल मौर्य, उमेश प्रधान, मनीष सिंह, रामसिंह यादव, संजय मिश्रा, भीष्म नारायण यादव, आकाश मौर्या, कमलेश पटेल, मोदी यादव, मनोज यादव, दीपचंद गुप्ता, हीरू यादव, चंद्रशेखर सिंह आदि ने विचार व्यक्त किये।

भेलूपुर स्थित कैम्प कार्यालय में महानगर इकाई हुई बैठक में वक्ताओं ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार पूरी तरह से हिटलर शाही रवैये पर उतर आई है। विपक्षियों के आवाज को दबाने के लिए उनके ऊपर फर्जी मुकदमा लगाने से लेकर तरह-तरह से उत्पीड़न कर रही है। जहां पूरे प्रदेश में कानून व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त हो चुकी है तो वही हर विभाग में भ्रष्टाचार का बोलबाला है। अध्यक्ष दिलीप डे ने कहा कि हम सभी को पीडीए को जन आंदोलन बनाने की जरूरत है। आज सबसे ज्यादा कमजोर वर्ग के लोग, अति पिछड़े, दलित, नौजवान परेशान हैं पर भाजपा सरकार को इससे कोई फर्क नहीं पड़ता। संचालन महासचिव योगेंद्र यादव ने किया। बैठक में रामजी यादव, राधा बिंद, बहादुर सिंह यादव, अशफाक अहमद (डब्ल्यू), महेन्द्र सिंह यादव, सूबेदार सिंह, पूजा यादव, हारुन अंसारी, अजय चौधरी, धीरज यादव, रविकांत विश्वकर्मा, किशन दीक्षित, अनील पटेल, अनिल साहू, सोनू विश्वकर्मा, मिथिलेश साहनी आदि ने विचार व्यक्त किये।

# 'उपद्रवी नहीं पकड़े गए तो नहीं मनाएंगे होली'

जनसंदेश न्यूज

**चेताया**

**कोटवां में एक व्यक्ति के घर पर दूसरे समुदाय ने फेंके थे पत्थर**

**लोहता।** थाना क्षेत्र के कोटवा गांव में बुधवार की रात में एक समुदाय के घर पर कुछ अराजक तत्वों ने पत्थर फेक कर माहौल को खराब करने का प्रयास किया गया जिसको लेकर गांव में काफी तनाव है। पुलिस अज्ञात तत्वों के खिलाफ मुकदमा दर्ज करके उनकी तलाश कर रही है।बताया जाता है कि बुधवार की रात में आधा दर्जन की संख्या में अराजक तत्व अभिलाष सिंह के घर पर पत्थर फेंकना शुरू किए। जब वह चिल्लाने लगे तो सभी वहां से अपनी बस्ती की तरफ भागे। सभी अराजक तत्वों की पुरी करतूत आने जाने और पत्थर फेंकने का सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया है।.गुरुवार को गांव के अश्वनी सिंह, देवता सिंह, धर्मेंद्र सिंह, गुड्डू सिंह, शारदा उपाध्याय, महेंद्र पटेल, रामधनी पटेल, कांता सिंह, अमित सिंह, अशोक सिंह, अंबुज उपाध्याय, विकास सिंह, गिरजेश सिंह, पप्पू सिंह ने गांव के शंकर जी के मंदिर पर एक बैठक करके यह निर्णय लिया गया है कि यदि सभी अराजक तत्व नहीं पकडे गये तो.हम लोग होली का त्योहार.नहीं मनाएगे न ही होलिका दहन.करेगे.न ही रंग खेलेगे। और यही हालत रही तो गांव से हम लोग पलायन कर जाएगे। कोटवा चौकी इंचार्ज विशाल सिंह ने बताया की सीसीटीवी के फुटेज के आधार पर अराजक तत्वों की पहचान कराई जा रही है। जल्दी ही सब गिरफ्तार हो जाएगे।

# लोक कलाओं पर वृहद अध्ययन की जरूरत: प्रो.बद्री नारायण



## विश्व दर्शन दिवस पर संगोष्ठी का आयोजन

**वाराणसी।** विश्व दर्शन दिवस पर शुक्रवार को डीएवी पीजी कॉलेज में दर्शनशास्त्र विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में मुख्य वक्ता इलाहाबाद विश्वविद्यालय के प्रो. गोपाल साहू ने कहा कि दर्शनशास्त्र जीवंत मानवता का मूल मंत्र है, यह स्वयं से साक्षात्कार कराने वाली विद्या है। अध्यक्षता करते हुए बीएचयू के प्रो. दुर्गेश चौधरी ने कहा कि दर्शन जीवन से संदेह दूर कर सत्य से अवगत कराता है। डा. राहुल मौर्य ने कहा कि मानवीय मूल्यों और आदर्शों को ढूंढने में दर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है। कार्यकारी प्राचार्य प्रो. मिश्रीलाल ने स्मृति चिह्न प्रदान कर अतिथियों का स्वागत किया। स्वागत भाषण प्रो. सतीश सिंह, विषय प्रवर्तन डा. संजय सिंह, संचालन डा. संजीव वीर सिंह प्रियदर्शी एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. रमेन्द्र सिंह ने दिया। इस मौके पर डा. अनामिका यादव, डा. शिवनारायण, डा. नजमुल हसन आदि शामिल रहे।

**विचार मंथन**

### डीएवी पीजी कॉलेज के अंग्रेजी विभाग में दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का समापन

**वाराणसी।** डीएवी पीजी कॉलेज में आईसीएसएसआर के सहयोग से अंग्रेजी विभाग एवं आईइडीएस के संयुक्त तत्वावधान में वाराणसी के कल्चरल कॉरिडोर पर कला, क्राफ्ट, लोक कला पर केंद्रित अध्ययन के दो दिवसीय राष्ट्रीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन हुआ। मुख्य अतिथि जीबी पंत संस्थान, प्रयागराज से आए प्रो. बद्री नारायण ने लोक कलाओं पर अध्ययन के क्षेत्र में विस्तार की बात कही। उन्होंने कहा कि लोक कला और संस्कृति में अभी भी बहुत से पक्ष अछूते हैं जिन पर वृहद शोध की आवश्यकता है।

कार्यशाला में कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय की एमेरिटस प्रोफेसर डा. नीता कुमार ने संस्कृति के विविध पक्षो पर विचार रखते हुए भारतीय परंपरा में पारिवारिक मूल्यों के महत्व को साझा किया।

अध्यक्षता प्रो. अर्चना कुमार ने किया। प्रो.पंचानन दलाई, डा.वारदा सम्बुल आदि ने भी विचार रखे। संयोजिका डा. महिमा सिंह ने रिपोर्ट प्रस्तुत किया। स्वागत प्रो. इंद्रजीत मिश्रा एवं धन्यवाद ज्ञापन डा. प्रियंका सिंह ने दिया। संचालन संस्कृति पाण्डेय एवं श्रीयुक्ता बासनेट ने किया। शुभम ने सहयोग किया।

# क्वींस इंटर कॉलेज में होगी चीनी जापानी व फ्रेंच भाषा की पढ़ाई

**योजना**

### नए सत्र से शुरू होगी इन विदेशी भाषाओं की पढ़ाई तीन से छह माह का डिप्लोमा

**वाराणसी।** पहली बार तीन विदेशी भाषाओं की शिक्षा राजकीय इंटर कॉलेज में मिलेगी। लहुराबीर स्थित राजकीय पीएश्री क्वींस इंटर कालेज में नए सत्र से चीनी, जापानी और फ्रेंच भाषा की पढ़ाई होगी। विद्यालय के प्रधानाचार्य सुमीत श्रीवास्तव ने बताया कि तीन से छह माह तक डिप्लोमा कोर्स के तौर पर सत्र 2025-26 में प्रवेश लेने वाले विद्यार्थियों को इसकी सुविधा मिलेगी। शुरूआत में ये शिक्षा छात्रावास के 120 छात्रों को दी जाएगी।

तीनों विदेशी भाषाओं में शिक्षा देने के लिए बीएचयू शिक्षकों को आमंत्रित किया जाएगा। विद्यालयों के बच्चों को रोजगार परक दृष्टि से पहली बार ये प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए बीएचयू के शिक्षकों से बातचीत हो गई है। विद्यालय के छात्रावास में प्रवेश लेने वाले सभी विद्यार्थियों को प्राथमिकता पर विदेशी भाषाओं की शिक्षा दी जाएगी। विद्यालय में 2600 पंजीकृत छात्र है जो हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, संस्कृत सहित अन्य देशी भाषाओं में शिक्षा लेते है।

### इन विवि में होती है विदेशी भाषाओं की पढ़ाई

जिले में 31 राजकीय माध्यमिक विद्यालय हैं। इनमें पांच पीएश्री विद्यालय हैं, जिनमें एक क्वींस इंटर कालेज है। जहां विदेशी भाषा की पढ़ाई होगी। इसके अलावा बीएचयू, काशी विद्यापीठ, संपूर्णानंद संस्कृत विश्वविद्यालय सहित कई निजी संस्थानों में भी विदेशी भाषाओं की पढ़ाई होती है। विश्वविद्यालयों में विदेशी भाषा के पाठ्यक्रमों की फीस अलग-अलग होती है। सामान्य तौर पर, डिप्लोमा और सर्टिफिकेट पाठ्यक्रमों की फीस प्रति सेमेस्टर दो से दस हजार रुपये तक होती है। लेकिन विद्यालय में विदेशी भाषा के पाठ्यक्रम की फीस कम होगी। प्रधानाचार्य ने बताया कि नए सत्र में अच्छे अंक हासिल करने वाली छात्रा को पूरे सत्र की शिक्षा के साथ विदेशी भाषा की शिक्षा निशुल्क दी जाएगी।

## संक्षेप

### स्वच्छता कर्मियों के कार्यों को सराहा

**वाराणसी।** सृजन विकास न्यास संस्था के अध्यक्ष व नगर निगम के ब्रांड एंबेसडर अनिल सिंह ने महाकुंभ के दौरान स्वच्छता कर्मियों द्वारा किए गए कार्यों को सराहा। इसके पहले सभी ने मिलकर गंगा किनारे सफाई किया। इस दौरान कई कुंटल कपड़े निकाले गएं। नमामि गंगे गंगा विचार मंच के जिला संयोजक शिवम अग्रहरि टीम के साथ ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से घाट किनारे लोगों को गंगा स्वच्छता के लिए प्रेरित करते रहे। सबका साथ हो गंगा साफ हो, हर- हर गंगे, नमामि गंगे नहीं रुकेंगे, हम स्वच्छ करेंगे के उद्घोष संग सभी संकल्पित हुए। गंगा टास्क फोर्स के सूबेदार देवेंद्र बसनेट ने बताया कि सभी घाटों पर स्वच्छता के निमित्त पेट्रोलिंग लगातार जारी है। कार्यक्रम के दौरान जय विश्वकर्मा, रश्मि साहू, किरण पांडेय, दीपशिखा कन्नौजिया, अजय, भावना गुप्ता, सरस्वती मिश्रा, शौर्य गुप्ता, रतन साहू, राजकुमार समेत बड़ी संख्या में निगम के कर्मचारी, सेना के जवान, अनुराग शर्मा, शैलेश त्रिपाठी आदि रहे।

### अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़ा वर्ग के लिए प्रशिक्षण

**वाराणसी।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय चौकाघाट परिसर में अनुसूचित जाति/जनजाति व पिछड़ा वर्ग के लिए एक वर्ष का कार्यालय प्रबंधन प्रशिक्षण 1 मार्च 2025 तक प्रारंभ किया गया है। इस प्रशिक्षण में टंकण, आशुलिपि, कम्प्यूटर, सामान्य ज्ञान, सामान्य हिंदी , सामान्य अंग्रेजी, सचिविय पद्धति व सामान्य गणित आदि विषयों का निःशुल्क प्रशिक्षण संबंधित अनुदेशकों द्वारा कोचिंग प्रभारी नीलेश कुमार स्वर्णकार के निर्देश में दिया जायेगा। प्रशिक्षण के लिए अभ्यर्थियों की आयु 18 से 35 वर्ष तथा शैत्रिक योग्यता इंटर उत्तीर्ण होनी चाहिए। हाई स्कूल स्तर पर अंग्रेजी विषय अनिवर्या है। प्रवेश के लिए केवल अनुसूचित जाति/ जनजाति व पिछढ़ वर्ग के इच्छुक अभ्यर्थी सभी अंक प्रमाण पत्र जाति प्रमाण पत्र की छायाप्रति व एक पासपोर्ट साइज की फोटो के साथ अपना बायोडाटा बना कर 25 मार्च तक कार्यालय के कक्ष संस्थ्या 17 में जमा कर सकते हैं। प्रवेश के लिए समस्त महिला अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 28 मार्च शुक्रवार व पुरुष अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 29 मार्च को होगा।

### प्रो. रश्मि मुद्रणालय व प्रकाशन विभाग की विशेष कार्याधिकारी

**वाराणसी।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के मुद्रणालय एवं प्रकाशन विभाग की अगली विशेष कार्याधिकारी मनोविज्ञान विभाग की प्रो. रश्मि सिंह होंगी। उपकुलसचिव हरीश चन्द ने बताया कि वर्तमान विशेष कार्याधिकारी वाणिज्य विभाग के प्रो. केके अग्रवाल के 21 मार्च को सेवानिवृत्त होने के फलस्वरूप कुलपति प्रो. आनन्द कुमार त्यागी के आदेशानुसार प्रो. सिंह को विशेष कार्याधिकारी नियुक्त किया गया है।

# पौधारोपण के साथ स्वच्छता की दरकार बताई

**कार्यक्रम**

### जगतपुर पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तहत दरेखु गांव पंचायत भवन में कार्यक्रम



**वाराणसी।** जगतपुर पीजी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के छठें दिन शुक्रवार को पौधारोपण और स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन दरेखु गांव पंचायत भवन में किया गया। इस दौरान गेंदा, पाम तथा विभिन्न प्रकार के पौधे को स्वयंसेवकों द्वारा रोपा गया।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राध्यापक एवं सेकंड यूनिट की कार्यक्रम अधिकारी डा अमिता श्रीवास्तव उपस्थित रहीं। दोपहर का भोजन करने के पश्चात प्रोफेसर अशोक ने व्यक्तित्व विकास पर प्रकाश डाला। व्यक्तित्व विकास क्या है तथा व्यक्तित्व विकास के फायदे व उनके प्रकार पर प्रकाश डाला। व्यक्तित्व विकास के चार प्रकार अंतमुर्खी, बहिमुर्खी, स्थिर और अस्थिर के बारे में बताया तथा कहां की व्यक्तित्व विकास का मतलब अपने व्यवहार, विचारों और क्षमताओं को बेहतर बनाना है। सेकंड यूनिट की कार्यक्रम अधिकारी डा. अमिता श्रीवास्तव ने विषय की स्थापना करते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास का संबंध कॅरियर की प्राप्ति और आत्मसंतुष्टि है। सांय चाय-बिस्कुट के पश्चात स्वयंसेवक एवं सेविकाओं ने खो-खो, कबड्डी आदि खेल को खेला। भोजन के पश्चात रात्रि विश्राम के लिए अपने-अपने अंतर गंतव्य स्थान पर गए।

# व्यक्तिगत शिक्षा से छात्रों की शैक्षिक उपलब्धियां सुधरेंगी

**आयोजन**

### अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र, बीएचयू में छह दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**वाराणसी।** अंतर विश्वविद्यालय अध्यापक शिक्षा केंद्र, बीएचयू में 'ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स : इंटीग्रेशन ऑफ एआई इन टीचिंग-लर्निंग एंड रिसर्च' विषय पर छह दिवसीय कार्यशाला के पांचवें दिन शुक्रवार को हैदराबाद विश्वविद्यालय, हैदराबाद के शिक्षा एवं शैक्षिक तकनीकी विभाग के प्रमुख, प्रो. जेवी मधुसूदन ने प्रथम दो सत्रों में 'व्यक्तिगत शिक्षा को समझना' विषय पर व्याख्यान दिया। कहा कि व्यक्तिगत शिक्षा विद्यार्थियों की व्यक्तिगत आवश्यकताओं और रुचियों को पूरा कर सकती है। यह विद्यार्थियों को अपनी गति से सीखने में मदद कर सकती है और उनकी शैक्षिक उपलब्धियों में सुधार कर सकती है।

तीसरे सत्र में 'एआई में नैतिक प्रथाएं' पर चर्चा की गई। इस सत्र में प्रो. मधुसूदन ने बताया कि एआई के विकास और उपयोग में नैतिक प्रथाओं का पालन करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि एआई में नैतिक प्रथाएं डेटा की गोपनीयता, सुरक्षा, और निष्पक्षता सुनिश्चित करने में मदद कर सकती हैं। चतुर्थ सत्र को ब्रेन स्टोर्मिंग के रूप में आयोजित किया गया। इस सत्र में प्रतिभागियों के प्रत्येक समूह द्वारा किसी एक एआई टूल पर आधारित प्रस्तुतीकरण कराया गया तथा प्रश्नोत्तरी के माध्यम से साथी प्रतिभागियों की जिज्ञासाओं का समाधान किया। इसी सत्र में केंद्र के निदेशक प्रो. प्रेम नारायण सिंह ने प्रतिभागियों से एआई से शिक्षण, शोध व मूल्यांकन में चुनौतियों पर चर्चा की। कार्यशाला में कश्मीर, गोवा, महाराष्ट्र, असम, तमिलनाडु, मध्य प्रदेश सहित दस से अधिक राज्यों के उच्च शिक्षा के अध्यापक प्रतिभाग कर रहे हैं। संचालन व समन्वयन डा. राजा पाठक ने किया।

# 39 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर

**वाराणसी।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय वाराणसी की तरफ से 7 जनवरी को हरिश्चन्द्र स्नातकोत्तर महाविद्यालय वाराणसी में एक दिवसीय बृहद रोजगार मेला का आयोजन किया गया। मेला में प्रमुख रूप से कृष्णा मारुति लिमिटेड, सहित कई कम्पनियों ने प्रतिभाग किया। बृहद रोजगार मेला में कुल 39 अभ्यर्थियों को जॉब ऑफर लेटर दिया गया। मुकेश कुमार, सहायक निदेशक (सेवायोजन) वाराणसी मंडल, वाराणसी ने जॉब ऑफर प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों को इमानदारी से कार्य करने की सलाह दिया। दीप सिंह, रोजगार मेला प्रभारी ने बताया कि कैसे सफलता को प्राप्त किया जा सकता है। डॉ रजनीश कुँवर, प्राचार्य, ने अपनी संस्था में दोबारा रोजगार मेला आयोजित किये जाने का सुझाव दिया। इस मेला में कुल 246 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया है। मेला में बेरोजगार अभ्यर्थियों का रू. 10000/- से 25000/- पर जॉब ऑफर दिया गया है। इस मौके पर डॉ अनिल कुमार, श्रीमती दिव्यानी बरनवाल तथा अन्य प्रोफेसर भी उपस्थित थे।

# रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. टी लक्ष्मी का निधन

**वाराणसी।** पूर्वांचल में कैंसर के उपचार के सबसे मजबूत स्तंभों में से एक और पूर्वोत्तर रेलवे भारतीय कैंसर संस्थान (अब होमी भाभा कैंसर संस्थान) की प्रसिद्ध रेडिएशन ऑन्कोलॉजिस्ट डॉ. टी लक्ष्मी का निधन होने से चिकित्सा जगत में शोक हो गयी। मूल रूप से दक्षिण भारत की रहने वाली डॉ टी.लक्ष्मी का जन्म 02 अक्टूबर,1953 को विशाखापत्तनम में हुआ था। उन्होंने एम बी बी एस की डिग्री एम के सी जी मेडिकल कालेज परमपुर,उड़िसा से तथा एम एस रेडियोलॉजिस्ट की डिग्री वैलुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, उड़िसा ली थी। आप यूपीएससी के माध्यम से रेलवे की सेवा में 1981 में आईं थी और अपने 33 वर्ष के कार्यकाल में अनगिनत कैंसर रोगियों की देखभाल और कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। पूर्वांचल के हर गांव में एक कैंसर सर्वाइवर है, जिसने उनके पास इलाज करवाया। अपने क्षेत्र में अग्रणी, डॉ. टी लक्ष्मी मैम ने पिछले 40 वर्षों में अटूट दया, सहानुभूति और विशेषज्ञता के साथ हजारों रोगियों का इलाज किया, एक ऐसे युग में जब ऑन्कोलॉजी में विशेषज्ञता बहुत कम थी। कैंसर की जटिलताओं के बारे में उनके असाधारण कौशल और गहरी समझ ने उन्हें अपने साथियों का सम्मान और प्रशंसा और अपने रोगियों का आभार अर्जित किया। वर्ष 2014 में सेवानिवृत्त होने के बाद भी वाराणसी में ही रहकर कैंसर रोगियों की सेवा में जुटी रहीं। आपकी करुणा, आपकी विशेषज्ञता, आपकी शिक्षाएं और दूसरों की देखभाल के प्रति आपका अटूट समर्पण कभी नहीं भुलाया जा सकेगा।

**कार्यालय मुख्य कार्यपालक अधिकारी**
**भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण**
**बीडा भदोही (उ0प्र0)**

पत्र संख्या बीडा/बीडा/तकनीकी-दो/(1908)/25/14103 दिनांक 07.03.2025

**अति अल्पकालीन ई-निविदा सूचना**

जिलाधिकारी भदोही/मुख्य कार्यपालक अधिकारी, भदोही औद्योगिक विकास प्राधिकरण (बीडा) भदोही द्वारा क्रिटिकल गैप्स से ट्रांजिट हॉस्टल ज्ञानपुर भदोही में पाथवे का निर्माण कार्य हेतु प्राधिकरण में पंजीकृत अनुभवी ठेकेदारों अथवा अन्य शासकीय विभागों में पंजीकृत अनुभवी अर्ह ठेकेदार/फर्मों से ऑनलाइन अल्पकालीन ई-निविदा दिनांक 10.03.2025 से दिनांक 29.03.2025 के दोपहर 12:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। जो www.etender.up.nic.in पर उपलब्ध होगी एवं ऑनलाइन ही सबमिट होगी। निविदा से सम्बंधित विस्तृत विवरण बीडा के वेबसाईट http://www.bidabhadohi.com पर अपलोड है।

कार्य0 अधिशासी अभियंता

### कौशल विकास के लिए छात्राओं को दिया प्रशिक्षण



**वाराणसी।** वसंत कन्या महाविद्यालय के गृह विज्ञान विभाग द्वारा शहर के विभिन्न महाविद्यालयों की छात्राओं के सृजनात्मक कौशल के विकास के लिए द्विदिवसीय अनुभवात्मक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसके अंतर्गत स्टेंसिल छपाई और टाई एण्ड डाई का प्रशिक्षण दिया गया। इस दौरान सात महाविद्यालयों (धीरेन्द्र महिला महाविद्यालय, राजकीय महाविद्यालय, बीएलडब्लू, घनश्यामदास पीजी कालेज, आर्य महिला पीजी कालेज, वसंता कॉलेज फॉर वुमेन तथा शीएट) की 163 छात्राओं ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि निट्रा के आफिस इंचार्ज अतुल शर्मा ने छात्राओं की सराहना करते हुए महाविद्यालय को स्किल ओरिएन्टेड वर्कशाप के लिए बधाई दी। प्राचार्या प्रो. रचना श्रीवास्तव ने आज के समय में वोकेशनल शिक्षा पद्यति के महत्व को इंगित करते हुए बताया कि यह छात्राओं को व्यावसायिक कौशल प्रदान करती है और उन्हें अपने चुने हुए क्षेत्र में सफल होने के लिए तैयार करती है। विभागाध्यक्षा प्रो. संगीता देवडिया ने भी कहा कि व्यावसायिक प्रशिक्षण आज के दौर की मांग है और यदि छात्राओं को इसमें दक्ष बना दिया जाए तो घर बैठे ही कला का उपयोग करके विभिन्न ऑनलाइन माध्यमों से आसानी से आर्थिक उपार्जन किया जा सकता है। डा. सुनिता दीक्षित ने बताया की कला के गुर सीखने के बाद छात्राएं यदि आधुनिकता का समागम कर लें तो कौशल को नई उचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है। कार्यशाला में शेख सईदा सालेहा, अधीरा अमूल्या, श्वेता राठौर और काजल वर्मा ने प्रशिक्षुओं को स्टेंसिल छपाई और टाई एण्ड डाई की विभिन्न तकनीकों का प्रशिक्षण दिया तथा आधुनिकता के साथ कैसे इन कलाओं का सम्मिश्रण किया जा सकता है यह भी बताया। ये चारों प्रशिक्षक इसी महाविद्यालय की पुरा छात्राएं तथा अपने-अपने क्षेत्र में स्थापित व्यवसायी हैं। कार्यशाला में प्रो. गरिमा उपाध्याय, डा. अंशु शुक्ला, योगिता विश्वकर्मा, पद्मा के साथ वर्तमान छात्राओं का सहयोग रहा।

### संस्कृत मात्र हमारी संस्कृति

**वाराणसी।** बीएचयू से संबद्ध आर्य महिला पीजी कालेज के संस्कृत विभाग एवं केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय नई दिल्ली के संयुक्त तत्त्वावधान में प्राचार्या प्रो. रचना दुबे के निर्देशन में केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय द्वारा संचालित संस्कृत अध्ययन केन्द्र का उद्घाटन व पुस्तक वितरण समारोह का आयोजन शुक्रवार को किया गया। अध्यक्षीय उद्बोधन में महाविद्यालय की प्राचार्या ने कहा कि मेरी शिक्षा-दीक्षा पुणे में होने के कारण अध्ययन का माध्यम संस्कृत नहीं रहा, न ही कभी अतिरिक्त विषय के रूप में संस्कृत अध्ययन का मौका मिला, जिसके कारण अपनी सनातन संस्कृति के मूल तत्वों को समझने में कठिनाई होती है। ये सब भविष्य में महाविद्यालय की छात्राओं के साथ न हो और हमारी छात्राएं संस्कृत को जान सकें, अपने धर्म को समझ सकें, संस्कृत में आपस में वातार्लप कर सकें इसके लिए हमने यह संस्कृत अध्ययन केन्द्र खुलवाने का निर्णय लिया। मुख्यातिथि क्रम में वक्तव्य देते हुए प्रो. चन्द्रकान्ता राय ने कहा कि संस्कृत केवल एक भाषा मात्र नहीं है अपितु यह हमारी संस्कृति, हमारा धर्म, हमारा कर्म और हमारे संस्कार के रूप में है। संस्कृत केवल लौकिक भाषा नहीं है यह गीर्वाणवाणी, देववाणी, वेदवाणी के रूप में है और वैदिक ऋषियों ने इसी भाषा में मंत्रों का ध्यानयोग द्वारा दर्शनकर वेदों को आविर्भूत किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रो. बिन्दु लाहिड़ी ने कहा कि विश्व में कोई भी ऐसी भाषा अथवा विषय नहीं है, जो संस्कृत से संबद्ध न हो। इसकी महनीयता और वर्तमान स्थिति को देखते हुए आप सभी के माध्यम से यह निवेदन करना चाहती हूं कि सरकार द्वारा संस्कृत को अनिवार्य विषय के रूप में प्राथमिक स्तर से लागू करना चाहिए। यदि प्राइमरी स्तर से यह पठनीय हो जाय तो छात्रों में अनुशासन की कमी कभी नहीं होगी। अतिथियों का स्वागत भाषण विभागाध्यक्षा प्रो. जया मिश्रा ने, केन्द्र का विवरण एवं परिचय डा. पुष्पा त्रिपाठी ने, वैदिक मंगलाचरण खुशी दुबे ने लौकिक मंगलाचरण अर्पिता सिंह, अंजनी गुप्ता एवं रम्या पाण्डेय ने, संचालन राज कुमार कयाल ने व धन्यवाद ज्ञापन डा. दिब्या ने किया।





### भाषण व चित्रकारी से सड़क सुरक्षा के लिए किया जागरुक

**सेवापुरी ।** सड़क सुरक्षा अभियान के तहत छात्र-छात्राओं ने यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूकता लाने के लिए ब्लॉक संसाधन केंद्र सेवापुरी के सभागार में क्विज,भाषण व चित्रकारी की प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें सेवापुरी के सभी न्याय पंचायत स्तरीय विजेता छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। सभी विधाओं में प्रथम तीन स्थान प्राप्त सफल प्रतिभागियों को खंड शिक्षा अधिकारी संजय यादव द्वारा पुरस्कृत किया गया। भाषण में कंपोजिट विद्यालय करधना की अंकिता पटेल, क्विज में उच्च प्राथमिक विद्यालय भोरकला के ओमप्रकाश पटेल, चित्रकला व पोस्टर में कम्पोजिट विद्यालय देहली विनायक के अनुज कुमार ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। निर्णायक मंडल तथा प्रतियोगिता संपन्न कराने में अनिल मिश्र एआरपी, अशोक सिंह प्रधानाध्यापक उच्च प्राथमिक विद्यालय लालपुर, संतोष सिंह प्रधानाध्यापक कम्पोजिट विद्यालय करधना विनोद कुमार सिह कालिकाधाम का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

**कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर**

**सार्वजनिक सूचना/आपत्ति आमंत्रण**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उ0प्र0 शासन, नगर विकास अनुभाग-9, संख्या 1148/नौ-9-2024-85 ज /05 टी.सी.-1 दिनांक 04 जुलाई 2024 को अधिसूचना उत्तर प्रदेश नगर पालिका (भवन या भूमि या दोनों के वार्षिक मूल्य पर कर) नियमावली 2024 के प्रस्तर-5 में प्राविधित का प्रयोग करते हुये अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत मछलीशहर जौनपुर उक्त अधिसूचना में प्राविधानित उपबंधों के अधीन मासिक किराया दर एवं जिलाधिकारी द्वारा निर्धारित सर्किल दर के आधार पर वर्गवार/श्रेणीवार भवन/ भूमि समूह के लिये प्रति इकाई क्षेत्रफल (वर्गफुट) हेतु न्यूनतम मासिक किराया दर निर्धारित करती है। जिस भी व्यक्ति/संस्था/ गैर सरकारी संस्थान/सरकारी विभाग को निर्धारित मासिक किराया दर आपत्ति हो तो अधिसूचना के प्रस्तर-5 (ख) में विहित प्रक्रियाधीन 15 दिनों के अंदर पंजीकृत डाक/स्पीड पोस्ट/ईमेल npm.jnp 2014@rediffmail.com के माध्यम से दिनांक 19.03.2025 तक अपराह्न 05.00 बजे तक अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। आपत्तियों का निस्तारण मण्डलवार विनिश्चय किया जायेगा न कि आपत्तियों को या हितबध व्यक्तियों को व्यक्तिगत रूप से सुना जायेगा। निर्धारित न्यूनतम मासिक किराया दर के आधार पर अधिरोपित होने वाला कर (भवन एवं भूमि/प्लाट) अधिसूचना की प्रस्तर-5 (2) के अनुसूची की श्रेणी में 1,2,3 एवं 4 के अनुसार कर अधिरोपित किया जायेगा। प्रस्तर-5 (2) की वर्गवार की निर्धारित अनुसूची में वर्गीकृत प्रकृतिवार कर निर्धारण समझा जायेगा। प्राप्त आपत्ति को अधिसूचना के प्रस्तर-(ख) के अनुसार मण्डलवार दिनांक 20.03.2025 को कार्यालय नगर पंचायत मछलीशहर, जौनपुर के बैठक कक्ष में 11:00 बजे किया जायेगा।

**वार्डवार निर्धारित मासिक किराये की सामान्य दर (प्रति वर्ग फुट)**

| क्र. सं. | वार्ड सं. | मोहल्ले का नाम | 0-9 मी0 चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | | 09 से 12 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | | 12 से 24 मी0 तक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | | 24 मी0 से अधिक चौड़े मार्ग पर स्थित भवन | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | भूखण्ड | पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | भूखण्ड | पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | भुखण्ड | पक्का भवन | अन्य पक्का भवन | कच्चा भवन | भूखण्ड |
| 1 | 1 | पुराजियाई | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 2 | 2 | पुरानन्दलाल | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 3 | 3 | चौहट्टा | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 4 | 4 | कोतवाली | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 5 | 5 | कजियाना | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 6 | 6 | शादिगंज उत्तरी | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 7 | 7 | शादिगंज दक्षिणी | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 8 | 8 | पुरादोषी | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 9 | 9 | कृपाशंकर नगर | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 1.05 | 0.75 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 10 | 10 | अलवियाना | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 11 | 11 | पुरानी बाजार | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 1.05 | 0.75 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 12 | 12 | सराय | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 1.05 | 0.75 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 13 | 13 | उमराना | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 1.05 | 0.75 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.90 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 14 | 14 | खानजादा | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |
| 15 | 15 | महतवाना | 1.00 | 0.80 | 0.50 | 0.35 | 1.10 | 0.90 | 0.60 | 0.45 | 1.20 | 1.00 | 0.75 | 0.60 | 1.30 | 1.20 | 1.00 | 0.50 |

◗ अधिसूचना के प्रस्तर-5 (2) के अधीन उल्लिखित सूची के अनुसार व्यवसायिक भवन/भूमि सामान्य दर का दोगुना एवं सहकारी भवन/भूमि सामान्य दर का तीन गुना होगा।
अधिसूचना के प्रस्तर-7 के अधीन भवन/भूमि के वार्षिक मूल्य की गणना की जायेगी, वार्षिक मूल्य का 10 प्रतिशत सामान्य गृहकर 7.5 प्रतिशत जलकर तथा 2.5 प्रतिशत जलनिकास का लागू होगा।

अधिशासी अधिकरी
नगर पंचायत मछलीशहर
जौनपुर

पत्रांक 1184/स्वकर/2024-25 दिनांक 04.03.2025

प्रशासक
नगर पंचायत मछलीशहर
जौनपुर

# बोर्ड मीटिंग में नहीं पहुंचे ईओ, सभासदों का हंगामा


नपा अध्यक्ष के चेम्बर में हंगामा करते सभासद


सभासदों के साथ बैठक करते निकाय प्रभारी एवं सिटी मजिस्ट्रेट


बैठक में उपस्थित सभासद

जनसंदेश न्यूज

नोकझोंक

### नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष से हिसाब मांगने लगे सभासद

**बलिया।** विकास को लेकर शुक्रवार को नगर पालिका परिषद बलिया की बोर्ड बैठक बुलायी गई थी। इसमें शामिल होने के लिए पूर्वाह्न 11 बजे सभी सभासद पहुंच गये थे। उस समय अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार अपने चेम्बर में मौजूद थे। कुछ देर बाद अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल भी बोर्ड की मीटिंग में शामिल होने के लिए पहुंचे, लेकिन अध्यक्ष के पहुंचने से पूर्व ही अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार जा चुके थे। इसके चलते सभासदों ने अध्यक्ष के चेम्बर में हंगामा खड़ा कर दिया। सभासद अध्यक्ष से हिसाब मांगने लगे। इस सिलसिले में अधिशासी अधिकारी सुभाष कुमार से हुई बातचीत में उन्होंने बताया कि मुझे तीन मार्च को एजेंडा मिल जाना चाहिए था, लेकिन मुझे बोर्ड मीटिंग से पूर्व देर पहले एजेंडा मिला। अभी मै उसे समझ ही रहा था कि कुछ सभासदों ने हंगामा खड़ा कर दिया। सभासदों के पत्र पर मैने अध्यक्ष को यह अवगत कराया कि बजट बोर्ड बैठक बुलाने हेतु अगली तिथि एवं समय निर्धारित किया जाय। इसके बाद मै वहां से चल दिया। इधर, अध्यक्ष संत कुमार मिठाई लाल ने बताया कि बोर्ड की बैठक के लिए जिलाधिकारी से आग्रह किया गया था। उन्होंने 10 फरवरी को आवश्यक कार्यवाही हेतु आदेश किया था। सभासदों की मांग पर बोर्ड की बैठक शुक्रवार को बुलायी गई थी। अधिशासी अधिकारी बोर्ड की बैठक में नहीं पहुंचे। इसके कारण मुझे अपमानित होना पड़ा। मेरी गरिमा को ठेस पहुंचा है। उन्होंने जिलाधिकारी को पत्र लिखा है कि अधिशासी अधिकारी द्वारा बोर्ड के साथ ही आपके आदेश को नजरअंदाज किया गया है। नियमानुसार बोर्ड का सचिव होने पर ही बोर्ड एवं अध्यक्ष के प्रोटोकाल, शिष्टाचार का उल्लंघन करते हुए अपमानित करने की दृष्टि से समस्त सदस्यों एवं बोर्ड के अध्यक्ष के उपस्थिति के बाद भी अधिशासी अधिकारी उपस्थित नहीं हुए। इसके चलते विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। उन्होंने इस प्रकरण की जांच कर अधिशासी अधिकारी पर आवश्यक अनुशासनात्मक कार्यवाही करने तथा बार-बार उनके द्वारा लापरवाही एवं अमर्यादित कार्यों के कारण लगातार नगर पालिका की छवि धूमिल हो रही है। इसके नाते इनके खिलाफ कार्यवाही किया जाय।

## हंगामा के बाद डीएम से मिले सभासद

**बलिया।** नगर पालिका परिषद के सभासद डीएम प्रवीण कुमार लक्षकार के पास पहुंचे और बोर्ड की बैठक नहीं कराये जाने की शिकायत की। इस पर डीएम ने अधिशासी अधिकारी की क्लास लगायी और निकायों के प्रभारी त्रिभुवन, सिटी मजिस्ट्रेट आसाराम वर्मा, ईओ सुभाष कुमार की टीम बनाकर सभासदों के साथ नगर पालिका कार्यालय भेजा। निर्देश दिया कि सभासदों की मांग एवं समस्या को प्राथमिकता से सुना जाय। सभासदों एवं अधिकारियों की बैठक के बाद यह तय किया गया कि अगली बोर्ड की बैठक की तिथि निर्धारित की जायेगी। सभासदों ने कहा कि हमें पिछले वित्तीय वर्ष का हिसाब चाहिए। साथ ही ददरी मेला के आय-व्यय का ब्योरा चाहिए।

# नये एसडीएम ने ग्रहण किया कार्यभार


सुनील कुमार

**सिकंदरपुर।** तहसील में नए एसडीएम के रूप में सुनील कुमार ने पदभार ग्रहण कर लिया है। यह नियुक्ति जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार द्वारा की गई है, जो पूर्व एसडीएम रवि कुमार के बेल्थरारोड न्यायिक में स्थानांतरण के बाद की गई है। पदभार ग्रहण करने के बाद एसडीएम सुनील कुमार ने तहसील के सभी कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने शासन की नीतियों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने का निर्देश दिया। मीडिया से बातचीत में उन्होंने स्पष्ट किया कि उनकी पहली प्राथमिकता जनता की समस्याओं का समाधान करना होगी। घोषणा की है कि वे प्रतिदिन सुबह 10 से दोपहर 12 बजे तक जनता दर्शन में फरियादियों की समस्याएं सुनेंगे। उन्होंने बार और बेंच के साथ सामंजस्य स्थापित कर काम करने की बात कही है। सिकंदरपुर तहसील की समस्याओं के समाधान में वे अधिवक्ताओं, पत्रकारों और स्थानीय लोगों का सहयोग लेंगे। सुनील कुमार 2022 बैच के पीसीएस अधिकारी हैं। इससे पहले वे अंबेडकर नगर व बलिया जनपद के बैरिया तहसील में एसडीएम के पद पर कार्यरत रह चुके हैं।

# आपसी भाईचारा के साथ त्योहार मनाने की अपील

बैठक

### एसडीएम व सीओ ने की शांति समिति की बैठक


पुलिस चौकी में शांति समिति की बैठक करते एसडीएम एवं सीओ

**बेल्थरारोड।** जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर होली एवं रमजान को लेकर एसडीएम निशांत उपाध्याय एवं पुलिस क्षेत्राधिकारी रसड़ा आशीष मिश्रा की उपस्थिति में शान्ति सुरक्षा समिति आवश्यक बैठक शुक्रवार को पुलिस चौकी सीयर के परिसर में हुई। अधिकारियों ने कहा कि साल में एक बार रंगों का पर्व होली आता है। इसे हम उत्साह के साथ मनाकर आनन्द की अनुभूति करते हैं। होली और रमजान में आपसी भाईचारा और सांप्रदायिक सौहार्द पूर्ण वातावरण में मनाने की अपील किया। कहा कि रमजान माह में मुस्लिम समुदाय के लोगों का रोजा भी चल रहा है। शुक्रवार को होली का दिन पड़ रहा है। मुस्लिम समुदाय के लोगों को दोपहर में नमाज भी अदा करनी है। इस बात पर सहमति बन गयी कि हम एक-दूसरे का सहयोग करते हुए नमाज सकुशल सम्पन्न होने के लिए रंग खेलने का कार्य 12 बजे दिन में समाप्त हो जायेगा। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे मौके पर सतर्क रहने की जरुरत है। यदि कोई अनाश्यक विवाद पैदा करता है तो उसकी सूचना तत्काल पुलिस को दी जाय। शराब की दुकानें पुरी तरह बन्द रहेगी। जान बूझकर विवाद करने या किसी हिन्दू समुदाय की तरफ से किसी मुस्लिम पर रंग न डालने का सुझाव दिया गया। नगर के वार्ड नंबर 09 तथा 10 में रास्ते में पिछली बैठक में केविल हटाने की समस्या का समाधान न होने की जानकारी दी गयी। वार्ड नम्बर 10 में नाली सफाई न किये जाने को लेकर कहा गया कि बार-बार शिकायत करने के बाद भी इस समस्या का समाधान नही हो पा रहा है। इन समस्याओं के त्वरित निवारण का अधिकारियों ने भरोसा दिया। होलिका दहन में कोई भूमि विवाद न होने की बात सभी ने स्वीकारी। होली जुलूस निकालने के दौरान सुरक्षा व्यवस्था की मांग उठी। सुझाव के अनुसार शांति पूर्ण तरीके से पर्व मनाये जाने को लेकर दोनों समुदाय के लोगों ने भरोसा दिया। उभांव थाने के प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र प्रसाद सिंह ने अनावश्यक विवाद के बारे में मोबाईल फोन से सूचित करने का सुझाव दिया। कहा कि जाने-अनजाने में किसी ने रंग डाल दिया तो पर्व के नाते उसे नजरअंदाज कर देना ही उचित होगा। इस मौके पर थानाध्यक्ष नगरा कौशल पाठक, थानाध्यक्ष भीमपुरा मदन पटेल, बिक्रम सोनकर, आलोक कुमार, प्रधान कमलेश सिंह, प्रधान जयप्रकाश वर्मा, सभासद सद्दाम, सभासद नीलेश दीपू, सभासद दानिश अफताब, आतिफ जमील, धनु सोनी, लड्डू बाबा आदि उपस्थित रहे। बैठक का आयोजन पुलिस चौकी प्रभारी बांक बहादुर सिंह ने किया था।

# मनियर में प्रभारी के भरोसे चल रहे सभी विभाग

यह है हाल

### एक समय में एक ही स्थान पर कार्य कर पायेंगे अतिरिक्त प्रभार वाले अधिकारी

**मनियर।** मनियर की भौगोलिक स्थिति देखने पर पता चलता है कि यह बिहार प्रांत के सिवान जिले के बार्डर से सटा है तथा इसका विभाजन सरयू नदी करती हैं। मनियर ही वह क्षेत्र है, जहां से कभी जिले की राजनीति तय हुआ करती थीं। मनियर के निर्भय नारायण सिंह उर्फ लाल बाबू कांग्रेस सरकार में मंत्री हुआ करते थे, तब मनियर की एक अलग ही पहचान हुआ करती थी। चंद्रशेखर जब भारत के प्रधानमंत्री थे, तब उन्होंने अपना प्रतिनिधि मनियर से बनाया था। ऐसे तमाम मौके मनियर को अपनी उपस्थिति देश-प्रदेश में दर्ज कराने को मिली। बावजूद इसके मनियर विकास में पीछे है। मनियर स्वयं में एक नगर पंचायत है तथा यहां ब्लाक, थाना, डाकघर, विद्युत उपखंड, खंड शिक्षा कार्यालय, पीएचसी तथा सीएचसी हैं। क्षेत्र को विकास की गति देने के लिए ये सभी संस्थाएं या कार्यालय महत्वपूर्ण होते हैं, परंतु ये मनियर का दुर्भाग्य ही है कि मनियर आज तक विकास की उस सीमा तक नहीं पहुंच पाया है, जहां इसे होना चाहिए। मनियर के बाद शुरू बाजार तथा चट्टिया आज मनियर को मुंह चिढ़ाते है। इसके कई कारण हैं। मनियर नगर पंचायत में पिछले दो कार्यकाल से कोई भी अध्यक्ष अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पा रहा है। इसकी वजह से विकास की सारी योजनाएं ठप पड़ी हुई है। रही सही कसर यहां के अधिशासी अधिकारी संदीप सिंह पूरा कर दे रहे है। क्योंकि ये नगर पंचायत बांसडीह के अधिशासी अधिकारी है और इनको नगर पंचायत मनियर का अतिरिक्तप्रभार मिला हुआ हैं। किसी भी विषय पर बात करने पर वह बिफर पड़ते हैं। इसी प्रकार प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना बलिया में पोस्टेड जूनियर इंजीनियर को मनियर नगर पंचायत में अतिरिक्तप्रभार मिला हैं। मनियर थाना भी प्रभार पर ही चल रहा है। मनियर ब्लाक में खंड विकास अधिकारी विनोद कुमार बिंद है, जो कि नवानगर में पोस्टेड है, परंतु उसके साथ ही मनियर ब्लाक का प्रभार संभाल रहे हैं। मनियर सीएचसी पर कोई भी डाक्टर तैनात नहीं है, जिसकी वजह से वहां इमरजेंसी की कोई व्यवस्था नहीं हैं। डाक्टर न होने की वजह से कोई भी मरीज वहां अपना इलाज कराने नहीं जाता हैं। मनियर सीएचसी को चालू कराने के बाबत कई बार पत्र लिखा गया, पर अभी तक वो सुचारु रूप से चालू नहीं हो पाया हैं। एक बार बांसडीह विधानसभा में आए सूबे के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा था कि मनियर सीएचसी शीघ्र ही चालू हो जाएगा, परंतु उनका बयान भी मिथ्या निकला। ये मनियर का दुर्भाग्य नहीं तो और क्या है? मनियर पीएचसी पर तैनात डा. दिग्विजय सिंह एनेस्थीसिया के डाक्टर हैं और उनकी तैनाती सिकंदरपुर में हैं। उनके पास प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र मनियर का अतिरिक्त प्रभार हैं। प्रभार के इन वजहों से मनियर का हाल बेहाल हो गया हैं। क्योंकि अतिरिक्त प्रभार वाले अधिकारी एक समय में एक ही स्थान पर कार्य कर पाएंगे। शासन सत्ता में बैठे अथवा बैठने की चाहत रखने वाले लोग जनता के प्रति उदासीन हो चुके है, जिसका प्रभाव धरातल पर देखने को मिल रहा हैं। मनियर और क्षेत्र के जनप्रतिनिधि भी इतने उदासीन हो गए है कि वो भी सिर्फ चुनाव का इंतजार करते है। जैसे ही चुनाव निकट आते है, वो प्रकट हो जाते हैं। मनियर में लगभग सभी विभागों के अधिकारी प्रभार पर ही चल रहे हैं। हर विभाग में प्रभार के दो ही कारण हो सकते हैं। या तो सरकार अधिकारियों की तैनाती करना ही नहीं चाहती अथवा सूबे में अधिकारियों की भारी कमी है।

# 22.80 करोड़ से होगा सीएम मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण

पहल

### एक ही परिसर में होगी प्री-प्राइमरी से कक्षा 12वीं तक की पढ़ाई

**बलिया।** नगरा ब्लाक के तुर्की में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय का निर्माण जल्द शुरू होगा। इसके लिए शासन में 22.80 करोड़ की डीपीआर को स्वीकृति दी है। पहली किस्त में 11.40 करोड़ जारी कर दिए गये हैं। उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। लगभग पांच एकड़ में इस स्कूल का निर्माण होगा। एक ही परिसर में प्री-प्राइमरी से कक्षा 12 तक की पढ़ाई होगी। यहां डिजिटल एजुकेशन प्लेटफार्म एवं डिजिटल लर्निंग के आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। यह स्कूल ई-लाइब्रेरी, ई-लैब, आईसीटी लैब से लैस होगा। खेल का मैदान भी बनेगा। 1200 विद्यार्थियों की क्षमता वाले 30 कमरे बनाए जाएंगे। नगरा ब्लाक के कसौंदर कंपोजिट विद्यालय को मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय और तुर्की को मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के लिए चयनित किया गया था। मुख्यमंत्री मॉडल विद्यालय के लिए पहले ही लगभग पौने दो करोड़ की परियोजना स्वीकृत की गई थी। अब तुर्की को मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय के लिए शासन की ओर से 22.80 करोड़ की डीपीआर को स्वीकृति दी गई है। सह शैक्षिक गतिविधियों के लिए मल्टीपल हाल की व्यवस्था की जाएगी। विद्यालय के संचालन को प्रभावी बनाने के लिए प्रधानाचार्य और स्टाफ को आवास की सुविधा भी दी जाएगी। बच्चों के रहने के लिए भी हास्टल बनेगा।

# शवयात्रा में शामिल हुए सैकड़ों लोग


तुर्तीपार घाट पर मौजूद लोग

**बेल्थरारोड।** सीयर ब्लॉक के प्रमुख आलोक सिंह की माता एवं पूर्व प्रधान शिवकुमारी देवी की शव यात्रा उनके निवास स्थान मुजौना से शुक्रवार को तुर्तीपार श्मशान घाट के लिए निकाली गयी। इसमें सैकड़ों लोग शामिल हुए। मुखाग्नि उनके द्वितीय पुत्र अनूप कुमार सिंह ने दी। मृतका के पति पूर्व प्रधान धर्मजीत सिंह भी मौजूद रहे। ज्ञातब्य है कि पूर्व प्रधान शिवकुमारी देवी (74) का गुरुवार की देर शाम निधन हो गया। लखनऊ के राममनोहर लोहिया अस्पताल में चल रहे इलाज के लगभग दो माह बाद उन्होंने अंतिम सांस ली। शव यात्रा में डा. राकेश सिंह, आद्याशंकर यादव, जिला पंचायत सदस्य दिनेश यादव, जिला पंचायत सदस्य जनार्दन सिंह यादव, रुद्र प्रताप यादव, रवि शंकर सिंह पप्पू, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय अंचल, विनय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार मंटू, विजय यादव, आनन्द सिंह छोटू, सोनू सिंह, दीपक सिंह, विनोद कुमार पप्पू, अमन बरनवाल, बीनू सर्राफ, प्रधान प्रतिनिधि बीरेन्द्र यादव, प्रधान प्रतिनिधि लाल बहादुर भारती, पूर्व प्रधान संजय यादव, शाहिद भाई, अंगद, रामाश्रय यादव फाइटर, विनोद सहारा, सुरेंद्र, अमलेश, मृत्युंजय राय, आनंद, डॉ. रमाशंकर, डा. दयानंद, सोनू यादव, सत्यप्रकाश उपाध्याय एडवोकेट, आबिद भाई, इरफान अहमद आदि मौजूद रहे।

## संत रविदास प्रतिमा क्षतिग्रस्त किये जाने से आक्रोश

**सिकंदरपुर।** पकड़ी थाना क्षेत्र के उससा गांव में स्थापित संत रविदास की प्रतिमा को गुरुवार की रात अराजक तत्वों ने क्षतिग्रस्त कर दिया। शुक्रवार की सुबह जब लोगों की नजर क्षतिग्रस्त प्रतिमा पर पड़ी तो लोगों में आक्रोश फैल गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आक्रोशित लोगों को समझा- बुझाकर शीघ्र ही प्रतिमा को क्षतिग्रस्त करने वालो को गिरफ्तार करने तथा नई प्रतिमा लगवाने के आश्वासन दिया, तब जाकर लोगों का आक्रोश शांत हुआ। बताया जाता है कि उससा गांव की चट्टी पर वर्षों से संत रविदास की प्रतिमा स्थापित है। यहां उनके अनुयायियों द्वारा पूजन अर्चन किया जाता रहा है। गुरुवार की देर रात अराजक तत्वों द्वारा प्रतिमा के हाथ एवं सिर को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। इसकी जानकारी शुक्रवार की सुबह होने पर आस-पास के लोगों में आक्रोश फैल गया। जानकारी पर पहुंचे प्रभारी निरीक्षक लालमणि सरोज ने आक्रोशित लोगों को समझाया। उन्होंने जन सहयोग तथा पुलिस के सहयोग से नई प्रतिमा लगाने की बात कही। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि नई प्रतिमा मंगाई गई है। ग्रामीणों की ओर से अच्छेलाल राम एवं अन्य द्वारा तहरीर दी गई है। जल्द प्रतिमा को तोड़ने वाले अराजक तत्वों को गिरफ्तार लिया जायेगा।

# बैरिया को छोड़ शेष पांच तहसीलों की गिरी रैंकिंग

लेखा-जोखा

### आईजीआरएस निस्तारण में जनवरी में जिला अव्वल

**बलिया।** आईजीआरएस निस्तारण में जनवरी में जिला अव्वल रहा, लेकिन तहसीलों की स्थिति बेहतर नहीं है। राजस्व मामलों के त्वरित निस्तारण के मामले में सिकंदरपुर, बेल्थरारोड और रसड़ा तहसील मानक पर खरी नहीं उतर रही। यही नहीं, राजस्व परिषद की फरवरी माह की रिपोर्ट के अनुसार जिले की छह तहसीलों में से बैरिया को छोड़कर शेष तहसीलों की रैंकिंग पिछले माह की तुलना में गिरी है। परिषद द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक बलिया सदर तहसील ने प्रतिमाह वाद निस्तारण मानक 720 के सापेक्ष 1599 मुकदमों को निस्तारित कर जिले में पहला और ओवरआल 26वां स्थान प्राप्त किया है। हालांकि जनवरी माह में मानक का 481.11 प्रतिशत वाद निस्तारित कर बलिया सदर तहसील प्रदेश में सातवें स्थान पर था। बैरिया तहसील में पिछले महीने की तुलना में 2.17 प्रतिशत अधिक मामले निस्तारित कर अपनी रैंकिंग में 54 अंकों का सुधार किया है। फरवरी में निस्तारण मानक 460 के मुकाबले 113. 26 प्रतिशत यानी 521 मामले निस्तारित कर जिले में दूसरा और प्रदेश में 164 स्थान हासिल किया है। यहां उप जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा महज 55 प्रतिशत मामले ही निस्तारित किए गए हैं, जबकि जनवरी में 111.09 प्रतिशत मामले निस्तारित कर जनपद में पांचवें और ओवरआल 218वें स्थान पर थी। वही, बांसडीह तहसील ने निर्धारित मानक 620 की तुलना में फरवरी माह में 661 वाद निस्तारित किए, जो मानक का 106. 61 प्रतिशत है। जनवरी में इस तहसील ने 144.52 प्रतिशत मामले निपटाकर ओवरआल 135वीं रैंकिंग हासिल की थी। फरवारी में रैंकिंग में 49 पायदान की गिरावट आयी है। इधर, बीते माह की तुलना में सिकंदरपुर तहसील की रैंकिंग में 31 और बेल्थरारोड की रैंकिंग में 111 स्थान की गिरावट आई है। सिकंदरपुर तहसील ने फरवरी में निस्तारण मानक 620 के सापेक्ष 611 मामले निस्तारित किये, जो मानक का 98. 55 प्रतिशत है। यही कारण है कि सिकंदरपुर तहसील फरवरी माह में प्रदेश में 209वें स्थान पर पहुंच गई। उप जिलाधिकारी न्यायिक द्वारा महज 12 प्रतिशत वाद निस्तारण किया जाना रैंकिंग में गिरावट की प्रमुख वजह है। बेल्थरारोड तहसील निर्धारित मानक 460 का 96.02 प्रतिशत यानी 442 वाद निस्तारित कर प्रदेश में 216वां स्थान पर पहुंच गई है, जबकि जनवरी माह में बेल्थरारोड की ओवरआल रैंकिंग 105 थी। उप जिलाधिकारी न्यायिक और नायब तहसीलदार सीयर द्वारा क्रमशः 64 और 56 प्रतिशत मामले निस्तारित किए जाने के कारण रैंकिंग गिरी है। रसड़ा तहसील ने पिछले महीने की तुलना में दो पायदान ऊपर जरूर चलांग लगाई है, लेकिन यहां संचालित छह न्यायालयों के लिए निर्धारित मानक 620 के सापेक्ष महज 561 मामले निस्तारित किये जा सके। जनवरी में यहां मानक के सापेक्ष 105. 65 प्रतिशत वादों का निस्तारण किया गया था। उप जिलाधिकारी न्यायिक ने 56 प्रतिशत और तहसीलदार कोर्ट द्वारा 67.50 प्रतिशत मामले निस्तारित किये गये। इसकी वजह से प्रदेश में 230वां स्थान प्राप्त हुआ। इस संबंध में एडीएम अनिल कुमार ने बताया कि तहसीलों को वाद निस्तारण करने के निर्देश दिए गए हैं। इसकी समीक्षा की जा रही है।

## संक्षेप

### मदर टेरेसा व कल्पना चावला इकाई ने निकाली रैली




**रसड़ा।** श्रीमती फुलेहरा स्मारक महिला पीजी कालेज कमतैला, रसड़ा में शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की मदर टेरेसा और कल्पना चावला इकाई द्वारा एक दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की छात्राओं द्वारा जन जागरण रैली निकाली गई। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई द्वारा चयनित ग्राम महाराजपुर में पर्यावरण जागरूकता अभियान चलाया गया। धरा को हरा-भरा रखने एवं ग्लोबल वार्मिंग से बचने के लिए स्वयंसेविकाओं द्वारा पर्यावरण बचाओ-भविष्य बचाओ जागरूकता रैली भी निकाली गई। स्वयंसेविकाएं घर-घर जाकर लोगों को प्लास्टिक के प्रयोग से दूर रहने, कूड़ा करकट निर्धारित स्थान पर रखने, कूड़ा नहीं जलाने, अत्यधिक पेड़ लगाने, ऊर्जा की खपत कम करने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. अखिलेश कुमार यादव ने कहा कि पर्यावरण असंतुलित होता जा रहा है। पर्यावरण संरक्षण में सबकी अहम भूमिका है। सभी को प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करना चाहिए। जागरूकता अभियान में सीता कुमारी, अनुष्का गोंड, आंचल सिंह, डिंपल, गुंजन, रोली समेत 85 स्वयंसेविकाएं उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना की द्वितीय इकाई द्वारा चयनित ग्राम नरला में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। स्वयंसेविकाओं ने गांव के नागरिकों को मताधिकार के महत्व के बारे में बताया। स्वयंसेविकाओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रवि कुमार यादव ने कहा कि देश तरक्की तभी करेगा, जब हर कोई वोट करेगा। लोकतंत्र में मताधिकार का अधिकार है। सभी को अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए। रैली में गोल्डी, ज्योति राजभर, ज्योति कुशवाहा, किरण सहित 81 स्वयंसेविकाएं उपस्थित रही।

### पुलिस ने फ्लैग मार्च कर लोगों से किया संवाद



**बैरिया।** रमजान माह के जुमे के दिन होली पड़ने से पुलिस सावधान मुद्रा में आ गई है। शुक्रवार की शाम पुलिस ने बैरिया से रानीगंज, कोटवा होते हुए सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन तक अपर पुलिस अधीक्षक कृपा शंकर के नेतृत्व में फ्लैग मार्च किया और लोगों से आग्रह किया कि सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली का त्योहार मनाए। वही, जुमे का नमाज भी शांतिपूर्ण तरीके से अता करे। साथ ही चेताया कि शरारती तत्वों से सख्ती से निपटा जाएगा। जिसने भी होली व रमजान के जुम्मे के त्यौहार में खलल डालने की कोशिश की, उसके खिलाफ कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। फ्लैग मार्च में क्षेत्राधिकारी फहीम कुरैशी, प्रभारी निरीक्षक बैरिया राकेश कुमार सिंह के अलावा सभी उप निरीक्षक, चौकियों के इंचार्ज, पीएसी के जवान मौजूद रहे। इस दौरानपर रास्ते में लोगों को रोक-रोककर पुलिस अधिकारियों ने संवाद किया।

### सड़क हादसे में भतीजा की मौत, चाचा गंभीर

**बलिया।** बलिया-रसड़ा राजधानी मार्ग पर स्थित देवस्थली स्कूल संवरा के समीप गुरुवार की देर रात को मांगलिक कार्यक्रम से लौटते समय बाइक सवार चाचा-भतीजा को अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। इससे बाइक सवार चाचा-भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों ने दोनो को सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत भतीजा शिवम को मृत घोषित कर दिया। गड़वार कस्बा निवासी शिवम गुप्ता (16) पुत्र संतोष गुप्ता अपने चाचा भरत गुप्ता के साथ गुरुवार को बाइक द्वारा रसड़ा कोतवाली क्षेत्र के माधोपुर गांव स्थित अपनी रिश्तेदारी में आयोजित मांगलिक कार्यक्रम में निमंत्रण पर गये थे। वहां से देर रात वापस लौटते समय रसड़ा-बलिया मार्ग पर देवस्थली स्कूल संवरा के समीप पीछे से किसी अज्ञात वाहन ने जोरदार धक्का मार दिया। इससे बाइक चला रहे चाचा भरत एवं पीछे बैठा भतीजा शिवम गंभीर रूप से घायल हो गये। आस-पास के लोगों ने घायलों को सीएचसी रसड़ा पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने जांचोपरांत शिवम को मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। इस घटना से परिवार में कोहराम मचा है। पूरे गांव में मातम पसर गया है। मृतक शिवम चार भाई एवं एक बहन में तीसरे नम्बर का था।

### पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को धर दबोचा

**बलिया।** कोतवाली पुलिस ने दो वारंटी अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिये चलाये जा रहे अभियान में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी कृपा शंकर के कुशल पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी नगर श्यामकान्त के कुशल नेतृत्व में कोतवाली पुलिस टीम को सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को कोतवाली पुलिस वारण्टी प्रभावती देवी एवं कृष्णा सिंह की तलाश में मामूर थे कि मुखबिर खास से सूचना मिली कि आपको जिस वारण्टी की तलाश है, वह इस समय घर पर ही है। यदि जल्दी की जाय तो पकडा जा सकता है। इस सूचना पर पुलिस ने वारण्टी कृष्णा सिंह पुत्र मजीत सिंह एवं प्रभावती देवी पत्नी मंजीत सिंह निवासीगण कृष्णानगर, जापलिनगंज, थाना कोतवाली बलिया को उनके घर से पकड लिया। पुलिस टीम में उनि आदर्श श्रीवास्तव, हेकां. दिलीप सिंह, कां. सुभाष चन्द्र, मकां. सुषमा यादव शामिल रहे।

### पुलिस ने वारंटी को किया गिरफ्तार

**बलिया।** सिकंदरपुर पुलिस ने एक वारंटी को गिरफ्तार कर उसके न्यायालय के समक्ष पेश किया है। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह के कुशल निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार झा के पर्यवेक्षण व क्षेत्राधिकारी सिकन्दरपुर गौरव शर्मा के कुशल नेतृत्व में सिकन्दरपुर पुलिस टीम को सफलता मिली है। उल्लेखनीय है कि शुक्रवार को सिकंदरपुर पुलिस धारा 323, 504 भादवि सरकार बनाम सुनील वर्मा एनबीडब्लू में ग्राम न्यायालय सिकन्दरपुर द्वारा जारी एनबीडब्लू के आदेश से सम्बन्धित वारंटी के घर ग्राम बस्ती बुजुर्ग से दबिश देकर वारंटी अनिल वर्मा पुत्र स्व. रमाकान्त वर्मा निवासी बस्ती बुजुर्ग, थाना सिकन्दरपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। पुलिस टीम में उनि प्रमोद कुमार, कां. विरेन्द्र सोनकर शामिल रहे।

### होली के दिन अस्पतालों में मुस्तैद रहेंगे चिकित्सक

**बैरिया।** होली के दिन सरकारी अस्पतालों पर 24 घंटे स्वास्थ्य सेवाएं चालू रहेंगी। इस दौरान चिकित्सक अस्पतालों में मुस्तैद रहेंगे। विशेष कर क्षेत्र के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनबरसा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवानी, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जयप्रकाशनगर एवं संयुक्त राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा में फिजिशियन, सर्जन और नेत्र चिकित्सक के साथ-साथ पैरामेडिकल कर्मचारी एवं अन्य स्वास्थ्य कर्मियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। संयुक्त राजकीय चिकित्सालय सोनबरसा के सीएमएस डा. आरके सिंह ने बताया कि शासन की तरफ से इस आशय का निर्देश प्राप्त हुआ है। इसके क्रम में स्वास्थ्य विभाग के आला अधिकारियों ने सीएमओ, समस्त सीएमएस एवं अधीक्षकों को निर्देश जारी कर दिए हैं।

### पुलिस ने इलाके की ड्रोन से करायी वीडियोग्राफी

**बैरिया।** होली और रमजान के जुमा के दिन के लिए शासन ने फरमान जारी किया है कि हर इलाके की ड्रोन से वीडियोग्राफी होगी। इसी क्रम में शांतिपूर्ण तरीके से होली का त्यौहार मनाने के उद्देश्य से योगी सरकार के आदेश के क्रम में पुलिस प्रशासन ने कमर कस ली है। एक तरफ जहां थानों में शांति समिति की बैठक हो रही हैं, वही दूसरी तरफ पुलिस फ्लैग मार्च के अलावा बाजारों, कस्बों, गांवों का ड्रोन से वीडियोग्राफी करा रही है कि होली में खलल डालने के लिए शरारती तत्वों ने छतों पर ईंट-पत्थर के टुकड़े, कांच की बोतल आदि तो जमा नही कर रखा है। इसी क्रम में शुक्रवार को बैरिया, रानीगंज, मधुबनी, कोटवा, चांदपुर सहित कई गांवों का ड्रोन से वीडियोग्राफी कराया गया। इस बाबत प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार सिंह ने बताया कि होली के दिन लोग हंसते खेलते सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में होली मनाए। इसके लिए प्रशासन अपनी तरफ से पूरी व्यवस्था देगी कि कहीं भी कोई अप्रिय घटना ना हो। शरारती तत्वों के खिलाफ कठोरतम कार्यवाही की जाएगी।

### सड़क हादसे में साइकिल सवार मजदूर की मौत

**बलिया।** काम करके घर लौट रहे साइकिल सवार मजदूर की सड़क दुघर्टना में मौत हो गयी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया। बताया जाता है कि नगरा थाना क्षेत्र के सरयां गुलाब राय निवासी उमेश चन्द्र गोंड (40) पुत्र चन्द्रिका गोंड क्षेत्र के एक राइस मिल में काम करके साइकिल से अपने घर जा रहा था। बृहस्पतिवार की रात्रि 7.30 बजे करीब अभी वह सिकन्दरपुर मार्ग स्थित ब्रह्म स्थान तक पहुंचा था कि किसी अज्ञात वाहन से टकराकर गम्भीर रुप से घायल होकर सड़क पर गिर गया। आस-पास के लोगों के पहुंचने से पहले उसने दम तोड़ दिया।

# महिलाओं के उत्थान और सुरक्षा के लिए हर नारी को करना होगा जागरूक

**जिलाधिकारी**

### अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को किया सम्मानित



**मऊ।** जिलाधिकारी प्रवीण मिश्र की अध्यक्षता में शुक्रवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजनांतर्गत एक दिन नारी के नाम पुरुषों द्वारा महिलाओं को सम्मान एवं शक्ति संवाद का आयोजन कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं को जिलाधिकारी द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिसमें महिला कल्याण विभाग से विनीत पाण्डेय, कंचन तिवारी, अनीता सिंह, रेनू पाण्डेय, चंदा साहनी, संध्या सिंह, अनीता चैरसिया, मीरा यादव, शिक्षा विभाग की अनीता, आभा त्रिपाठी, पूजा पाण्डेय, महिला पुलिस मंजू सिंह, पूनम, सुधा सिंह एवं कुसुम लता, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता गीता तिवारी, मंजू यादव, चंद्रावती भारती, विमला देवी, गीता तिवारी एवं गीता पाण्डेय, आशा कार्यकर्ती रेनू सिंह, विमला देवी, महिला अधिवक्ता हुमा रिजवी एवं शीला पाण्डेय, पूजा राय आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि हर वर्ष दुनिया भर में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के तौर पर मनाया जाता है। यह दिन महिलाओं की उपलब्धियों को सलाम करने का दिन है। इस दिन को महिलाओं की आर्थिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक सहित तमाम उपलब्धियों के उत्सव के तौर पर मनाया जाता है। साथ ही उन्हें यह एहसास कराया जाता है, कि वह हमारे लिए कितनी खास है। महिला दिवस पर उन स्त्रियों के साहस को सम्मानित करना चाहिए जो हमारे इर्द-गिर्द रहती हैं और अपने-अपने तरीके से रोजाना संघर्ष करके स्थितियां बदल रही हैं। उन्होंने बताया कि महिलाएं समाज के हर क्षेत्र में कार्य कर रही हैं यहां तक की आर्मी, नेवी और इंडियन एयर फोर्स की हर ब्रांच में महिलाओं की तैनाती हो रही है। उसी तरह देश व दुनिया का रथ भी नर-नारी दोनों के सहयोग से ही चल सकेगा। उन्होंने बताया कि यह डगर कठिन जरूर है, लेकिन जिस तरह के प्रयास हो रहे हैं उससे सफलता दूर नहीं। मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर ने महिलाओं को संबोधित करते हुए कहा कि महिलाओं का समाज में बहुत बड़ा योगदान है, उन्होंने कहा कि समाज का आप हमेशा सहयोग करती रही हैं। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी डॉक्टर श्वेता त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी अनुज कुमार सहित महिला कल्याण विभाग के समस्त कर्मचारी तथा विभिन्न क्षेत्रों से उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाएं उपस्थित रहीं।

# तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी में मारी टक्कर, रिटायर्ड रेलकर्मी की मौत



**मऊ।** घोसी कोतवाली क्षेत्र के सोनाडीह के पास फोरलेन पर शुक्रवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। तेज रफ्तार गिट्टी लदे ट्रेलर ने स्कूटी में टक्कर मार दी। हादसे में स्कूटी सवार रिटायर्ड रेलकर्मी रामबदन चैहान 60 वर्षीय की मौके पर ही मौत हो गई। अमिला के चैहानपूरा निवासी रामबदन शुक्रवार की सुबह मधुबन क्षेत्र से एक शादी समारोह से लौट रहे थे। उनके परिवार के दो सदस्य भी दूसरी बाइक से साथ आ रहे थे। सोनाडीह के पास फोरलेन पर बने कट से स्कूटी अमिला सर्विस लेन की तरफ मुड़ रही थी। इसी दौरान घोसी की तरफ से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने स्कूटी को टक्कर मार दी। टक्कर के बाद हेलमेट पहने रामबदन फोरलेन पर गिर गए। ट्रेलर का पिछला टायर उनकी कमर से होते हुए सर तक चढ़ गया। हादसे में उनका सर बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेलर चालक वाहन को घटनास्थल पर छोड़कर फरार हो गया। सूचना मिलते ही मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और ट्रेलर को अपने कब्जे में ले लिया। मृतक की दो बेटियां माया और रीना हैं, जिनकी शादी हो चुकी है। मृतक मूल रूप से कुड़हनी गांव के रहने वाले थे और वर्तमान में अमिला के चैहानपूरा में रहते थे। मृतक की पत्नी श्यामदुलारी ने अज्ञात चालक के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है।

# कृषकों ने सीखा फसलों में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन की तकनीक

**मऊ।** राष्ट्रीय बीज विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान कुशमौर में 03 से 07 मार्च 2025 तक चले पांच दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन समारोह शुक्रवार को आयोजित किया गया। निदेशक डॉ संजय कुमार के मार्गदर्शन में चला यह कार्यक्रम कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण किशनगंज बिहार द्वारा प्रायोजित था।

कार्यक्रम के समन्वयक संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने किसानों को फसलों में गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन के तकनीकियों को प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया। इस कार्यक्रम में किसानों ने संस्थान में चले गुणवत्तायुक्त बीज उत्पादन के विभिन्न तकिनिकियों पर प्रशिक्षण प्राप्त किया। साथ ही ऑनलाइन माध्यम से जुड़े नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अवनी कुमार सिंह ने सब्जी उत्पादन तकनीक पर तथा डॉ राजीव कुमार सिंह ने एकीकृत खेती प्रारूप पर, झाँसी से प्रधान वैज्ञानिक डॉ विजय कुमार यादव ने चारा बीज उत्पादन पर तथा नई दिल्ली के प्रधान वैज्ञानिक डॉ मार्कंडेय सिंह ने फूलों की खेती पर किसानों से चर्चा की। कार्यक्रम के समापन समारोह में किसानों से प्रशिक्षण के विषय में प्रतिक्रिया ली गई। कृषकों को सफलतापूर्वक प्रशिक्षण पूर्ण करने के लिए प्रमाण पत्र एवं शॉल प्रदान कर सम्मानित किया गया। संस्थान के प्रधान वैज्ञानिक डॉ अंजनी कुमार सिंह ने वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ कल्याणी कुमारी तथा वैज्ञानिक डॉ आलोक कुमार के साथ मिलकर प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफलतापूर्वक समन्वयन किया।

वरिष्ठ तकनीशियन सुश्री निशा द्वारा धन्यवाद ज्ञापन देकर कार्यक्रम की समाप्ति हुई। संस्थान के वैज्ञानिक, अधिकारी व कर्मचारी गण कार्यक्रम में उपस्थित रहे।

# सीएम अभ्युदय कंपोजिट विद्यालय का होगा निर्माण

**बैठक**

### सात एकड़ में 2470.84 लाख से बनेगा मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय



**मऊ।** मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर की अध्यक्षता में शुक्रवार को मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के निर्माण हेतु जनपद स्तरीय टीम के साथ विकास भवन के सभागार में बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष उपाध्याय ने बताया कि मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय योजना के अंतर्गत जनपद में एक मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय प्री प्राइमरी से कक्षा 12 तक के रूप में विकसित किया जाएगा।

मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय में नई शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप एवं समग्र शिक्षा में निहित प्रावधानों के अनुरूप एक नवीन एवं उन्नत विद्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। जहां विज्ञान, गणित, वाणिज्य एवं कला वर्ग की विषयवार कक्षा 1 से 12 तक की पृथक-पृथक कक्षाओं का संचालन आधुनिक अवस्थापना सुविधा एवं शैक्षणिक संसाधनों के साथ किया जाएगा। मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय में लगभग 1500 छात्र-छात्राओं के लिए 30 कक्षाओं से युक्त विद्यालय भवन का निर्माण किया जाएगा। उक्त विद्यालय में प्रधानाध्यापक, अध्यापकों तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों के लिए पृथक आवासीय व्यवस्था विद्यालय प्रांगण में ही की जाएगी। उन्होंने बताया कि जनपद के शिक्षा क्षेत्र फतेहपुर मण्डाव मण्डाव अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय कमल सागर के समीप ग्राम पंचायत बस्ती वरसी में मुख्यमंत्री मॉडल कंपोजिट विद्यालय प्री प्राइमरी से कक्षा 12 के रूप में विकसित किए जाने हेतु विद्यालय स्थल लगभग 7 एकड़ भूमि जिसकी निर्माण लागत रुपया 2470.84 लाख से कराई जाएगी। इसके अलावा उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय प्री प्राइमरी से कक्षा आठ तक के रूप में जनपद के शिक्षा क्षेत्र रानीपुर के कंपोजिट विद्यालय पलिया को मुख्यमंत्री अभ्युदय विद्यालय के रूप में उच्चीकृत किया जाएगा। विद्यालय में पांच कक्षाओं से युक्त एक एकीकृत भवन का निर्माण किया जाएगा। जिसमें भाषा प्रयोगशाला समाधान के साथ कंप्यूटर प्रयोगशाला, मॉड्यूलर समग्र गणित और विज्ञान प्रयोगशाला, वर्चुअल कक्षा के साथ इंटरएक्टिव डिस्प्ले स्मार्ट बोर्ड द्वारा उच्च तकनीक स्मार्ट क्लास एवं सभी कर्मचारियों के लिए आवासीय भवन विद्यालय में ही उपलब्ध होगा। मुख्य विकास अधिकारी ने जनपद स्तरीय टीम को निर्देशित किया कि विद्यालयों से संबंधित निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण एवं शासन द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत कार्य को पूर्ण कराएंगे। बैठक के दौरान अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग मनोज कुमार सिंह सहित अन्य संबंधित आधिकारी उपस्थित रहे।

# ट्रेनों में यात्रियों को नहीं मिल रहा कंफर्म टिकट

**परेशानी बढ़ी**

### विभिन्न शहरों से आने वाले यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

**बैरिया।** होली पर्व के मद्देनजर विभिन्न शहरों में कामकाज के सिलसिले में गए परदेसी अब होली मनाने के लिए घर लौटने लगे हैं। लेकिन बड़े शहरों से आने वाली ट्रेनों में कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है। विभिन्न शहरों से आने वाले यात्रियों की मुश्किलें बढ़ गई है। इसके साथ ही बसों में भी अभी से भीड़ दिखने लगी है।

होली का त्योहार परिवार के साथ मनाने के लिए विभिन्न प्रांतों एवं शहरों में रहने वाले लोग लौट रहे है। उन्हें मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि कंफर्म टिकट नहीं मिल पा रहा है, लेकिन वेटिंग 200 के पार पहुंच गई है। मजबूरी में लोग जनरल कोच में सफर करने को विवश हो रहे हैं। मुंबई, बेंगलुरु, चेन्नई, लुधियाना, दिल्ली, सूरत आदि शहरों से लौटने वाले लोगों को कंफर्म टिकट नहीं मिलने से अधिक परेशानी हो रही है। लोगों को होली पर चलने वाली स्पेशल ट्रेनों से उम्मीद है। ट्रेन का सफर सुगम और सस्ता होता है। बसों की तुलना में ट्रेन का सफर करना लोग अधिक पसंद करते हैं। एक तो बस में किराया अधिक देना पड़ता है। ऊपर से तमाम परेशानी आती है। ट्रेन का सफर आरामदायक होता है। बैरिया निवासी अजय सिंह, संजीव तिवारी आदि ने बताया कि होली पर हमारे परिवार के लोग बाहर से घर आना चाह रहे हैं, किंतु टिकट नहीं मिल पा रहा है। अगर स्पेशल ट्रेनें चलेगी, तभी आप आ पाएंगे। सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन के काउंटर पर टिकट के लिए भारी भीड़ लग रही है।

प्राइवेट बसों के संचालकों ने किराया बढ़ा दिया है। दिल्ली से बलिया के लिए पहले 1200 रुपये एसी बस का किराया देना पड़ता था। अब टिकट बेचने वाले एजेंट 1400 से 1600 रुपये प्रति टिकट ले रहे हैं।

वहीं, पूर्वोत्तर रेलवे वाराणसी के जनसंपर्क अधिकारी अशोक कुमार का कहना है कि पर्याप्त संख्या में स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही है। लोगों को चाहिए कि स्पेशल ट्रेन का टिकट लेकर ट्रेन से यात्रा करें।

### लिफ्ट का निर्माण कार्य अधर में होने से परेशान हो रहे यात्री

**बलिया।** रेलवे स्टेशन पर लिफ्ट का निर्माण कार्य अधर में होने के कारण यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। जो यात्री चलने में अक्षम है, उन्हें प्लेटफार्म नंबर एक से दो, तीन, चार पर आने-जाने में तकलीफ हो रही है। रेलवे अधिकारी मार्च में लिफ्ट का निर्माण काम पूरा होने का दावा कर रहे हैं, लेकिन धरातल पर तीन लिफ्ट में सिर्फ दो का 80 फीसदी काम पूरा हुआ है। रेलवे स्टेशन पर एस्केलेटर बंद होने एवं लिफ्ट अभी शुरू न होने से प्लेटफार्म बदलने के लिए फुटब्रिज की सीढ़ियां चढ़ने में बुजुर्ग और दिव्यांग यात्रियों का दम फूल रहा है। महिलाओं एवं मरीजों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा दिक्कत सामान ले जाने में होती है। डाउन की अधिकतर ट्रेनें प्लेटफार्म संख्या दो एवं तीन से रवाना होती है। बलिया रेलवे स्टेशन से जाने वाली ट्रेनें प्लेटफार्म संख्या दो, तीन एवं चार से रवाना होती है। मेन गेट से आने वाले यात्रियों को सीढ़ी चढ़कर या रेलवे ट्रैक पार कर ट्रेन पकड़ना पड़ता है। अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन पर यात्री सुविधाओं का विस्तार एवं सुंदरीकरण का कार्य चल रहा है। स्टेशन पर एक से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए लगभग एक करोड़ रुपए से प्लेटफार्म संख्या एक, दो, तीन एवं चार पर तीन लिफ्ट बनाए जा रहे हैं। प्लेटफार्म संख्या एक एवं चार पर निर्माण कार्य चल रहा है, लेकिन प्लेटफार्म संख्या दो पर अभी कार्य अधर में है। एक से दूसरे प्लेटफार्म पर आने-जाने के लिए यात्रियों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ रहा है। इस समय स्वचालित सीढ़ी भी बंद होने से परेशानी बढ़ गई है। सबसे ज्यादा परेशानी बुजुर्गों एवं महिलाओं को हो रही है। बीमार एवं दिव्यांग यात्रियों को दूसरे का सहारा लेकर आना-जाना पड़ता है। इस संबंध में स्टेशन अधीक्षक सुनील सिंह ने बताया कि प्लेटफार्म संख्या एक एवं चार पर लिफ्ट का कार्य चल रहा है। प्लेटफार्म संख्या दो पर फाउंडेशन का कार्य चल रहा है। जल्द ही लिफ्ट का कार्य पूरा हो जाएगा। इससे यात्रियों को ओवरब्रिज की सीढ़ियां नहीं चढ़नी पड़ेगी।

# 1390 के सापेक्ष आये महज 29 आवेदन

जनसंदेश न्यूज

**सीएम सामूहिक विवाह योजना**

### सभी आवेदनों के पात्रता की हो रही जांच

**बलिया।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना धरातल पर उतरता दिखाई नहीं दे रहा है। जिले के 17 ब्लाकों के 940 ग्राम पंचायतों से आवेदन मांगे गए थे। इसको लेकर गांव-गांव में कर्मचारी जाकर आवेदन करने के लिए लोगों से अपील करने के साथ ही पात्रों की तलाश किये, लेकिन 17 ब्लाकों में मात्र 29 आवेदन आए हैं। अभी आवेदनों की जांच होने लगी है। जिले में 1390 जोड़ों का लक्ष्य मिला था। एक वर्ष पहले मुख्यमंत्री सामूहिक योजना में धांधली के बाद से आवेदन करने वाले भी कतरा रहे हैं। इससे योजना का लक्ष्य पूरा होता दिखाई नहीं दे रहा है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत गरीब बेटियों के हाथ पीले किए जाते हैं। इस योजना को और पारदर्शी बनाने के लिए समाज कल्याण विभाग में नियम और प्रक्रियाओं को अधिक परिभाषित कर एसओपी तैयार की है। इसके बाद भी आवेदन करने वाले रुचि नहीं दिखा रहे हैं। इसके लिए समाज कल्याण विभाग के अलावा ब्लाक स्तर के अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई थी। बावजूद इसके आवेदनों की संख्या 100 भी नहीं पहुंची है।

वर्ष का सत्र भी बीतने वाला है। अभी तक आए 29 आवेदनों की पात्रता की जांच की जा रही है। इस योजना में प्रत्येक कन्याओं की शादी करने में 51000 खर्च होता है। इसमें 6000 खान-पान और टेंट में खर्च होता है। साथ ही 35000 लड़की के बैंक खाते में भेजा जाता है। वही, 10000 रुपये उपहार के रूप में खर्च किए जाने का प्रावधान है। समाज कल्याण अधिकारी रमेश कुमार ने बताया कि मुख्यमंत्री सामूहिक शादी योजना के अभी तक आये आवेदन की पात्रता की जांच की जा रही है। पर्याप्त पात्र नहीं मिलने पर उच्चाधिकारी निर्णय लेंगे।

# गोंड की जाति बदलने का हो रहा षडयंत्र



**बलिया।** आल गोंडवाना स्टूडेन्ट्स एसोसिएशन (आगसा) के तत्वावधान में बलिया सदर मॉडल तहसील पर गोंड समुदाय का जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने की मांग को लेकर चल रहा अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार को 39वें दिन भी जारी रहा। अरविंद गोंडवाना ने कहा कि अंग्रेजी सरकार में बलिया जिले में निवास करने वाली गोंड जाति की जनगणना ट्राइब में की गयी है। उस समय के थानों पर स्थित जन्म-मृत्यु रजिस्टर फौती में भी गोंड ही अंकित है। कहा कि आजादी के पूर्व के भू-राजस्व अभिलेखों यथा 1290, 1324, 1345, 1356, 1359 फसली में स्पष्ट रूप से गोंड अंकित है, जो आज भी कलेक्ट्रेट के रिकार्ड रुम में सुरक्षित है। इसके बावजूद मनगढ़ंत गलत आख्या लगाकर गोंड की जाति बदलने का षडयंत्र कर रहे हैं लेखपाल एवं तहसीलदार। गोंड समुदाय अपने संवैधानिक अधिकारों की रक्षा के लिए अंतिम दम तक संघर्षरत रहेगा। संपूर्ण समाधान दिवस पर दिए गए पत्रक के क्रम में उपजिलाधिकारी सदर द्वारा लिखित रूप से अवगत कराया गया है कि शासनादेश एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में गोंड का प्रमाण पत्र जारी किया जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि गोंड जाति प्रमाण पत्र के लिए आनलाइन आवेदन करने पर सभी आवेदन लेखपाल व तहसीलदार द्वारा अस्वीकृत कर दिया जा रहा है। मौके पर संजय, रामचंद्र, मैनेजर, अशोक, राजकुमार, सिकंदर, शिवशंकर, विनोद, सुरेश शाह, अनिल गोंड आदि मौजूद रहे।

### छोटे-बड़े वाहनों से खुलेआम हो रही गौ-तस्करी

**बैरिया।** प्रदेश में योगी सरकार के एक्शन में होने का बाद भी गोवंश तस्करों को सरकार का डर नही है। परिणाम स्वरूप इन दिनों गोवंशों की तस्करी तीव्र गति से हो रही है। छोटे वाहनों में गोवंशों को भरकर महुली पीपा पुल के रास्ते आरा, बिहार के निकट स्थित रानी सागर के बूचड़खाने में भेजा जा रहा है। छोटे वाहनों से उस पार बिहार ले जाकर बड़े वाहनों पर लादकर गोवंशों को बंगाल एवं अन्य स्थानों पर भेजा जा रहा है, जहां गोवंश वध पर प्रतिबंध नहीं है। इसी क्रम में चांददियर जयप्रभा सेतु के रास्ते भी छोटे-बड़े वाहनों से गोवंशों को खुलेआम भेजा जा रहा है। इधर, सुरेमनपुर के रास्ते डूमाईगढ़ घाट होकर नाव से भी गोवंशों को पार कराया जा रहा है। गोवंश की तस्करी में क्षेत्रीय गांवों के कुछ जाति विशेष और धर्म विशेष के लोग लगे हुए हैं। इस बाबत पूछने पर कतिपय तस्करों ने बताया कि सब कुछ सेटिंग से चल रहा है। हम लोगों के व्यवसाय पर रोक कभी नहीं लगेगा। कभी दिन के उजाले में तो कभी रात के अंधेरे में हम लोग गोवंशों को बिहार के रास्ते बंगाल एवं अन्य स्थानों पर भेजने का काम करते हैं। स्थानीय लोगों ने इस तरफ उच्चाधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराते हुए गोवंश की तस्करी पर प्रतिबंध लगाने का आग्रह किया है।

# मंत्री ने किया लोटस मेडिकल बस सेवा का शुभारंभ

**निरीक्षण**

### मेडिकल सुविधाओं का निरीक्षण कर कराया स्वास्थ्य परीक्षण



**बलिया।** बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं देने और त्वरित चिकित्सकीय परीक्षण के उद्देश्य से परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने जनसंपर्क कार्यालय पर लोटस मेडिकल बस सेवा का शुभारंभ किया। इस दौरान मंत्री ने बस में उपलब्ध मेडिकल सुविधाओं का निरीक्षण किया और अपना स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया। मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि जनपदवासियों को उत्तम स्वास्थ्य सुविधाएं मिले, ये हमारी प्राथमिकता में है। इसी उद्देश्य से बंगाल की लोटस मेडिकल टीम से अनुरोध किया था कि वे जनपदवासियों को बेहतर सेवाएं दें। इसके लिए यह मोबाइल अस्पताल जिले में पहुंचा है। शनिवार से यह बस विभिन्न क्षेत्रों में भ्रमण करेगी। कहा कि चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बलिया में राजकीय मेडिकल कालेज की घोषणा की थी, जो अब जल्द ही मूर्त रूप लेने वाला है। उन्होंने जनता को आश्वासन दिया कि वे अपने हर वादे को पूरा करेंगे और बलिया को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस करेंगे। इस मौके पर नगर अध्यक्ष सोनी तिवारी, कमलेश सिंह, हर्ष, अमरीश आदि मौजूद रहे।

### मेडिकल बस में ये हैं सुविधाएं

**बलिया।** इस बस में जनरल ओपीडी, नेत्र परीक्षण, चश्मा वितरण, ब्लड जांच, एक्स-रे सहित कई अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं। यह मेडिकल बस बलिया जनपद में दो अप्रैल तक रहेगी और विभिन्न स्थानों पर जाकर लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराएगी।

### तीन ब्लॉकों में बनेगा मिनी स्टेडियम

**बलिया।** परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि बलिया के तीन विकास खण्ड में जल्द ही मिनी स्टेडियम बनाने का कार्य शुरू होगा। इसकी प्रक्रिया चल रही है। इसे विकास खण्ड बेलहरी, हनुमानगंज व दुबहड़ में बनवाया जाएगा। इससे खेलकूद से जुड़े लोगों के साथ युवाओं को नई उड़ान मिलेगी।

## संक्षेप

### हत्या मामले से संबंधित एक वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**मऊ।** थाना कोपागंज पुलिस द्वारा शुक्रवार को देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर इंदारा रेलवे फाटक कटवांश मोड़ के पास से मु0अ0सं0 65/25 धारा 85,103(1) बीएनएस से संबंधित वांछित अभियुक्त शैलेन्द्र कुमार पुत्र श्यामलाल निवासी शाहपुर थाना कोपागंज जनपद मऊ जो अपनी पत्नी का गला दबाकर कर हत्या करनें में फरार चल रहा था। उक्त को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय किया गया। गिरफ्तारकर्ता पुलिस टीम में थानाध्यक्ष विजय प्रकाश मौर्य, हे0का0 राजकुमार पाल, हे0का0 कृष्ण कुमार सिंह थाना कोपागंज षामिल रहे।

### एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

**मऊ।** मेंस्ट्रिमिंग कार्यक्रम के अंतर्गत एचआईवीएक्ट, 2017 व यूनिवर्सल प्रीकाशन पर जिला अस्पताल मऊ पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमे प्रेजेंटेशन के माध्यम मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जिला अस्पताल ने यूनिवर्सल प्रीकाशन पर उपस्थित चिकित्सक व पैरामेडिकल स्टाफ को जिला सेवा प्राधिकरण के प्रतिनिधि ने एचआईवी एक्ट, 2017 पर विशेष जानकारी प्रदान की। कार्यशाला जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ आरके सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें दिशा के सीपीएम, सीएसओ जयंती प्रसाद सिंह व डीएमडीओ बृजेन्द्र प्रताप ने सहयोग किया।

### आपस में मिल-जुलकर मनायें त्योहार

**बैरिया।** होली एवं रमजान को लेकर प्रभारी निरीक्षक बैरिया राकेश कुमार सिंह ने शुक्रवार को शांति समिति की बैठक बुलाकर हिन्दू-मुस्लिम समुदाय के लोगों से संवाद किया। आग्रह किया कि जुमे के दिन होली का त्योहार है। दोनों समुदाय के लोग आपस में मिल-जुल कर सौहार्द्रपूर्वक त्यौहार को मनाये। अगर कहीं कोई समस्या हो तो उन्हें तत्काल बताएं। उसका समाधान किया जाएगा। मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक स्वर में कहा कि कोई समस्या नही है। यहां हमेशा से सोहार्दपूर्ण वातावरण में त्यौहार मना है। होली का मेवा मिष्ठान मुस्लिम समुदाय के लोग ग्रहण करते है तो ईंद की सेवइयों का स्वाद हिन्दू समुदाय के लोग लेते हैं। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक के अलावा उपनिरीक्षक आरपी बिंद, राजधर यादव, माखन सिंह, चौकी इंचार्ज बैरिया सुशील यादव, एसआई सागर कुमार, चौकी इंचार्ज चांददियर परमात्मा मिश्र, आरपी विन्द, राजधर यादव, कीर्ति त्रिपाठी, प्रधान सुमेर यादव, जनार्दन राम, रमजान अंसारी, मेराज, रुस्तम अंसारी, आजाद अंसारी, कौशल तिवारी आदि ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर नवागत प्रभारी निरीक्षक ने क्षेत्र के पत्रकारों, बुद्धिजीवियों तथा जागरूक लोगों से अलग से बात किया और सहयोग की अपेक्षा की।

### जाम के झाम में फंसा बैरिया बाजार



**बैरिया।** जाम के झाम से बैरिया बाजार के लोगों की परेशानी बढ़ गई हैं। वही, सोनबरसा अस्पताल, बैरिया तहसील, रानीगंज बाजार एवं सुरेमनपुर रेलवे स्टेशन जाने वाले लोगों को जाम के कारण काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। बैरिया में ट्रैफिक पुलिस की व्यवस्था नहीं होने एवं बैरिया पुलिस चौकी पर तैनात पुलिस कर्मियों की शिथिलता के चलते वाहन चालक आड़े-तिरछे कहीं भी वाहन खड़े कर दे रहे हैं। ऊपर से सड़कों की पटरियों का अतिक्रमण कोढ़ में खाज बना हुआ है। एक पखवाड़ा पूर्व तत्कालीन एसएचओ रामायण सिंह एवं ई-रिक्शा चालकों की बैठक में मौजूद उप जिलाधिकारी ने ई-रिक्शा चालकों को व्यवस्था दी थी कि किस रूट का ई-रिक्शा कहां खड़े होंगें। एक पखवाड़ा के भीतर ही इस व्यवस्था को ई-रिक्शा चालकों ने तोड़ दिया। जहां-तहां ई-रिक्शा खड़ा कर सवारी उतारने-चढ़ाने के कारण जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही हैं। वही, नगर पंचायत बैरिया द्वारा कच्छप गति से कराए जा रहे नाली निर्माण कार्य भी जाम का कारण बना हुआ हैं। बैरिया के जागरूक लोगों ने उप जिलाधिकारी एवं क्षेत्राधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराते हुए जाम के झाम से मुक्ति दिलाने के लिए उचित कार्यवाई करने की मांग किया है।

### छात्र-छात्राओं को दिलायी गई शपथ



**रसड़ा।** बाबा रामदल सूरजदेव स्मारक पीजी कालेज एवं बाबा रामदल राजेंद्र सिंह लॉ कालेज पकवाइनार, रसड़ा में शुक्रवार को 'पढ़े विवि-बढ़े विवि, पढ़े महाविद्यालय-बढ़े महाविद्यालय' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं ने अपनी पसन्द की पुस्तक का वाचन किया। तत्पश्चात सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत के लिए छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाई गई। प्राचार्य डॉ. आशुतोष सिंह ने कहा कि यह कार्यक्रम मोबाइल की दुनिया में समय बिता रहे बच्चों को पुस्तकों की ओर वापस लाने के लिए प्रेरित करेगा। मौके पर विजय शंकर, प्रशांत कुमार सागर, सुशील कुमार, राजकुमार प्रजापति, जन्मेजय सिंह, भानु प्रताप सिंह, बबलू राजभर, भागवत त्रिपाठी, लक्ष्मी, प्रियंका यादव, श्वेता सोनी आदि उपस्थित रहे।

### मौसम में बदलाव होने से बढ़ी मरीजों की संख्या

**बलिया।** अचानक मौसम में बदलाव होने से कम इम्यूनिटी वाले लोगों की सेहत पर असर पड़ा है। पिछले तीन दिनों में तापमान में गिरावट दर्ज की गई है। अचानक मौसम में बदलाव होने से लोगों को सर्दी, जुकाम, खांसी, गले में खराश, सिर में जकड़न, सांस लेने में परेशानी, अस्थमा की समस्या का सामना करना पड़ रहा है। जिला अस्पताल के ओपीडी में गुरुवार को 1459 मरीज इलाज करने पहुंचे। इसमें सबसे ज्यादा फिजिशियन एवं बाल रोग विशेषज्ञ की ओपीडी में भीड़ लगी रही। 258 मरीज फिजिशियन एवं 182 मरीज बाल रोग ओपीडी में इलाज कराने पहुंचे। 70 प्रतिशत मरीजों को सर्दी, जुकाम, गले में खराश, सिर दर्द, वायरल फीवर, खांसी, सांस लेने में परेशानी रही। सांस एवं अस्थमा रोगी गंभीर हालत में इमरजेंसी में पहुंच रहे हैं। फिजिशियन डा. मनोज कुमार ने बताया कि मौसम में बदलाव से एलर्जी की चपेट में आने से शरीर में तमाम परेशानी देखने को मिल रही है।

### उत्तीर्ण छात्रों को किया पुरस्कृत

**बलिया।** शिक्षा क्षेत्र हनुमानगंज के प्राथमिक विद्यालय बरवां में राष्ट्रीय आय योग्यता आधारित परीक्षा में उत्तीर्ण छात्र अनुप कुमार यादव एवं अंशु चौहान को शुक्रवार को सम्मानित करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस दौरान उत्तीर्ण छात्रों को मेडल देकर उत्साहवर्धन किया गया। इस अवसर पर धर्मनाथ प्रसाद, शालिनी सिंह, रीना राय, सुषमा सिंह, रिजवाना खातून, प्रमिला, खुश्बू बाला आदि मौजूद रहे।

### कल डेढ़ घंटे बाधित रहेगी विद्युत आपूर्ति

**बलिया।** 132/33 केवी विद्युत उपकेन्द्र सिकंदरपुर पर अनुरक्षण कार्य हेतु नौ मार्च को सुबह आठ से 9.30 बजे तक शटडाउन प्रस्तावित है। इसके कारण सिकंदरपुर तहसील, सिकंदरपुर, बेल्थरारोड तहसील, बेल्थरारोड, रतसड़, हल्दीराम पंप कैनाल एवं गौरा मदनपुरा में नौ मार्च को सुबह आठ से 9.30 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी उपखंड अधिकारी बलिया ने दी है।

### एसपी ने ली परेड की सलामी, किया निरीक्षण

**बलिया।** पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन में शुक्रवार को साप्ताहिक परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का निरीक्षण किया गया। इस दौरान पुलिस बल के शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए स्वयं के साथ समस्त पुलिस कर्मियों से दौड़ लगवायी एवं अनुशासन व एकरूपता बनाए रखने के लिए ड्रिल कराया। पुलिस कर्मियों को आपात स्थिति से निपटने एवं अपराधों की रोकथाम हेतु दंगा निरोधक उपकरणों के साथ बलवा ड्रिल का अभ्यास कराया गया तथा उनके रख-रखाव व क्रियाशीलता के बारे में सम्बन्धित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। बलवा ड्रिल में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी व दक्षिणी, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी-कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। तत्पश्चात उन्होंने यूपी 112 पीआरवी में मौजूद दंगा नियंत्रण उपकरणों, फर्स्ट ऐड किट आदि विभिन्न उपकरणों का निरीक्षण करके उपकरणों की नियमित साफ-सफाई, समुचित देखरेख एवं कुशल संचालन हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

### अधिवक्ताओं ने प्रभारी अध्यक्ष को सौंपा आवेदन

**बलिया।** अधिवक्ताओं को मृत्यु उपरांत मिलने वाली सहायता धनराशि को एक लाख से बढ़ाकर दो लाख करने तथा गंभीर बीमारी में 20 हजार से पचास हजार कराने हेतु पूर्व अध्यक्ष देवेंद्र नाथ मिश्रा (क्रिमिनल बार एसोसिएशन) द्वारा अधिकाधिक अधिवक्ताओं के हस्ताक्षर युक्त आवेदन आम सभा की मीटिंग हेतु प्रभारी अध्यक्ष क्रिमिनल एंड रेवेन्यू बार एसोसिएशन संतोष कुमार सिंह उर्फ पप्पू को सौंपा गया, जिसे प्रभारी अध्यक्ष द्वारा प्राप्त कर आम सभा को मीटिंग हेतु आश्वासन दी है। कहा है कि अध्यक्ष मंडल फिलहाल अपनी मांगों को लेकर उच्च न्यायालय इलाहाबाद प्रस्थान किया है। आने के उपरांत उक्त आवेदन पर विशेष रूप से चर्चा कराकर मीटिंग की घोषणा की जाएगी।

# ऑटो पलटने से एक दर्जन महिला मजूदर गंभीर रूप से घायल

हादसा

**विधायक प्रतिनिधि ने अस्पताल पहुंचकर घायलों का जाना हाल**

जनसंदेश न्यूज



सेवराई स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती घायल महिला मजदूर।

**सेवराई।** आटो के टक्कर में एक आटो पलटने से आलू बीनने जा रही एक दर्जन महिला मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गये। पुलिस ने घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां घायलों का इलाज चल रहा है। गहमर थाना क्षेत्र के एनएच 124सी, भदौरा पेट्रोल पंप के समीप शुक्रवार को एक दुखद सड़क दुर्घटना में आलू बीनने जा रही 12 महिला मजदूर समेत चालक घायल हो गए। यह दुर्घटना एक ऑटो द्वारा दूसरे ऑटो को पीछे से धक्का मारने से घटी, जिसके कारण आगे जा रही ऑटो सड़क पर पलट गई। सूचना मिलने के बाद सेवराई चौकी की पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा पहुंचाया। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान, चिकित्सकों ने मामूली रूप से घायल आटो चालक महेंद्र को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। गंभीर रूप से घायल महिला मजदूरों निर्मला (40), जितनी (35), सुभवती (52), सीमा (38), शिवकुमारी (55), मीना (58), तेतरी (60), लक्ष्मीना (35), मुन्नी (50), संगीता (17), सिमरती (40), अकबरिया (55) सभी निवासी गोड़सरा का सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भदौरा में भर्ती कर उपचार किया जा रहा है। घटना की सूचना मिलने के बाद क्षेत्रीय विधायक ओमप्रकाश सिंह के पुत्र राहुल राज व प्रतिनिधि मन्नू सिंह भी मौके पर पहुंचकर घायलों का हालचाल लेने के बाद चिकित्सकों को समुचित इलाज का निर्देश दिया।

### धक्का मारने वाला ऑटो चालक फरार

इस संदर्भ में चौकी प्रभारी सेवराई पुष्पेश कुमार दूबे ने बताया कि सूचना के बाद पुलिस मौके पर पहुंचकर घायलों को सीएचसी भदौरा में भर्ती कराया जा रहा जहां घायलों का इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद धक्का मारने वाला आटो चालक आटो सहित फरार हो गया। तहरीर मिलने के बाद आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

## सिटी रेलवे स्टेशन पर परेशान हो रहे वृद्ध यात्री व्हीलचेयर में जड़ा ताला

**गाजीपुर।** सिटी रेलवे स्टेशन पर एक प्लेटफार्म से दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए व्हीलचेयर में जिम्मेदार अधिकारियों ने ताला जड़ दिया हैं। इससे वृद्ध और विकलांग यात्रियों को परेशानी उठानी पड़ती है। लेकिन जिम्मेदारों का इस पर कोई ध्यान नहीं है। उल्लेखनीय है कि पूर्व रेल राज्यमंत्री मनोज सिन्हा के प्रयास से सिटी रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधाओं में काफी वृद्धि की गई है और बड़े महानगरों के लिए सीधे ट्रेन सेवा उपलब्ध कराई गई है। जिससे यात्रियों की संख्या में भारी वृद्धि हुई है। मगर स्थानिय अधिकारियों की लापरवाही के कारण इसका लाभ बेसहारा यात्रियों को नहीं मिल पा रहा है।रेलवे स्टेशन पर वृद्ध और विकलांग यात्री प्लेटफार्म बदलने के लिए या तो रेलवे ट्रैक को पार करते हैं, या फिर उन्हें परिजनों के सहारे परेशानियां उठाकर सीढियां चढनी पड़ती हैं। आए दिन वृद्ध यात्री के परिजन व्हीलचेयर या ई- रिक्सा के लिए गुहार लगाते हैं। लेकिन उपलब्ध नहीं हो पाता है। तब बड़ी मुश्किल से सहारा देकर स्टेशन के बाहर ले आते है। विकलांगों व वृद्धों के लिए रखी व्हीलचेयर को जंजीरों व तालों में जकड़कर रखा गया है और उपयोग न होने पर यह धूल खा रही है। इसके अलावा शयनयान यात्री प्रतीक्षालय में भी ताला लटका रहता है और यात्री प्लेटफार्म पर ही खड़े होकर ट्रेन का इंतजार करते हैं।

# पीएम आवास के लिए सचिव को जान से मारने की मिली धमकी

आरोप

**पीड़ित अधिकारी के तहरीर पर पुलिस आरोपी युवक की तलाश में जुटी**

जनसंदेश न्यूज



सुहवल थाने में पुलिस से वार्ता करते ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के सदस्य।

**रेवतीपुर।** स्थानीय ब्लॉक मुख्यालय पर ग्राम विकास अधिकारी के पद पर तैनात एवं ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता विनीत राय को एक युवक ने फोन कर अपने चहेते को पीएम आवास न देने पर जान से मारने की धमकी दी है। जिसके कारण सहमें ग्राम विकास अधिकारी ने इसकी सूचना विभागीय लोगों को दी। इसकी जानकारी अन्य ग्राम विकास अधिकारियों, कर्मियों को हुई तो सभी आक्रोशित हो उठे। इसके उपरांत उक्त पीड़ित अधिकारी ने बीडीओ को भी एक पत्र के जरिए पूरे प्रकरण की जानकारी देते हुए वह अपने अन्य लोगों संग सुहवल थाना में अज्ञात के खिलाफ लिखित तहरीर देकर पुलिस से मांग किया और धमकी देने वाले को 24 घंटे में गिरफ्तार कर कानूनी कार्यवाई की जाए। ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन ने चेताया कि गिरफ्तारी और कार्यवाई न होने पर वह सभी ग्राम विकास अधिकारी कलमबंद हड़ताल पर जाने के साथ ही धरना-प्रदर्शन को मजबूर होगें।

इसके बाद मामलें की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने धमकी देने वाले आरोपी युवक की तलाश में छापेमारी शुरू कर दिया। पीड़ित ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन के प्रदेश प्रवक्ता विनीत राय ने बताया कि वह वर्तमान समय में रेवतीपुर ब्लाक के ताडीघाट ग्राम पंचायत में तैनात है,बताया कि एक अज्ञात युवक ने फोन कर उनसे अपने एक चहेते को नियम विरूद्ध पीएम आवास जारी करने के लिए बेवजह दबाव बनाने लगा। इस अवसर पर एडीओ पंचायत शशिप्रकाश राय, जितेंद्र, आलोक, संगीता कुश्वाहा, मीनू राय, रोहित, अजय सिंह, राजनाथ पाल, प्रदीप, दीपक, अजय आदि मौजूद रहे।

### धमकी देने वाले युवक की तलाश

प्रभारी निरीक्षक राजू दिवाकर ने बताया कि तहरीर मिली है,जिसकी छानबीन के साथ ही धमकी देने वाले युवक की तलाश में छापेमारी जारी है,जल्द ही दबोच लिया जाएगा।

# सार्वजनिक रास्ता निर्माण में उप निरीक्षक की दादागिरी

ग्रामीणों में आक्रोश

**ग्राम प्रधान ने की उप निरीक्षक के खिलाफ सीएम से कार्रवाई की मांग**

**मनिहारी।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के बिजहरा गांव के ग्राम प्रधान रामपूजन राजभर ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को रजिस्टर्ड डाक से प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि दुल्लहपुर थाने में तैनात उप निरीक्षक जगपति मिश्रा गांवों में हो रहे विकास कार्यों को अवरुद्ध कर रहे अतिक्रमणकारियों से सांठ-गांठ कर विकास कार्यों को अवरुद्ध पैदा करवाने का काम करते हैं। उन्होंने ने मुख्यमंत्री को दिए प्रार्थना पत्र में कहा है कि ग्राम पंचायत बिजहरा गांव के राजस्व गांव धीरजीजोत की आराजी संख्या 212 जो सार्वजनिक आबादी से मुख्य मार्ग पीच रोड से एक सार्वजनिक रास्ता जाता है। ग्राम पंचायत द्वारा इस सार्वजनिक रास्ते के निर्माण किए जाने की सूचना मिलते ही राजेश यादव व राजनारायण पुत्रगण मोहन यादव ने रास्ते में गड्ढा खोद कर बांधा डालने का काम किया।इसकी सूचना 24 फरवरी को पुलिस सेवा 112 और थाने पर भी दिया। उक्त स्थल पर पुलिस सेवा 112 के लोग आए और राजेश यादव व राजनारायण यादव को सार्वजनिक सड़क निर्माण में बांधा नहीं डालने की हिदायत दे कर चले गए। इसके बाद भी अतिक्रमणकारियों द्वारा उपनिरीक्षक जगपति मिश्रा के सह पर रास्ते में दिवाल बनाकर सड़क को अतिक्रमण करने का प्रयास करने लगे।जिससे आक्रोशित ग्रामीणों ने रास्ते को अवरोधित करने के उद्देश्य से जोड़ें गए ईंट को हटा दिया। इससे खुन्नस खाएं उप निरीक्षक जगपति मिश्रा ने ग्राम प्रधान सहित अन्य ग्रामीणों पर मुकदमा पंजीकृत करवा दिया। इसकी वास्तविक उच्च स्तरीय जांच करवाते हुए सार्वजनिक मार्ग पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही सुनिश्चित करने की मांग की है।

## शैक्षिक भ्रमण पर निकले विद्यार्थी

**गाजीपुर।** जिला परियोजना कार्यालय, समग्र शिक्षा (माध्यमिक), गाजीपुर के तत्वाधान में जनपद गाजीपुर के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के 60 विद्यार्थीयों को इण्डियन इन्स्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलाजी, पटना तथा फोरेन्सिक साइंस लोवोरेटरी, पटना में शैक्षिक भ्रमण कराया गया। विजिट प्रभारी सुधीर विश्वास, प्रधानाध्यापक, राजकीय हाईस्कूल, कटरियां तथा सह प्रभारी, श्री शैलेन्द्र कुमार स०अ० राजकीय हाईस्कूल. कटरियां थे। इस शैक्षणिक यात्रा के द्वारा विद्यार्थीयों को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में नई तकनीकी. उत्पादों प्रक्रियाओं की जानकारी प्रदान किया गया तथा विद्यार्थीयों को फोरिसिक विज्ञान की वास्तविक कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। समग्र शिक्षा (माध्यमिक) के सहायक वित्त एवं लेखाधिकारी सी०चन्द्रशेखरन ने कहा कि विद्यार्थी जब किताब पढ़ने के बजाय वास्तविक जीवन में चीजों को देखते है, तो वे चीजों को बेहतर ढंग से समझते है और उन्हें लम्बे समय तक याद रखते हैं। शैक्षणिक यात्रा से विद्यार्थीयों में व्यावहारिक अनुभव टीम वर्क, एवं सहयोग की भावना विकसित होती है।

# सभासदों ने नगर पालिका बोर्ड की बैठक का किया बहिष्कार

हंगामा

**कोरम पूरा न होने पर बैठक हुई स्थगित, ईओ को पत्रक सौंपा**



**जमानियां।** नगर पालिका बोर्ड की बैठक का 14 सभासदों ने शुक्रवार को बहिष्कार कर दिया। कोरम पूरा न होने के कारण बैठक स्थगित कर दी गई। 14 सभासदों ने हस्ताक्षर युक्त पत्रक इओ को सौंपा। नपा के सभागार कक्ष में बोर्ड की बैठक शुरू हुई। बैठक में मौजूद 24 सभासदों में 14 सभासदों ने गृहकर, लाइसेंस उपविधि सहित अन्य मुद्दों को लेकर नाराजगी जताई और बैठक का बहिष्कार कर बाहर निकल गए। इसके बाद इओ ने कोरम के अभाव में बैठक को स्थगित कर दिया।14 सभासदों सचिन वर्मा, प्रमोद यादव, राकेश प्रजापति , सुरेंद्र चौधरी , अंजनी गुप्ता सहित अन्य ने इओ को पत्रक सौंप बताया कि बीते 18 फरवरी को बोर्ड की बैठक का पत्र मिला जिसमें कुल पांच एजेंडा विचारणीय है। जिसमें अनुमानित बजट वित्तिय वर्ष 2025-26 भवन का वार्षिक मूल्य के आधार पर गृहकर, जलकर व जलनिकासी कर के निर्धारित दरों पर अनुमोदन तथा लाइसेंसी उपविधि लागू करने के विचार पर हम सदस्यों का कहना है कि एक ही साथ इतने बड़े गंभीर मुद्दों पर विचार करना संभव नहीं है। गृहकर वृद्धि तथा बजट वित्तीय वर्ष 25-26 भी एजेंडा में लाया गया जो पालिका अधिनियम के विपरीत है। इसलिए हम सदस्य बोर्ड की बैठक का बहिष्कार करते है। चेयरमैन जयप्रकाश गुप्ता ने बताया कि कोरम के अभाव में बोर्ड की बैठक स्थगित कर दी गयी है। वही बैठक में राहुल वर्मा, रोहित शर्मा, शमीम अंसारी, मोहन आदि सभासद मौजूद रहे।

## संक्षेप

### करहिया हाल्ट पर चेन पुलिंग से खड़ी हुई वास्कोडिगामा एक्सप्रेस



**गहमर।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय-बक्सर रेल लाइन के करहिया हाल्ट स्टेशन पर वास्कोडिगामा-पटना एक्सप्रेस पर सवार अराजकतत्वों ने चेन पुलिंग कर ट्रेन को रोक दिया। पायलट व लोकों पायलट ने मौके पर जाकर एयर प्रेसर को बंद कर समस्या को दूर किया। तब जाकर ट्रेन आगे के लिए रवाना हुई। इस दौरान ट्रेन लगभग दह मिनट तक मेंन लाइन पर खड़ी रही। वास्कोडिगामा से चलकर पटना जंक्शन को जाने वाली 12741 डाऊन वास्कोडिगामा एक्सप्रेस शुक्रवार की सुबह लगभग सात बजकर 50 मिनट पर करहिया स्टेशन से थ्रू-सिंगनल मिलने के बाद ट्रेन मेन लाइन से आगे बढ़ रही थी कि अराजकतत्वों ने करहियां हाल्ट स्टेशन पर चेंन पुलिंग कर दी। जिससे ट्रेन में अचानक लगी ब्रेक से तेज आवाज के साथ ट्रेन प्लेटफार्म एक के मेंन लाइन पर खड़ी हो गई। तेज आवाज के साथ ट्रेन रुकने के कारण विभिन्न बोगियों में सवार यात्रियों में अफरातफरी मच गया। ट्रेन में सवार यात्रियों को चेंन पुलिंग होने की जानकारी होने पर राहत की सांस ली। इससे पहले कि ट्रेन में चल रहे रेलवे स्पेशल फोर्स के स्कार्ट पार्टी कुछ कर पाता, ट्रेन में सवार अराजकतत्व खेतों के रास्ते भाग खड़े हुए। ट्रेन के पायलट मौके पर पहुंचकर लोकों पायलट की मदद से समस्या को दूर किया। तब जाकर ट्रेन आगे गंतव्य की ओर रवाना हुई।

### रमजान का चांद दिखने पर तरावीह की नमाज अदा

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के उसिया गांव स्थित दरगाह वाली नूरी मस्जिद में छठवें रमजान पर तरावीह में कुरान मुकम्मल हुआ। हाफिज ने रमजान और कुरान की बरकत, तरावीह व रोजे में अल्लाह व उसके रसूल के हुक्म पर बयान दिया और मुल्क में अमन चैन और शांति के लिए दुआ मांगी।रमजान का चांद दिखने के बाद शनिवार को दरगाह वाली नूरी मस्जिद में तरावीह की नमाज शुरू हो गई। रमजान में मुस्लिम समुदाय में पांच वक्त की नमाज के अलावा तरावीह की नमाज को भी अहमियत दी जाती है। लंबी रकात होने के बावजूद भी बच्चे, बूढ़े और नौजवान सभी इस खास नमाज को पढ़ना चाहते हैं क्योंकि रमजान के महीने में इस नमाज को किरात में पूरी कुरआन पढ़ी जाती है।छठवें रमजान को तरावीह में कुरान मुकम्मल होने पर स्टेशन वाली मस्जिद के पेश इमाम और मदरसा दारूल उलूम अहले सुन्नत फैजुर रसूल के प्रधानाचार्य कारी व हाफीज परवेज खान ने फरमाया कि वह लोग खुशनसीब हैं। जिनको तरावीह में अल्लाह का कलाम सुनने के लिए मिला। यह सदका हमारे नबी का है जिसकी वजह से अल्लाह का कलाम हमको नसीब होता है। नूरी मस्जिद के पेश इमाम हाफिज सुहैल खान बाबा ने कहा कि सदका ए फित्र अदा करना सभी मुसलमान भाई बहन को जरूरी है। इस मौके पर बाबर करैंशी,राजू कुरैशी, इमरान खान, हाफिज रूमान,नसीम कुरैशी, अकबर खान, शरफराज खान, शब्बीर खानहैदर खान, नदीम खान, मोहम्मद अली खान, ऐजाज खान फैसल खान, महफूज खान,असरफ खान, अहमद रजा खान, इकराम खान, अमजद खान,सेराज खान आदि लोग मौजूद रहे।

### सड़क पर अतिक्रमण कर लगाई जा रहीं दुकानें

**गाजीपुर।** नगर के स्टेशन रोड और मिश्रबाजार तिराहे के पास सड़क पर अतिक्रमणकारियों का बोलबाला है। अतिक्रमणकारी पटरी सहित सड़कों पर भी काबिज हो गए हैं जिसके चलते आए दिन यहां न सिर्फ जाम लगा जाता है बल्कि वहीं अतिक्रमणकारी दुर्घटना का कारण बन चुका है। यहां पर काफी दिनों से सड़क की आधी पटरी पर ठेले वाले कब्जा कर लिए है। नगर में पार्किंग स्थल न होने से वाहन चालक सड़क पर अपने वाहनों को खड़ा कर रहे हैं। इससे नगर में जाने का प्रमुख मार्ग के कारण तथा कई स्कूलों के बच्चों व छोटे बड़े वाहनों का भी आवागमन होता है। जिससे सड़क का अतिक्रमण राहगीरों की मुश्किलें बढ़ा रहा है। वहीं प्रशासन ने अतिक्रमण के विरुद्ध कुछ दिन पहले अभियान चलाया लेकिन फिर से सबकुछ पहले जैसा हो गया। जिससे आए दिन दुर्घटनाएं होती रहती हैं। सुरेंद्र श्रीवास्तव, राजन श्रीवास्तव,अखिलेश वर्मा,सोमई गुप्ता,प्रदीप चौहान ने अतिक्रमण हटवाने की मांग की है।

### तालाब के पास मिला वृद्ध का शव

**दिलदारनगर।** थाना क्षेत्र के कुसी गांव के पास एक तालाब में 70 वर्षीय आज्ञात वृद्ध का शव मिला। पुलिस को सूचना गुरुवार की शाम को मिली तो पुलिस ने मौके पर जाकर शव को मर्चरी हाउस के लिए भेज दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि तालाब में मिले शव तीन दिन पुराना लग रहा है। शिनाख्त नहीं हुई है। मर्चरी हाउस में रखवा दिया गया है शिनाख्त का प्रयास जारी है।

### दहेज-नशा मुक्त भारत के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा

**मनिहारी।** स्नातकोत्तर महाविद्यालय मलिकपुरा में शुक्रवार को महाविद्यालय परिसर में पढ़े महाविद्यालय/बढ़े महाविद्यालय, दहेज मुक्त भारत एवं नशा मुक्त भारत के लिए सामूहिक प्रतिज्ञा कार्यक्रम का समापन अपराह्न 1.00 बजे किया गया। कार्यक्रम महाविद्यालय परिसर में समस्त शिक्षकों, शिक्षणेत्तर कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक आयोजित किया गया, परिचर्चा में प्राध्यापकों के साथ-साथ विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। सभी ने इस कार्यक्रम को सफल बनाने एवं जनजागरण के लिए शपथ ली। विषयगत उद्बोधन श्री चंदन यादव, डॉ. अजय चौहान ने प्रस्तुत किया। प्राचार्य प्रो. दिवाकर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिव प्रताप यादव ने किया।

### अधिकांश होटलों में सुरक्षा के नाम पर होती है खानापूरी

**गाजीपुर ।** शहरी इस युग में होटल व्यवसाय तेजी से फल-फूल रहा है। बड़े शहरों की तर्ज पर अब छोटे कस्बे तथा बाजारों में भी होटल की सुविधा मौजूद है। पर सुरक्षा के नाम पर अधिकांश इन होटलों में ठोस कदम नहीं उठाए गए हैं, जिससे कभी भी अपराधी या अराजक तत्व यहां सुरक्षा में सेंध लगाकर किसी बड़ी घटना को अंजाम दे व्यवस्था को धता बता सकते हैं। शहर सहित मुहम्मदाबाद के होटल और लाज में खुलेआम जिस्मफरोशी का धंधा फल-फूल रहा है। काफी शिकायत मिलने के बाद पुलिस कार्रवाई के नाम पर कुछ युवक और युवतियों को जेल भेज कर मामले को समाप्त मान लेती है। पुलिस प्रशासन के सख्त देखने को नहीं मिल रहा है। इस तरह जिले में होटल व लाज को लेकर प्रशासनिक चौकसी किस हद तक लचर है इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है। कमोवेश आज भी हालात वहीं हैं।

# समाज को नशा मुक्ति के लिए दिलायी शपथ

जनसंदेश न्यूज



गोराबाजार स्थित टेरी कॉलेज में छात्र-छात्राओं को शपथ दिलाते शिक्षक।

**गाजीपुर।** तकनीकी शिक्षा एवं शोध संस्थान पीजी कालेज के सभागार में राज्यपाल की प्रेरणा एवं डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्विद्यालय लखनऊ तथा वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्विद्यालय जौनपुर के दिशा निर्देशन में शुक्रवार को पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम तथा सामजिक कुरीतियों के अन्तर्गत दहेज मुक्त भारत' एवं नशा मुक्त भारत के लिए प्रतिज्ञा कार्यक्रम अपरान्ह 12.15 बजे आयोजित किया गया। जिसमें संस्थान के शिक्षक, कर्मचारी एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रहे। सामजिक कुरीतियों के अन्तर्गत दहेज मुक्त भारत' एवं नशा मुक्त भारत के लिए शपथ ली। माननीया राज्यपाल महोदया एवं विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करवाये जा रहे इस को सफल बनाकर देश की दहेज मुक्त, नशा मुक्त, स्वस्थ, प्रगतिशील व समृद्ध राष्ट्र हेतु सबने प्रतिज्ञा ली और अपने परिवार. मित्रों, और समुदाय को प्रेरित करने हेतु निश्चय किया। ₹पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय₹ का उद्देश्य महाविद्यालयों में शिक्षा के स्तर को बढ़ावा देना और छात्रों में शिक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना है। महाविद्यालयों का उद्देश्य केवल पढ़ाई तक सीमित नहीं है, बल्कि यह सामाजिक, मानसिक और नैतिक दृष्टिकोण से छात्रों का सर्वांगीण विकास करना है। जब हम महाविद्यालयों की बात करते हैं, तो हम केवल एक शैक्षिक संस्थान की बात नहीं करते, बल्कि एक ऐसी जगह की बात करते हैं, जहां से हमारे छात्रों का भविष्य संवरता है और समाज में सकारात्मक बदलाव आता है।कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन डा० अमित प्रताप ने किया `कार्यक्रम में डा. नीतू सिंह, डा० दिनेश सिंह, डा० अजातशत्रु सिंह, राहुल आनंद सिंह, डा० पुष्यमित्र तिवारी, श्रीमती नीतू सिंह आदि उपस्थित रहे।

# यहां हर सांस बाजार की मोहताज

जनसंदेश न्यूज

**गाजीपुर ।** शासन के 'सबका साथ, सबका विकास' दावे को आइना दिखा रहा है जिला अस्पताल। यहां इलाज को आने वाली हर एक सांस बाजार की मोहताज है। महीनों से न ही सर्जन, फिजिशियन है और न ही जीवनरक्षक दवाएं हैं।

अपने मरीज की जिंदगी बचाने के लिए तीमारदारों को निजी चिकित्सक या बाजार से महंगी दवाएं खरीदकर इलाज कराना पड़ रहा है। बदतर होते हालातों से हर कोई वाकिफ है लेकिन न तो अब तक किसी जनप्रतिनिधि ने चिकित्सक या दवाओं के लिए पहल की है और न ही प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग ने संज्ञान लिया है। बद से बदतर होते हालातों को भांप अब मरीजों ने भी अन्य महानगर के प्राइवेट अस्पतालों और नर्सिंग होम का रुख शुरू कर दिया है। बतौर बानगी सपा सरकार में मंत्री रहे कैलाश यादव की अचानक तबीयत बिगड़ने पर जिला अस्पताल लाया गया। लेकिन जिला प्रशासन के काफी प्रयास के बाद भी उन्हें हास्पीटल में आवश्यक उपकरण और दवाएं नहीं मिल सकी। आखिर में उन्हे दिल्ली ले जाया गया लेकिन बच नहीं पाए। यह केवल एक मरीज के साथ ही नहीं बल्कि सभी के साथ देखने को मिल रहा है।

शहर से सटे फुल्लनपुर के रहने वाले राजू (31) पुत्र रामप्रसाद लीबर की गंभीर बीमारी से जूझ रहे हैं। परिजन आनन-फानन में इमरजेंसी लेकर भागे।

यहां चिकित्सकों ने उन्हें भर्ती तो कर लिया लेकिन इलाज के नाम पर केवल खानापूरी की गई। उच्चाधिकारियो ने भी हमेशा रटारटाया जवाब देते रहे कि शासन को पत्र भेजे जा रहे हैं। संज्ञान में भी है पूरा मामला है। लेकिन, अब तक तो राहत नहीं मिली है।

# अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर किशोरी सहित महिलाओं को किया जागरूक




**गाजीपुर।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस को वृहद रूप से मनाए जाने के लिए महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा निर्धारित गतिविधि के आयोजन हेतु जिलाधिकारी के आदेशानुसार व जिला प्रोबेशन अधिकारी के निर्देश के क्रम में शुक्रवार को ग्राम पंचायत महराजगंज व ग्राम पंचायत बबेडी में महिला कल्याण विभाग व ब्रेक थ्रु ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान मे किशोरी ग्रुप व ग्रामीण महिलाओं के साथ गतिविधि की गई। जिसमें किशोरियों के भविष्य के सपने व उनके प्रेरणास्त्रोत पर खुल कर बात की और महिलाए भी अपने रोजमर्रा के जीवन में होने वाले अनुभव को साथ में सांझा की। इसके साथ ही महिला कल्याण विभाग के वन स्टाप सेंटर की सेन्टर मैनेजर प्रियंका प्रजापति व चाइल्ड लाइन से सुपरवाइजर प्रियंका यादव द्वारा सभी को हेल्प लाइन नंबर 181 ,112 , 1098 ,1090 , 102 , 108 ,1076 इत्यादि के कार्य प्रणाली के विषय में जानकारी दी। घरेलू हिंसा, दहेज उत्पीड़न ,बाल विवाह , बाल अपराध (पाक्सो ), महावारी के दौरान की सफाई व विभाग की समस्त योजनाओ के विषय में विस्तार पूर्वक चर्चा की गई।

कार्यक्रम में गीता श्रीवास्तव, प्रियंका प्रजापति, अशरफ जहां, प्रियंका यादव, नंदिनी, उजमा परवीन, नासरीन फातिमा, अंशु , नेहा, निशा , संजना , सोनम, ब्युटी , सुनीता , सीमा , हिना , अनीता आदि उपस्थित रही।

## दूषित खाद्य पदार्थों से बीमार हो रहे ग्राहक

**गाजीपुर ।** शहर में चल रहे होटलों, ढाबों व चाय नाश्ते की दुकानों में बिना गुणवत्ता का ध्यान रखे ग्राहकों को खाना व नाश्ता परोसा जा रहा है। दुकानदारों द्वारा बचे हुए खाद्य पदार्थों को अगले दिन भी गर्म कर ग्राहकों को परोस दिया जाता है। जिससे उसे खाने वाले लोग विभिन्न बीमारियों की चपेट में आ जा रहे हैं। यहां के होटलों तथा ठेला पर लगे दुकानों में बर्तनों की साफ- सफाई की भी समुचित व्यवस्था नहीं है। अधिकांश होटलों में खुले में गंदे व दूषित जल से बर्तन की सफाई होती है। होटल में एक बड़े टब में पहले से ही सर्फ घोलकर रखा जाता है और उसी में हर बार जुठे बर्तन धोए जाते हैं। शहर के अलावे मुहम्मदाबाद, सैदपुर, जमानिया, दिलदारनगर, मरदह, कासिमाबाद, बहादुरगंज कस्बे के साथ ही ग्रामीण क्षेत्र के बाजारो में अधिकांश दुकानों पर लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। महकमे के लोग कभी भी इस ओर ध्यान नहीं देते हैं।

# महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने के लिए जिलाधिकारी ने किया प्रेरित



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर बैंक महिला कर्मचारियों के साथ डीएम आर्यका अखौरी।

**गाजीपुर।** यूनियन बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस 2025 के उपलक्ष्य में बैंक में कार्यरत महिला स्टाफ सदस्यों के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य महिलाओं के योगदान को सम्मानित करना और उनके उत्कृष्ट कार्यों को प्रोत्साहित करना था। कार्यक्रम में बतौर विशिष्ट अतिथि की जिलाधिकारी आर्यका अखौरी तथा मुख्य अतिथि केंद्रीय विद्यालय की प्राचार्य बिनीता सिंह उपस्थित रहीं। इनके अतिरिक्त बैंक के क्षेत्र प्रमुख संजय कुमार सिन्हा, उप क्षेत्र प्रमुख आशीष कुमार एवं राजदेव कुमार सहित बैंक के अन्य वरिष्ठ अधिकारी और महिला कर्मचारी भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने महिला सशक्तिकरण और कार्यस्थल पर महिलाओं की भागीदारी पर अपने विचार साझा किए। उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्होंने बैंकिंग क्षेत्र में महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका की सराहना की और उनके सतत विकास के लिए हरसंभव सहयोग देने की बात कही। महिला दिवस समारोह के दौरान, बैंक में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली पांच महिला अधिकारियों को विशेष सम्मान प्रदान किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा इन अधिकारियों को सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया गया। यह सम्मान उनके समर्पण, परिश्रम और बैंकिंग सेवा में दिए गए योगदान के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर बैंक के क्षेत्र प्रमुख संजय कुमार सिन्हा ने सभी महिला अधिकारियों को बधाई दी और बैंक में उनकी महत्त्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला।

उन्होंने महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बैंक द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं की जानकारी भी दी।

यह समारोह महिला सशक्तिकरण की दिशा में यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के प्रतिबद्धता को दशार्ता है और यह संदेश देता है कि समाज और संस्थानों में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना आवश्यक है।

# बाइक व स्कूटी की टक्कर में एक की मौत, दो घायल

**हादसा**


**पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेजा**

**घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया**

**जनसंदेश न्यूज**

**पटवध (आजमगढ़)।** जीयनपुर कोतवाली क्षेत्र के जमसर गांव के पास आजमगढ़ गोरखपुर मुख्य मार्ग पर बाइक और स्कूटी की टक्कर में एक की मौत हो गयी जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर अन्त्य परीक्षण के लिए भेज दिया वहीं घायलों को इलाज हेतु अस्पताल भेजवाया।

जीयनपुर थाना कोतवाली अंतर्गत गुरुवार को सायं लगभग 7.30 बजे आशीष राम 28 वर्ष पुत्र शिवमूर्ति निवासी मड़या थाना सिधारी अपनी ससुराल मोलनापुर (धनछुला) लाटघाट गया हुआ था। बाइक से अपने ससुराल के रिश्तेदार रामजन्म 30 वर्ष पुत्र महेंद्र निवासी मोलनापुर (धनछुला) के साथ लाटघाट बाजार जा रहा था। रास्ते में जमसर गांव के पास स्कूटी से बाइक आमने सामने की जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें आशीष राम बाइक से गिरकर ट्रेलर के नीचे चला गया। वहीं उसके साथ में बैठा रामजन्म गिरकर चोटिल हो गया। स्कूटी सवार लड़की भी गिरकर घायल हो गई।



बाइक सवार आशीष राम की ट्रेलर की चपेट में आने से मौके पर ही मौत हो गई। साथ में बैठे रिश्तेदार और स्कूटी सवार लड़की बुरी तरह घायल हो गए। सूचना पर मौके पर पहुंचे चैकी इंचार्ज लाटघाट जाफर खान ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया।वहीं घायलों को तत्काल एंबुलेंस से जिला अस्पताल के लिए भेजवाया।मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

## हाईकोर्ट ने रोका बुलडोजर का पहिया दुकानदारों में खुशी

**पवई (आजमगढ़)।** गुरूवार का दिन माहुल बाजार के दुकानदारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया जब हाई कोर्ट ने दुकानदारों को उनकी दुकानों से बेदखल कर उस पर बुलडोजर चलाये जाने के एसडीएम फूलपुर द्वारा दिये गये आदेश पर अगले आदेशों तक रोक लगा दी। ज्ञात हो कि एसडीएम फूलपुर द्वारा न्याय के नैसर्गिक सिद्धांतो को नजरंदाज कर बगैर दुकानदारों का पक्ष जाने अनावश्यक जल्दबाजी दिखाते हुए मात्र 16 दिनों में उन्हें उनकी दुकानों से बेदखल करने का आदेश पारित कर दिया। इस प्रशासनिक ज्यादती से बचने के लिए दुकानदारों ने अधिवक्ता दिनेश यादव के माध्यम से उच्च न्यायालय इलाहाबाद में याचिका दायर की। अधिवक्ता दिनेश यादव ने बताया कि याचिका पांच मार्च को न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की बेंच में सुनवाई हेतु पेश हुई जिसमें सभी उपस्थित पक्षों को सुनने के बाद न्यायालय ने अपने अग्रिम आदेशों तक एसडीएम फूलपुर के आदेश पर रोक लगा दी। इसकी खबर जैसे ही बुलडोजर चलने के भय से डरे सहमें दुकानदारों को मिली उनमें खुशी की लहर दौड़ गई। सभी दुकानदार अधिवक्ता दिनेश यादव को प्रभावी पैरवी के लिए धन्यवाद देते नजर आए।

# रोजेदारों से बाजार में चहल-पहल बढ़ी



दुकान से खरीदारी करते रोजेदार

**जनसंदेश न्यूज**

**फूलपुर (आजमगढ़)।** रमजान माह में प्रायः बाजारों में सन्नाटा रहता है दो बजते बजते बाजारों में चहल पहल शुरू हो जाता है। खासकर फल सब्जी मिठाई की दुकान पर दुकानदार अफ्तार के लिए ताजा सामान बनाने लगता है। हिन्दू मुस्लिम सभी की दुकान पर जलेबी बननी शुरू हो जाती है। रोजेदार रोजा खोलने के लिए सामान खरीदना शुरू कर देते हैं। किसी को दुकान से परहेज नहीं होता। जलेबी समोसा तो सभी का बिक्री होता है। रोजादारों की बाजारों में भीड़ जमा हो जाती है। सबसे अधिक नीबू तरबूज संतरा जलेबी, चने की घुघनी की डिमांड रहती है।

वहीं मुस्लिम बन्धु रोजेदारों के खान-पान की समस्त व्यवस्था अपनी दुकानों पर तैयार रखते हैं जिसमें समोसा पकौड़ी जलेबी चने की दाल गुड़ की जलेबी शामिल हैं। देखते देखते सारे सामान बिक जाते हैं। छः बजे तक पुनः एक बार सन्नाटा हो जाता है, पर बाजारों में चहल पहल रात ग्यारह बजे तक रहती है। सभी छोटे बड़े दुकानदार लाभान्वित होते हैं।

## संक्षेप

### पता पूछने के बहाने कान की बाली छीनकर भागा बदमाश

**रानी की सराय (आजमगढ़)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के मलिक हुसैनपुर हाईवे के पास एक महिला से शुक्रवार की सुबह पता पूछने के बहाने कान की बाली छीन कर बदमाश भागने लगा। महिला के चिल्लाने पर एक बदमाश को ग्रामीणों ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया। रानी की सराय थाना क्षेत्र के मलिक हुसैनपुर गांव निवासी ज्ञानमती पत्नी राम रतन हाइवे के पास अपने खेत को देखने के गई हुई थी।हाईवे से आ रहे दो बाइक सवार बदमाशरुककर आगे का पता पूछने लगे। महिला ने बताया कि कोटिला बाजार आगे है। बदमाशों ने महिला से मटर खाने को कहा। इस दौरान महिला के कान की बाली छीन कर भागने लगे। महिला के कान से खून भी बहने लगा।महिला के चिल्लाने पर पास के लोग एकत्रित हो गए। एक बदमाश बाइक न चालू होने के कारण फंस गया और दूसरा भाग निकलने में सफल हो गया। स्थानीय लोगों ने बदमाश को पड़कर के पुलिस के हवाले कर दिया।

### डॉ. उमा शंकर पांडेय के निधन पर शोक



**आजमगढ़।** नीमा उत्तर प्रदेश काउंसिल के जनरल सेक्रेटरी एवं सेंट्रल काउन्सिल के सेक्रेटरी जनरल डा. उमा शंकर पांडेय का आकस्मिक निधन हो गया। नीमा द्वारा सिधारी पर गुरूवार की रात एक शोक सभा का आयोजन किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने डॉ. उमा शंकर पांडेय के कुशल नेतृत्व की सराहना की तथा असमय काल कवलित होने के प्रति दुःख प्रकट किया।दो मिनट का मौन रखकर ईश्वर से दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करने की प्रार्थना की। शोक सभा की अध्यक्षता डा.पीएन मिश्रा तथा संचालन डा.डीडी सिंह ने किया। इस अवसर पर डा.वीके सिंह, डा.मनीष राय, डा.विनोद कश्यप, डा.मनीष चैबे, डा.अजीम अहमद आदि उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय लोक अदालत आज

**आजमगढ़।** अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, दीवानी न्यायालयधनंजय कुमार मिश्रा ने बताया है कि उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ व जनपद न्यायाधीश, अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के निदेर्शानुसार 8 मार्च शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें जनपद न्यायाधीश द्वारा पूर्वान्ह 10:30 बजे हाल आफ जस्टिस में दीप प्रज्जवलित कर लोक अदालत का शुभारम्भ किया जायेगा।

### विजयी प्रत्याशियों ने ली पद व गोपनीयता की शपथ



**फूलपुर (आजमगढ़)।** पंचायत प्रतिनिधियों के रिक्त पदों पर चुनाव सम्पन्न होने के बाद विजयी प्रत्याशियों ने शुक्रवार को सादे समारोह में सपथ ग्रहण किया। ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत गोबरहा में क्षेत्र पंचायत सदस्य के रिक्त सीट पर चुनाव में निर्विरोध चुनी गयी इसरावती पत्नी नन्दलाल कोबीडीओ बिमला चैधरी ने अपने कार्यालय में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। इसी क्रम में सदस्य ग्राम पंचायत खांनजहापुर पवन कुमार के निर्विरोध निर्वाचित होने पर सहायक विकास अधिकारी पंचायतराधेश्याम यादव ने पंचायत कार्यालय में शपथ दिलाई। इस अवसर पर राजकुमार, लेखाकार संजय सिंह, रहमतुल्लाह खान, रामजीत, सन्देश, अखिलेश, ममता श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहीं।

### नारी शक्ति सम्मान समारोह कल

**आजमगढ़।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के मौके पर नारी शक्ति संस्थान, द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नारी शक्ति सम्मान-2025 का आयोजन 9 मार्च को सुबह 11 बजे से शहर के मड़या स्थित एक होटल सभागार में किया गया है। उक्त आशय की जानकारी देते हुए संस्थान की सचिव डा. पूनम तिवारी ने बताया कि समारोह में समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वाली पूर्वांचल की नारी शक्तियों को संस्थान द्वारा नारी शक्ति सम्मान-2025 प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। समारोह में विविध कार्यक्रम भी आयोजित किया गया है। उन्होंने समाज के हर तबके, वर्ग की महिलाओं को शामिल होकर समारोह को सफल बनाने की अपील किया है।

### रईस व उसके तीन सदस्यों को आई आर 46 गैंग के रूप में किया गया सूचीबद्ध

**आजमगढ़।** एडीजी वाराणसी जोन ने अभियुक्त रईस पुत्र इश्तियाक निवासी कौरागहनी सरायमीर व उसके 03 सदस्यों को जनपद आजमगढ़, जौनपुर एवं अयोध्या में गोकशी हेतु प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करने जैसे जघन्य अपराध में आई आर-46 गैंग के रूप में सूचीबद्ध किया गया।

अपर पुलिस महानिदेशक, वाराणसी जोन पीयूष मोर्डिया द्वारा अभियुक्त रईस पुत्र इस्तियाक निवासी कौरागहनी थाना सरायमीर द्वारा अपने गैंग के सदस्यों के साथ मिलकर आपराधिक गतिविधियों से अधिक धन कमाने के उद्देश्य से जनपद आजमगढ़, जौनपुर व अयोध्या में हत्या व गोकशी हेतु प्रतिबंधित पशुओं की तस्करी करने जैसे जघन्य अपराध कारित करता है। इनकी गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु गैंग को आई आर (इन्टर रेन्ज) स्तर पर सूचीबद्ध किया गया है। इसका कोड नं0-आई आर- 46 होगा। इसके सदस्य गुड्डू उर्फ अनीस पुत्र इस्तियाक निवासी कौरागहनी थाना सरायमीर, शमीम पुत्र तसौव्वर निवासी कौरागहनी थाना सरायमीर, सोहराब पुत्र जलालुद्दीन उर्फ नाटे निवासी कौरागहनी थाना सरायमीर।

### जेटीसी, आरटीसी की सुविधाओं का डीआईजी ने लिया जायजा



**आजमगढ़।** पुलिस उपमहानिरीक्षक परिक्षेत्र आजमगढ़ द्वारा आगामी जेटीसी, आरटीसी की मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया गया। शुक्रवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक आजमगढ़ परिक्षेत्र, सुनील कुमार सिंह द्वारा वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना के साथ पुलिस लाइन आजमगढ़ में आगामी जेटीसी, आरटीसी के परिपेक्ष में मूलभूत सुविधाओं, व्यवस्थापन एवं बैरकों के साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये।

## पवई में इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का हुआ उद्घाटन

**पवई (आजमगढ़)।** पवई में कलान रोड पर शीतला माता मंदिर के पास शुक्रवार को ओएसिस इलेक्ट्रॉनिक शोरूम का भव्य उद्घाटन हुआ। पुजारी उमा दत्त द्विवेदी के मंत्रोच्चार के बीच शोरूम का शुभारंभ प्रोपराइटर डॉ.सचिन सिंह ने फीता काटकर किया। डॉ. सचिन सिंह ने कहा कि समय बदल रहा है। ग्रामीण क्षेत्रों में भी अब इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों की मांग बढ़ने लगी है। इसका ही परिणाम है कि आपके बाजार में भी उषा, वोल्टास ब्रांड इलेक्ट्रॉनिक शोरूम खुल गया है। उन्होंने बताया कि पहले लोग इलेक्ट्रॉनिक सामानों की खरीदारी के लिए अन्य बाजारों में जाते थे। अब आपके क्षेत्र में ही मुख्य ब्रांड का हर रेंज में उत्कृष्ट सामान मिलेगा। उन्होंने मौके पर उपस्थित लोगों को कंपनी द्वारा लाए गए स्कीम के बारे में जानकारी दी। इस मौके पर डॉ.राधेश्याम सिंह, डॉ.पीएन सिंह, जय प्रकाश सिंह, सुभाष सिंह, राम सिंह, डॉ.अवनीश सिंह, डॉ.अतुल सिंह, मनोज सिंह आदि उपस्थित रहे।

# खाद्य सुरक्षा विभाग ने लिया 20 सैंपल



एक दुकान से सैंपल लेते खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम

**छापेमारी**

**रिफाइण्ड ऑयल, बेसन नमकीन तथा रंगीन कचरी सीज**

**जनसंदेश न्यूज**

**आजमगढ़।** होली पर्व के दृष्टिगत जिलाधिकारी व अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के आदेश के क्रम में मिलावटी खाद्य एवं पेय पदार्थो की विक्री पर प्रभावी रोकथाम हेतु सहायक आयुक्त (खाद्य)-द्वितीय द्वारा गठित खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन दल ने शुक्रवार को एसडीएम फूलपुर एवं सहायक आयुक्त (खाद्य) श्रवण कुमार मिश्र के नेतृत्व में फूलपुर बाजार से बेसन, रिफाइण्ड का नमूना लिया।

360 किग्रा बेसन, 150 लीटर पामोलीन ऑयल, 46 किग्रा रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल, 180 किग्रा रिफाइण्ड सोयाबीन तेल आदि को सीज किया गया। टीम द्वारा फूलपुर बाजार से पनीर व बूंदी के लड्डू का नमूना एवं शाहपुर रोड सरायमीर से गट्टा मिठाई, चिक्की व नमकीन का नमूना लिया। 82 किग्रा नमकीन सीज किया एवं रानी की सराय से खोया तथा पनीर का नमूना लिया।

एसडीएम निजामाबाद के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में दूसरी टीम ने हुसेनाबाद निजामाबाद से पापड़ व सरसो का तेल तथा निजामाबाद से बेसन व रंगीन कचरी का नमूना लिया। 45 किग्रा कचरी सीज किया। मोहम्मदपुर तिराहा से 2 रंगीन कचरी के नमूनें लिये। टीम के सदस्यों द्वारा सिधारी से पनीर, मैदा व बेसन का नमूना भी संग्रहित किया गया। इस प्रकार दोनों टीम द्वारा कुल 20 नमूनें खाद्य पदार्थो के संग्रहित किये गये। उक्त छापेमार दलों में खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण संजय कुमार तिवारी, कीर्ति आनन्द, लालमणि यादव, शीत कुमार सिंह, बेबी सोनम, अमर नाथ, गोविन्द यादव, सुचित प्रसाद ,रजनीश कुमार एवं मो.साकिब सम्मिलित रहे।

## धड़ाधड़ गिरे मिष्ठान कारोबारियों के शटर



छापेमारी के दौरान माहुल में बंद दुकानें

**माहुल (आजमगढ़)।** खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा छापेमारी की सूचना पर शुक्रवार दोपहर में मिष्ठान कारोबारियों के प्रतिष्ठानों के शटर धड़ाधड़ बंद हो गए। दो घंटे तक टीम नहीं आई तो धीरे-धीरे पुनः इनकी दुकान खुल गई। सरकार के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा होली पर्व पर मिलावटी सामान बेचने की आशंका पर सतर्कता की दृष्टि से मिलावटखोरी और नकली मिठाइयों की बिक्री रोकने हेतु छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। माहुल के मिष्ठान कारोबारियों को यह सूचना मिली कि फूलपुर में टीम छापेमारी कर रही है और माहुल आने वाली है। टीम के आने के भय से ये अपने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए, पर छापेमारी टीम फूलपुर में ही जांच कर वापस चली गई।

# लग्जरी गाड़ियों में लगे हूटर का हो रहा इस्तेमाल, जिम्मेदार मौन

**जनसंदेश न्यूज**

**बेखबर**

**सीएम के आदेश के बावजूद भी नहीं लग रही लगाम**

**अतरौलिया (आजमगढ़)।** हूटर बजाती कार जरूरी नहीं कि किसी अफसर या आपात सेवा की हो। यहां गुजरने वाली कई लग्जरी कार में हूटर लगा रहता है। इसका प्रतिदिन इस्तेमाल देखने के बाद भी इस पर अंकुश लगाने वाले जिम्मेदार बेखबर हैं। तेजी से बजने वाली हूटर या सायरन की आवाज से सड़क पर चलने वाले राहगीरों को चैकन्ना कर देती है। लेकिन इसका प्रयोग जब गलत तरीके से होने लगे तो लोग आदतन अनसुना कर देते हैं। कुछ ऐसा ही हाल अतरौलिया और आस पास में देखने को मिल रहा है।

अपना भौकाल बनाने के लिए लग्जरी गाड़ी लिए लोग अगर सामने एक बाइक या साइकिल भी आ जाती है तो हूटर बजाने लगते हैं। ऐसा हाल आसपास में विशेष रूप से प्रतिदिन देखने को मिल रहा है। सड़कों पर दौड़ते वाहनों में लगे प्रेशर हॉर्न, हूटर और सायरन लोगों के लिए परेशानी बन गए हैं। इस पर अंकुश लगाने वाले जिम्मेदार देखकर भी अनदेखा कर देते हैं। हूटर और सायरन का इस्तेमाल इमरजेंसी में फायर ब्रिगेड की गाड़ी या एम्बुलेंस को ही करते देखा जाता है। सामान्यतः इन्हें भी हर समय सायरन और हूटर बजाने का अधिकार नहीं है।

एम्बुलेंस में मरीज होने पर ही सायरन और हूटर बजाया जा सकता है। इसके अलावा आग की सूचना पर जाते समय ही फायर ब्रिगेड की गाड़ी में सायरन और हूटर का प्रयोग हो सकता है। इमरजेंसी की हालत में पुलिस को भी सायरन के इस्तेमाल का अधिकार है। वहीं अतरौलिया और आसपास में दर्जनों लग्जरी कार में धड़ल्ले से इसका गलत इस्तेमाल करते देखा जा सकता है,जिसपर प्रशासन पूरी तरह से मौन दिखाई दे रहा है। मुख्यमंत्री के आदेश के बावजूद भी इस पर अभी तक कोई भी लगाम नहीं लगाया जा सका।

## सात दिवसीय एनएसएस शिविर प्रारंभ

**मार्टिनगंज (आजमगढ़)।** डॉ.राम मनोहर लोहिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय बलवाना में सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर का शुभारंभ पीजी कालेज के संयोजक संजय राय द्वारा मां सरस्वती के चित्र पर दीप जलाकर एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रारंभ किया गया।

एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रदीप पाठक ने कहा कि राष्ट्रीय सेवा योजना एक ऐसी योजना है जिसके शिविर में प्रतिभागियों राष्ट्र की सेवा करने का तरीका बताया जाता है। एनएसएस की प्रतिभागी अंशिका एवं मंजू राजभर द्वारा सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया। महाविद्यालय के प्रबंधक सतीश राय ने कहा कि इस सात दिवसीय शिविर में प्रतिभागियों को विभिन्न तरह के कार्यों की जानकारी जैसे स्वास्थ्य, शिक्षा, सफाई, दहेज प्रथा, दहेज उन्मूलन के लिए तथा बेटी बेटा एक समान की जानकारी प्राप्त होती है।

आज के परिवेश में महिलाएं किसी से पीछे नहीं हैं। वह हर क्षेत्र में अपनी उपस्थिति दर्ज करयादगार बन चुकी है कि वह किसी से पीछे नहीं हैं।इस अवसर पर डॉ.संध्या राय,डॉ.प्रतिभा राय,डॉ. शशिकांत यादव, ओम प्रकाश,डॉ.यज्ञ नारायण मिश्रा, कमलेश कुमार, संदीप राय सहित समस्त स्टाफ मौजूद रहा। प्रबंधक सतीश राय ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# मच्छरों का प्रकोप बढ़ा कराई गई फांगिंग



अतरौलिया में मशीन से फांगिग करते सफाईकर्मी

**जनसंदेश न्यूज**

**अतरौलिया(आजमगढ़)।** स्थानीय नगर पंचायत में मच्छरों के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए अधिशासी अधिकारी विजय शंकर अवस्थी के निर्देश पर सभी वार्ड में फांगिंग व चूने ब्लीचिंग का छिड़काव कराया गया।

मच्छर जनित बीमारियों से रोकथाम हेतु नगर पंचायत के सभी 11 वार्डों में प्रत्येक दिन चूने ब्लीचिंग के छिड़काव के साथ ही फांगिंग कराई जा रही है जिसके क्रम में वार्ड नंबर 4 लोहिया नगर में शुक्रवार को साफ सफाई तथा छिड़काव के साथ ही फांगिंग कराई गई। इसके साथ ही जाम हुई नालियों की साफ सफाई का कार्य भी किया जा रहा है। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि नगर पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए लगातार साफ सफाई के साथ ही चूने ब्लीचिंग का छिड़काव कराया जा रहा है। साथ ही प्रत्येक दिन एक-एक वार्डों में फांगिंग भी कराई जा रही है जिससे मच्छरों व मच्छर जनित बीमारियों से आम जनमानस को बचाया जा सके। इस मौके पर नगर पंचायत के सभी सफाई कर्मचारी मौजूद रहे।

## खाद्य विभाग की छापेमारी से मचा हड़कंप

**फूलपुर (आजमगढ़)।** स्थानीय बाजार मेंखाद्य सुरक्षा विभाग की टीम द्वारा आकस्मिक छापेमारी से नगर में व्यवसायियों के बीच अफरा तफरी मच गयी। धड़ाधड़ नगर से तहसील मोड़ तक मिठाई सहित किराना गल्ला की थोक फुटकर दुकानों का शटर गिरा दुकानदार दुकान छोड़ फरार हो गये।

खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने शुक्रवार को नगर में आकस्मिक निरीक्षण किया जिससे अफरा तफरी मच गयी। एसडीएम फूलपुर सुरेन्द्र नरायन त्रिपाठी की अगुवाई मेंखाद्य सुरक्षा टीम ने दो मिठाई की दुकानों से सैंपल लिया।

टीम की भनक लगते ही नगर की कई दुकानें बंद हो गई। टीम ने फूलपुर के मुख्य मार्ग से सटे दो स्थानों पर औचक दबिश दी। लिये गये सैंपल को जांच के लिए प्रयोगशाला में भेजने की प्रक्रिया की गई। एसडीएम ने बताया कि मिलावट पाए जाने पर दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान टीम ने दुकानदारों को सफाई का भी विशेष ध्यान रखने की हिदायत दी।

# नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को दिलायी शपथ

**आजमगढ़।** डिस्ट्रिक्ट टैक्स बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। शपथ ग्रहण कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर सांसद धर्मेन्द यादव, विशिष्ठ सांसद दरोगा प्रसाद सरोज उपस्थित रहे।



शपथ ग्रहण समारोह में उपस्थित अतिथिगण व नवनिर्वाचित पदाधिकारी

अय्यूब अली (एडिशनल कमीश्नर ग्रेड-2 अपील), राम सरोज (ज्वाइन्ट कमीश्नर) आदि की उपस्थिति में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। मुख्य अतिथि द्वारा एलडर कमेटी के चेयरमैन उमाशंकर यादव द्वारा अध्यक्ष जयप्रकाश यादव को पद एवं गोपनियता की शपथ दिलाई गई। शेष सभी पदाधिकारियों को एलडर कमेटी, चेयरमैन उमाशंकर यादव द्वारा पद एवं गोपनियता की शपथ दिलायी गयी। जिसमें वक्ताओं द्वारा जीएसटी की समस्याओं सम्बन्धित बिन्दुओं पर प्रकाश डाला गया तथा मुख्य अतिथि से आग्रह किया गया कि अधिवक्ता संशोधन अधिनियम 2025 का संसद में विरोध हो। नव निर्वाचित अध्यक्ष जय प्रकाश यादव द्वारा मुख्य अतिथि को सुसज्जित लाइब्रेरी हेतु प्रत्रक दिया गया। शपथग्रहण समारोह में दीवानी, कलेक्ट्रेट एवं सेन्ट्रल बार के अध्यक्ष एवं मन्त्री उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में अनुप कुमार विश्वकर्मा मन्त्री, अजय श्रीवास्तव, सन्तोष मिश्रा, विजय श्रीवास्तव, रामनाथ यादव, राजेश पाण्डेय, शशिकान्त यादव, आलोक रंजन, विकास अग्रवाल, रामप्रताप राय, जय गोविन्द सिंह, अमरेन्द्र श्रीवास्तव, उमेश यादव, मनोज यादव, दीपक चौरसिया, रामरतन यादव, प्रदीप कुमार चौहान, आशीष श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत्त जवान का ग्रामीणों ने किया स्वागत

**जनसंदेश न्यूज**

**मेंहनगर (आजमगढ़)।** बीएसएफ जवान रामप्रकाश राव सबइंस्पेक्टर पद से 28 फरवरी को त्रिपुरा से सेवा निवृत्ति के पश्चात गुरुवार को अपने गृह जनपद के ग्राम विसानी पहुंचने की जानकारी जैसे ही गांव वालों को हुई तो घर जाने से पूर्व प्राथमिक विद्यालय पर समाजसेवी व पूर्व प्रधान विजय बहादुर सिंह की अध्यक्षता में सैनिक सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हें सम्मानित किया।

सर्वप्रथम स्कूली छात्राओं ने सरस्वती वंदना कर स्वागत गीत से सम्मानित किया। तत्पश्चात सेवा निवृत्त सैनिक का ग्रामीणों ने स्वागत कर माल्यार्पण किया। श्री राव ने कहा कि सेवाकाल में बहुतायत स्वागत हुआ यह तो अपना घर आंगन है। अपने 42 वर्षीय सेवाकाल अवधि में पाकिस्तान व बंगलादेश के बार्डरो पर ज्यादातर रहा हूं। आज के बच्चे देश के भविष्य हैं। देश सेवा से बड़ा कोई सेवा नहीं है।



सेवानिवृत्त जवान का स्वागत करते ग्रामीण

इस दौरान सभी स्कूली बच्चों को ड्राइंग बॉक्स व कॉपी उपहार स्वरूप वितरित किया।

खंड शिक्षा अधिकारी रविकेश कुमार ने कहा कि रामप्रकाश जैसे महान व्यक्ति बार्डर पर डटकर देश सेवा करता है तो हम चैन की रोटी खाकर सोते हैं। प्रधान धर्मेन्द्र सिंह ने आगतजनों का आभार प्रकट किया। इस मौके पर प्राथमिक शिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष वकील मौर्य, राकेश द्विवेदी, एआरपी पीएन सिंह,प्रदीप सिंह, अमरनाथ सिंह,सुनील सिंह, श्रीनाथ आदि मौजूद रहे।

## मकान का ताला तोड़ कर आभूषण समेत लाखों की चोरी

**रानी की सराय (आजमगढ़)।** स्थानीय कस्बे में गुरुवार की रात को एक वैवाहिक कार्यक्रम के दौरान सरार्फा व्यवसायी के घर से अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर एक लाख नकद व आभूषण समेत लगभग 10 लाख का माल पार कर दिया।

कस्बा निवासी विनोद वर्मा अपने परिवार के साथ अपने पुश्तैनी मकान में वैवाहिक कार्यक्रम में चले गए थे।इसी दौरान घात लगाए अज्ञात चोरों ने महज एक घंटे के अंदर घर में लगे दरवाजे का ताला तोड़कर कमरे में दाखिल हुए और कमरे में अलमारी में रखा उनकी पत्नी का आभूषण व एक लाख नकद और उनके पुत्र की सराफा की दुकान का आभूषण समेट करके पिछले दरवाजे से चले गए।जानकारी तब हुई जब पुनः घर को लौटे। पीड़ित ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सीसी फुटेज भी खंगाला।फॉरेसिक टीम भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने एक को हिरासत में लिया है।

# जिला पंचायत की बैठक में 69.88 करोड़ अनुमोदित

**आजमगढ़।** जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव की अध्यक्षता में शुक्रवार को जिला पंचायत के सभागार में बैठक आहूत की गयी, जिसमें जिला पंचायत के समस्त सदस्यगणों, जनप्रतिनिधियों तथा जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



बैठक को सम्बोधित करते जिला पंचायत अध्यक्ष विजय यादव

जिला पंचायत की बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा जनपद स्तरीय अधिकारियों से उनके विभागों जैसे स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, सिंचाई विभाग एवं अन्य विभागों में संचालित योजनाओं पर सदन में विस्तृत रूप से चर्चा किया गया। सदन द्वारा विस्तृत चर्चा के उपरान्त जिला पंचायत, आजमगढ़ का पुनरीक्षित बजट आय वित्तीय वर्ष 2024-25 में कुल 72.17 करोड़ एवं पुनरीक्षित व्यय बजट वित्तीय वर्ष 2024-25 में 85.41 करोड़, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल अनुमानित बजट आय 77.53 करोड़ एवं अनुमानित बजट व्यय वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 69.88 करोड़ रूपया अनुमोदित किया गया। मनरेगा योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए वार्षिक श्रम बजट का अनुमोदन सदन द्वारा सर्वसम्मति से किया गया। बैठक के अन्त में अध्यक्ष द्वारा समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए बैठक की कार्यवाही समाप्त करने की घोषणा की गयी।

# एक दूजे के हुए 540 जोड़े, जनप्रतिनिधियों ने दिया आशीर्वाद

**नेक कार्य**

## विद्वान पंडितों के मुखारबिंद से मंत्रोच्चार के साथ कराया गया विवाह




**कछवां।** आदर्श नगर पंचायत स्थित श्री गांधी विद्यालय के मैदान में समाज कल्याण विभाग द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कुल 540 जोड़ों ने सामूहिक विवाह कर एक दूजे के हुए, जो एक अद्वितीय और अविस्मरणीय अनुभव था। वहीं दो मुस्लिम जोड़ो ने भी मौलबी की अगुवाई में निकाह की रस्म अदायगी करते हुए विवाह किया। समारोह की शुरूआत विद्वान पंडितों द्वारा विधिवत मंत्रों के साथ हुई। वर और वधुओं ने अपने परिवारों और मित्रों के साथ मिलकर इस अनोखे आयोजन में उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी वर और वधुओं ने विधि विधान पूर्वक एक दूजे के हुए और अपने जीवन की नई शुरूआत किया। इस समारोह में समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने समारोह के आयोजन और संचालन में महत्वपूर्ण योगदान दिया। समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह समारोह गरीब और वंचित परिवारों के युवाओं को विवाह के अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया है। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का उद्देश्य गरीब और वंचित परिवारों के युवाओं को विवाह के अवसर प्रदान करना है। यह समारोह न केवल विवाह के अवसर प्रदान करता है, बल्कि यह समाज में एकता और समरसता को बढ़ावा देने में भी मदद करता है। इस समारोह के आयोजन से क्षेत्र के लोगों में खुशी और उत्साह का माहौल रहा। समारोह में मौजूद लोगों ने बताया कि यह आयोजन बहुत ही अनोखा और अविस्मरणीय था। इस अवसर पर विधायक मझवां सूचिस्मिता मौर्य, विधायक नगर रत्नाकर मिश्रा, विधायक मड़िहान रमाशंकर पटेल, ब्लॉक प्रमुख मझवां दिलीप सिंह, ब्लॉक प्रमुख पहाड़ी इंद्र बहादुर पांडेय, नगर पंचायत चेयरमैन मिताली जायसवाल, मुख्य विकास अधिकारी विशाल कुमार, खंड विकास अधिकारी संजय श्रीवास्तव, अधिशासी अधिकारी कछवां सोनल जैन, भाजपा मंडल अध्यक्ष कछवां पवन उपाध्याय, मंडल अध्यक्ष मझवां आकाश सिंह, पूर्व चेयरमैन अजय कुमार उपाध्याय, पूर्व मंडल अध्यक्ष मनोज पांडेय, निर्मला राय समेत जिले के समस्त ब्लॉकों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## स्वर्णकार सभा ने कराया चार जोड़ों का विवाह



**मीरजापुर।** श्री अयोध्यावासी स्वर्णकार सभा द्वारा चार जोड़ों का विवाह सम्मेलन धूमधाम से सम्पन्न कराया हुआ। स्वर्णकार सभा द्वारा प्रथम एक दिवसीय सामूहिक विवाह सम्मेलन शुक्रवार को गनेशगंज स्थित धर्मशाला में कराया गया। सम्मेलन समाज को बढ़ते उत्थान के रूप में किया गया। जिसमें समाज के सभी लोग ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सामूहिक विवाह में अयोध्यावासी स्वर्णकार सभा ने लड़की लड़के को उपहार स्वरूप में आलमीरा, पलंग, फ्रिज, टी0वी0, वाशिंग मशीन, बर्तन आदि उपहार स्वरूप पदाधिकारियों द्वारा नवदंपति जोड़ों को दिया गया। सभा द्वारा चार दूल्हो की बैण्ड बाजे, ढोल नगाड़े द्वारा गनेशगंज से बारात बड़े ही धूम धाम से निकाली गई। जिसमें उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बुन्देलखण्ड, छत्तीसगढ़, बिहार, दिल्ली के पदाधिकारीगण आकर स्वर्णकार सभा सम्मेलन में सम्मिलित होकर मान बढ़ाया। इस विवाह सम्मेलन में बड़े बुजुर्ग, बच्चों और महिलाओं ने बढ़-चढ़ ?कर विवाह में हिस्सा लिया। जिले के विशिष्टगण में विधायक, सांसद व अधिकारीगण ने प्रशंसा की और कहा समाज को ऐसे स्वर्णकार सभा पर गर्व है। इस दौरान अध्यक्ष सोनू सोनी, महामंत्री राजकुमार सोनी, मदन गोपाल सोनी, शिवनारायण सोनी, कैलाश नाथ सोनी, हीरालाल सोनी, गणेश सोनी, शिवशंकर सोनी, मनोज सोनी, रवि सोनी आदि लोगों ने सम्मेलन को धूमधाम से सम्पन्न कराया।

# किसानों को मक्के की फसल से लाभान्वित कर रहा संस्थान



**चुनार।** भारत में इथेनॉल का उत्पादन बढ़ाने के लिए भारतीय मक्का अनुसंधान संस्थान आईआईएमआर ने 'इथेनॉल उद्योगों के जलग्रहण क्षेत्र में मक्का उत्पादन में वृद्धि' नामक प्रोजेक्ट शुरू किया हुआ है। इसके जरिए किसानों को मक्का की खेती के लिए प्रेरित किया जा रहा है और किसानों को उच्च गुणवत्ता वाले मक्का के बीज और कीटनाशक दिए जा रहे हैं। इसी कड़ी में नारायनपुर ब्लॉक में आईआईएमआर की ओर से जागरूकता अभियान व कीटनाशक वितरण कार्यक्रम रखा गया।

जिसमें बीएचयू की तरफ से डा0 प्रतिक सिनोदिया, डा0 रामनिवास बगड़िया, ओमप्रकाश तथा सक्रिय किसान हरिशंकर सिंह मौजूद रहे। डा0 प्रदीप सिनोदिया ने किसने संबोधित करते हुए किसान तीनों सीजन में मक्के की खेती कैसे करें, उसमें आने वाली समस्याओं का उपाय कैसे करें, अच्छे किस्म के बीज किसानों को उपलब्ध हो, तथा देशभर में वर्ष भर मक्के की खेती कैसे की जा सके इस पर विस्तृत चर्चा की गई। डा0 रामनिवास ने बताया कि इस परियोजना के प्रभारी वरिष्ठ वैज्ञानिक डा0 शंकर लाल जाट व डा0 हनुमान सहाय जाट के निर्देशन में यह परियोजना देश के 15 राज्यों में चल रही है। कार्यक्रम में सक्रिय किसान हरिशंकर सिंह ने अपने अनुभव किसानों को साझा करते हुए कहा कि सबसे बड़ा वैज्ञानिक किसान होता है वह खेती के साथ-साथ अपना प्रयोग भी खेतों पर करता रहता है जिसका अलग अनुभव उनके पास होता है। चंदापुर गांव में जायद सीजन के लिए कुल 20 किसानों को मक्का का कीटनाशक वितरित किया गया।

## अभियान चलाकर दिलाई गई नशा मुक्ति की शपथ

**अदलहाट।** लालता सिंह राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय अदलहाट में शुक्रवार को 'पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय' कार्यक्रम के तहत दहेज मुक्त भारत एवं 'नशा मुक्त भारत' शपथ ग्रहण का कार्यक्रम क्षेत्र के अमृत सरोवर इब्राहिमपुर में संपन्न हुआ। महाविद्यालय के शिक्षकों ने पुस्तक वाचन किया गया। जिससे नवाचार अनुसंधान एवं पढ़ने के प्रति लोगों को प्रेरित किया गया। साथ ही नशा मुक्ति जिससे समाज पूरी तरह से ग्रसित है, इसके खिलाफ अभियान चलाते हुए नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई। बताया कि दहेज समाज के लिए एक गंभीर समस्या है। जिसको लेकर आए दिन सामाजिक ताने-बाने पर बुरा असर पड़ रहा है। जिसकी वजह से अभिभावकों बालिका एक भार के रुप में महसूस हो रही है। इसके लिए दहेज के विरुद्ध दहेज मुक्त भारत के लिए शपथ ग्रहण दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन डा0 आनंद प्रकाश ने किया। इस अवसर पर प्रो0 गोमतेश्वर पाल, डा0 राजकुमार सिंह, डा0 अंजू सोनकर, डा0 जितेंद्र कुमार सिंह, डा0 प्रणव कुमार गौरव, डा0 रानी राय, डा0 अंकित कुमार, डा0 प्रेमलता प्रोफेसर, डा0 गणेश, डा0 हेरंब पांडेय, डा0 मनीष चंद, डा0 चंदन खरवार आदि मौजूद रहे।

# छात्राओं ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

जनसंदेश न्यूज

**लालगंज।** श्रीमती इंदिरा गांधी राजकीय पीजी कॉलेज लालगंज की राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस इकाई की छात्राओं ने शुक्रवार को सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया। खजरी फ्लाई ओवर ब्रिज के पास आयोजित इस अभियान में छात्राओं ने बिना हेलमेट दोपहिया वाहन चला रहे लोगों को रोककर यातायात नियमों की जानकारी दी और उन्हें सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित किया।

कॉलेज के प्राचार्य डा0 के0के0 गिरी ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि युवाओं को जागरूक करने के लिए इस तरह के अभियानों की जरूरत है।

सड़क सुरक्षा केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं बल्कि यह हम सभी का कर्तव्य है। ऐसे अभियानों से लोगों की सोच में बदलाव आएगा। कार्यक्रम की प्रभारी डा0 भूप नारायण सिंह ने बताया कि एनएसएस की

**कार्यक्रम**

### यातायात नियमों की जानकारी देकर सुरक्षित यात्रा के लिए किया प्रेरित

छात्राएं लगातार सड़क पर सुरक्षित यात्रा को लेकर लोगों को जागरूक कर रही हैं। इस अभियान के तहत यातायात नियमों के पालन, हेलमेट और सीट बेल्ट लगाने, ट्रैफिक सिग्नल का सम्मान करने और लापरवाही से वाहन न चलाने का संदेश दिया गया।

इस दौरान समाजशास्त्र विभाग की डा0 शिवांगी पांडेय ने कहा कि समाज में सुरक्षा और अनुशासन के प्रति जागरूकता लाने के लिए इस तरह के अभियान बेहद जरूरी हैं। इस दौरान कई वाहन चालकों ने अपनी गलती स्वीकार की और भविष्य में हेलमेट पहनने और यातायात नियमों का पालन करने का संकल्प लिया।

## संक्षेप

### जलजमाव की समस्या पर एएसपी ने अधिकारियों से की वार्ता

**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना परिसर में क्षेत्रीय लोगों की बैठक के बाद शुक्रवार शाम को ग्राम प्रधान देवहट कौशलेंद्र गुप्ता ड्रमंडगंज निवासी भाजपा नेता पिंटू केशरी के आग्रह पर एडिशनल एसपी आपरेशन ओपी सिंह ने ड्रमंडगंज तिराहे पर सड़क पर हुए गढ्ढे व जलजमाव को देखा। ग्राम प्रधान व बाजारवासियों ने एडिशनल एसपी को बताया कि सही ढंग से नाली का निर्माण नही किए जाने से करीब एक वर्ष से ड्रमंडगंज तिराहे पर जलजमाव की समस्या बनी हुई है। कई बार विभागीय अधिकारियों का ध्यान आकृष्ट कराया गया लेकिन आजतक समस्या का समाधान नहीं हुआ। एडिशनल एसपी ने समस्या को दूर कराने के लिए पीडब्ल्यूडी व एनएचएआई के अधिकारियों से फोन से वार्ता की। इस दौरान ग्राम प्रधान कौशलेन्द्र गुप्ता, संजीव केशरी, पिंटू केशरी, संजय सिंह, विनोद गुप्ता, सुभाष सोनी, सिम्पल केशरी आदि उपस्थित रहे।

### महंगा पड़ेगा होली पर शराब पीकर उत्पात मचाना : एएसपी

**हलिया।** शराब पीकर होलिका दहन व होली पर्व पर शराब पीकर समाज में व्यवधान पैदा करना महंगा पड़ेगा। क्योंकि त्यौहार पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए अराजकतत्वों पर पुलिस की पैनी नजर बनी हुई है। शुक्रवार को ड्रमंडगंज थाने पर आयोजित क्षेत्रीय नागरिकों की बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक आपरेशन ओमप्रकाश सिंह ने दी। एडिशनल एसपी ने कहा कि होली प्रेम और आपसी सौहार्द का पर्व है।ऐसे में शराब पीकर होली मनाने से समाज में अव्यवस्था फैलती है। साथ ही शराब की वजह से होने वाली दुर्घटनाओं के कारण परिवारों में खुशियों का पर्व मातम में बदल जाता है। एडिशनल एसपी ने स्थानीय पुलिस को प्रत्येक गांव और कस्बों में मनबढ शराबियों पर पैनी नजर रखने का निर्देश दिया। सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह ने कहा कि होली पर्व पर शराब पीकर उत्पात मचाने वालों को मजिस्ट्रेट की अनुमति लेकर सुसंगत धाराओं में जेल भेजा जाएगा। इस अवसर पर थानाध्यक्ष अरविंद कुमार सरोज, ग्राम प्रधानगण कौशलेन्द्र गुप्ता, सुरेश केशरी, संजय सिंह, अरुण मिश्र, पुंडरीक सिंह, सेराज अहमद, त्रिवेणी प्रसाद मौर्य, पिंटू केशरी, मिस्टर अंसारी आदि उपस्थित रहे।

### कुंभ मेले में लगे अधिकारियों को डीएम ने प्रदान किया प्रशस्ति पत्र

**मीरजापुर।** महाकुंभ मेले के दौरान विंध्याचल धाम में और प्रयागराज आने-जाने वाले भक्तों की सेवा करने वाले कर्मचारियों अधिकारियों को जिलाधिकारी ने शुक्रवार को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। उनके सम्मान में आयोजित भोज में उन्होंने भोजन परोस कर उनका आभार जताया। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि जिले से करीब 1.3 करोड़ वाहनों का आवागमन प्रयागराज के लिए हुआ। करीब 30 करोड़ भक्त जिले से होकर गुजरे। माता विंध्यवासिनी के धाम में 1.75 करोड़ भक्तों ने दर्शन पूजन किया। भारी भीड़ और यातायात की सेवा और व्यवस्था में भक्तों की सुविधा के लिए 24 घंटे विभाग के अधिकारी और कर्मचारी डटे रहे। इनमें यातायात, सुरक्षा, सफाई और स्वास्थ्य के क्षेत्र में योगदान किया। डियूटी करने वालों के प्रति सम्मान प्रकट करते हुए आभार जताया। जिलाधिकारी ने विंध्याचल स्थित प्रशासनिक भवन में लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया। अष्टभुजा डाक बंगले पर आयोजित प्रीतिभोज में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन, एसपी सोमेन वर्मा एवं एडीएम शिव प्रताप शुक्ला ने लोगों को खाना परोस कर आभार जताया ।

### कॉपी राइट मामले में दो को मिली अर्थदण्ड की सजा

**मीरजापुर।** कॉपी राइट एक्ट के दो आरोपियों को न्यायालय ने जेल में बिताई गई अवधि को देखते हुए 5000-5000 के अर्थदण्ड की सजा सुनाई हैं। कोतवाली कटरा में दर्ज कॉपी राइट एक्ट के मामले में पुलिस ने पैरवी करते हुए गवाहों को न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर गवाही कराई। अभियोजन अधिकारी एसपीओ नीरज कुमार, विवेचक उपनिरीक्षक देवीदीन सिंह, कोर्ट मुहर्रिर मुख्य आरक्षी सूबेदार यादव व घनश्याम राय तथा पैरोकार आरक्षी सिकन्दर ने प्रभावी पैरवी की। जिसके परिणाम स्वरूप न्यायालय मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रज्ञा सिंह तृतीय ने थाना कोतवाली कटरा पर दर्ज कॉपी राइट एक्ट से सम्बंधित मामले में राममोहन पुत्र ओमचन्द्र निवासी रोडवेज नई बस्ती व सोनू चावला उर्फ परमजीत सिंह पुत्र मोहन निवासी जायसवाल गली प्रत्येक को जेल में बितायी गई अवधि एवं 5000-5000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। अर्थदण्ड अदा न करने पर एक माह तथा 15 दिवस के कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# टोल प्लाजा पर मारपीट मामले में तीन कर्मी निलंबित

**गैपुरा।** विंध्याचल अष्टभुजा गोपालपुर टोल प्लाजा पर विगत दो मार्च को ट्रक और कार सवारों के बीच विवाद हो गया। मामला इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। जानकारी के अनुसार कार के मालिक देवेंद्र प्रताप सिंह अंकोढ़ी गांव के निवासी हैं। टोल प्लाजा के लाइन नंबर 5 पर पहुंचे थे। इसी दौरान किसी बात को लेकर ट्रक चालक से उनका विवाद हो गया। मौके पर मौजूद टोल कर्मी अमरजीत सिंह, शिवम सिंह और विजय सिंह सभी अंकोढ़ी गांव के ही रहने वाले हैं और देवेंद्र प्रताप सिंह का पक्ष लेते हुए ट्रक चालक के साथ मारपीट की। टोल प्लाजा प्रबंधक का कहना है कि इस घटना से टोल प्लाजा का कोई लेना-देना नहीं था, लेकिन ऐसी घटनाओं से उसकी छवि खराब हो रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए कंपनी ने तीनों टोल कर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है।

# भुगतान के अभाव में भुखमरी के कगार पर पहुंचे मनरेगा कर्मी

जनसंदेश न्यूज

**मड़िहान।** विकास खंड के मनरेगा का दो करोड़ से ऊपर का भुगतान बकाया पड़ने से कार्मिकों के साथ मेठ, मिस्त्री, श्रमिको की होली त्योहार खटाई में पड़ सकती है। विकास खंड के मनरेगा सेक्शन में काम करने वाले एपीओ, कंप्यूटर आपरेटर, रोजगार सेवक, तकनीकी सहायको का मानदेय छह माह से बकाया है।

साथ ही श्रमिकों की पारिश्रमिक भी छह माह से बकाया पड़ने से मनरेगा सेक्शन के लोग भूखमरी के शिकार हो रहे है। केंद्र सरकार की योजनाओं में मनरेगा विभाग सबसे महत्व पूर्ण विभाग है जिससे गरीब से लेकर बेरोजगार तक का जीविकोपार्जन निहित है। विकास खंड में तकनीकी सहायक की संख्या सात, कंप्यूटर आपरेटर एक, एपीओ एक, रोजगार सेवक छत्तीस की संख्या में है। इसके साथ मैटेरियल,

**परेशानी**

### भुगतान न मिलने से होली का त्योहार पड़ सकता है फीका

श्रमिक भुगतान को जोड़ दिया जाए तो दो करोड़ पैंतीस लाख छत्तीस हजार नौ सौ अड़तालिस रुपए बकाया चल रहा है। इस समय मनरेगा कार्मिकों के समक्ष भूखमरी आ गई है। धनाभाव में बच्चों की फीस, घरेलू खर्च, शादी ब्याह के खर्चे उधार व्यवहार में चलाए जा रहे है। छानवे ब्लाक में तो एक तकनीकी सहायक संतोष मिश्रा की धनाभाव में इलाज नहीं हो सका उनकी तीन दिन पूर्व मौत हो गई है। श्रमिको की होली त्योहार भुगतान के अभाव में खटाई में पड़ता दिख रहा है। देवरी की सोनम, विभा, मनावती, कमली, सोनी आदि ने सरकार का ध्यान आकृष्ट कराते हुए होली के पूर्व भुगतान कराने की मांग किया है।

# दुष्कर्मी को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**मीरजापुर।** थाना जिगना पर विगत पांच मार्च को एक महिला द्वारा नामजद अभियुक्त के विरूद्ध वादिनी की नाबालिक पुत्री के साथ दुष्कर्म के सम्बन्ध में लिखित तहरीर दी गई। उक्त के सम्बन्ध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना जिगना पर मुकदमा पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा द्वारा उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए क्षेत्राधिकारी लालगंज के नेतृत्व में थाना प्रभारी जिगना को अभियुक्तों की गिरफ्तारी के निर्देश दिए गए।

उक्त निर्देश के अनुक्रम में थाना जिगना पुलिस द्वारा सम्बन्धित थाना जिगना पर पंजीकृत उपरोक्त अभियोग में अग्रिम विवेचनात्मक कार्यवाही करते हुए शुक्रवार को उप-निरीक्षक दिवाकर मिश्रा मय पुलिस टीम द्वारा प्राप्त मुखबिर सूचना के आधार पर थाना जिगना क्षेत्र से घटना उपरोक्त से सम्बन्धित बाल अपचारी को हिरासत में लेकर विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय बालसुधार गृह भेजा गया।

# पांच नामजद व 15 अज्ञात के विरुद्ध मुकदमा दर्ज



**हलिया।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के देवरी उत्तर गांव निवासी जगजीवन ने शुक्रवार को पांच नामजद व 15 अज्ञात लोगों के विरुद्ध एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कराया है। दी गई तहरीर में जगजीवन ने आरोप लगाया कि बीते 5 मार्च की रात करीब आठ बजे घर जा रहा था कि अमदह गांव निवासी रंजीत सिंह अंकित सिंह, रोशन सिंह, गौरव सिंह, सुजीत सिंह रतेह चौराहा पर बैठकर शराब पी रहे थे।

सभी लोग हमें रोककर पूछा कि तुम्हारा क्या नाम है नाम बताने के बाद सिगरेट लेकर आने के लिए कहा। मैंने उन्हें बताया कि मेरे पास पैसा नही यह बात सुनते ही विपक्षी आग बबूला होकर जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए भद्दी भद्दी गालियां देते हुए मारपीट की। किसी तरह से जान बचाकर घर पहुंचा तो विपक्षीगण रात साढ़े दस बजे के करीब पंद्रह अज्ञात लोगों के साथ घर आए और घर का दरवाजा तोड़कर पत्नी और बच्चों और मुझे जातिसूचक शब्दों का प्रयोग करते हुए मारने पीटने लगे। गांव वालों की भीड़ इकट्ठा होने पर जान से मारने की धमकी देते हुए चले गए। विपक्षियों के इस कृत्य से पूरा परिवार डरा सहमा है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अमदह गांव निवासी रंजीत सिंह, अंकित सिंह, रोशन सिंह,गौरव सिंह, सुजीत सिंह सहित पंद्रह अज्ञात के विरुद्ध मारपीट,जान से मारने की धमकी व एससी एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद कुमार सरोज ने बताया कि तहरीर के आधार पर पांच नामजद व 15 अज्ञात के विरुद्ध एससी-एसटी सहित विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

## दहेज हत्या मामले में अर्थदण्ड के साथ दस वर्ष का कारावास

**मीरजापुर।** दहेज हत्या के आरोपी को न्यायालय ने 10 वर्ष के कारावास एवं 10 हजार के अर्थ दण्ड से दंडित किया हैं। आरोपी अरविन्द कुमार यादव पुत्र तौलन प्रसाद जिगना थाना क्षेत्र के बजटा गाँव का रहने वाला है। जिगना थाना में 4 अप्रैल 2017 को प्रयागराज करछना थाना क्षेत्र के बबुरा गाँव निवासी देवेन्द्र यादव पुत्र स्व0 रूपनारायण सिंह ने नामजद आरोपियों के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मामला दर्ज कराया था। कहा था कि उसकी बहन की दहेज की मांग को लेकर हत्या कर दिया गया। थाना जिगना पर विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया। मामला पंजीकृत कर विवेचना एवं साक्ष्य संकलन की कार्यवाही करते हुए नामजद अभियुक्तों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया था। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा ने ऑपरेशन कन्विक्शन के तहत दहेज हत्या की घटना को प्राथमिकता देते हुए थाना जिगना पुलिस और पैरवी सेल को गुणवत्तापूर्ण प्रभावी पैरवी कराया गया। अभियोजन अधिकारी एडीजीसी शिव प्रसाद सिंह, विवेचक क्षेत्राधिकारी बृजेश कुमार त्रिपाठी, कोर्ट मुहर्रिर मुख्य आरक्षी राजनरायन यादव व कांस्टेबल पंकज कुमार तिवारी तथा पैरोकार आरक्षी प्रमोद कुमार यादव ने प्रभावी पैरवी की फलस्वरूप न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश, कक्ष संख्या-01 बलजोर सिंह ने दोषसिद्ध अरविन्द कुमार यादव को 10 वर्ष का कारावास व 10 हजार के अर्थदण्ड से दण्डित किया। अर्थदण्ड अदा न करने की दशा में 3 माह का अतिरिक्त कारावास की सजा भुगतनी होगी।

# आगामी त्योहार को लेकर पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**गैपुरा।** छानबे क्षेत्र के विजयपुर ब्लॉक सभागार में सीओ सीटी की अध्यक्षता मं होली त्यौहार के दृष्टिगत पीस कमेटी की बैठक किया गया। जिसमें सीओ सीटी विवेक जावला, विंध्याचल थाना प्रभारी अमित कुमार प्रजापति, गैपुरा चौकी इंचार्ज आनंद शंकर सिंह ने कहा कि आगामी त्योहार होली बहुत ही शांति पूर्ण तरीके से मनाया जाए। बैठक में विजयपुर गांव के ग्राम प्रधान प्रतिनिधि गुलाम रशुल, समाजसेवी राजन चौबे, सुनिल अग्रहरि, रिभु चौबे, राजकुमार गुप्ता, दीपक दुबे, राजू सोनकर तथा मुस्लिम समुदाय के सम्मानित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## संक्षेप

### लाख कवायद के बाद भी नहीं रुक रहा लकड़ी काटने का धंधा

**मड़िहान।** विकास खंड क्षेत्र के लालगंज वन क्षेत्र अंतर्गत बहुती बीट में वन कर्मियों की सह पर अंधाधुंध जंगली लकड़ी काट कर ईंट भट्ठों पर बेचे जाने का फोटो के साथ वीडियों प्रचारित हो रहा है। जहा पर्यावरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सरकार वृक्षारोपण करा रही है। वहीं लालगंज रेंज के वन कर्मी जंगल साफ कर बेचने, जेब गरम करने में लगे है। लालगंज वन क्षेत्र के बहुती बीट, मड़िहान वन क्षेत्र के सिकटही जंगल में देखा जा सकता है जहा पतली लकड़ी के साथ वेश कीमती खैर आदि की लकड़ियों को काट कर आश्रम में मार्ग बना दिया जिसे आस-पास के ग्रामीण बोझ बना कर दिन रात ढोने में लगे है। बहुती बीट में तो पतली लकड़ी के साथ मूरेरुआ सिद्ध, पापड़ आदि लकड़ियों को कटवा कर काटा मारकर सीधे मंहगे दामों पर ईंट भट्ठों पर बेचे जा रहे है। जिसका वीडियो और फोटो खूब प्रसारित हो रहा है। इस संबंध में वन क्षेत्राधिकारी के0के0 सिंह ने बताया कि सिकटही जंगल मड़िहान में है लेकिन बहुती बीट मेरे रेंज में आता है। वीडियो देखा गया है जल्द ही जांच कर दोषी को दंडित किया जाएगा।

### फिट इंडिया मूवमेंट पर किया गया जागरूकता कार्यक्रम

**मीरजापुर।** राजीव गांधी दक्षिण परिसर काशी हिंदू विश्वविद्यालय बरकछा की एनएसएस यूनिट 011सी ने पंचम दिवस को ग्राम बसही, मड़िहाड़ ब्लॉक, मीरजापुर में मृदा स्वास्थ्य, ऑनलाइन कृषि सुविधाएं और फिट इंडिया मूवमेंट पर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। यह कार्यक्रम सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर के अंतर्गत आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य ग्रामीणों और स्वयंसेवकों के बीच शारीरिक फिटनेस, स्वस्थ जीवनशैली और मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना था। कार्यक्रम में फिटनेस और स्वास्थ्य पर जागरूकता सत्र, खेल प्रतियोगिताएं, पुरस्कार वितरण और योग एवं ध्यान सत्र शामिल थे। डा0 विनीता सिंह कार्यक्रम अधिकारी ने ग्रामवासियों को स्वस्थ जीवनशैली, स्वच्छता और निरोगी जीवन के महत्व पर विस्तृत जानकारी प्रदान की।

### यातायात नियमों के प्रति किया गया जागरूक

**मड़िहान।** विकास खंड के मां विंध्यवासिनी इंस्टीट्यूट हायर एजुकेशन एंड मैनेजमेंट टेकनोलाजी के बच्चों ने एनएसएस के तहत शुक्रवार को सुबह योगाभ्यास कर स्वास्थ्य लाभ हेतु जागरूक करते हुए दोपहर में दीपनगर चौराहे पर दो पहिया चालकों को हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन के चालकों को सीट बेल्ट लगा कर चलने के अनगिनत फायदे सुझाए। प्राचार्य उमाकांत मिश्र द्वारा एनएसएस के बच्चों का उत्साह वर्धन करते हुए देश का भविष्य बताया। कार्यक्रम प्रभारी सुमन आर्यन ने सभी आगंतुक का आभार प्रगट करते हुए योगाभ्यास से स्वास्थ्य लाभ, यातायात नियम पालन करने से सड़क सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत चर्चा किया।

### निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन आज

**मीरजापुर।** जंगी रोड मंडी समिति के सामने स्थित द लाइफ हॉस्पिटल एण्ड मेडिकल इंस्टीट्यूट मल्टी स्पेशलिस्ट ट्रामा सेंटर में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर शनिवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया है। इसकी जानकारी आर्थोपेडिक्स सर्जन अतुल कुमार बरनवाल ने दी। उन्होंने बताया कि निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर शनिवार की सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक चलेगा। जहां स्त्री एवं प्रसूति रोग से संबंधित मरीजों को निःशुल्क चेकअप के साथ-साथ दो दिन की दवा भी निःशुल्क दिया जाएगा।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**अदलहाट।** नरायनपुर चौकी क्षेत्र अंतर्गत भोपति गांव के पास खम्भा नं 141/130 के समीप रेलवे लाइन के ट्रैक पर ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मृतक संजय उम्र 32 वर्ष निवासी छत्तीसगढ़ अपने भाई के साथ क्षेत्र के किसी ईंट भट्ठे पर रहता था। शुक्रवार को किसी काम से रेलवे लाइन की तरफ गया था तभी मुगलसराय की तरफ से आ रही किसी मालगाड़ी की चपेट में आ गया। जिससे घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक पीला नीला धारीदार कमीज, हल्के रंग का फूल पैन्ट पहना हुआ था। नरायनपुर चौकी के दीवान धनंजय सिंह ने बताया कि मृतक के घर वालों को सूचना दे दिया गया है। अदलहाट पुलिस ने परिवार के लोगों के आने पर शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए मोर्चरी हाउस भेज दिया।

### ताला तोड़कर जनरेटर का डाइनमो समेत अन्य सामान उठा ले गये चोर

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के हलिया पहड़ी पर बने आरआरसी सेंटर में लगे जनरेटर में लगा डाइमों को कमरे का ताला तोड़कर चोर उठा ले गए। शुक्रवार को जानकारी होने पर प्रधान ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। थाना क्षेत्र के हलिया ग्राम सभा के ग्राम प्रधान ने दी गई तहरीर में कहा है कि पहड़ी पर बने कूड़ा संग्रह केंद्र सेंटर पर जनरेटर लगा हुआ है। शुक्रवार को कमरे का ताला तोड़कर जनरेटर में लगे डाइनमो तथा जनरेटर के सामान सहित उपयोगी सामग्री को चोर उठा ले गये। सुबह कूड़ा संग्रह केंद्र पर सूखा, गीला तथा प्लास्टिक को अलग-अलग करने के लिए गयी। महिलाओं ने मौके पर पहुंचकर देखा तो ताला टूटा हुआ था और जनरेटर में लगा डाइनमों सहित उपयोगी सामग्री गायब थी। ग्राम प्रधान ने लगभग एक लाख रुपए के सामान चोरी की थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में थानाध्यक्ष वीरेंद्र सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### विवाहिता ने किया सिंदूर का सेवन

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के सगरा गांव निवासिनी विवाहिता ने गृह कलह के चलते शुक्रवार को सुबह सिंदूर का सेवन कर लिया। विवाहिता की हालत बिगड़ने की जानकारी परिजनों को मिलते ही आनन-फानन में परिजनों ने महिला को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया लेकर गए। चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा है। थाना क्षेत्र के सगरा गांव निवासी अनामिका 23 वर्ष शुक्रवार की सुबह गृह कलह के कारण पारिवारिक विवाद के चलते सिंदूर खा लिया जिससे हालत गंभीर हो गई। जानकारी होने पर परिजनों ने निजी साधन से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र हलिया पहुंचाया। खबर लिखे जाने तक चिकित्सक द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा था।

### मंडलायुक्त की अध्यक्षता में साडा की बैठक संपन्न

**मीरजापुर।** मण्डलायुक्त विन्ध्याचल मण्डल, अध्यक्ष साडा की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, साडा की 50वीं बोर्ड बैठक की गयी। बैठक में जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, सहयुक्त नियोजक, मुख्य कोषाधिकारी जनपद मीरजापुर, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, राज्य सरकार द्वारा शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, साडा बोर्ड में नामित गैर सरकारी सदस्य के0सी0 जैन व धर्मवीर तिवारी, एवं महाप्रबन्धक अनपरा तापीय परियोजना, महाप्रबन्धक ओबरा तापीय परियोजना के साथ-साथ अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2 लोक निर्माण विभाग सोनभद्र, एवं अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग सोनभद्र द्वारा प्रतिभाग किया गया। उपरोक्त बैठक में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण, (साडा) की गत बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। जिसपर कुछ सुझावों के साथ सहमति प्रदान की गयी। उक्त के अतिरिक्त साडा विकास क्षेत्रान्तर्गत लगभग रू0-14.00 करोड़ के निर्माण विकास कार्यों को कराये जाने के साथ-साथ साडा की गजराज नगर ओबरा सोनभद्र स्थित भूमि पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। भारत सरकारी अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत 50,000 से अधिक जनसंख्या वाले आबादी के मानकों में चयनित ओबरा एवं अनपरा की परिक्षेत्रीय महायोजना तैयार किये जाने हेतु मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक लखनऊ को नामित किये जाने की सहमति प्रदान की गयी।

### कूटरचित दस्तावेज से बैनामा कराने का लगाया आरोप

**गैपुरा।** थाना क्षेत्र के बजटा गांव निवासी एक बुजुर्ग ने दुगौली गांव निवासी एक विवाहिता पर कूट रचित दस्तावेज से मकान बैनामा कराने का आरोप लगाते हुए पुलिस उच्चाधिकारियों समेत आनलाइन शिकायत दर्ज कराई है। गांव निवासी कृष्ण कुमार 62 वर्ष ने शुक्रवार को थाना क्षेत्र के दुगौली गांव निवासी विवाहिता सुनिता शर्मा पुत्री भोलानाथ शर्मा पर आरोप लगाते हुए बताया कि महिला द्वारा दो दो अलग अलग आधार कार्डों व निर्वाचन कार्डों में पुत्री बनकर मकान बैनामा करा ली है। खेत को वरासत दौरान अभिलेखों की सत्यापन दौरान कूट रचित दस्तावेज पाए जाने पर वरासत निरस्त कर दिया गया। महिला द्वारा अपने दो भाइयों व तीन अज्ञात लोगों के साथ घर पर चढ़कर आए दिन सम्पत्ति से बेदखल करने का दबाव बना रही है। ना होने पर मनगढ़ंत फर्जी मुकदमों में फंसाने की धमकी दे रही है। प्रभारी थानाध्यक्ष सुशील कुमार त्रिपाठी ने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्यवाही की जाएगी।

### चार दिन से प्रेमी के घर पर डेरा डालकर बैठी है प्रेमिका

**हलिया।** स्थानीय थाना क्षेत्र के एक गांव में एक युवती 8 माह की गर्भवती होने के कारण पहुंची प्रेमी के दरवाजे चार दिनों से प्रेमी के घर के सामने डेरा डालकर बैठ गई। पास पड़ोस द्वारा दिया जा रहे भोजन से भरण पोषण कर रही है। थाना क्षेत्र के एक गांव का ही युवक गांव के ही एक युवती से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करता रहा। युवती की तहरीर पर बीते 30 अगस्त 2024 को मुकदमा पंजीकृत होने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। जेल से छूटकर घर आने के बाद प्रेमिका आरोपी के घर के सामने खुले आसमान की नीचे बैठकर डेरा डाल दिया। उसका कहना है कि 8 महीने की गर्भवती हूं। पिता भी घर में रहने नहीं दे रहा है। बेसहारा हूं अब यही एक सहारा है। जबकि इस मामले में शादी के नाम पर धोखा देकर शारीरिक संबंध बनाने तथा शादी की बात करने पर जान से मारने की धमकी तथा गाली देने का मुकदमा दर्ज किया गया है। सूचना पर पहुंची पुलिस के समझाने बुझाने पर भी पिता के घर जाने को तैयार नहीं है न पिता ही रखने को तैयार है प्रेमी भी रखने को तैयार नहीं है। ऐसी स्थिति में खुले आसमान के नीचे जीवन बिता रही है। इस संबंध में सीओ लालगंज अशोक कुमार सिंह का कहना है कि मामला संज्ञान में है। इस मामले में पूर्व में ही मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। अगर पिता उसे नहीं रख रहा है तो नारी निकेतन में भेजा जाएगा ताकि उसकी सुरक्षा हो सके।

# साडा बोर्ड की बैठक में विकास कार्यों पर बनी सहमति, खर्च होंगे 14 करोड़



बैठक को संबोधित करते मंडलायुक्त बाल कृष्ण त्रिपाठी

**सोनभद्र।** शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण साडा की 50वीं बोर्ड बैठक शुक्रवार को साडा अध्यक्ष की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस दौरान भारत सरकार की अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत 50,000 से अधिक जनसंख्या वाले आबादी के मानकों में चयनित ओबरा एवं अनपरा की परिक्षेत्रीय महायोजना तैयार किये जाने हेतु मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक लखनऊ को नामित किये जाने पर सहमति बनी।

आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल मिर्जापुर सभागार में अध्यक्ष साडा/आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल बाल कृष्ण त्रिपाठी की अध्यक्षता में शक्तिनगर विशेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण साडा की 50वीं बोर्ड बैठक संपन्न हुई। इस दौरान साडा की गत बोर्ड बैठक की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गयी। जिसपर कुछ सुझावों के साथ सहमति प्रदान की गयी। उक्त के अतिरिक्त साडा विकास क्षेत्रान्तर्गत लगभग 14 करोड़ के निर्माण/विकास कार्यों को कराये जाने के साथ साडा की गजराज नगर ओबरा स्थित भूमि पर बाउण्ड्रीवाल का निर्माण कराये जाने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान की गयी। वहीं भारत सरकार की अमृत 2.0 योजना के अन्तर्गत 50,000 से अधिक जनसंख्या वाले आबादी के मानकों में चयनित ओबरा एवं अनपरा की परिक्षेत्रीय महायोजना तैयार किये जाने हेतु मुख्य नगर एवं ग्राम नियोजक लखनऊ को नामित किये जाने की सहमति प्रदान की गयी। इस मौके पर जिलाधिकारी, सहयुक्त नियोजक, मुख्य कोषाधिकारी मीरजापुर, अधीक्षण अभियन्ता जल निगम, सदस्य केसी जैन, धर्मवीर तिवारी, महाप्रबन्धक अनपरा तापीय परियोजना, ओबरा तापीय परियोजना, अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता निर्माण खण्ड लोक निर्माण विभाग, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड-2 लोक निर्माण विभाग समेत तमाम लोग मौजूद रहे।

**बैठक**

**अन्य विकास कार्यों के अलावा गजराज नगर ओबरा भूमि पर बाउण्ड्रीवॉल निर्माण कराने की दी गयी स्वीकृति**

## यूपी बोर्ड : 1846 परीक्षार्थियों ने छोड़ी अंग्रेजी की परीक्षा

**सोनभद्र।** यूपी बोर्ड परीक्षा शुक्रवार को जनपद के 76 केंद्रों पर संपन्न हुई। प्रथम पाली में हाई स्कूल के अंग्रेजी और इंटर की कंप्यूटर व कृषि विषय की परीक्षा हुई। हाई स्कूल परीक्षा में पंजीकृत 22959 के सापेक्ष 21113 परीक्षार्थी उपस्थित रहे, जबकि 1846 बच्चों ने परीक्षा छोड़ दी। इंटर के कंप्यूटर व कृषि विज्ञान विषय की परीक्षा में पंजीकृत 368 बच्चों के सापेक्ष 364 बच्चे उपस्थित तथा चार अनुपस्थित रहे। कन्ट्रोल रूम से कमलेश कुमार गुप्त ने बताया कि जनपद में पहली पाली में ही बोर्ड परीक्षा शुचितापूर्ण ढंग से संपन्न हुई। पूरे परीक्षा के दौरान गठित सातों सचल दस्ता अलग-अलग केंदों पर भ्रमण करता रहा। ज़िला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने बताया कि सात सचल दस्ता टीम गठित है और एक टीम जिले पर रिजर्व भी रखा गया। प्रतिदिन सचल दस्ता टीम को रोस्टर से केंद्र रूट निर्धारित किया जाता है। बोर्ड परीक्षा प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि आठवें दिन की परीक्षा भी जनपद में शांतिपूर्ण ढंग से सकुशल संपन्न हुई।

## संक्षेप

### साइबर टीम ने वापस कराया फ्रॉड किया गया 47683 रुपया

**सोनभद्र।** साइबर क्राइम पुलिस टीम ने आवेदक का फ्राड हुआ 47683 रुपये वापस करा दिया। पुलिस ने बताया कि आवेदक मु. मेराज खान निवासी अनपरा के साथ किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा 47683 रुपये का साइबर फ्राड कर ट्रांसफर कर लिया गया था। उपरोक्त प्रकरण की जांच के क्रम में साइबर क्राइम पुलिस टीम के अधिकारी पोर्टल के माध्यम से आवश्यक साक्ष्य एकत्रित करके आवश्यक कार्यवाही करते हुये आवेदक का 47683 रुपये उनके मूल बैंक खाते में सफलतापूर्वक वापस कराया।

### महिला अधिवक्ता की पिटाई से माहौल गर्म

**डाला।** स्थानीय चौकी क्षेत्र के वैष्णो मंदिर में गुरुवार की देर सायं एक महिला अधिवक्ता को पीटने का मामला चौकी पहुंचते ही माहौल गर्म हो गया। महिला अधिवक्ता रिया पुत्री नरेन्द्र दिक्षित निवासी पटवध ने चौकी में तहरीर देकर बताया कि मंदिर परिसर में मौजूद दुकानदार महिला अर्चना वर्मा ने मारपीट करके मेरे गले की जंजीर तोड़ कपड़े को फाड़ जान से मारने की धमकी दी। घटना होने की जानकारी मंदिर प्रशासन व डाला पुलिस को तहरीर देकर अवगत कराया है। चौकी प्रभारी आशीष कुमार पटेल ने बताया कि सामान की कीमत को लेकर दो महिलाओं में विवाद होने की सूचना मिली है। तहरीर वाटसअप पर भेजी गई है, पीड़ित को मुकदमा दर्ज कराने के लिए चोपन थाने में तहरीर देना होगा।

### जीएसटी ब्याज व अर्थदण्ड माफी योजना का 31 तक उठायें लाभ

**सोनभद्र।** जिलाधिकारी बीएन सिंह ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार राज्य कर विभाग द्वारा भारत सरकार की जीएसटी ब्याज एवं अर्थदण्ड माफ करने सम्बन्धी योजना संचालित की जा रही है, इस योजना का लाभ सभी व्यापारी एवं सेवा प्रदाताओं तथा लघु छोटे, मध्य एवं बड़े उद्यमी उठा सकते हैं। व्यापारियों एवं सेवा प्रदाताओं को ब्याज में छूट देने सम्बन्धी प्राविधान के तहत वर्ष 2017-18, 2018-19 तथा 2019-20 के बकाया माल एवं सेवा कर को जमा करने पर ब्याज एवं अर्थदण्ड माफ किया जा रहा है। योजना 31 मार्च तक लागू है। सहायक आयुक्त प्रशासन राज्य कर ने योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाने की अपील किया है। योजना की जानकारी के लिए करदाता राज्य कर विभाग के स्थानीय अधिकारियों से सम्पर्क कर सकते हैं।

## दिल्ली बीजेपी प्रदेश के अध्यक्ष ने अजीत रावत को किया सम्मानित

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** भारतीय जनता पार्टी की ऐतिहासिक दिल्ली जीत के उपलक्ष्य में दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार सचदेवा ने सभी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया। इसी क्रम में क्षेत्रीय अध्यक्ष एवं सदर ब्लॉक प्रमुख अजीत रावत को आभार पत्र देकर सम्मानित किया गया।

अजीत ने दिल्ली विधानसभा चुनाव में पार्टी के प्रचार-प्रसार एवं चुनावी रणनीति को सफल बनाने में भूमिका निभाई। उनके प्रयासों से दिल्ली में पार्टी ने 27 वर्षों बाद सरकार बनायी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री, राष्ट्रीय अध्यक्ष, गृहमंत्री, केंद्रीय मंत्री, मुख्यमंत्री, सांसद और अन्य वरिष्ठ नेताओं के मार्गदर्शन में भाजपा कार्यकर्ताओं ने जनसभाओं और बैठकों के माध्यम से दिल्ली की जनता तक पार्टी की विचारधारा को पहुंचाया। उन्होंने कहा कि प्रवासी कार्यकर्ता होने के नाते अजीत रावत ने दिन-रात संगठन हित में कार्य किया।



अजीत रावत

इस ऐतिहासिक जीत के साथ दिल्ली में अब डबल इंजन की सरकार बन गई है, जो जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा की इस सफलता के लिए अजीत को सम्मानित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने उनके योगदान के प्रति आभार व्यक्त किया।

## ट्रक से 50 लाख का गांजा बरामद, दो अन्तर्राज्यीय तस्कर गिरफ्तार

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** जिले में मादक पदार्थ तस्करी के विरूद्ध एक्शन मोड में चल रही एसओजी/सर्विलांस चोपन थाने की संयुक्त पुलिस टीम ने दो अन्तर्राज्यीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर एक ट्रक से दो कुंतल 50 किग्रा गांजा बरामद करने का दावा किया है। ट्रक व गांजा की अनुमानित कीमत 75 लाख रुपये बतायी जा रही है। गांजे की खेप उड़िसा से पंजाब ले जायी जा रही थी।

चुर्क पुलिस लाइन सभागार में तस्करों को मीडिया से रूबरू कराते हुए एसपी अशोक मीणा ने बताया कि गांजा तस्करी की शिकायत मिल रही थी। इस क्रम में एसओजी/सर्विलांस टीम व चोपन पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर वाराणसी-शक्तिनगर राज्यमार्ग पर डाला चढ़ाई के अन्दर जंगल में चेकिंग से बचने के उद्देश्य से छुप कर खड़े एक ट्रक से दो कुंतल 50 किग्रा गांजा अनुमानित कीमत 50 लाख बरामद करते हुए प्रकट सिंह पुत्र परमजीत सिंह निवासी हरसिया दयालगढ बटाला, गुरदासपुर, पंजाब व अजय कुमार पुत्र रामचन्द्र मुखिया ग्राम हसनपुर, समस्तीपुर बिहार को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में अजय कुमार ने बताया कि ट्रक में स्क्रैप लदा हुआ है, जिसके बीच में बोरियों में गांजा छिपाकर रखे हैं। जिसे हम लोग कटक उड़िसा से लाद कर गांजा मालिक करन निवासी लुधियाना पंजाब के पास ले जा रहे थे। खलासी ने बताया कि करन पुत्र अज्ञात निवासी लुधियाना पंजाब ने बताया कि मैं स्क्रैप खरीदने-बेचने का कार्य करता हूं। उन्होंने कहा कि माल लुधियाना पहुंचाने पर खलासी को 30 हजार व ड्राइवर को डेढ़ लाख रुपये दूंगा। इस लालच में आकर हम लोगों ने उड़िसा में स्क्रैप लोड करने के बाद मुझे और ड्राइवर प्रकट सिंह को उड़िसा स्थित एक जगह ले गया, जहां पर हम लोगों को गाड़ी से उतार कर स्क्रैप के बीच गड्ढा बनाकर बोरियों में गांजा भरकर लोड करवाकर लुधियाना पहुंचाने को बताया गया।



पकड़े गये आरोपियों को मीडिया से रूबरू कराते एसपी

**कार्रवाई**

**संयुक्त पुलिस टीम को मिली सफलता, ओडिसा से पंजाब ले जायी जा रही थी गांजे की खेप**

एसपी ने बताया कि पकड़े गये आरोपियों के विरूद्ध विधिक कार्रवाई शुरू करते हुए वाहन स्वामी सुखचैन पुत्र जगवीर निवासी दुनिया सुध बटाला, गुरदासपुर, पंजाब व करन पुत्र अज्ञात निवासी लुधियाना पंजाब की तलाश की जा रही है। टीम में चोपन थाना प्रभारी विजय कुमार चौरसिया, राम स्वरूप वर्मा प्रभारी एसओजी, नागेश सिंह प्रभारी सर्विलांस, इरफान अली, आशीष पटेल, सतीश पटेल, संजय चौहान, रितेश पटेल, प्रेम कुमार चौरसिया, अजीत यादव, अजय कुमार, हरि सिंह यादव, राहुल यादव, मुकेश कुमार, सत्य प्रकाश आदि शामिल रहे।

## रासलीला : बृज की लट्ठमार होली का हुआ जीवंत मंचन



लट्ठमार होली खेलते राधा-कृष्ण

जनसंदेश न्यूज

**सोनभद्र।** नगर स्थित रामलीला मैदान में आयोजित नौ दिवसीय श्रीकृष्ण रासलीला का समापन गुरूवार की देर रात कंस वध और विश्व प्रसिद्ध ब्रज की लट्ठमार होली के जीवंत मंचन के साथ हुआ। कलाकारों ने दिखाया कि ब्रज की गोपियां भगवान कृष्ण और उनके सखाओं को होली खेलने का आमंत्रण देती हैं। जिसके बाद कृष्ण सखाओं के साथ होली खेलने पहुंचते हैं। जहां गोपियां सभी सखाओं और कृष्ण के साथ फूल की होली खेलती हैं। इस बीच गोपियां सखाओं के संग लट्ठमार होली लीला का मंचन देखकर मंत्रमुग्ध हुए कलाकारों ने ब्रज में होली है रसिया, होली खेले तो आय जइयो कृष्ण मुरारी, कान्हा बरसाने में बुलावै राधा प्यारी जैसे भजनों को गाकर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। इस दौरान कलाकारों ने आकर्षक मयूर नृत्य प्रस्तुत किए, जिनमें श्रीकृष्ण राधरानी की दिव्य एवं अलौकिक झांकी का दर्शन कर श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गये। अंत में राधा-कृष्ण पर गोपियां और बाल सखा फूलों की वर्षा करते रहे। भक्तों ने राधे-कृष्ण की आरती उतारकर लोक कल्याण की मंगल कामना की। इस मौके पर जितेन्द्र सिंह, रामप्रसाद यादव, पवन जैन, दीपक कुमार केसरवानी, राकेश गुप्ता, प्रमोद गुप्ता, सचिन गुप्ता, धीरज जालान, सत्येन्द्र पांडे, विमल अग्रवाल, विनोद कानोडिया, नरेन्द्र गर्ग, संदीप चौरासिया, डा. अशोक श्रीवास्तव, डा. चंद्रभूषण देव, प्रतिभा केसरवानी, रीता यादव, मंजू गर्ग, सुमन केशरी समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

**आयोजन**

**रासलीला का हुआ समापन, कंस वध मंचन देख श्रद्धालुओं ने लगाये कृष्ण के जयकारे**

## राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना सभी का कर्त्तव्य : जिपं अध्यक्ष

**सोनभद्र।** जिला पंचायत अध्यक्ष राधिका पटेल की अध्यक्षता में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला एकीकरण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान समिति के सदस्य डा. संजय सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायतों के अमृत सरोवर को इण्टर स्नातक अथवा किसी विशिष्ट प्रकार की परीक्षाओं में सफलता प्राप्त करने वाले मेधावी युवाओं के नाम समर्पित किया जाए, जिससे अन्य युवाओं में भी प्रतियोगितात्मक भावनाओं का विकास हो।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि पूरी दुनिया में भारत की पहचान मानवीय मूल्यों के आधार पर है, इसे बचाए रखना देश के प्रत्येक नागरिकों का दायित्व है। राष्ट्र से हम सभी है और हम सभी से राष्ट्र हैं। राष्ट्रीय एकीकरण को बढ़ावा देना हम सभी का परम कर्त्तव्य है।

सभी एक साथ मिलजुल कर देश के विकास में सहयोगी बनें एवं देश को लोकतंत्र में मानव की गरिमा बनाये रखें। उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुमन कुमार ने कहा कि गांव के युवाओं में शिक्षा तथा प्रतियोगितात्मक शिक्षा को बढ़ावा देने हेतु ग्राम के अमृत सरोवर किसी प्रसिद्ध वैज्ञानिकों अर्थशास्त्री, गणितज्ञ आदि के नाम किया जाए। प्रभारी जिला सूचना अधिकारी सुधांशु शेखर शर्मा ने कहा कि भारत के संविधान से हमें मौलिक अधिकार के साथ मौलिक कर्तव्य भी प्राप्त है। दोनों के प्रति समर्पित रहकर ही एकीकरण का सपना साकार किया जा सकता है। सांसद प्रतिनिधि त्रिपुरारी गोड़ ने कहा कि बुद्ध, रविदास या अन्य महापुरूषों के विचार हो उनके बारे में हम सभी जाति, धर्म सम्प्रदाय के लोग मिलकर गोष्ठी का आयोजन करें। जिला विद्यालय निरीक्षक जयराम सिंह ने कहा कि घर एवं विद्यालयों में बचपन से ही एकीकरण की शिक्षा दी जाती है। गांवों में संस्कृति और शहरों में सभ्यता का निर्माण हुआ है। अमरेश चन्द्र पाठक ने कहा कि दुरूह एवं आदिवासी क्षेत्र में स्थित अपने जनपद में कौमी एकता कायम है। इस मौके पर सीओ सिटी डा. चारू द्विवेदी, जिला युवा कल्याण अधिकारी शशि भूषण शर्मा, महफूज अली खान समेत तमाम लोग उपस्थित रहे।

**बैठक**

**कलेक्ट्रेट सभागार में हुई जिला एकीकरण समिति की बैठक**

### मारपीट के मामले में मुकदमा दर्ज

**दुद्धी।** स्थानीय कोतवाली क्षेत्र के बिड़र गांव में आपसी पाटीदार किसी बात को लेकर लाठी डंडे से मारपीट कर लिए। पुलिस मुकदमा दर्ज कर कार्यवाही में जुट गई। कोतवाल मनोज कुमार सिंह ने बताया कि बीते गुरुवार को छोटी बात को लेकर पाटीदार ने मारपीट किया था। जिसपर चालान किया गया था। शुक्रवार को दुबारा मारपीट करने पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

## विवाद के दौरान लहरायी नकली बंदूक चार का चालान

**बीजपुर।** स्थानीय थाना क्षेत्र अंतर्गत बीजपुर बाजार स्थित चखना दुकान पर गुरुवार रात शराब पीने के दौरान दो पक्षों में हुई नोक झोंक में नकली बंदूक सटाकर हड़कंप मचाने वाले समेत चार लोगों को पुलिस ने मौके से धर दबोचा। पूछताछ करने के बाद अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी। उपनिरीक्षक श्रवण यादव ने बताया कि चार लोगों में शराब पीने के दौरान किसी बात को लेकर कहासुनी हुई। इसी दौरान अरुण पनिका पुत्र स्व. पन्नालाल पनिका और विष्णु यादव पुत्र रामसजीवन यादव प्रथम पक्ष ने नकली छोटी बंदूक से दूसरे पक्ष के उपेंद्र सोनी पुत्र राधे श्याम सोनी, रामानुज गुप्ता पुत्र रामाधीन गुप्ता निवासीगण पुनर्वास प्रथम को सटाकर धमकी दे दी। जिसपर कार्रवाई करते हुए प्रथम पक्ष के दो को शांतिभंग की धारा में चालान किया गया। वही दूसरे पक्ष के दो लोगों पर पाबंद की कार्रवाई की गई।



## हिण्डाल्को में जेएसए और सेफ्टी इनोवेशन प्रतियोगिता का आयोजन



प्रतियोगिता में शामिल प्रतिभागी

**रेणुकूट।** हिण्डाल्को में चल रहे सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत सेफ्टी इनोवेशन एवं जेएसए प्रतियोगिता का आयोजन ट्रेनिंग सेन्टर में किया गया। प्रतियोगिता में चार टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता के जज प्रदीप कुमार सिंह, तपस चौधरी, हिमांशु श्रीवास्तव, एचआर सिंह रहे। प्रतियोगिता में रिडक्शन प्लान्ट से सौम्या श्रीवास्तव, आशुतोष श्रीवास्तव, प्रताप बहादुर सिंह, एके सिंह ने प्रथम स्थान, फैब्रिकेशन प्लान्ट के आनन्द कुमार, विकास विश्वकर्मा, सूर्या, सरबजीत ने द्वितीय स्थान व एलुमिना प्लान्ट के अरविन्द कुमार सिंह, भक्ति पाटिल, वीपी मधुकर, एसके हुसैन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

संस्थान के मुखिया समीर नायक, रिडक्शन प्लांट के हेड जयेश पवार एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने प्रतियोगियों का उत्साहवर्धन किया। संचालन शरथ वाईआर एवं आरके श्रीवास्तव ने किया। जयश्री तिवारी ने विजेता टीम की घोषणा किया।

### अनियंत्रित पिकअप पलटी, 16 घायल, आठ गंभीर

**सोनभद्र।** बभनी-अम्बिकापुर मार्ग पर बभनी थाना क्षेत्र के पिपराखांड पेट्रोल पंप के पास शुक्रवार को तेज रफ्तार पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई। इस हादसे में पिकअप में सवार 16 लोग घायल हो गए। घायलों में आठ की हालत गंभीर होने पर उन्हें जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया। पुलिस के मुताबिक शुक्रवार को नौडीहा दुद्धी से प्रतापपुर छत्तीसगढ़ के लिए जा रही पिकअप अनियंत्रित होकर पिपराखांड पैट्रोल पंप के पास पलट गई, जिससे पिकअप में सवार 16 लोग घायल हो गए। चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने तत्काल 108 एम्बुलेंस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस ने सभी घायलों राजेन्द्र प्रसाद 45 निवासी नौडीहा, महादेव 55, शिवलोचन 46, संजय कुमार 27, हीरालाल 55. रामलखन 60, कैलाश 40, रामजीत 45, रामदास 45, धनीलाल 40, अमृतलाल 35 निवासी डूभा, रजउ 60 निवासी कुदरी, विजय कुमार 35 निवासी खैरटिया, जगदीप 40 निवासी 40 निवासी कुदरी, रामलोचन 35 को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बभनी ले गया। जहां सभी घायलों का प्राथमिक उपचार किया गया। अधीक्षक डॉक्टर राजन सिंह ने बताया कि आठ लोगों को गंभीर चोटें हैं किसी का पैर टूट गया है किसी का हाथ तथा किसी के सीने में चोट लगी है। इस दशा में आठ लोगों को रेफर किया गया है। चालक संजय कुमार ने बताया कि पिपराखांड पेट्रोल के पास जैसे ही गाड़ी पहुंची अचानक सामने से ट्रक आ गई और स्टेरिंग काटा इतने में पिकअप पलट गई।

## पीएम मोदी का संकल्प स्वस्थ व समृद्ध भारत : भूपेश चौबे

**कार्यक्रम**

**7वां जन औषधि दिवस समारोह मना, सदर विधायक व नपा अध्यक्ष को जन औषधि मित्र सम्मान**

**सोनभद्र।** जिले में 7वां जन औषधि दिवस समारोह पीएम मोदी के जन आरोग्य के उद्देश्यों को मजबूती देने के संकल्प के साथ मनाया गया। राबर्ट्सगंज रोडवेज रोड स्थित जन औषधि केंद्र पर हुए समारोह में मुख्य अतिथि सदर विधायक भूपेश चौबे ने आम जन को जन औषधि के उद्देश्यों और उसके फायदे बताए।

सदर विधायक ने कहा कि गरीबों को सस्ती और उच्चगुणवत्ता युक्त दवा मिले, इसके लिए पीएम मोदी के नेतृत्व में शहरों से गांवों तक जन औषधि केंद्र खोले गए हैं। आम जन के उत्तम स्वास्थ्य और खुशहाली के लिए जन औषधि परियोजना से लेकर आयुष्मान भारत योजना तक ऐतिहासिक पहल इस सरकार ने किए हैं। जन औषधि को गरीबों, जरूरतमंदों के लिए वरदान बताते हुए सदर विधायक ने कहा कि गरीबों के लिए महंगी दवाओं के बोझ के दर्द को पीएम मोदी ने समझा। किसी भी गरीब-जरूरतमंद को जीवनरक्षक दवाओं के लिए भटकना न पड़े, इसके लिए पीएम ने जन औषधि परियोजना की नींव रखी। आज 15 हजार से अधिक जन औषधि केंद्रों के नेटवर्क के जरिए जरूरी दवाओं से महिला हाईजीन तक आम जन को सहूलियतें मिल रही हैं। जन औषधि पर आम जन का लगातार बढ़ता विश्वास पीएम मोदी के स्वस्थ भारत और समृद्ध भारत के संकल्पों को ताकत दे रहा है। स्वस्थ और समृद्ध भारत, विकसित भारत पीएम मोदी का संकल्प है और आज समूचा देश उनके इन संकल्पों के साथ खड़ा है।




जन औषधि केंद्र पर सदर विधायक को सम्मानित करते संचालक

विशिष्ट अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि पीएम मोदी के नेतृत्व में केंद्र और प्रदेश सरकार प्रत्येक नागरिक के अच्छे स्वास्थ्य और समृद्धि के लिए समर्पित है, जन औषधि परियोजना इन्हीं उद्देश्यों की एक मजबूत कड़ी है। इस दौरान सदर विधायक व नगर पालिका अध्यक्ष के साथ अपना दल एस राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य दिनेश बियार, नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष आनंद जायसवाल, अनीता मौर्य और पंडित रमा शंकर शुक्ल को जन औषधि मित्र सम्मान से नवाजा गया। इस मौके पर वरिष्ठ साहित्यकार पंडित अजयशेखर, तीरथराज, संदीप सिंह चंदेल, अनूप तिवारी, चंद्रप्रकाश दुबे, डा. एएन पांडेय समेत तमाम लोग मौजूद रहे। संचालन फार्मासिस्ट राजेश सिंह गौतम और प्रतीक मिश्र ने किया।

### जिला संयुक्त चिकित्सालय में जन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन

**सोनभद्र।** जन औषधि दिवस के अवसर पर जिला संयुक्त चिकित्सालय लोढ़ी प्रागंण में जन जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। डा. अनिल कुमार मौर्य विधायक घोरावल, सदर विधायक भूपेश चौबे, ब्लाक प्रमुख अजीत रावत ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। मुख्य चिकित्साधिकारी ने बताया कि जन औषधि की शुरूआत नवम्बर 2008 में हुयी थी। परन्तु 2015 में प्रधानमंत्री ने इसे विस्तारित रूप दिया और इसे प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का नाम दिया गया। इसका मूल उद्देश्य भारत के सभी नागरिकों, विशेषकर मध्यम वर्ग एवं गरीबों को सस्ती कीमतों पर गुणवत्तापूर्ण जेनेरिक दवायें उपलब्ध कराना है, जिससे जन-जन तक सस्ती दवायें उपलब्ध हो सकें। प्रधानमंत्री जनऔषधी केन्द्र पर उपलब्ध दवायें विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा प्रमाणित कम्पनियों एवं एजेंसीयों से खरीदी जाती हैं। यह सभी गुणवत्तापूर्ण एवं सस्ती होती हैं जिसे मध्यमवर्ग एवं निम्नआय वर्ग की जनता आसानी से खरीद सकती हैं। मुख्य अतिथि ने बताया कि भारतीय महिलाओं के लिये स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने की दशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में जन औषधि केन्द्र की सुविधा लांच की गयी थी। सदर विधायक ने बताया कि पिछले आठ वर्षों में देश के लोगों को जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से सस्ती कीमत पर गुणवत्ता पूर्ण दवायें उपलब्ध होने के कारण निम्न एवं मध्यम वर्ग के लोगों के खर्च में भारी कमी सम्भव हो पायी है। लोगों की इस व्यापक स्वीकृति ने जन औषधि केन्द्रों को देश के हर कोने में अपनी पहुंच बढ़ाने के लिये प्रोत्साहित किया है। जन-जन तक जेनेरिक दवाओं एवं जन औषधि केन्द्रों के माध्यम से बीमारी में होने वाले खर्च को कम करते हुए प्रभावी स्वास्थ्य सुविधायें उपलब्ध करायी जा रही है। इस मौके पर अपर मुख्य चिकित्साधिकारी डा. आरजी यादव, डा. प्रेम नाथ, डा. डीके सिंह, डा. एवी सिंह समेत तमाम लोग उपस्थित रहे। संचालन डा. गणेश प्रसाद ने किया।




कार्यक्रम में मंचासीन अतिथिगण

### 25 मार्च तक पूर्ण कर लें मेले की सभी तैयारियां : डीएम

**मीरजापुर।** जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा के साथ आगामी 29 व 30 मार्च की मध्य रात्रि प्रारम्भ होने वाले चैत्र नवरात्र मेला की तैयारियों के दृष्टिगत विन्ध्याचल प्रशासनिक भवन में बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी को देखते हुए पेयजल की समुचित व्यवस्था कराएं। उन्होंने कहा कि आवश्यकतानुसार टैंकरो से भी पानी की आपूर्ति कराई जाए जिससे पेयजल की समस्या न आने पाए तथा इसके अतिरिक्त खराब हैण्डपम्पों, नलों की मरम्मत भी मेला प्रारम्भ होने से पूर्व करा लें। उन्होंने कहा कि मेला क्षेत्र, गलियों, परिक्रमा पथ, परकोटा में सफाई व्यवस्था निरंतर शिफ्टवार सफाई कर्मियों की ड्यूटी लगाते हुए कराई जाए।

जिलाधिकारी ने अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत को निर्देशित करते हुए कहा कि मेला क्षेत्र में तैनात अधिकारियों कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराना, अष्टभुजा गेस्ट हाउस को वी0आई0पी0 आगंतुको हेतु मूल भूत व्यवस्था करना, अष्टभुजा रैन बसेरा पर सफाई आदि एवं वाहन स्टैण्ड की व्यवस्था एवं चिकित्सीय शिविर की स्थापना, ग्रामीण क्षेत्रों की दुकानों की सूची तैयार कराया जाना आदि सभी व्यवस्था कराना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने सभी अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सभी कार्य 25 मार्च तक पूर्ण करा लें। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि रेलवे स्टेशनों, बस स्टापों पर आने वाले श्रद्धालुओं की संख्या पर सर्तक दृष्टि एवं भीड़ नियंत्रण हेतु उनके रास्ते विभक्त करना, मेला क्षेत्र में आने वाले वाहनो को मेला के बाहर ही रोकवाया जाना तथा यथास्थान खड़ा करवाना सुनिश्चित करेंगे। बैठक में अपर जिलाधिकारी वित्त शिव प्रताप शुक्ल, अपर जिलाधिकारी नमामि गंगे देवेन्द्र प्रताप सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक नितेश सिंह, नगर मजिस्ट्रेट विनीत कुमार उपाध्याय सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहें।

# स्पोर्ट्स



इंडियन वेल्स, सीए, यूएसए; जोआओ फोंसेका (बीआरए) ने इंडियन वेल टेनिस गार्डन में बीएनपी परिबास ओपन में जैकब फर्नले (चित्र में नहीं) को हराने के दौरान अपने पहले दौर के मैच में शॉट मारा।

# चैम्पियन ट्रॉफी में विराट, गिल व वरुण पर टिकी निगाहें

## न्यूजीलैंड ने विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर जताया भरोसा

### चैम्पियंस ट्रॉफी में कई रिकॉर्ड बनाने वाले कोहली अब गेल का तोड़ेंगे रिकॉर्ड





**दुबई।** रविवार को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में भिड़ने के लिए बेताब है वहीं भारतीय खिलाड़ी विराट, गिल और वरुण पर सबकी निगाहें टिकी हुई तो वहीं न्यूजीलैंड ने विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर जताया भरोसा जताया है। दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल की मेजबानी के लिए तैयार है। रविवार, 9 मार्च को भारत और न्यूजीलैंड खिताबी मुकाबले में आमने-सामने होंगे और इनमें से किसी एक को 'चैंपियन' का टैग मिलेगा। टूनार्मेंट में टीम इंडिया की ताकत विराट, गिल और वरुण बने हुए हैं। वहीं, कीवी टीम का भरोसा विलियम्सन, रचिन और सैंटनर पर टिका हुआ है। भारतीय टीम टूनार्मेंट में अजेय है। जबकि न्यूजीलैंड ने एक मैच गंवाया है, टीम को भारत ने 44 रन से हराया था।

भारतीय टीम ने टूनार्मेंट में अब तक 5 मुकाबले खेले और सभी जीते। टीम बैटिंग, बॉलिंग और फील्डिंग तीनों डिपार्टमेंट में अच्छा प्रदर्शन कर रही है। भारत ने कीवियों को ग्रुप-ए में हुए मुकाबले में 44 रन से हराया था। वहीं कोहली-गिल के शतक, अय्यर शानदार फॉर्म में भारतीय टीम की बैटिंग लय में है। विराट कोहली और शुभमन गिल टूनार्मेंट में एक-एक शतक बना चुके हैं। श्रेयस अय्यर, अक्षर पटेल और केएल राहुल मिडिल ऑर्डर में अपना रोल बखूबी निभा रहे हैं। हार्दिक पंड्या भी ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ फॉर्म साबित कर चुके हैं। टॉप-5 बैटर्स में विराट कोहली 217 रन के साथ चौथे स्थान पर हैं। अय्यर और गिल भी 150 से ज्यादा रन बना चुके हैं। वहीं शमी-चक्रवर्ती 5-5 विकेट ले चुके, स्पिनर्स के नाम 21 विकेट भारतीय टीम के बॉलर्स इस टूनार्मेंट में अब तक 37 विकेट ले चुके हैं। इनमें 16 विकेट तेज गेंदबाजों ने लिए, जबकि 21 विकेट स्पिनर्स के खाते में आए हैं। मोहम्मद शमी और वरुण चक्रवर्ती एक मैच में 5-5 विकेट ले चुके हैं। टॉप-5 गेंदबाजों की बात करें तो इसमें भारत के दो गेंदबाज शामिल हैं। शमी 8 और वरुण 7 विकेट हासिल कर चुके हैं। वहीं भारत को दुबई की कंडीशंस का फायदा भारत को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम की पिच रास आ रही है। टीम ने अपने सभी मुकाबले इसी मैदान पर खेले हैं। सभी खिलाड़ी मैदान की परिस्थितियों से परिचित हैं। ऐसे में फाइनल में भारत को दुबई की धीमी पिच का फायदा मिल सकता है। टीम इंडिया ने भले ही अपने सभी मुकाबले जीते हैं, लेकिन टीम को अभी भी कई फील्ड में सुधार करना बाकी है। क्योंकि, ऑस्ट्रेलिया ने पहले सेमीफाइनल में भारतीय टीम को कड़ी टक्कर दी थी। भारतीय टीम ने उस मैच को 49वें ओवर में जीता था। विराट कोहली ने चैम्पियंस ट्रॉफी में शानदार पारियां खेल कर साबित कर दिया है कि जब मसला रनचेज का हो तो उनसे बड़ा कोई खिलाड़ी नहीं है। अब कोहली की नजर फाइनल पर टिकी है जो 9 मार्च यानी रविवार को दुबई इंटरनेशनल स्टेडियम में खेला जाएगा। न्यूजीलैंड के खिलाफ होने वाले इस फाइनल में विराट कोहली वेस्टइंडीज के क्रिस गेल को पीछे छोड़कर अपना नाम रिकॉर्डबुक में लिखवाना चाहते हैं। वहीं कोहली रनचेज करते हुए 8 हजार से ज्यादा रनों का आंकड़ा पार कर चुके हैं। कोहली ने चैम्पियन ट्रॉफी में 17 मैचों में 746 रन बनाए हैं, जो किसी भारतीय बल्लेबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं। ओवरऑल अब वह क्रिस गेल के पीछे हैं, जिन्होंने 17 मैचों में 791 रन बनाए हैं यानी कोहली फाइनल में 46 रन बनाते ही क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ देंगे। तीसरे नंबर पर इस सूची में श्रीलंका के महेला जयवर्धने हैं, जिनके नाम 22 मुकाबलों में 742 रन हैं।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मुकाबले किसी आईसीसी इवेंट में कोहली के नाम अब 50 प्लस का स्कोर 24 बार हो चुका है, जो किसी खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है। चैम्पि?यंस ट्रॉफी में कोहली ने सातवीं बार 50 प्लस का स्कोर बनाया है, यह भी किसी एक खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है। वहीं कोहली कुल 336 कैच ले चुके हैं, जो इंटरनेशनल क्रिकेट में सबसे ज्यादा किसी भारतीय खिलाड़ी द्वारा सबसे ज्यादा है। कोहली को मंगलवार को प्लेयर ऑफ द मैच मिला, जो किसी आईसीसी इवेंट में 15वीं बार था। यह भी किसी एक खिलाड़ी द्वारा जीता गया सबसे ज्यादा बार प्लेयर ऑफ द मैच है।

### भारत के लिए राहत, मैट हेनरी का फाइनल में खेलना मुश्किल

हेड कोच स्टीड ने कहा- फिटनेस पर संशय, साउथ अफ्रीका के खिलाफ चोटिल हुए थे

न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज मैट हेनरी का चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में खेलना मुश्किल लग रहा है। हेनरी साउथ अफ्रीका क खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में चोटिल हो गए थे। कीवी हेड कोच गैरी स्टीड ने शुक्रवार को कहा, फाइनल से लगभग 48 घंटे पहले भी हेनरी की फिटनेस पर संशय बना हुआ है। टूनार्मेंट का फाइनल मुकाबला रविवार को भारत और न्यूजीलैंड के बीच दुबई में खेला जाएगा।

### फाइनल मुकाबले पर वसीम अकरम और अजय जडेजा का बयान, न्यूजीलैंड को कम नहीं आंका जा सकता

**नई दिल्ली।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल मुकाबला 9 मार्च को भारतीय टीम और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा है। न्यूजीलैंड ने सेमीफाइनल में साउथ अफ्रीका के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया। अब फाइनल मुकाबले को लेकर पाकिस्तान के पूर्व कप्तान और तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने अपनी राय दी है।

अकरम ने कहा कि भारतीय टीम का जीतना निश्चित नहीं है और यह मुकाबला काफी कठिन होगा। अकरम ने कहा कि भारत निश्चित रूप से टाइटल जीतने का फेवरेट है, लेकिन न्यूजीलैंड को कम नहीं आंका जा सकता। अकरम ने इसके कारण बताकर कहा कि न्यूजीलैंड ने दुबई में पहले भी खेला है और वहां की कंडीशन को समझते हैं, जिससे उन्हें फायदा हो सकता है। वहीं, भारत के पास बेहतरीन स्पिनर्स हैं, लेकिन न्यूजीलैंड के पास भी तीन अच्छे स्पिनर्स हैं, जो भारतीय बल्लेबाजों को परेशान कर सकते हैं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर अजय जडेजा ने भी फाइनल मुकाबले को लेकर अपनी राय दी है। उन्होंने कहा, न्यूजीलैंड के पास इतनी ताकत है कि वह भारत को हरा सकते हैं। टीम में रचिन रवींद्र और केन विलियमसन जैसे बल्लेबाज हैं।

### रोहित को लंबी पारी के लिये पावर प्ले में अपना रवैया बदलना होगा



**दुबई।** भारतीय टीम के कप्तान रोहित शर्मा चैम्पियंस ट्रॉफी में अब तक बड़ स्कोर नहीं बना पाये हैं। ऐसे में पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का मानना है कि रोहित को पावरप्ले में आक्रामक बल्लेबाज की जगह पर लंबी पारी खेलनी चाहिये। वहीं कोच गौतम गंभीर ने रोहित के आक्रामक रवैये का बचाव किया है। गंभीर ने कहा कि हम औसत या रन नहीं देखते, बल्कि इंटेंट देखते हैं जबकि गावस्कर का मानना है कि भारतीय टीम चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में है और हर किसी को रोहित से एक बड़ी पारी की उम्मीद रहेगी। गंभीर ने सेमीफाइनल के बाद कहा था कि ड्रेसिंग रूम रोहित को आंकड़ों के आधार पर नहीं, बल्कि शीर्ष पर अपनी धमाकेदार शुरूआत से पैदा होने वाले इम्पैक्ट के आधार पर आंकता है। दूसरी ओर गावस्कर ने कहा कि रोहित को अपने रवैये पर फिर विचार करना चाहिए, उन्होंने कहा कि कप्तान के पास अकेले ही मैच को प्रभावित करने की क्षमता है। ऐसे में अगर वह 20 से 25 ओवर तक बल्लेबाजी करते हैं तो अकेले ही मैच बदल सकते हैं। चैंपियंस ट्रॉफी के 4 मैचों में 104 रन 100 के आसपास के स्ट्राइक रेट से बनाने वाले रोहित ने अब तक इस टूनार्मेंट में एक बार 41 रन बनाये हैं।

## हरमनप्रीत कौर पर आचार संहिता के उल्लंघन के चलते जुर्माना



**लखनऊ।** मुंबई इंडियंस की कप्तान हरमनप्रीत कौर पर यूपी वॉरियर्स के खिलाफ डब्ल्यूपीएल मैच में आचार संहिता के उल्लंघन के चलते फीस का 10 प्रतिशत जुमार्ना लगा है। यह मुकाबला भारत रत्न श्री अटल बिहारी वाजपेयी इकाना क्रिकेट स्टेडियम में खेला गया था। डब्ल्यूपीएल के बयान के अनुसार, हरमनप्रीत ने आर्टिकल 2.8 के लेवल 1 उल्लंघन को स्वीकार किया, जो अंपायर के फैसले पर असहमति जताने से जुड़ा है।

मैंच के दौरान घटना आखिरी ओवर के दौरान हुई, जब ऑन-फील्ड अंपायर ने मुंबई इंडियंस पर धीमी ओवर गति के कारण फील्डिंग प्रतिबंध लगाया था। नियम के तहत टीम को 30 गज के घेरे के बाहर केवल तीन फील्डर रखने की अनुमति थी। फैसले से नाखुश होकर हरमनप्रीत अंपायर अजितेश अर्गल से बहस करने लगीं। हरमनप्रीत की नाराजगी के बीच मुंबई इंडियंस की गेंदबाज अमेलिया केर भी फैसले से नाराज दिखीं। इसी दौरान इंग्लैंड की खिलाड़ी सोफी एक्लेस्टोन, जो नॉन-स्ट्राइकर एंड पर खड़ी थीं, वे भी अंपायर से चर्चा करने पहुंच गईं। इसके बाद हरमनप्रीत और एक्लेस्टोन के बीच गर्मागर्म बहस हो गई, बहस के दौरान हरमनप्रीत उन्हें उंगली उठाकर कुछ कहते हुए नजर आईं। मामला बढ़ता देख अंपायरों ने हस्तक्षेप किया, जिसके बाद एक्लेस्टोन नॉन-स्ट्राइकर एंड पर लौट गईं, हालांकि वे इस फैसले से असंतुष्ट दिखीं। इस पूरी घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो गया। डब्ल्यूपीएल के नियमों के अनुसार, लेवल 1 उल्लंघन के मामलों में मैच रेफरी का फैसला अंतिम और मान्य होता है।

वहीं मैंच में मुंबई इंडियंस ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 6 विकेट से जीत दर्ज की। केर ने घातक गेंदबाजी करते हुए 5 विकेट (5/38) चटकाए, जिससे यूपी वॉरियर्स की टीम बड़े स्कोर तक नहीं पहुंच सकी। इसके बाद हेली मैथ्यूज ने 46 गेंदों में 68 रनों की तेजतर्रार पारी खेली और टीम को जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। इस जीत के साथ मुंबई इंडियंस अंक तालिका में दूसरे स्थान पर पहुंच गई है। अमेलिया केर इस सीजन में पांच विकेट लेने वाली पहली गेंदबाज बनीं और उन्होंने डब्ल्यूपीएल में मुंबई इंडियंस के लिए अब तक का सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन किया।

## कीवी कप्तान सेंटनर ने खुद को बताया पार्ट टाइम क्रिकेटर

**फुल टाइम गोल्फर**



**दुबई।** भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला खेलने के लिए खेलने को तैयार है। 9 मार्च को दोनों टीमों के बीच फाइनल खेला जाएगा। दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम पर खिताबी मुकाबला खेला जाएगा।

न्यूजीलैंड की टीम बाएं हाथ के स्पिन गेंदबाज मिचेल सेंटनर की कप्तानी में खेल रही है। वे खुद को पार्ट टाइम क्रिकेटर मानते हैं। सेंटनर ने लिखा है, पार्ट टाइम न्यूजीलैंड क्रिकेटर, फुल टाइम गोल्फर। सेंटनर को गोल्फ खेलने का काफी शौक है। क्रिकेट से जब भी समय मिलता है वह गोल्फ खेलने पहुंच जाते हैं। बात दें कि सेंटनर का भारत के खिलाफ दमदार रिकॉर्ड है। 2019 वर्ल्ड कप का सेमीफाइनल मुकाबला कोई भी भारतीय फैन नहीं भूल सकता। मैच में सेंटनर ने 10 ओवर में 34 रन देकर दो विकेट लिए थे। उन्होंने ऋषभ पंत और हार्दिक पंड्या के बड़े विकेट लिए थे। 2021 टी20 वर्ल्ड कप में उन्होंने 4 ओवर में 15 रन दिए थे। तब मैच दुबई के मैदान पर ही हुआ था। 2016 टी20 वर्ल्ड कप में न्यूजीलैंड ने भारत को घर में आकर 79 पर समेट दिया था। सेंटनर ने तब 11 रन देकर 4 विकेट लिए थे। भारत को चंद पहले पहले ही न्यूजीलैंड के खिलाफ घर में टेस्ट सीरीज में हार मिली। कीवी टीम ने 3 मैचों की सीरीज को 3-0 से अपने नाम कर लिया। उस सीरीज में सेंटनर को सिर्फ एक ही मैच खेलने का मौका मिला था।

## बॉलीवुड न्यूज

### महिलाएं फिल्म सहित हर क्षेत्र में हासिल कर रही हैं सफलता




**मुंबई।** महिलाएं हर क्षेत्र में सफलता हासिल कर रही हैं, लेकिन पारंपरिक धारणाएं आज भी उनकी उड़ान को कहीं न कहीं रोकती हैं। इस महिला दिवस पर, शेमारू उमंग की प्रमुख अभिनेत्रियाँ—राधिका मुथुकुमार (मैं दिल तुम धड़कन), अलेया घोष (जमुनीया), और दीक्षा धामी (बड़ी हवेली की छोटी ठकुराइन) गहरी जड़ें जमाए रूढ़िवादी सोच को चुनौती देने और शेमारू एंटरटेनमेंट के अभियान के जरिए लोगों को कर रही हैं जागरूक। आज भी स्कूलों में इस्तेमाल किए जाने वाले ऑक्युपेशंस चार्ट मेंपुरुषों को लीडरशिप वाली भूमिकाओं में दिखाया जाता है, जबकि महिलाओं को अक्सर शिक्षिका या नर्स जैसे पारंपरिक पेशे तक सीमित कर दिया जाता है। हर व्यक्ति को यह पता होना चाहिए कि भविष्य का निर्धारण प्रतिभा से होता है, न कि उसके लिंग से। इस सोच को बदलने के लिए, शेमारू ने स्कूलों और एनजीओ में नए सिरे से डिजाइन किए गए ऑक्युपेशंस चार्ट पेश किए हैं, जिनमें पुरुषों और महिलाओं को समान रूप से हर पेशे में दशार्या जाएगा, ताकि छोटे बच्चे समान अवसरों वाली सोच के साथ बड़े हो सके। शेमारू उमंग के 'मैं दिल तुम धड़कन' में वृंदा का किरदार निभा रही राधिका मुथुकुमार मानती हैं कि प्रतिनिधित्व बेहद महत्वपूर्ण है, वे कहती हैं,"हम महिलाएं मल्टीटास्कर होती हैं, वे करियर, परिवार और सपनों को एक साथ संतुलित करती हैं। लेकिन दुनिया को इसे स्वीकार करने की जरूरत है और इसकी शुरूआत स्कूलों से होनी चाहिए। लड़कियों को खुद को डॉक्टर, इंजीनियर, और सीईओ के रूप में देखने का हक है, न कि केवल देखभाल करने वाली भूमिकाओं में।

### फिल्म 'नसीब' साइन करने से डर गई थीं हेमा मालिनी



**मुंबई।** सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का पॉपुलर सिंगिंग रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 15' इस बार होली के रंगों से सराबोर एक खास एपिसोड लेकर आ रहा है। इस विशेष एपिसोड में सिनेमा की ड्रीम गर्ल हेमा मालिनी स्पेशल जज के रूप में नजर आएंगी। उनके साथ इस रंगीन उत्सव में जज श्रेया घोषाल, विशाल ददलानी और बादशाह भी शामिल होंगे, जबकि अभिजीत सावंत और मियांग चांग शो को होस्ट करेंगे। यह एपिसोड संगीत, यादों और मनोरंजन से भरपूर होगा। शो की खास कंटेस्टेंट रितिका, जिन्हें प्यार से 'आइडल की बसंती' कहा जाता है, मशहूर गाने 'मेरे नसीब में' पर शानदार प्रस्तुति देंगी। उनके एक्सप्रेशन्स और गायकी से प्रभावित होकर श्रेया घोषाल कहती हैं, "मैं इसे ड्रामा क्वीन कहती हूं, क्योंकि यह गाने के भाव को बेहद खूबसूरती से पकड़ती है।" इस परफॉर्मेंस के बाद बादशाह को मौका मिलता है हेमा मालिनी से सुपरहिट फिल्म 'नसीब' में काम करने के अनुभव के बारे में पूछने का। हेमा मालिनी ने मल्टी-स्टार कास्ट वाली फिल्म में शामिल होने को लेकर अपनी शुरूआती झिझक का खुलासा किया। उन्होंने कहा, "जब उन्होंने मुझे मल्टी-स्टार कास्ट फिल्म में रोल ऑफर किया, तो मैं डर गई थी। लेकिन इसके बाद कोई दिक्कत नहीं हुई। हमारा लक्ष्य एक साल के भीतर फिल्म को पूरा करना था, लेकिन सभी कलाकार व्यस्त थे- अमित जी, ऋषि कपूर, रीना रॉय, अमजद अली खान जी, शत्रुघ्न सिन्हा, यहाँ तक कि सहायक कलाकार भी व्यस्त थे।

### पीवीआर आईनॉक्स ने लॉन्च किया स्पेशल फिल्म फेस्टिवल



**मुंबई।** भारत की सबसे बड़ी और प्रीमियम सिनेमा एग्जीबिशन कंपनी पीवीआरआईनॉक्स ने आमिर खान के 60वें जन्मदिन के खास मौके पर "आमिर खानः सिनेमा का जादूगर" नाम से एक स्पेशल फिल्म फेस्टिवल अनाउंस किया है। आमिर खान, जो अपनी दमदार परफॉर्मेंस और अलग तरह की फिल्मों के लिए जाने जाते हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को एक नई ऊंचाई दी है। उनकी फिल्मों ने न सिर्फ बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचाया, बल्कि समाज को भी गहराई से प्रभावित किया। इसी योगदान को सेलिब्रेट करने के लिए ये खास फेस्टिवल रखा गया है, जिसमें उनके बेहतरीन सिनेमाई सफर को बड़े पर्दे पर फिर से देखने का मौका मिलेगा।आमिर खान का करियर उनकी दमदार स्क्रिप्ट चुनने की आदत, रिकॉर्ड तोड़ फिल्मों और ऐसी कहानियों के लिए जाना जाता है, जो सीधे लोगों के दिलों तक पहुंचती हैं। कयामत से कयामत तक से रोमांस का नया दौर लाने से लेकर लगान, तारे जमीन पर, 3 इडियट्स और दंगल जैसी फिल्मों से सिनेमा की सोच बदलने तक, आमिर ने अपनी फिल्मों से इंडस्ट्री पर गहरी छाप छोड़ी है।

## विमेंस वनडे वर्ल्डकप से पहले ट्राई सीरीज खेलेगी भारतीय टीम

### श्रीलंका मेजबानी करेगा, तीसरी टीम साउथ अफ्रीका, पहला मुकाबला 27 अप्रैल को



**नई दिल्ली।** वनडे वर्ल्ड कप से पहले भारतीय विमेंस टीम श्रीलंका में अप्रैल-मई में वनडे ट्राई सीरीज में खेलेगी। श्रीलंका क्रिकेट बोर्ड ने गुरुवार को इसका ऐलान किया। श्रीलंका और टीम इंडिया के अलावा तीसरी टीम साउथ अफ्रीका होगी।

वनडे वर्ल्ड कप अक्टूबर में भारत में होना है। हर एक टीम दो बार अन्य टीमों के साथ खेलेगी, यानी एक टीम चार मैच खेलेगी। पहले दो स्थान पर रहने वाली टीमें फाइनल खेलेंगे। सीरीज की शुरूआत मेजबान श्रीलंका और भारत के बीच होने वाले मुकाबले से होगी। ये सभी मैच दिन में खेले जाएंगे, जो 27 अप्रैल से 11 मई तक कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में खेले जाएंगे। श्रीलंका वर्तमान में न्यूजीलैंड के व्हाइट-बॉल दौरे पर है, जबकि भारत के अधिकांश खिलाड़ी घर पर डब्लयूपीएल में हिस्सा ले रहे हैं। कुछ साउथ अफ्रीकी खिलाड़ी भी डब्लयूपीएल में हैं।

श्रीलंका वर्तमान में एशिया कप चैंपियन है। फाइनल में भारत को हराया था। साउथ अफ्रीका पिछले वनडे वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में पहुंचा था, जिसने भारत को लीग स्टेज में बाहर कर दिया था। हालांकि, भारत आईसीसी वनडे रैंकिंग में तीसरे स्थान पर है। जबकि साउथ अफ्रीका चौथे और श्रीलंका सातवें स्थान पर है।

## महिला क्रिकेट : न्यूजीलैंड ने दूसरा वनडे 78 रन से जीता

**श्रीलंका के खिलाफ सीरीज में 1-0 की बढ़त बनाई, मैडी का शतक**



नई दिल्ली। न्यूजीलैंड और श्रीलंका के बीच खेली जा रही 3 मैचों की विमेंस ओडीआई सीरीज के दूसरे मुकाबले में कीवी टीम ने 78 रन से जीत दर्ज की। इस जीत के साथ न्यूजीलैंड ने सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। मैच शुक्रवार को नेल्सन के सैक्सटन ओवल में खेला गया। 4 मार्च को सीरीज का पहला मैच बारिश की वजह से रद्द हो गया था। न्यूजीलैंड की टीम टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी। टीम ने 50 ओवर में 7 विकेट पर 245 रन बनाए। पारी में उनकी बल्लेबाज मैडी ग्रीन ने अपना दूसरा वनडे शतक लगाया। उन्होंने 109 बॉल में 100 रन की पारी खेली। श्रीलंका के लिए चमारी अटापट्टू ने सबसे ज्यादा 2 विकेट लिए। 246 रन के टारगेट का पीछा करने उरती श्रीलंका की टीम 167 रन पर ही सिमट गई। टीम के लिए हर्षिता समरविक्रमा ने सबसे ज्यादा 59 रन बनाए, लेकिन अपनी टीम को जीत नहीं दिला सकीं। समरविक्रमा ने पहले मैच में भी अर्धशतक लगाया था। न्यूजीलैंड के लिए हन्ना रोवे टॉप विकेट टेकर रहीं, उन्होंने 4 विकेट चटकाए। ओडीआई सीरीज के पहले मैच में श्रीलंकाई बल्लेबाज हर्षिता समरविक्रमा ने नाबाद 66 रन बनाए। यह समरविक्रमा का वनडे में दूसरा फिफ्टी था। लेकिन बारिश के कारण 36.4 ओवर के बाद मैच रद्द करना पड़ा। जिसकी वजह से मेहमान टीम का स्कोर 5 विकेट पर 147 रन पर अटक गया। वनडे इतिहास में अभी तक न्यूजीलैंड और श्रीलंका की विमेंस टीम का 15 बार आमना-सामना हो चुका है। जिसमें से 12 में न्यूजीलैंड को जीत मिली है। वहीं 2 मैच श्रीलंका ने जीते है। 1 मैच रद्द हुआ है। सीरीज का आखिरी मैच 9 मार्च को नेल्सन के सैक्सटन ओवल में खेला जाएगा। यह मैच श्रीलंका के लिए करो या मरो मुकाबला होगा। कप्तान चमारी अथापथु की टीम पिछले कुछ वनडे मैचों में निराशाजनक प्रदर्शन से जूझ रही है।

### सुनील छेत्री संन्यास से लौटे, पिछले साल जून में लिया था रिटायरमेंट

नई दिल्ली। भारतीय फुटबॉल खिलाड़ी सुनील छेत्री फिर से भारतीय जर्सी में मैदान पर नजर आएंगे। उन्होंने संन्यास से वापसी करने की की घोषणा की है। वह 25 मार्च से शुरू हो रहे एएफसी एशियन कप 2027 के तीसरे राउंड क्वालिफायर से वापसी करेंगे। छेत्री ने पिछले साल जून में कुवैत के खिलाफ फीफा वर्ल्ड कप 2026 क्वालिफायर मैच के बाद इंटरनेशनल फुटबॉल से संन्यास लिया था। सुनील छेत्री ने अब तक खेले 151 इंटरनेशनल मैचों में 94 गोल किए हैं, जो किसी भी भारतीय खिलाड़ी का सबसे ज्यादा है।

## आईसीसी नॉकआउट मुकाबलों में भारतीय टीम पर भारी पड़ी है न्यूजीलैंड



**दुबई।** भारतीय क्रिकेट टीम रविवार को आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी के फाइनल में , न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। इस मैच में भारतीय टीम को जीत का प्रबल दावेदार माना जा रहा है। इसका कारण है कि भारतीय टीम अभी तक इस टूनार्मेंट में एक भी मैच नहीं हारी है। उसने लीग स्तर के मुकाबले में कीवी टीम को हराया है जिससे उसका मनोबल बढ़ा हुआ है। वहीं अगर आंकड़ों पर नजर डाले तो कीव टीम का पलड़ा भारी है। इसका कारण है कि आज तक तीन बार दोनो टीमों के बीच नॉकआउट मुकाबला हुआ है जिसमें तीनो ही बार न्यूजीलैंड, जीती है। दोने के बीच अब तक आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी, एकदिवसीय विश्व कप 2019 सेमीफाइनल और विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2019-2021 फाइनल में टक्कर हुई है। इसमें हर बार भारतीय टीम को हार का सामना करना पड़ा है। इस बार हालांकि हालात भारतीय टीम के पक्ष में दिख रहे हैं क्योंक उसने अब तक खेल के सभी क्षेत्रों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम लगातार दुबई में खेलने से हालातों क अनुसार ढ़ल गयी है। वहीं कीवी टीम ने अबतक अपने मुकाबले पाकिस्तान में खेले हैं।

दोनो ही टीमें सबसे पहले आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी 2000 के फाइनल में भिड़ी थीं तब न्यूजीलैंड ने 4 विकेट से मुकाबला जीता था। उस मैच में भारतीय टीम ने सौरव गांगुली (117) और सचिन तेंदुलकर (69) की शानदार पारी की मदद से भारत ने 50 ओवरों में 264/6 रन बनाए। वहीं इसके बाद क्रिस केर्न्स की नाबाद 102 रन की पारी से न्यूजीलैंड ने 2 गेंद पहले ही मुकाबला जीत लिया।चैंपियंस ट्रॉफी को ही पहले आईसीसी नॉकआउट टूनार्मेंट कहा जाता था। वहीं इसके बाद साल 2019 में एकदिवसीय विश्वकप में दोनो की टक्कर हुई थी। तब न्यूजीलैंड 18 रन से जीती थी।

### कुलदीप की जगह इस गेंदबाज को मौका दे सकता है भारतीय टीम प्रबंधन

नई दिल्ली। आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 के फाइनल में भारतीय क्रिकेट टीम का सामना न्यूजीलैंड से होगा। सेमीफाइनल में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी, लेकिन अब टीम प्रबंधन एक अहम बदलाव की तैयारी में है। गेंदबाजी लाइनअप में एक नया खिलाड़ी शामिल हो सकता है, जिससे टीम की गेंदबाजी को मजबूती मिलेगी। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल मुकाबले में भारतीय टीम ने 4 विकेट से जीत दर्ज की, लेकिन मैंच में कुछ कमियां भी सामने आईं। भारतीय स्पिनर कुलदीप यादव उतने प्रभावी नहीं दिखे।

इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए न्यूजीलैंड ने 50 ओवर में 239 रन बनाये थे। बारिश के कारण भारतीय टीम को 49 ओवर में संशोधित 240 रन का लक्ष्य मिला था जिसका पीछा करते हुए भारतीय टीम ने 49.3 ओवर में 221 बनाये थे।इसके बाद आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप 2019-2021 फाइनल में भी भारतीय टीम आठ विकेट से हारी थी।



होली का त्योहार जैसे-जैसे नजदीक आता जा रहा है वैसे वैसे दुकानदारों के चेहरे पर शिकन बढ़ती जा रही है क्योंकि बाजार से ग्राहक गायब हैं। ग्राहकों की बाट जोहता एक दुकानदार।

# जौनपुर



# युवक का शव मिलने से सनसनी

जनसंदेश टाइम्स

**मछलीशहर।** शुक्रवार को सुबह संदिग्ध परिस्थिति में कुंवरपुर बंधवा मार्ग पर युवक का शव सड़क किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। ग्रामीणों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस सड़क दुर्घटना में मौत होने की बात कह रही है।

थाना पंवारा क्षेत्र के कुड़रिया गांव निवासी नीतेश चौहान (25) पुत्र पप्पू चौहान वृहस्पतिवार को अपने बुआ के लड़के आदित्य सिंह पुत्र राजकुमार सिंह निवासी प्रतापगढ़ के साथ बाइक पर सवार होकर बंधवा बाजार गया था। देर रात नशे की हालत में दोनों वापस लौट रहे थे कि बाइक तेज गति के कारण अनियंत्रित होकर सड़क पर गिर गई। नीतेश चौहान हेलमेट नहीं पहने

**कार्रवाई शुरू**

### पुलिस मान रही सड़क दुर्घटना, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा



था जिससे उसके सिर और मुंह में गंभीर रूप से चोट आई। आदित्य नशे में होने के कारण कुछ समझ नहीं पाया वह घर चला गया। सुबह पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू की। घटना स्थल पर एक छोर पर युवक की बाइक तो दूसरी तरफ नीतेश पड़ा था। पुलिस जांच करते हुए आदित्य के घर पहुंची जहां उसने घटना की जानकारी दी। थानाध्यक्ष त्रिवेणी सिंह ने बताया कि मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में चश्मदीद गवाह का बयान दर्ज किया गया है। सड़क दुर्घटना में मौत होने की पुष्टि हुई है बाकी पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कार्यवाही की जाएगी।

### बोलेरो और आर्टिगा में आमने-सामने भिड़ंत, आठ घायल

**मछलीशहर।** कोतवाली क्षेत्र के जमूहर बाजार के निकट अर्टिगा और बोलेरों में आमने-सामने भिड़ंत हो गई जिसमें सवार आठ लोग घायल हो गए। नगर के शादीगंज निवासी रवि अग्रहरि 38, सुशील 32, मोनू 28, सोभित 28, शैलेंद्र यादव 37, प्रियांशु 20 गुरुवार रात अर्टिगा कार से मीरगंज एक बारात में गए थे। अर्टिगा कार रवि चला रहा था। बारात से लौटते समय अभी वह जमुहर बाजार के निकट पहुंचा ही था कि मीरगंज थाना क्षेत्र के सेमराहो गांव निवासी अरुण कश्यप 40, मनीष यादव 25 बोलरो से मछलीशहर से जंघई की तरफ जा रहे थे। उक्त बाजार से कुछ दूरी पर दोनों गाड़ियों में आमने सामने भिड़ंत हो गई। भिड़ंत में अर्टिगा सवार और बोलेरो सवार सभी लोग गंभीर रुप से घायल हो गए। अगल बगल के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए एंबुलेस से सभी को सीएचसी भेजवाया जहां चिकित्सक ने रवि, सुशील, मनीष, सोभित की हालत गंभीर देख उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। रवि के हालत में सुधार न देख जिला अस्पताल के चिकित्सक ने वाराणसी ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया जहा उसका इलाज चल रहा है।

# पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण का किया अभ्यास



**रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को थाना प्रभारी देवानंद रजक के नेतृत्व में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया।

लाठी चार्ज घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। होली और रमजान महीने को देखते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास करने के साथ पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभ्यास के दौरान पुलिस पर नारेबाजी करते हुए पथराव कर रहे दंगाइयों को तितर-बितर कर उन पर नियंत्रण पाने का अभ्यास किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार बलवा ड्रिल अभ्यास के लिए पुलिस की अलग टीम बनाई गई है। अभ्यास के दौरान विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी करते प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस ने समझाने की कोशिश तो भीड़ अचानक उग्र हो गई और पुलिस पर पथराव करने लगी। इस पर पुलिस की ओर से अनाउंसमेंट करके पहले उन्हें चेतावनी दी गई। जब वे नहीं माने तो भीड़ पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। इसके बाद भी भीड़ के उग्र होने पर पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। इस तरह के अभ्यास समय समय पर किए जाएंगे।

# पुलिस ने किया मॉक ड्रिल का अभ्यास



**मड़ियाहूं।** क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने और आपात स्थिति से निपटने के लिए शुक्रवार को कोतवाली परिसर में दंगा नियंत्रण को लेकर मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया। प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने पुलिस कर्मियों के साथ दंगाइयों से निपटने की रणनीति का अभ्यास किया।

पुलिस ने शुक्रवार को सुबह होली जैसे बड़े त्योहार पर अराजक तत्वों से निपटने के लिए पुलिस की तैयारी पुख्ता हो, इसके लिए माक ड्रिल किया। इस अभ्यास से पुलिस की त्वरित प्रतिक्रिया और रणनीतिक कौशल का परीक्षण भी हुआ। इस दौरान पुलिस टीम को दंगा निरोधक, बलवा निरोधक उपकरणों का प्रशिक्षण एवं अभ्यास कराया गया। पुलिस बल को दंगाइयों से निपटने के विभिन्न तरीके सिखाए गए। पुलिस कर्मियों ने एंटी राइट गन, रबर बुलेट गन, टियर गैस गन का अभ्यास किया। प्रभारी निरीक्षक सत्य प्रकाश सिंह ने बताया कि होली के दृष्टिगत क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए यह अभ्यास कराया गया।

# सीओ सिटी ने आठ पीआरबी बाइक को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**जागरूकता**

### नगर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए यातायात विभाग की पहल



**जौनपुर।** पुलिस लाइन में शुक्रवार को सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव ने पीआरबी बाइक को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। यह कार्यक्रम यातायात विभाग की तरफ से आयोजित किया गया था। पीआरबी बाइक से यातायात पुलिस जाम की समस्या को कम करने के लिए काम करेगी।

पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देशानुसार सड़क हादसों में कमी लाने और नगर को जाम की समस्या से निजात दिलाने के लिए पुलिस लाइन से आठ बाइक रवाना किया गया। इन बाइकों में हूटर के साथ-साथ लाउड हेलर लगा है। हूटर बजाते हुए ये बाइकें सड़कों से गुजरेंगी। नगर के आठ अलग-अलग मार्गों पर ये बाइकें रहेंगी। सीओ सिटी आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि नगर में जाम की समस्या को कम करने के लिए इन बाइकों को रवाना किया गया है। जहां भी जाम लगने की सूचना मिलेगी ये बाइक तुरन्त वहां पहुंचकर जाम खुलवाने का काम करेगी। शहर में देखा जा रहा है कि कुछ लोग अपने चार पहिया वाहन सड़क की गलत दिशा में खड़ा करके घंटों गायब रहते हैं जिसकी वजह से वहां लम्बा जाम लग जाता है। यातायात विभाग की ये बाइक वहां पहुंचकर उस वाहन को हटवाने का काम करेगी। कुछ लोग सड़कों के किनारे अतिक्रमण किए रहते हैं जिसकी वजह से जाम लगता है। इस बाइक से यातायात विभाग की पुलिस पहुंचकर अतिक्रमण हटवाने का काम करेगी और न मानने पर चालान की कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि यातायात विभाग की तरफ से यातायात जागरूकता कार्यक्रम कई स्थानों पर चलाकर लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि चार चक्का वाहन चलाते समय सीट बेल्ट और दो चक्कर वाहन चलाते समय हेलमेट जरूर लगाएं जिससे हादसा होने पर गम्भीर चोट से बचा जा सकता है। चौराहों, तिराहों पर बैनर पोस्टर लगाकर भी लोगों को सड़क के नियमों के प्रति जागरूक किया जा रहा है।

# आगामी त्योहारों के मद्देनजर पुलिस ने किया बलवा ड्रिल का अभ्यास

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ द्वारा शुक्रवार को रिजर्व पुलिस लाईन में परेड की सलामी ली गई तथा परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक रूप से फिट रहने के लिए पुलिसकर्मियों से दौड़ लगवाई गयी। जनपद में आगामी त्योहारों के मद्देनजर कानून व्यवस्था बनाये रखने व किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पुलिस द्वारा बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया।

पुलिस अधीक्षक द्वारा ड्रिल के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों व की जाने वाली कार्यवाही के सम्बन्ध में सभी को आवश्यक निर्देश दिये गये। ड्रिल के दौरान आशु गैस के गोले, रबर बुलेट, फायर सर्विस व अन्य का प्रयोग करने की विधि बताकर रिहर्सल कराया गया। ड्रिल के रिहर्सल से पुलिस बल को आने वाले आगामी त्योहार व अन्य परिस्थितियों से निपटने में मदद मिलेगी। बलवा ड्रिल में अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण, समस्त क्षेत्राधिकारी, प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी, कर्मचारीगण द्वारा प्रतिभाग किया गया। परेड के बाद पुलिसकर्मियों को आवश्यक आदेश-निर्देश दिए गए। जिसमें बताया गया कि वहां हथियारों का प्रयोग कैसे करना है। किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए अपने आपको कैसे तैयार करना है। इन सब बातों की भी जानकारी दी गई।

# सड़क दुर्घटना में बाइक सवार दो युवक घायल

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र अन्तर्गत अयोध्या मार्ग स्थित चिरैया मोड़ के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बाइक सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया। सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के बैजारामपुर गांव निवासी 20 वर्षीय नरेगा पुत्र महेन्द्र व 18 वर्षीय शनी पुत्र राजेश रिश्तेदारी से एक ही बाइक से गुरुवार की देर रात अपने जा रहे थे। बाइक जैसे ही अयोध्या मार्ग के चिरैया मोड़ के समीप बाइक पहुंची सामन से आ रही तेज रफ्तार अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गये। स्थानीय लोगों की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने इलाज हेतु राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उक्त दोनों घायलों को बेहतर इलाज हेतु जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया।

# दहेज और नशा मुक्ति के लिए छात्रों ने लिया संकल्प



जनसंदेश न्यूज

**जौनपुर।** प्रदेश शासन के निर्देश पर शुक्रवार को वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में ₹पढ़े विश्वविद्यालय, पढ़े महाविद्यालय₹ अभियान के तहत मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज में छात्रों ने दहेज एवं नशा मुक्ति के लिए संकल्प लिया गया।

इस अवसर पर सभी कक्षाओं में छात्रों एवं छात्राओं ने एक घंटे तक पुस्तकों का अध्ययन कर शिक्षा के प्रति अपनी रुचि और प्रतिबद्धता प्रकट की। कार्यक्रम के अंतर्गत महाविद्यालय के सौदागर हाल में उपस्थित सभी विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने दहेज मुक्त समाज एवं नशा मुक्ति के लिए शपथ ली। इस संकल्प के माध्यम से समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का संदेश दिया गया।

इस अवसर पर पूर्वांचल विश्वविद्यालय के मनोविज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. अजय प्रताप सिंह, महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान, समस्त प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# किताबों को अपने जीवन से जोड़े रखें : प्रो. वंदना

**आयोजन**

### 'पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय व पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय' कार्यक्रम का हुआ आयोजन

### दहेज मुक्त व नशा मुक्त भारत के लिए दिलाई गई प्रतिज्ञा

जनसंदेश न्यूज



**जौनपुर।** कुलाधिपति एवं राज्यपाल उत्तर प्रदेश आनंदीबेन पटेल के निर्देश के क्रम में वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गाँव में शुक्रवार को पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय एवं पढ़े महाविद्यालय, बढ़े महाविद्यालय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। इसके साथ ही विश्वविद्यालय के मुक्तांगन में दहेज मुक्त एवं नशा मुक्त भारत के लिए कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों को प्रतिज्ञा दिलाई।

कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कहा कि किताबें न केवल शिक्षा का एक स्रोत है, बल्कि हमारे मानसिक विकास, सोचने की क्षमता और व्यक्तित्व निर्माण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। उन्होंने कहा कि इन्टरनेट के इस दौर में भी किताबों का अपना एक अलग महत्व है। किताबों से हमें ज्ञान मिलता है और नए विचार और दृष्टिकोण से परिचित भी होते है। किताबों को अपने जीवन से जोड़े रखे। कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने कुलपति सभागार में अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ समय किताब पढ़ी। इसी क्रम में विश्वविद्यालय के विज्ञान, अनुप्रयुक्त सामाजिक विज्ञान संकाय, प्रबंध अध्ययन संकाय, फार्मेसी, विधि संकाय और इंजिनियरिंग संकाय के विभागों में दिन में 11 बजे से 12 बजे तक शिक्षकों और विद्यार्थियों ने किताब पढ़ी। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन के भी विभिन्न विभागों में कर्मचारियों ने किताब पढ़ी। कार्यक्रम की संयोजक डॉ. जान्हवी श्रीवास्तव ने बताया कि इस बार विद्यार्थियों को आकृतियों में भी बैठाकर किताबें पढ़ाई गई। प्रबंध अध्ययन संकाय में संकाय के नाम की आकृति, संकाय भवन में डीएनए, रज्जू भईया संस्थान में पुस्तक, मुक्तांगन में भारत माता एवं फार्मेसी संस्था में ओम लिखी आकृति में भी विद्यार्थियों को किताब पढ़ने के लिए बैठाया गया था। विभिन्न गतिविधियों का संयोजन डॉ. अनुराग मिश्र एवं डॉ. शशिकांत ने किया। विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यक्रम की विविध गतिविधियों में कुलसचिव महेंद्र कुमार, परीक्षा नियंत्रक डॉ. विनोद कुमार सिंह, प्रो. अजय द्विवेदी, प्रो. राम नारायण, प्रो. राजेश सिंह., प्रो. वीडी शर्मा, डॉ. माया सिंह, डॉ. आशुतोष सिंह, डॉ. आलोक गुप्त, डॉ. ऋषिकेश, डॉ. दिग्विजय सिंह राठौर, डॉ. चन्दन सिंह, मनोज पाण्डेय, डॉ. नितेश जायसवाल, डॉ. प्रमेन्द्र विक्रम सिंह, डॉ. प्रियंका सिंह समेत शिक्षक, कर्मचारी और विद्यार्थी शामिल रहे। विश्वविद्यालय ने कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए पर्यवेक्षकों को भी नियुक्त किया था इसमें प्रो. मानस पाण्डेय, प्रो. मनोज मिश्र, प्रो. अशोक कुमार श्रीवास्तव, प्रो. अविनाश पाथर्डीकर, प्रो. अजय प्रताप सिंह, प्रो. राजेश शर्मा, प्रो. रवि प्रकाश, उप कुलसचिव बबिता सिंह, अमृत लाल को जिम्मेदारी दी गई थी। गाजीपुर पीजी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. राघवेन्द्र कुमार पाण्डेय को गाजीपुर का समन्वयक बनाया गया था।

### चोरों ने जलनिगम के चौकीदार को पीटा, जांच में जुटी पुलिस

**शाहगंज।** क्षेत्र के सुरिस समधीपुर गांव में बन रहे सरकार द्वारा जल निगम योजना के तहत पानी की टंकी और वहां पर रखे सामान की देखरेख के लिए गांव के ही एक युवक को चौकीदार के पद पर तैनात कर किया गया है। बीती रात उक्त पानी की टंकी पर चोरी की नीयत से पहुंचे अज्ञात चोरों ने चौकीदार की पिटाई कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी। केंद्र सरकार के मंशानुरुप हर घर जल योजना के तहत गांव में पानी की टंकी लगाकर घर घर जल देने का काम जलनिगम द्वारा किया जा रहा। उसी के मद्देनजर सुरिस के समधीपुर गांव में भी जलनिगम द्वारा पानी की टंकी लगाई जा रही है। उक्त जगह पर रखे सामान की रख रखाव के लिए गांव के ही युवक 19 वर्षीय सिंटू यादव पुत्र कमलेश यादव को भी जल निगम द्वारा रखा गया है। पीड़ित का आरोप है कि गुरूवार की देर रात उक्त टंकी की देखरेख करते समय चोरी की नीयत से पहुंचे अज्ञात चोरों ने सिंटू की पिटाई कर दी। शुक्रवार को पीड़ित ने घटना की जानकारी पुलिस को देकर अपना इलाज राजकीय चिकित्सालय में कराया।

## संक्षेप

### हाईस्कूल अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 53 परीक्षार्थी रहे अनुपस्थित

**पवांरा।** होरिल राव इंटर कालेज कुंवरपुर के केंद्र व्यवस्थापक रवींद्र नाथ शर्मा ने बताया कि शुक्रवार को हाई स्कूल में प्रथम पाली अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 335 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 17 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं जमुना देवी इण्टरमीडिएट कॉलेज सरायबीका में हाईस्कूल में प्रथम पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 286 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 26 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। वहीं अशर्फी देवी बालिका इण्टरमीडिएट कॉलेज पवांरा में सुबह की पाली में अंग्रेजी विषय की परीक्षा में 143 पंजीकृत परीक्षार्थियों में से 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। डीआईओएस डॉ. राकेश कुमार ने जमुना देवी इण्टरमीडिएट कॉलेज में बने परीक्षा केन्द्र का निरीक्षण किया इस दौरान कोई भी परीक्षार्थी अनुचित साधन का प्रयोग करते हुए नहीं पकड़ा गया।

### कक्ष निरीक्षक शिक्षिका के पति और सह केन्द्र व्यवस्थापक में नोक झोंक

**सुइथाकला।** क्षेत्र के एक परीक्षा केंद्र पर बोर्ड परीक्षा ड्यूटी को लेकर कक्ष निरीक्षक शिक्षिका के पति और सह केन्द्र व्यवस्थापक में नोक झोंक होने का मामला प्रकाश में आया है। हालांकि मामला तू तू मैं मैं तक ही रह गया, फिर भी मामले को लेकर चर्चाओं का बाजार एक बार गर्म हो गया।बताया जा रहा है कि उक्त परीक्षा केंद्र पर एक राजकीय हाई स्कूल की शिक्षिका बतौर कक्ष निरीक्षण कार्य हेतु लगायी गई थी। उक्त कक्ष निरीक्षक पहले दिन ड्यूटी कार्य करने के बाद से ही लगातार बोर्ड परीक्षा ड्यूटी पर आने से कोई न कोई समस्या बताकर आने से कतराती रही। जब सह केंद्र व्यवस्थापक द्वारा ड्यूटी करने को लेकर शिक्षिका के मोबाइल पर सम्पर्क साधा गया तो कक्ष निरीक्षक के पति तू-तू मैं-मैं पर उतर आए। हालांकि मामला तू-तू मैं-मैं तक ही सीमित होकर रह गया, लेकिन केन्द्र व्यवस्थापक द्वारा उक्त शिक्षिका को कक्ष निरीक्षण कार्य से कार्यमुक्त करते हुए संबंधित को पत्र लिखकर अवगत करा दिया गया। बहरहाल उन दोनों के बीच हुई नोक झोंक को लेकर एक बार चर्चाओं का बाजार गर्म हो गया। बताया जा रहा है कि तैनाती स्थल पर भी उक्त शिक्षिका का अन्य लोगों से छत्तीस का आंकड़ा बना रहता है।

### पुलिसकर्मियों ने बलवा ड्रिल का किया अभ्यास

**खेतासराय।** पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को थाना प्रभारी रामाश्रय राय के नेतृत्व में बलवा ड्रिल का अभ्यास किया गया। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया। लाठी चार्ज में घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया। होली और रमजान महीने को देखते हुए बलवा ड्रिल का अभ्यास करने के साथ पुलिसकर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। अभ्यास के दौरान पुलिस पर नारेबाजी करते हुए पथराव कर रहे दंगाइयों को तितर-बितर कर उन पर नियंत्रण पाने का अभ्यास किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार बलवा ड्रिल अभ्यास के लिए पुलिस की अलग टीम बनाई गई है। अभ्यास के दौरान विभिन्न मांगों को लेकर नारेबाजी करते प्रदर्शन कर रहे लोगों को पुलिस ने समझाने की कोशिश तो भीड़ अचानक उग्र हो गई और पुलिस पर पथराव करने लगी। इस पर पुलिस की ओर से अनाउंसमेंट करके पहले उन्हें चेतावनी दी गई। जब वे नहीं माने तो भीड़ पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के गोले दागे गए। इसके बाद भी भीड़ के उग्र होने पर पुलिस को लाठी चार्ज करना पड़ा। जिसमें कुछ प्रदर्शनकारी घायल हो गए। घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। इस तरह के अभ्यास समय समय पर किए जाएंगे।

### रिहायशी मड़हे में आग लगने से झुलसी महिला की इलाज के दौरान मौत

**गौराबादशाहपुर।** थाना क्षेत्र के गजना गांव में गुरुवार को दोपहर में रिहायशी मड़हे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई थी, जिसमें एक महिला बुरी तरह से झुलस गई थी। उसे जिला अस्पताल के चिकित्सकों ने हालत गंभीर देख वाराणसी बीएचयू के लिए रेफर कर दिया था लेकिन बीएचयू पहुंचते ही उसने दम तोड़ दिया। गुरुवार की दोपहर में गजना गांव के मोबीन अहमद के रिहायशी मड़हे में संदिग्ध परिस्थितियों में आग लग गई, जिसमें उसकी पत्नी शाहजहां (40) बुरी तरह झुलस गई। तत्काल उसे जिला अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने हालत गंभीर देखते हुए उसे वाराणसी बीएचयू रेफर कर दिया। बीएचयू पहुंचते ही शाहजहां की मौत हो गई। परिजन शव को घर लेकर आये और अंतिम क्रिया करते हुए दफन कर दिया। शाहजहां के चार पुत्र और एक बेटी है। सबका रो- रोकर बुरा हाल है। थाना प्रभारी फूलचंद पांडेय ने बताया कि मामले की जानकारी हुई है लेकिन अभी तक कोई भी तहरीर नहीं दी गई है। तहरीर दी जाती है तो जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

### बदमाशों ने बारात में दूल्हे के पिता से रुपयों से भरा बैग लूटा

**शाहगंज।** कोतवाली क्षेत्र के आजमगढ़ मार्ग स्थित एक होटल के समीप नगर में बारात निकलने के दौरान बाइक सवार तीन की संख्या में आये बदमाशों ने दूल्हे के पिता का बैग लूटकर फरार हो गए। पीड़ित के मुताबिक चार लाख रुपये से अधिक की लूट हुई है। सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की जांच में जुटी रही। आजमगढ़ जिले के सरायमीर थाना क्षेत्र के बस्ती गांव निवासी शीतला प्रसाद जायसवाल की बेटी अर्चना के विवाह का कार्यक्रम नगर के आजमगढ़ मार्ग स्थित एक मैरेज हाल से होना था। मैरेज हाल से कुछ ही दूरी पर नई सब्जी मंडी के पास से ज्ञानचंद जायसवाल अपने बेटे राम आशीष की बारात निकाल कर शादी घर की तरफ आ रहे थे। सब्जी मंडी के सामने बारात पहुंची थी। उसी समय अचानक एक बाइक पर तीन की संख्या में पहुंचे बदमाशों ने दूल्हे आशीष के पिता ज्ञानचंद को धमकाते हुए रुपयों से भरा बैग लूटकर आजमगढ़ की ओर भाग निकले। बदमाशों के जाने के बाद पीड़ित द्वारा बाराती और रिश्तेदारों को घटना की जानकारी दी गयी तो बारात में अफरातफरी का माहौल बन गया। पीड़ित द्वारा घटना की सूचना डायल 112 को दी गई। सूचना पर पहुंची पीआरवी और कोतवाली पुलिस मामले की जांच में जुटी रही। पीड़ित के मुताबिक बैग में पांच लाख रुपये लेकर आया था, जिसमें कुछ रुपए खर्च हुए थे। चार लाख रुपए से अधिक बैग में थे। कोतवाली निरीक्षक ने बताया कि तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

### विभिन्न मस्जिदों में कुरआन हुआ मुकम्मल, मांगी गई दुआएं

**जौनपुर।** पवित्र माह रमजान की विशेष नमाज तरावीह में कुरआन ए पाक मुकम्मल होने का सिलसिला आरंभ हो चुका है विभिन्न मस्जिदों में कुरआन ए पाक मुकम्मल हुआ और साथ ही देश में अमन व शांति के लिये दुआएं भी मांगी गईं। सर्वप्रथम मोहल्ला केरारकोट हनुमान घाट गोमती नदी के पावन तट पर स्थित मस्जिद मुस्तजाबुद्दअवात (लाल मस्जिद) में हाफिज मोहम्मद अफ्फान ने पाँच दिन की तरावीह में कुरआन ए पाक मुकम्मल कराया। उसके बाद शहर के मोहल्ला रिजवी खाँ में स्थित ऐतिहासिक शाही अटाला मस्जिद में छटवीं रात में हाफिज इनआमूल हक ने कुरआन ए पाक सुनाया जिसमें तरावीह की नमाज में लगभग दो हजार लोगों ने शिरकत किया। इस अवसर पर नमाजियों ने तरावीह मुकम्मल होने के बाद उक्त हाफिजों की गुलपोशी कर तोहफा व नजराना भी पेश किया। मरकजी सीरत कमेटी के अध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने प्रशासन का शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि रमजान महीने से पूर्व जिला प्रशासन को पत्र द्वारा साफ सफाई समेत आदि व्यवस्था को लेकर अवगत कराया गया था जिसको संज्ञान लेते हुए इस बार मस्जिदों के आस-पास साफ सफाई और चूना छिड़काव आदि का खास इंतेजाम जिला प्रशासन द्वारा कराया जा रहा है। इस अवसर पर हाजी मोहम्मद इमरान, अलमास अहमद सिद्दीकी, शाहनवाज खान, अजमत अली, मेराज राईन, रुस्तम अली, अल्तमश, इरफान इकबाल, अजहरुद्दीन, सकलैन, लाल मोहम्मद राईनी, नईम अहमद, इम्तियाज समेत भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

### बोरे से भरे ट्रक में लगी आग, मचा हड़कंप

**शाहगंज।** नगर के अयोध्या मार्ग से शुक्रवार को डाकखाना तिराहे समीप पहुंची बोरे से लदी ट्रक में संदिग्ध परिस्थितियों में लगी आग से बोरा जलकर राख हो गया। स्थानीय लोगों व प्रशासन की मदद से आग पर काबू पाया गया। अयोध्या से जौनपुर की तरफ बोरे से भरी जा रही ट्रक में अचानक आग लगने से स्थानीय लोगों मे हड़कंप मच गया। ट्रक जैसे ही कोतवाली चौक समीप लोहा मंडी के पास पहुंची आग ने अपना विकराल रुप धारण कर लिया। आग की लपटें तेज होने से स्थानीय लोगों ने ट्रक को रोककर घर के नलकूप से पानी लाकर आग को बुझाने का प्रयास किया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आग बुझाकर उसे गंतव्य स्थान को रवाना किया। आग लगने से लगभग बीस हजार रुपये तक की बोरी जलने का अनुमान बताया जा रहा है। आग कैसे लगी और ट्रक कहां जा रही थी इसकी जानकारी अभी तक नहीं हो पाई है।

# गुंडा ऐक्ट के तहत जिला बदर अभियुक्तों के घर कोतवाल ने किया नोटिस चस्पा

**जनसंदेश न्यूज**



**भदोही।** जनपद के थाना भदोही व सुरियावां क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहते हुए राहगिरों से मोबाइल छिनैती, मोटरसाइकिल चोरी, लूट, तमंचा साथ लेकर चलने व आमजन को धमकाने आदि जैसे अपराधों के द्वारा सामान्य जनता में भय एवं आतंक व्याप्त कर गुण्डागर्दी करने वाले दो अभ्यस्त अभियुक्तों संदीप कुमार विश्वकर्मा पुत्र रमाशंकर विश्वकर्मा निवासी सुल्तानपुर थाना भदोही और राजन चौहान पुत्र देवानंद चौहान निवासी नई बाजार थाना भदोही के विरुद्ध भदोही कोतवाली प्रभारी अश्वनी त्रिपाठी ने नोटिस चस्पा किया है। स्थानीय पुलिस की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप कुंवर वीरेंद्र मौर्य, अपर जिला मजिस्ट्रेट भदोही (वि./रा.) द्वारा यू.पी. गुण्डा नियंत्रण अधिनियम के तहत 06 माह के लिए जिला बदर घोषित किया गया है। निर्गत आदेश के अनुपालन में गुरुवार की देर शाम प्रभारी निरीक्षक भदोही अश्वनी त्रिपाठी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा अभियुक्तों के निवास स्थान नई बाजार व सुल्तानपुर थाना भदोही पर आदेश की उद्घोषणा कर एवं डुग-डुगी बजवाकर आदेश की प्रति चस्पा किया गया। जिला बदर अवधि के दौरान जनपद में निवासित पाए जाने पर अभियुक्तों को गिरफ्तार कर नियमानुसार किया जाएगा।

# जीबीटीसी ट्रस्ट द्वारा बनाये गए स्मार्ट क्लास का बीएसए ने किया शुभारंभ



**जनसंदेश न्यूज**

**भदोही।** औराई विकासखण्ड नारायणपुर मॉडल प्राथमिक विद्यालय में शुक्रवार को जीबीटीसी ट्रस्ट द्वारा स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया। नारायणपुर में यह ट्रस्ट की ग्रामीण भारत में 32वीं स्मार्ट क्लास है। प्रोजेक्ट इनेबल के तहत स्थापित इस स्मार्ट क्लास में पूरा डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया गया है। इसमें सुरक्षा अलार्म की भी व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी भूपेंद्र नारायण सिंह ने कहा कि स्मार्ट क्लास में बाल संसद के माध्यम से छात्रों को नेतृत्व का प्रशिक्षण दिया जाएगा। बीएसए ने कहा कि जीबीटीसी ट्रस्ट का लक्ष्य है कि शिक्षण प्रक्रिया आनंददायक और अधिक कुशल बने। औराई के खंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत सिंह सिंगरौल विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

इस अवसर पर ट्रस्ट की संस्थापक किरणदीप संधू, सह-संस्थापक देवेश मोहन और प्रोजेक्ट डायरेक्टर सौमित्र दुबे की उपस्थिति में उद्घाटन किया गया। जिला समन्वयक दुर्गेश शुक्ला ने भी कार्यक्रम में मार्गदर्शन दिया।

# तीन जोन व 18 सेक्टर में विभाजित कर मजिस्ट्रेटों की लगाई गयी ड्यूटी

**तैयारी**

**होली के त्योहार को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराएं जाने हेतु क्षेत्रवार मजिस्ट्रेटों की तैनाती**

**भदोही।** होली के त्यौहार को शान्तिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु जिलाधिकारी विशाल सिंह ने जनपद के सभी क्षेत्रो में क्षेत्रवार मजिस्ट्रेटो की तैनाती करते हुए निर्देशित किया है कि समस्त तहसीलों के लिए उप जिला मजिस्ट्रेट सामान्य रूप से प्रभारी मजिस्ट्रेट होंगे। उक्त के अतिरिक्त शान्ति एवं कानून व्यवस्था को सुनिश्चित करने हेतु थानावार मजिस्ट्रेटों की डियूटी लगाई गई है। समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट अपने-अपने तहसीलों में कानून व्यवस्था की स्थिति पर निगरानी रखने हेतु आवश्यकतानुसार अन्य की भी ड्यूटी लगा सकते है।

जोन प्रथम के जोनल मजिस्ट्रेट उप जिला मजिस्ट्रेट भदोही श्यामणि त्रिपाठी के नेतृत्व में सेक्टर प्रथम मजिस्ट्रेट संजय कुमार तहसीलदार भदोही, सेक्टर द्वितीय मजिस्ट्रेट अनुराग राय डीसीएनआरएलएम, सेक्टर तृतीय चन्द्रशेखर आजाद खण्ड शिक्षाधिकारी भदोही, सेक्टर चर्तुथ मजिस्ट्रेट यशवंत सिंह खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरियावॉ, सेक्टर पंचम मजिस्ट्रेट श्री राम प्रकाश एआरसीएस, सेक्टर षष्टम मजिस्ट्रेट प्रतिक्षा मौर्या नायब तहसीलदार भदोही, जोन द्वितीय के द्वितीय मजिस्ट्रेट उप जिला मजिस्ट्रेट औराई बरखा सिंह के नेतृत्व में सेक्टर मजिस्ट्रेटों और उप जिला मजिस्ट्रेट ज्ञानपुर अरूण गिरि के नेतृत्व में सेक्टर मजिस्ट्रेटों की क्षेत्रवार ड्यूटी लगाई गयी है। यह ड्यूटी तत्काल प्रभाव से प्रभावी होगी। समस्त जोनल/सेक्टर मजिस्ट्रेट 13 मार्च को अपने-अपने क्षेत्र का पूर्व में ही चकमण कर लेने तथा 14 मार्च को प्रातः 8.00 बजे से अपने-अपने ड्यूटी क्षेत्र पर तैनात, भ्रमणशील रहकर कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

# अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उल्लेखनीय योगदान देने वाली महिलाएं होंगी सम्मानित

**भदोही।** अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिलाओं को पेयजल, स्वच्छता, साफ-सफाई इत्यादि गतिविधियों हेतु उनके अमूल्य योगदान को पहचानने एवं उन्हें सम्मानित करने का एक बहुत ही सुन्दर अवसर के रूप में चिन्हित किया गया है। इस वर्ष हेतु अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का थीम-ह्यह्यत्वरित कार्यवाहीह्लह्ल अर्थात सभी महिलाओं व लड़कियों के लिए अधिक न्याय संगत भविष्य बनाने के लिए कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। जिलाधिकारी विशाल सिंह ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस का जनपदीय कार्यक्रम आदर्श उच्च प्राथमिक विद्यालय ज्ञानपुर निकट डॉयट में आयोजित होगा। जिसमें विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले जनपद की महिलाओं को प्रशस्ति पत्र व मेडल देकर सम्मानित किया जायेगा। साथ ही उनके सफलता की कहानियों से अन्य महिलाओं को प्रेरित व प्रोत्साहित किया जायेगा।

# तरावीह मुकम्मल हुई तो मुक्तदियों ने फूलमाला पहनाकर किया इस्तकबाल

**रमजान**

**हाफिज व मौलान आबिद हुसैन ने कराई तरावीह मुकम्मल**

**जनसंदेश न्यूज**



**भदोही।** मुकद्दस माह-ए-रमजान का अभी पहला अशरा चल रहा है। इस पाक माह में पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज-ए-तरावीह के मुकम्मल होने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। गुरुवार की रात चौरी रोड स्थित अंसार सिद्दीकी हाल में तरावीह मुकम्मल हुई। हाफिज व मौलान आबिद हुसैन ने तरावीह मुकम्मल कराई तो मुक्तदियों ने फूलमाला पहनाकर उनका इस्तकबाल किया। तरावीह की नमाज मुकम्मल होने के बाद हाफिज व मौलान आबिद हुसैन ने नबी की बारगाह में सलातो सलाम का नजराना पेश करने के बाद कहा कि मुकद्दस माह-ए-रमजान रहमतों, बरकतों व फजीलतों वाला महीना है। माह-ए-रमजान में अल्लाह की रहमत खुलकर बंदों के ऊपर बरसती है।

इस मुकद्दस महीने में लोगों को चाहिए को वो खूब इबादत कर अपने रब को राजी कर लें। उन्होंने तरावीह की नमाज मुकम्मल के दौरान मौजूद लोगों से कहा कि तरावीह मुकम्मल होने का मतलब यह नहीं कि फिर से तरावीह न पढ़ी जाएं। मुकद्दस माह-ए-रमजान में पूरे महीने तक तरावीह या फिर सूरह तरावीह पढ़ते रहें। इस दौरान आरिफ सिद्दीकी, अंसार सिद्दीकी, नसीम हाशमी, निसार सिद्दकी, गनी खान, शेर अफगन, दानिश रूमी सिद्दीकी, हम्माद हुसैन, छोटे सिद्दीकी, मौलाना एकराम सिद्दीकी, शाहिद सिद्दीकी, सहाबुद्दीन खान के अलावा बहुत सारे लोग मौजूद रहे।

# किसानों ने उपजिलाधिकारी को पत्रक सौंप उठाई मांग

**नाराजगी**

**हजारों की संख्या में जुलूस पहुंचा एसडीएम कार्यालय**

**किसानों के जुलूस से सड़कों पर रही भीड़भाड़**

**जनसंदेश टाइम्स**



**केराकत/सरकी।** खेत मजदूर किसान संग्राम समिति संबद्ध संयुक्त किसान मोर्चा ने स्मार्ट बिजली मीटर के नाम पर मनमाना बिजली बिल वसूलने के विरुद्ध रेलवे स्टेशन से विशाल जुलूस निकाला। जुलूस में लगभग हजारों की संख्या में किसान, मजदूर, महिलाये व नौजवान शामिल होकर नगर के मुख्य मार्गो से होते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पर धरने के रूप में तब्दील हो गया। इस दौरान आंदोलनकारी अपने हाथों में स्लोगन लिखी तख्तियां लिये नारेबाजी करते हुए नजर आये वहीं सुरक्षा के मद्देनजर प्रभारी निरीक्षक अवनीश राय मय टीम के साथ डटे रहे। आंदोलित में कैलाश राम, जनार्दन चौहान, मुन्ना गौड़, दयाराम सिकंदर, रामजीत साधना यादव, चंद्रकला, नमःनाथ शर्मा एडवोकेट, रामजीत, सुभाष शर्मीले, सतेंद्र विनोद, सतीश राजभर, शिवनारायण, रत्नेश व एडो. ऋषभ मेहता समेत हजारों की संख्या में किसान मजदूर, छात्र नौजवान शामिल रहे।

किसानों का जुलूस सहरायबीरू चौराहा से नरहन व पुरानी बाजार होते हुए उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंचा था। आंदोलनकरियों के विरोध प्रदर्शन को देखने के लिए लोग अपने दुकानों से बाहर निकल कर सड़कों पर आ जाते थे। राहगीर जहां थे वहीं ठहर गए थे। लाल झंडे पर मजदूरों किसानों का प्रतीक चिन्ह हाशिया हथौड़ा राहगिरों के आकर्षण का केंद्र बन गया था मानों नगर की सड़क रक्तांभित हो गई हो। इंकलाब जिंदाबाद इत्यादि नारों से पूरा नगर गूंज उठा। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि मानो लाल क्रांति सड़कों पर दौड़ पड़ी हो। आंदोलन को नेतृत्व देने वाले लीडर जनता के साथ कदम ताल करते हुए चल रहे थे। जुलूस अपने नियत समय पर उपजिलाधिकारी कार्यालय पहुंच राज्यपाल व मुख्यमंत्री को संबोधित पत्रक उपजिलाधिकारी सुनील कुमार भारती को सौंप मांग को उठाई। संयुक्त किसान मोर्चा के राष्ट्रीय कार्यकारणी के सदस्य आशीष मित्तल ने आंदोलनकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि पूरी दुनियां में पूंजीवादी साम्राज्यवादी सरकारों ने जनता को तबाह कर जनता के श्रम से बने संसाधनों को पूंजीपतियों कार्पोरेटरों के निजी हाथों में बेच रही हैं। देश की जनता महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, दमन उत्पीड़न का शिकार बन रही है, साथ देश की राज्य और केंद्र की सरकार ने पूंजीपतियों की करोड़ों लाखों का कर्ज माफ कर रही वहीं किसानों मजदूरों आम माध्यम वर्ग को वसूली के नाम पर प्रताड़ित कर रही है। आंदोलन के अगुआ कामरेड बचाऊ राम ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि हमें अपने हक की लड़ाई सतत लड़नी पड़ेगी बिना लड़े शोषक वर्ग हमें हमारा अधिकार नहीं लेने देंगी। सरकारें जंगल जमीन खनिज खेत खलिहान सभी को आम जनता से छीनकर चंद अमीरों को बेचने पर आमादा है हम सभी को लड़कर इसे बचाना पड़ेगा।

# सौ और दो सौ मीटर की दौड़ में शाहगंज की प्रियांशु अव्वल



**खेतासराय।** शाहगंज तहसील के मुड़ैला स्थित खेल मैदान में शुक्रवार को तहसील स्तरीय खेल महाकुंभ का आयोजन किया गया जिसमें सौ और दौ सौ मीटर की दौड़ में शाहगंज ब्लाक के कंपोजिट विद्यालय की छात्रा प्रियांशु अव्वल रही। जबकि सुइथाकला की शिवानी और प्रिया पाल को क्रमशः दूसरा स्थान मिला।

इसी तरह शॉट पुट बालक वर्ग में शाहगंज ब्लाक के छात्र नितेश को प्रथम और सुइथाकला ब्लाक के छात्र अमित मौर्य को दूसरा स्थान मिला। बालिका वर्ग में सुइथाकला की ज्योति प्रथम तो शाहगंज की आकांक्षा दूसरे स्थान पर रही। लम्बी कूद बालक वर्ग में सुइथाकला के शादान ने बाजी मारी। शाहगंज के नितेश को दूसरा स्थान मिला। बालिका वर्ग में प्रथम स्थान शाहगंज की लक्ष्मी को मिला। सुइथाकला की तारा को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। वालीबाल में बालक और बालिका वर्ग दोनों सुइथाकला का दबदबा रहा। क्रमशः सराय मोहिद्दीनपुर और कोहड़ा के छात्रों ने प्रथम स्थान हासिल किया। जबकि शाहगंज के मुड़ैला के छात्रों को दूसरे स्थान पर संतोष करना पड़ा। खो खो और कबड्डी में शाहगंज के छात्रों का दबदबा रहा।

जबकि खो खो में सुइथाकला तो कबड्डी में खुटहन को दूसरा स्थान मिला। खेल का उद्घाटन बीएस डॉ. गोरखनाथ पटेल ने किया। ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि अजय सिंह, बीडीओ पीयूष त्रिपाठी, बीईओ बसंत कुमार शुक्ला के हाथों विजेताओं को प्रशस्ति पत्र और मेडल दिया गया। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी विकास वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया।

# मुंगराबादशाहपुर थाना क्षेत्र में बनेगी सात पुलिस चौकी: एसपी ग्रामीण



**मुंगराबादशाहपुर।** थाना पर आगामी होली त्योहार और रमजान के मद्देनजर शांति समिति की बैठक शुक्रवार को ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में रंगों का पर्व होली को शांतिपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की गयी साथ ही रमजान पर आपसी सौहार्द बनाए रखने का निर्देश दिया गया। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट कुमार सौरभ ने कहा कि होली व रमजान पर्व पर अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। होली को प्रेम और सौहार्द के साथ आपस में मिलजुल कर मनाएं। एसपी ग्रामीण शैलेंद्र सिंह ने बताया कि अब थाना में ईटहरा, प्रतापगढ़ तिराहा, पांडेयपुर, गरियांव, सुरजा के पूरा, सरोखनपुर, मधुपुर क्षेत्र में पुलिस चौकी बनेगी। आलोक कुमार गुप्ता ने नगर के कुछ मुहल्लों में होलिका स्थल को लेकर विवाद को लेकर पुलिस को सचेत किया और कहा कि होली के दिन सभी सरकारी व गैरसरकारी अस्पतालों में डाक्टर मौजूद रहे। अंजुमन सदर तहसीलमुल हक बन्ने ने कहा कि मस्जिदों के समीप होली के दिन लाउडस्पीकर धीमा बजाए जाए। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा ने हल्का प्रभारी को विवादित स्थलों की जांच करने का निर्देश दिया। सीओ प्रतिमा वर्मा ने कहा कि होली का त्योहार शुक्रवार जुमा के दिन पड़ रहा है जिससे मिश्रित आबादी वाले मोहल्लों में गांवों में त्योहार में कोई गलत अफवाह फैलाया तो उसके विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर आलोक कुमार गुप्ता पिंटू, संतोष गुप्ता, रंजीत गुप्ता, सभासद दीपू मोदनवाल, गणेश सभासद, बैजनाथ साहू, दिलीप श्रीवास्तव, उमाशंकर चौरसिया, लाल यादव, जंग बहादुर, पिंटू सिंह, अफजाल अहमद, विजय प्रधान, राजेश कुमार, दीपक गुप्ता, मंगला चौहान, शरीफ अहमद व मुन्ना पटेल आदि लोग मौजूद रहे।

# प्रभारी निरीक्षक संग मातहतों ने किया दंगा नियंत्रण का अभ्यास

**सुइथाकला।** होली और रमजान के मद्देनजर शुक्रवार को सरपतहां थाना प्रभारी उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में मातहत पुलिसकर्मियों ने दंगा नियंत्रण बलवा ड्रिल का अभ्यास किया। आगामी पर्वो के मद्देनजर पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में उक्त अभ्यास शुक्रवार को किया गया। जिसमें पुलिस कर्मी दंगाइयों से समझाने बुझाने के बाद कैसे निबटेंगे, उसका प्रत्येक स्तर से अभ्यास किया। दंगाइयों पर लाठीचार्ज तथा घायलों के अस्पताल पहुंचाने आदि जैसे तमाम विंदुओं पर अभ्यास किया गया। प्रभारी निरीक्षक उदय प्रताप सिंह ने बताया कि दंगाइयों से बखूबी निबटने के लिए पुलिस हर दृष्टि से तैयार है। दंगाई किसी भी कीमत पर नहीं बख्शे जाएंगे। इस दौरान उपनिरीक्षक चन्द्रमा पाण्डेय, रितेश कुमार द्विवेदी, प्रद्युम्न मणि त्रिपाठी समेत महिला और पुरुष कांस्टेबलगण शामिल रहे।

# टेंपो से साइड लगने से घायल व्यक्ति की इलाज के दौरान मौत

**दु:खद**

**सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के चंमबलतारा गांव में हुआ था सड़क हादसा**

**जनसंदेश न्यूज**

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के चंबलतारा गांव के समीप बीते बुधवार शाम को टेंपो से साइड लगने पर घायल 42 वर्षीय व्यक्ति की इलाज के दौरान शुक्रवार को मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया विधिक कार्रवाई भी जुट गई है।

खुटहन थाना क्षेत्र के अंगुली गांव के निवासी इंदल निषाद 42 वर्ष मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। बीते बुधवार सुबह वह अपनी पत्नी कुसुम को साथ लेकर अपने हाथ में लगी चोट का इलाज कराने जौनपुर गया हुआ था। शाम करीब 3 बजे जब वह ई-रिक्शा पर सवार होकर शिकारपुर-खुटहन मार्ग होते हुए घर जा रहा था। इसी दौरान जैसे ही वह चंबलतारा गांव के पास पहुंचा तभी मल्हनी बाजार के तरफ से आ रही एक टेंपो से साइड लग गया, जिससे वह सड़क के बीचो-बीच गिर पड़ा और घायल हो गया। हालत बिगड़ते देख पत्नी ने आनन-फानन में ई-रिक्शा से इलाज के लिए उसे जिला अस्पताल पहुंचाया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान हालत गंभीर देखते हुए उसे वाराणसी के लिए रेफर कर दिया तथा इलाज के दौरान शुक्रवार सुबह करीब 4 बजे चिकित्सकों इंदल को मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर लगते ही इंदल के परिजनों पर दुख का ब्रजपात हो गया। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

## इंदल की मौत से बच्चों की शिक्षा पर लगा ग्रहण

मृतक इंदल मजदूरी करके परिवार का भरण पोषण करता था। इंदल की प्राथमिकता बच्चों को बेहतर शिक्षा दिलाने पर था। इंदल की मौत के बाद उसके तीनों बच्चों पर पठन-पाठन के कार्य को लेकर ग्रहण सा लग गया है। इंदल अपने परिवार एकलौता कमाऊ व्यक्ति था। मृतक को तीन बच्चे हैं जिसमें से दो पुत्र अमरजीत (12), रणजीत (9) और एक पुत्री सपना (15) है। इस हृदय विरादक घटना ने इंदल के परिवार को झकझोर कर रख दिया है। मौत की खबर लगते ही इंदल के परिवार में मानो दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। पत्नी कुसुम अपने भाग्य को कोस रही तो बच्चे पिता के घर न लौटने की दुख में बिलख बिलख कर रो रहे है।

# संक्षेप

## मुकम्मल हुआ कुरआन, हाफिजे कुरआन को नमाजियों ने दी मुबारकबाद

**गोपीगंज।** इबादत का महीना रमजान शुरू है। पाक महीने मे अल्लाह की इबादत मे मोमिन मशगुल है, सहरी, इफ्तार नमाज, तिलावत के साथ सभी मस्जिदो मे तरावीह की नमाज भी चल रही है। माहे रमजान मे पढ़ी जाने वाली विशेष नमाज तरावीह के दौरान कुरान मुकम्मल होने का सिलसिला शुरू हो गया है, गुरुवार की रात गौस नगर स्थित ख्वाजा गरीब नवाज कांन्वेट, फैजाने मदीना अलीनगर व गोपपुर मे हाजी मोहम्मद हलीम के आवास पर पहला दौर पूरा हो गया, महज पांच दिन मे पूरी कुरआन सुनाने वाले हाफिज अनिसुल कादीरी, हाफिज अहमद रजा व हाफिज रुस्तम को नमाजियो ने फूलमाल पहनाकर मुबारक बाद दी। इससे पहले खत्म कुरान के बाद अमन चैन के लिए दुआ की गई, हाफिज अनीश ने कहा कि माहे रमजान का पहला असरा रहमत का है जिसमें परवरदिगार की बेपनाह रहमते अपने बंदो पर बरसती है, कहा कि एक कुरान मुकम्मल होने को खत्म तरावीह न समझे बल्कि पूरे रमजान तरावीह पढ़ना होगा लोगों को आगाह करते हुए कहा कि रमजान का चाद नजर आने से लेकर ईद के चाद का दिदार होने तक तरावीह का सिलसिला जारी रहना चाहिए, कहा कि पूरी कुरान सुनना सुनाना दोनों सुन्नत है। इस मौके पर मौजूद रहे हाजी मोहम्मद हलीम, आशिफ खान, सेबू राइन, सलमान, इकलाख, अरसद राइन, राशिद अख्तर, नियाज अत्तारी, मो.हसनैन, शाहीद रजा सहित बड़ी संख्या मे लोगो ने हाफिजे कुरआन का इस्तकबाल किया।

## आज होगा राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन

**भदोही।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली व उ.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निदेर्शानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण भदोही के तत्वावधान में व जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, भदोहीं दुर्ग नरायन सिंह के मार्गदर्शन में शनिवार को प्रातः 10 बजे से जनपद न्यायालय के साथ-साथ सम्पूर्ण जनपद में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें विशेष रूप से बैंक के लम्बित मामले प्री-लिटिगेशन स्तर पर निस्तारित किये जायेंगे। इसके अतिरिक्त आपराधिक शमनीय वाद, एन.आई. एक्ट की धारा 138 के वाद, बैंक वसूली, मोटर दुर्घटना प्रतिकर वाद, पारिवारिक वाद, विद्युत एवं जल विल विवाद आदि के मामले राष्ट्रीय लोक अदालत में मामले सुलह समझौते के आधार पर निस्तारित किये जायेंगे।

## बस में पीछे से घुसे बाइक सवार, एक की हालत गंभीर

**गोपीगंज।** बृहस्पतिवार की देर शाम बाइक से परीक्षा देकर लौट रहे दो छात्र आगे चल रही बस के अचानक ब्रेक लेने से बस में जा भिड़े। घटना के संबंध में बताया जाता है कि ग्राम नरउर खमरियां निवासी जितेन्द्र कनौजिया 18 पुत्र रतन लाल व राजेश 18 दोनो सेमराध से हाई स्कूल की परीक्षा देकर वापस लौट रहे थे जैसे ही थाना गोपीगंज क्षेत्र के राजपूत ठाबा के अंडरपास में घुसना चाह रहे थे कि आगे चल रही बस ने अचानक ब्रेक ले लिया। पीछे से आ रहे बाईक सवार उसमे जा भिड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने तुरंत ही एम्बुलेंस से गोपीगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया, जहां से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर किया गया, वहां से मिली जानकारी के अनुसार परिजन निजी नर्सिंग होम में ले गए।

## भाजपा मंडल अध्यक्ष ने ऊर्जा मंत्री को दिया महायज्ञ में शामिल होने का निमंत्रण पत्र

**गोपीगंज।** नगर के बाबा बड़े शिव धाम में 18 मार्च से 26 मार्च तक चलने वाले श्री रूद्र महायज्ञ और श्री मद्भागवत पुराण महाकथा का आमंत्रण पर लेकर ज्ञानपुर विधायक विपुल दुबे संग गोपीगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष अश्वनी अग्रवाल लखनऊ में जाकर उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, भदोही जनपद के प्रभारी ऊर्जा एवं नगर विकास मंत्री अरविंद कुमार शर्मा को आयुष और खाद्य सुरक्षा औषधि प्रशासन राज्य मंत्री दया शंकर मिश्र दयालु को निमंत्रण पत्र भेंट कर उन्हे सादर आमंत्रित किया और नगर विकास को लेकर चर्चाएं की।

## आरएएफ टीम के साथ सुरियावां थानाध्यक्ष ने पैदल गश्त कर दिलाया सुरक्षा का भरोसा

**भदोही।** आगामी होलिका दहन व होली त्यौहार के दृष्टिगत गृह मंत्रालय के निर्देश पर शुक्रवार को 91 बटालियन रैपिड एक्शन फोर्स आरएएफ ने सुरियावां थाना क्षेत्र के मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों में फ्लैग मार्च कर आम जनमानस में सुरक्षा का भरोसा दिलाया। सहायक कमान्डेंट विवेक कुमार सिंह के नेतृत्व में आरएएफ के जवानों ने सुरियावां नगर, कुंदीपुर, महजूदा, पलवारपुर में एरिया डोमिनेशन किया।आरएएफ टीम के साथ फ्लैग मार्च करते समय सुरियावां थाने के प्रभारी निरीक्षक अजित कुमार श्रीवास्तव ने क्षेत्र के लोगों को सुरक्षा का भरोसा दिलाया। उन्होंने सभी से त्योहार सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की साथ ही चेतावनी दी कि किसी भी धर्म या समुदाय के खिलाफ उन्माद फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान आरएएफ टीम के अलावा पाली चौकी प्रभारी संजय कुमार यादव सुरियावां पुलिस के जवान मौजूद रहे।

## आग की चपेट से आधा दर्जन एंबुलेंस जली

**जौनपुर।** जिले में मतापुर जिला उद्योग केन्द्र के पास लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राज्य मार्ग के किनारे खराब पड़ी एंबुलेंस में शुक्रवार को अचानक आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। आनन-फानन फायर विभाग को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के मतापुर में जिला उद्योग ऑफिस के बगल में जनपद की खराब पड़ी हुई एंबुलेंस को स्वास्थ्य विभाग ने खड़ा कर रखा है। शुक्रवार को खराब एंबुलेस में अचानक आग लग गई। जब तक लोग समझ पाते आग से छह एंबुलेंस जल गईं। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। सूचना पर पहुंची दमकल विभाग की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की घटना के चलते राष्ट्रीय राज्य मार्ग की एक पटरी से 30 मिनट के लिए कोई वाहन नहीं गुजरा। आग कैसे लगी इसका कोई कारण स्पष्ट नहीं हो सका। आशंका है कि किसी ने बीड़ी या सिगरेट पीकर रोड किनारे पड़ी बांस की सूखी पत्तियों के बीच में फेंक दिया होगा।

## बंद पड़े मकान में रखा सामान चोरी

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के कयार गांव से हौसला बुलंद चोरों ने एक मकान से बर्तन, अनाज, विदेशी कंबल समेत अन्य सामान को गायब कर दिया। पीड़ित ने शुक्रवार सरायख्वाजा थाने पर तहरीर देकर खोजबीन की गुहार लगाई है। कयार गांव के निवासी शकिल अपने परिवार के साथ नगर में रहता है जिसके कारण घर में अक्सर ताला लगा रहता है। शुक्रवार सुबह शकिल की पुत्री सालेहा अपने घर गौराबादशाहपुर से चलकर जब मकान की देखभाल के लिए मायके पहुंची तो देखा की मकान के अंदर रखा सामान बिखरा पड़ा था और मकान के अंदर रखा चावल, गेहूं, पीतल के बर्तन, साईकिल, विदेशी कंबल गायब था। काफी खोजबीन के बाद जब कुछ पता नही चला तो पीड़ित सरायख्वाजा थाने पर तहरीर दे दी। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया की तहरीर प्राप्त हुई है जांच पड़ताल की जा रही है।

## पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा, एक गिरफ्तार

**करंजाकला।** सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के सैदपुर गड़ऊर गांव और कयार गांव में हुई चोरी का पुलिस ने शुक्रवार को खुलासा कर दिया। पुलिस ने चोरी को अंजाम देने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर चालान न्यायालय समक्ष भेजकर विधिक कार्रवाई में जुट गई है।कयार गांव के निवासी इलियास के घर 5 मार्च बुधवार को हौसला बुलंद चोरों ने घर के अंदर से करीब 50 किलो चावल और 50 किलो गेहू को चुरा लिया था तथा बीते 24 फरवरी रविवार को सैदपुर गड़ऊर गांव से स्टेबलाइजर चोरी होने की तहरीर मिली थी। पुलिस ने तहरीर मिलने के बाद तहकीकात शुरू की तो सूचना मिली की चोरी को अंजाम देने वाला अभियुक्त अपने गांव में मौजूद है। सूचना मिलते ही उपनिरीक्षक बृजेश कुमार सिंह ने मय फोर्स के साथ मौके पर पहुंचकर बृहस्पतिवार शाम अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद गिरफ्तार अभियुक्त से जब पुलिस ने पूछताछ की तो अभियुक्त ने अपना नाम मुजक्किर पुत्र रुस्तम निवासी कयार बताया जिसके पास से एक चावल की बोरी (चावल भरा हुआ) और 1 स्टेपलाइजर बरामद हुआ। थाना प्रभारी विनय प्रकाश सिंह ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त का चालान न्यायालय के समक्ष भेज दिया गया है विधिक कार्रवाई की जा रही है।

जनसंदेश टाइम्स प्रा.लि.के लिए **प्रवीण कुमार कुशवाहा,** सी 28 /121, तेलियाबाग, प्रथम तल, वाराणसी से प्रकाशित एवं मीडिया टेक्स्ट (Media Text) प्रा.लि. प्रेस, रोहनिया, वाराणसी से मुद्रित।
**प्रधान सम्पादक - सुभाष राय**
**स्थानीय सम्पादक -प्रवीण कुमार कुशवाहा**
पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। इस समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों से सम्बन्धित विवादों का न्याय क्षेत्र वाराणसी होगा।
फोन नं. 8177008889
आरएनआई नं. **UPHIN/2012/46221**
डाक पंजीयन सं.: जीपीओएलडब्ल्यू / एनपी - 78/2011-13।



# आईआईटी, बीएचयू में दिखा फैशन का जलवा





रैंप पर प्रतियोगियों ने ड्रेस के कई अंदाज पेश किए

काशीयात्रा में 30 छात्राओं का रैंप पर वॉक प्रतिभागियों में दिखा गजब का उत्साह

सात से नौ मार्च तक आयोजित वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव में होंगे कई कार्यक्रम

**वाराणसी।** आईआईटी बीएचयू में तीन दिन तक चलने वाले वार्षिक सांस्कृतिक उत्सव काशीयात्रा का शुक्रवार को आगाज हुआ। स्वतंत्रता भवन में काशीयात्रा-25 कार्यक्रम के पहले दिन 30 छात्राओं ने रैंप वॉक कर अपने ड्रेसिंग सेंस और स्टाइल का जलवा बिखेरा। वाराणसी सहित गोरखपुर और अन्य जिलों से आईं छात्राओं ने खुद से ही बनाए परिधान को पहनकर कैट वॉक किया। इसमें वेस्टर्न ड्रेस के अलावा पारंपरिक परिधान में मराठी स्टाइल की साड़ियां और सिल्क बनारसी परिधान पहनकर अपने खूबसूरत लुक, ओपन माइंड और बोल्ड अंदाज से परिचय कराया। सात से नौ मार्च तक होने वाले इस आयोजन में आईआईटी बीएचयू, दिल्ली,मुंबई सहित देश के विभिन्न आईआईटी, तकनीकी संस्थानों के 30 हजार से अधिक प्रतिभागी हिस्सा लेंगे। तीन दिनों में अलग अलग थीम पर 60 से अधिक कार्यक्रम होंगे। इस आयोजन में कला, तकनीक, संगीत और अभिनय का हुनर देखने को मिलेगा। काशीयात्रा को लेकर आईआईटी बीएचयू में कई संस्थानों की टीमें पहुंची हैं। यहां लिंबडी हॉस्टल से लेकर राजपुताना हॉस्टल के पास आकर्षक सजावट की गई है। इसमें उनके तकनीक का हुनर भी देखने को मिल रहा है। साथ ही पूरे आयोजन की सीसी कैमरे से निगरानी की जा रही है। तीन दिन के आयोजन में आठ मार्च को एडीवी ग्राउंड पर जुबिन नौटियाल का शो आकर्षण का केंद्र रहेगा।

# नाबालिग से छेड़खानी और उपद्रव मामले में 14 अरेस्ट



**वाराणसी।** नाबालिग से छेड़खानी करने पर रोकने और युवक पर जानलेवा हमला करने, भीड़ लगाकर आरोपी युवक को छुड़ाकर ले जाने के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी समेत कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। प्रकरण के मुताबिक, थाना कोतवाली अंतर्गत अंबियामंडी चौकी क्षेत्र में गुरुवार की शाम घर से सामान लेकर वापस आ रही नाबालिग लड़की से वहीं के रहने वाले बिलाल अहमद ने छेड़खानी की। इस दौरान उसने लड़की का हाथ पकड़कर उसके साथ अभद्रता भी की। किशोरी के शोर मचाने पर उसके पिता और मोहल्ले के लोग मौके पर पहुंचे और आरोपी को पकड़ लिया। इस दौरान दूसरे पक्ष के लोगों ने जमकर बवाल किया। इस हमले में पीड़ित पक्ष से राहुल प्रजापति नामक एक युवक घायल भी हो गया। जिसे पुलिस ने तत्काल मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना पर डीसीपी गौरव बंसवाल, एसीपी कोतवाली प्रज्ञा पाठक और कोतवाली थाना प्रभारी मौके पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित किया।

पुलिस ने लडकी के साथ छेड़खानी करने वाले युवक के विरुद्ध धारा- 74 बीएनएस व 7/8 पास्को एक्ट तथा छेड़खानी करने वाले युवक को स्थानीय लोगो के द्वारा मौके पर पकड कर थाने पर ले जाने से रोकने वाले भीड़ के विरुद्ध धारा 191(2), 351(3),115(2), 109, 3(6) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने सम्बन्धित घटना में शामिल अभियुक्तगणों में से वीडियो फुटेज व मुखबिरखास की निशादेही व चश्मदीद गवाहान के बयान के आधार पर मौके पर आमादा फौजदारी होने व हत्या का प्रयास करने वाले व्यक्तियों में से कुल 14 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार मुख्य आरोपी बिलाल अहमद ने पुलिस की पूछताछ में बताया कि उसने गलती से लडकी को छू लिया था जिसके बाद वहीं पर मौजूद कुछ लोगों द्वारा पकड कर पुलिस के पास ले जा रहे थे कि तभी नागनाथ मंदिर के पास उसका दोस्त रिजवान अहमद आ गया। जिसके द्वारा आस पास मौजूद लोगों ने उसे छुड़ा कर वहां से भगा दिया गया था।

# दहेज प्रथा व नशा है मानसिक बीमारी

**मर्म समझाया**

**काशी विद्यापीठ के गंगापुर परिसर में एनएसएस के विशेष शिविर में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन**

जनसंदेश न्यूज



**गंगापुर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के डा. विभूति नारायण सिंह परिसर, गंगापुर में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को कई प्रेरणादायक गतिविधियों और सामाजिक जागरूकता अभियानों के आयोजन हुए। कार्यक्रम राज्यपाल के आदेश और कुलपति प्रो. आनंद कुमार त्यागी के निर्देशन में आयोजित किया गया, जिसका मुख्य विषय 'पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय' के साथ-साथ दहेज मुक्त भारत एवं नशामुक्त भारत शपथ ग्रहण रहा।

कार्यक्रम के प्रारंभिक सत्र में कार्यक्रम अधिकारियों ने स्वयंसेवकों को 'पढ़े विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय' की अवधारणा के तहत सामूहिक अध्ययन कराया। स्वयंसेवकों ने दिल, स्वस्तिक, त्रिशूल और ॐ जैसी आकृतियों में बैठकर अध्ययन किया, जिससे शिक्षा और समाज के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का संदेश प्रसारित हुआ। इसके बाद, परिसर प्रभारी डा. मनीष कुमार सिंह ने सभी स्वयंसेवकों को नशा मुक्ति एवं दहेज मुक्त समाज की शपथ दिलाई। द्वितीय सत्र में स्वामी विवेकानंद सभागार में बौद्धिक सत्र आयोजित किया गया, जहां स्वयंसेवकों ने 'दहेज प्रथा और नशाः समाज का कलंक' विषय पर विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम की शुरूआत एनएसएस गीत से हुई, जिसके बाद कार्यक्रम अधिकारी डा. बेबी चौरसिया ने अध्यक्षता की। उन्होंने दहेज प्रथा और नशा को मानसिक बीमारी बताते हुए कहा कि यदि समाज इन कुरीतियों से मुक्त हो जाए, तो तरक्की की राह खुल सकती है। इस विशेष शिविर का संचालन और मार्गदर्शन डा. अविनाश कुमार सिंह, डा. रमेश मिश्रा, डा. सर्वेश मिश्रा, डा. राजेश कुमार और सुमित घोष द्वारा किया गया।

## छूटा यात्री का लैपटॉप, रेल कर्मियों ने लौटाया

**वाराणसी।** नई दिल्ली–बनारस सुपरफास्ट एक्सप्रेस (12582) के बी–4 कोच की बर्थ संख्या 13 पर यात्रा कर रहे 45 वर्षीय यात्री केशव कुमार ने 5 मार्च को अपनी यात्रा शुरू की और 6 मार्च को बनारस स्टेशन के प्लेटफॉर्म संख्या 6 पर उतरकर बाहर निकल गए। स्टेशन से बाहर निकलने के बाद उन्हें याद आया कि उनका लैपटॉप ट्रेन में छूट गया है। वह तुरंत अपने कोच के पास लौटे और कोच अटेंडेंट प्रदीप यादव और अटेंडेंट सुपरवाइजर आलोक रंजन को घटना की जानकारी दी। इसके बाद आलोक रंजन ने बेड रोल इंचार्ज प्रदीप कुमार गुप्ता (जूनियर इंजीनियर/बेड रोल/बनारस) को सूचित किया, जिससे कोचिंग डिपो अधिकारी विनीत रंजन को भी इस मामले की जानकारी दी गई। कोचिंग डिपो अधिकारी/ बनारस के निदेर्शानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए कोच अटेंडेंट से संपर्क कर कोच में लैपटॉप खोजा गया और यात्री केशव कुमार को सुरक्षित लौटा दिया गया। इस घटना पर संज्ञान लेते हुए मंडल रेल प्रबंधक विनीत कुमार श्रीवास्तव ने संबंधित रेल कर्मियों की ईमानदारी, कर्तव्यनिष्ठा और त्वरित कार्रवाई की सराहना की।

# रामेश्वर में नागा साधुओं पर पुष्प बरसाए गए

**सेवापुरी।** पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी शिवाला घाट के बैनर तले श्री अस्थानेश्वर महादेव मंदिर कुरूक्षेत्र हरियाणा अखाड़ा के नागा साधुओं का दल हर हर महादेव उद्घोष के साथ शुक्रवार को पंचक्रोशी के तीसरे तीर्थ पड़ाव स्थल रामेश्वर महादेव धाम पहुंचा। यात्रा रामेश्वर धाम पहुंचते ही मंदिर के पुजारी अनूप तिवारी व जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर दल का भव्य स्वागत किया। पंचकोशी यात्रा पर निकले नागा साधु संतों का दल जंसा के आगे पहुंचते ही देहली विनायक मोड़ के पास रोहनिया के विधायक सुनील पटेल ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। वही जगापट्टी पंचायत भवन मोड़ के पास ग्राम प्रधान घनश्याम सिंह यादव के नेतृत्व में निगरानी समिति के युवाओं की टीम के द्वारा पुष्प वर्षा करते हुए पानी व बिस्कुट का वितरण किया गया। पैदल पंचक्रोशी यात्रा में श्री महंत रवींद्रपुरी,रमेश गिरी, मृत्युंजय भारती, मनोज गिरी, गंगा गिरी, प्रेमपुरी, वंशीपुरी, विनोद गिरी, शंकरपुरी (सभी महंत) व उमाशंकर गिरी, रवि गिरी, विश्वनाथपुरी, ब्रह्म नारायण पुरी, मनसुख गिरी, शंभू गिरी, राजेंद्र भारती, रमाशंकर गिरी (सभी कायार्वारी) सहित लगभग दो सौ नागा साधुओं का दल को ग्रामीणों हर हर महादेव का नारा लगाते हुए फूलों की पंखुड़ियो की वर्षा करते हुए माला पहनाकर भव्य स्वागत किया। नागा साधु के चरणों में शीश झुकाकर आशीर्वाद लिया। नागा साधु संतों दल रामेश्वर महादेव मंदिर पहुंचते ही मंदिर के पुजारी अनूप तिवारी ने संतों का दल का रामेश्वर महादेव मंदिर में विधिवत पूजन अर्चन करवाया। नागा साधु संतों के सुरक्षा में लगे एसीपी राजातालाब अजय कुमार श्रीवास्तव,एसओ जंसा दुर्गा सिंह,चौकी प्रभारी जगदम्बा सिंह सहित दर्जनों एसआई,पुलिस दल उनकी सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

# ज्ञान के गुलदस्ते समान है एनईपीः डॉ. आशुतोष

**व्याख्यान**

**डीएवी पीजी कॉलेज में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-पर ओरिएंटेशन कार्यक्रम**



**वाराणसी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 एक ऐसी नीति है जो विद्यार्थियों लिए विविध ज्ञान से सजे गुलदस्ते के समान है। ज्ञान का यह गुलदस्ता ना सिर्फ ज्ञान का वैभव बढ़ाएगा बल्कि भविष्य में आने वाली चुनौतियों के लिए भी तैयार करेगा। यह विचार शुक्रवार को डीएवी पीजी कॉलेज में आइक्यूएसी के तहत एनईपी पर आयोजित ओरिएंटेशन कार्यक्रम में डा. आशुतोष मोहन ने बतौर मुख्य वक्ता व्यक्त किए। कॉलेज के स्व. पीएन सिंह यादव स्मृति सभागार में एनईपी के तहत प्रवेश पाए पहले बैच के विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए डा. आशुतोष मोहन ने कहा कि शिक्षण नीति में व्यापक वदलाव हुआ है, जिसे शिक्षकों और विद्यार्थियों दोनों को स्वीकार करना होगा। नई नीति किसी को बंधन में नही रखेगी बल्कि यह विद्यार्थी को बेहतर मौके उपलब्ध कराएगी। यह थ्री सी के सिद्धांत पर चल रही है, जिसमें छात्रों के लिए चांस, च्वाइस और चेंज के अवसर होंगे। इसके अलावा छात्रों को अध्ययन के लिए अधिक विषय मिलेंगे, जो उन्हें बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करेंगे। मुख्य अतिथि बीएचयू के प्रो. रतन शंकर मिश्रा ने कहा कि एनईपी शिक्षा व्यवस्था में एक क्रांतिकारी परिवर्तन है जिसे धीरे धीरे पूर्ण प्रकिया में लाया जाएगा। प्रकिया के अनुपालन में कुछ कमियां भी दिखलाई पड़ रही है जिन्हें दूर करने का प्रयास किया जा रहा है। कॉलेज के पास सीमित संसाधनों में इसे लागू करना थोड़ा कठिन है फिर भी इसे इस सत्र से सफलतापूर्वक शुरू कर दिया गया है जो स्वागत योग्य है। अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य प्रो.मिश्रीलाल ने कहा कि राष्ट्र के उन्नयन में शिक्षा नीति बेहद महत्वपूर्ण है, समाज के युवाओं के सर्वांगीण विकास के लिए भी यह काफी अहम है। बहुत गहन मंथन के बाद एनईपी लाया गया है। इसके पूर्व कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्ज्वलन एवं मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। संचालन आइक्यूएसी की समन्वयक डा. पारुल जैन, स्वागत डा. मयंक कुमार सिंह एवं धन्यवाद ज्ञापन उपाचार्य प्रो. राहुल ने दिया। इस मौके पर प्रो. सत्यगोपाल जी, प्रो. ऋचारानी यादव, प्रो. मधु सिसौदिया, प्रो. राकेश राम, डा. हबीबुल्लाह, प्रो. अनूप मिश्रा, प्रो. विनोद चौधरी, प्रो. संजय साह, डा. संजय कुमार सिंह, डा. राजेश कुमार झा आदि सहित सैकड़ों छात्र शामिल रहे।

# प्राथमिक विद्यालयों में लग रही किशोरियों को एचआईवी-वैक्सीन



**वाराणसी।** वाराणसी में एचआईवी वैक्सीन को लेकर शुक्रवार को वृहद अभियान चलाया गया। सीएमओ के निर्देश पर जिले के 81 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय में वैक्सीन लगाईं गई। इसी क्रम में जैतपुरा स्थित कम्पोजिट कन्या विद्यालय में भी एचआईवी वैक्सीन किशोरियों को लगाईं गई। यहां 42 किशोरियों को वैक्सीन लगाए गई। यह टीका चार तरह के वायरस से सुरक्षा करता है। आज यह वैक्सीन 9 साल से 14 साल की किशोरियों को लगाईं जा रही है। 42 किशोरियों को लगाईं गई वैक्सीन जैतपुरा कम्पोजिट कन्या विद्यालय के प्रधानाध्यापक अनवार अहमद ने बताया- हमारे स्कूल ने 42 किशोरियां 9 से 14 वर्ष में रजिस्टर्ड हैं। उन्हें आज एचआईवी वैक्सीन लगाई जानी है। अभी तक 14 लड़कियों को लगाईं जा चुकी है। बाकी एएनएम लगा रही हैं। एएनएम ऋतू सिंह ने बताया- ये वैक्सीनेशन कैंसर के बचाव के लिए लगाईं जा रही है। ये वैक्सीन यूट्रस कैंसर से बचाव के लिए लग रही है। सीएमओ डॉ संदीप चौधरी ने बताया- शासन की मंशा के अनुरूप राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की प्रेरणा से शहरी क्षेत्र के 81 प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में सर्वाइकल कैंसर से बचाव के लिए किशोरियों को लढश वैक्सीन शुक्रवार को लगाईं जा रही है। इनमे 9 से 14 वर्ष की किशोरियों को यह वैक्सीन लगाईं जाएंगी। इसके लिए सभी अभिभावकों से सहमति पत्र और आधार लेने के लिए सभी प्रधानाध्यापक को निर्देशित किया गया है। महिलाओं की सबसे बड़ी समस्या जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ एके मौर्या ने बताया कि यूट्रस कैंसर महिलाओं में प्रमुख स्वास्थ्य समस्या है। जिसे टीकाकरण से 90 प्रतिशत तक कम किया जा सकता है। यह टीका युवा अनस्टॉपेबल संस्था के सौजन्य से दो डोज में छह महीने के अंतराल पर लगाया जाएगा। यह वैक्सीन किशोरियों की 4 तरह के वायरस से सुरक्षा करती है।

# दहेज मुक्त व नशामुक्त भारत का लिया संकल्प

**प्रतिज्ञा**

**काशी विद्यापीठ की एनएसएस इकाई की ओर से गायत्री शक्तिपीठ में विशेष शिविर का आयोजन**



**वाराणसी।** राष्ट्रीय सेवा योजना, महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ के तत्वावधान में आयोजित सात दिवसीय (दिन/रात) विशेष शिविर के चौथे दिन शुक्रवार को गायत्री शक्तिपीठ, सामने घाट नगवा में पढ़ें विश्वविद्यालय, बढ़े विश्वविद्यालय कार्यक्रम संपन्न हुआ। इसका उद्देश्य विश्वविद्यालय में अध्यनरत छात्रों एवं शिक्षकों को अध्ययन-अध्यापन के प्रति रुचि विकसित करना है। इसके बाद समाज में व्याप्त नशा की प्रवृत्ति तथा दहेज लेने व देने की प्रवृत्ति को समाप्त करने के लिए नशा मुक्त भारत एवं दहेज मुक्त भारत की भावना को विद्यार्थियों में एवं जनमानस में संचारित करने के लिए सभी लोगों ने शपथ लिया। कार्यक्रम अधिकारी डा. ध्यानेंद्र कुमार मिश्रा ने बताया कि इस कार्यक्रम का मूल्य उद्देश्य समाज में व्याप्त इस प्रकार की कुरीतियों को समाप्त करना है। इस अवसर पर शिविर में मोहम्मद शोएब अली, हर्ष गुप्ता, सुमित रावत, नारायणजी चौबे, लालू प्रसाद शाह, कृष कुमार त्रिपाठी, कार्तिकेय, सचिन, दीपांशु, अंकित, विधान, प्रिंस सिंह, आदित्य अग्रहरि,सोनू, आकाश, अनुराग, आनंद, अंकुश, वरुण, सिद्धार्थ, आदित्य, रोहन सहित 50 स्वयंसेवक शिविर में उपस्थित रहे।



चैंपियन्स ट्रॉफी में भारत की खिताबी जीत की कामना करने के अनोखे अंदाज दिखे।

# अस्सी घाट पर चला स्वच्छता अभियान

**संकल्प**

**गंगा तट पर गूंजा 'सबका साथ हो, गंगा साफ हो'**

**सौरभ बोले, हमें गंगाजल को आचमन योग्य बनाना है**

**वाराणसी।** अस्सी घाट पर शुक्रवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस दौरान श्रमदान कर लोगों में जागरुकता फैलाई गई। गंगा तट पर सबका साथ हो गंगा साफ हो गूंजा।नमामि गंगे गंगा विचार मंच महानगर इकाई, 137 सीईटीएफ 39 जीटीसी गंगा टास्क फोर्स व नगर निगम के संयुक्त तत्वावधान में शुक्रवार को अस्सी घाट पर स्वच्छता अभियान चलाया गया।

अभियान में मुख्य अतिथि कैंट विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने कहा कि नमामि गंगे योजना के माध्यम से काफी प्रयासों के बाद मां गंगा के जल को निर्मल बनाएं रखने का कार्य जारी है। कहा कि हमें गंगाजल को आचमन योग्य बनाना है। श्रद्धालुओं ने हमें गंगासेवा का अवसर दिया है। गंगा की सफाई ही पूजा है इस वाक्य को मंत्र के रूप में ध्यान में रखते हुए सभी को भागीदारी करनी चाहिए।